गणधर श्री सुधर्मा स्वामि प्रणीत तृतीय अंग

# सचित्र
# श्री स्थानांगसूत्र
## (प्रथम भाग)

मूल पाठ-हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद, विवेचन एवं रंगीन चित्रों सहित

* प्रधान सम्पादक *

उत्तर भारतीय प्रवर्तक जैनधर्म दिवाकर
श्री अमर मुनि जी महाराज

* सह-सम्पादक *

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

**पद्म प्रकाशन**
पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. सा. द्वारा सम्प्रेरित
सचित्र आगममाला का पन्द्रहवाँ पुष्प

- सचित्र श्री स्थानांगसूत्र (भाग १)

- **प्रधान सम्पादक**
  उ भा प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी

- **सह-सम्पादक**
  श्रीचन्द सुराना 'सरस'

- **अंग्रेजी अनुवाद**
  श्री सुरेन्द्र बोथरा, जयपुर

- **संशोधन**
  राजकुमार जी जैन, दिल्ली

- **चित्रांकन**
  डॉ त्रिलोक शर्मा


- **प्रकाशक एवं प्राप्ति-स्थान**
  पद्म प्रकाशन
  पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

- **मुद्रण-व्यवस्था**
  संजय सुराना
  श्री दिवाकर प्रकाशन
  ए-७, अवागढ़ हाउस, एम जी रोड, आगरा-२८२ ००२
  दूरभाष (०५६२) २१५११६५

- **प्रथम आवृत्ति**
  वि सं. २०६१ चैत्र
  ईस्वी सन् २००४,

- **मूल्य**
  छह सौ रुपया मात्र (६००/- रुपये)

THE THIRD ANGA WRITTEN BY GANADHAR
SHRI SUDHARMA SWAMI

ILLUSTRATED

# SHRI STHAANANGA SUTRA

(FIRST PART)

Original Text with Hindi and English Translations,
Elaboration and Multicolored Illustrations

* EDITOR-IN-CHIEF *

Uttar Bharatiya Pravartak Jain Dharma Diwakar
**Shri Amar Muni ji Maharaj**

* ASSOCIATE-EDITORS *
Srichand Surana 'Saras'

PADMA PRAKASHAN

PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-110 040

THE FIFTEENTH NUMBER OF THE ILLUSTRATED AGAM SERIES
INSPIRED BY UTTAR BHARATIYA PRAVARTAK GURUDEV BHANDARI
SHRI PADMACHANDRA JI M. S.

- ILLUSTRATED SHRI STHAANANGA SUTRA (PART 1)

- *Editor-in-Chief*

  U B Pravartak Shri Amar Muni ji

- *Associate-Editors*

  Srichand Surana 'Saras'

- *English Translator*

  Shri Surendra Bothara, Jaipur

- Copy Editing

  Raj Kumar Jain, Delhi

- *Illustrator*

  Dr Shri Trilok Sharma

- *Publisher and Distributor*

  Padma Prakashan
  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040

- *Printer*

  Sanjay Surana
  Shri Diwakar Prakashan
  A-7, Awagarh House, M G Road, Agra-282 002
  Phone (0562) 2151165

- *First Edition*

  2061 V Chaitra
  March 2004 A D

- *Price*

  Six Hundred Rupees only (Rs 600/-)

जैन
जैनागम
आचार्य
श्री
की
अमर
में
आपश्री का
प्रशिष्यानुशिष्य
सेवक
अमर मुनि

# श्रुत-सेवा के प्रेरणा स्रोत

सरलमना सस्कृत–प्राकृत विशारद
पडित शिरोमणि पूज्यश्री हेमचन्दजी महाराज

पजाब प्रवर्तक उपाध्याय प्रवर
श्रमण श्री फूलचन्द्र जी महाराज

राष्ट्रसंत उत्तर भारतीय प्रवर्तक
अनन्त उपकारी गुरुदेव भण्डारी
श्री पद्म चन्द्र जी महाराज

श्रमण संघीय वरिष्ठ सलाहकार
आत्म कुल कमल दिवाकर चमत्कारी
भोले बाबा श्री रतन मुनि जी महाराज

# श्रुत सेवा में सहयोग दाता

पूज्य पिताश्री भगत जी
श्री त्रिलोक चन्द जी जैन (कसूर वाले)

पूज्यनीय माताजी धर्ममूर्ति
श्रीमती विद्यावती जी जैन

गुरुभक्त श्री महेन्द्र कुमार जी जैन एवं
धर्मशीला श्रीमती चांद रानी जैन

आपने पूज्य पिताजी की पुण्य स्मृति में इस आगम प्रकाशन में उदार सहयोग प्रदान किया है।

# श्रुत सेवा में सहयोग दाता

श्री धर्मवीर जी जैन एव
श्रीमती धनेष काता जैन

श्री अशोक जैन एव श्रीमती सीमा जैन
(सुपुत्र श्री धर्मवीर जी जैन)

श्री अनूप जैन एव श्रीमती रमा जैन
(सुपुत्र श्री महेन्द्र कुमार जी जैन)

## श्रुत सेवा में समर्पित

# एक आदर्श परिवार

धन सम्पत्ति मिलना पूर्व पुण्यो का फल है। बहुतो के पास अपार लक्ष्मी होती है, किन्तु लक्ष्मी का सदुपयोग करना, उसे धर्म एव पुण्य कार्यो मे खर्च करना, यह किसी-किसी भाग्यशाली को मिलता है। जिनमे धर्म के सस्कार दृढ होते है, सत्सग का प्रभाव जिनके मन मे रमा होता है, उन्ही मे इस प्रकार की प्रेरणा और भावना जगती है। वे स्वय त्याग, तप व सतोष का आचरण करते है, परन्तु सेवा और धर्म प्रभावना के क्षेत्र मे खुले हाथो दान करते है। लुधियाना निवासी श्री त्रिलोकचन्द जी जैन 'भक्त' जी का परिवार एक ऐसा ही आदर्श परिवार है।

भक्त जी के नाम मे प्रसिद्ध श्री त्रिलोकचन्द जी जैन के नाम से लुधियाना के आबालवृद्ध सभी सुपरिचित है। त्रिलोक चन्द जी जैन समाज के प्रतिष्ठित सुश्रावक थे। वे धर्मवीर, दानवीर और अनन्य श्रमणोपासक थे। धर्म श्रद्धा उनकी रग-रग मे रमी थी। साधु सन्तो के प्रति भक्ति, दान की भावना और समाज-सेवा के कार्यो मे उदार हृदय से दान देना उनकी विशेषता थी। परम श्रद्धेय आचार्य सम्राट श्री आत्माराम जी म सा की उन्होने अविस्मरणीय सेवा की थी।

महामना 'भक्त' जी की एक विशेषता थी कि वे मौन रहकर अपने धर्म कार्यो मे तल्लीन रहते थे। तथा सेवा, दान करके भी कभी यश कीर्ति की कामना नही करते। किन्तु कस्तूरी की सुगध जैसे हवा के साथ अपने आप फैलती है, उसी प्रकार उनके सदगुणो की सुगध पूरे समाज मे व्याप्त थी। जन मानस मे उनके लिए सहज ही श्रद्धा, प्यार और सम्मान का भाव मौजूद था।

श्री भक्त जी का पुत्र पौत्र परिवार उन्ही के द्वारा सृजित पथ पर गतिमान है। वे दान-सेवा और गुरुभक्ति के क्षेत्र मे उसी प्रकार तन मन धन से समर्पित है। उनके चार सुपुत्र है-(१) श्री ऋषभदास जी (२) श्री धर्मवीर जी, (३) श्री महेन्द्र कुमार जी और (४) श्री सतीश कुमार जी। ये सभी अपने पूज्य पिताश्री द्वारा प्रदत्त सुसस्कारो को प्राणवन्त करते हुए उनके सेवा मिशन को आगे बढा रहे है।

प्रस्तुत आगम **श्री स्थानागसूत्र** (प्रथम भाग) का प्रकाशन श्री त्रिलोक चन्द जी जैन के सुपुत्रो द्वारा अपने पूज्य पिता श्री जी की पुण्य स्मृति मे कराया जा रहा है। इस प्रकाशन मे

जिनवाणी के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाली श्री भक्तजी की धर्मपत्नी धर्मशीला **मातेश्वरी विद्यावती जी जैन** की मुख्य प्रेरणा रही है। आप अपने सुपुत्रो को दान--दया-धर्म हेतु सदैव प्रेरित करती रहती है। उन्ही की छत्र छाया मे यह परिवार दिन प्रतिदिन धर्म क्षेत्र मे अभिवृद्धि कर रहा है।

प्रस्तुत प्रकाशन मे श्री धर्मवीर जी एव श्री महेन्द्र कुमार जी का पूर्ण अर्थ सौजन्य प्राप्त हुआ है। आप दोनो ही भाई उदारमना एव धर्मनिष्ठ है।

श्री धर्मवीर जी की धर्मपत्नी श्रीमती धनेशकाता जी एव श्री महेन्द्र कुमार जी की धर्मपत्नी श्रीमती चाँदरानी जी भी धर्मशीला और नारी रत्न है। श्री धर्मवीर जी के सुपुत्र श्री अशोक जैन एव पुत्रवधू श्रीमती सीमा जैन तथा श्री महेन्द्र कुमार जी के सुपुत्र श्री अनूप जैन एव पुत्र वधू श्रीमती रमा जैन भी धार्मिक कार्यो एव श्रुत-सेवा मे सदैव अग्रणी रहती है। एव अपने माता-पिता के धर्म कार्यो मे सदैव सहयोगी रहते है।

श्री भक्त जी का परिवार सन् १९३८ से ही हौजरी व्यवसाय से जुडा हुआ है। इनके उत्पादन मिनी किग निट वियर (टॉप गेयर) नाम से भारत भर मे विश्रुत और प्रचलित है।

उक्त बधुद्वय द्वारा प्राप्त उदार अर्थ सौजन्य से श्री स्थानाग सूत्र के प्रथम भाग का प्रकाशन किया जा रहा है। इस उदार श्रुत- सेवा के लिए हम श्री पद्म प्रकाशन की ओर से इस परिवार का हार्दिक अभिनन्दन करते है और शासनेश प्रभु से यही प्रार्थना है कि यह परिवार इसी प्रकार धर्म कार्यो मे उन्नति करता हुआ जिनशासन की प्रभावना करता रहे।

शुभ कामनाओ के साथ

**महेन्द्र कुमार जैन**
अध्यक्ष- पद्म प्रकाशन,
पद्मधाम, नरेला

# प्रकाशकीय

श्रुत-सेवा के महान् कार्य में हम निरन्तर असीम उत्साह के साथ आगम-भक्तिपूर्वक आगे बढ़ रहे हैं और शासनदेव तथा स्व. गुरुदेव उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. का आशीर्वाद हमारा पथ प्रशस्त कर रहा है।

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म. जैसे दृढ़ अध्यवसायी, संकल्पबली, गुरुभक्त और आगम ज्ञाता संत वर्तमान समय में बहुत कम मिलेंगे। देखा जाता है, अधिकतर विद्वानों में अपनी रचित-निर्मित कृति के प्रकाशन की उत्कंठा रहती है और उसे ही वे सबसे अधिक महत्त्व देते हैं तथा हर जगह सबसे आगे अपने नाम को ही प्रतिष्ठापित करने को उत्सुक रहते हैं। प्रचार व ख्याति की प्रतिस्पर्धा के इस युग में प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म एक अलग किस्म के संत हैं। इन्हें न अपने नाम के प्रचार की भूख है, न ही अपनी रचनाओं को प्रकाशित करने की उत्सुकता। प्रवर्त्तकश्री जी के प्रवचनों व भजनो की २-३ पुस्तकें सम्पादित हो प्रकाशन के लिए तैयार रखी हैं, किन्तु प्रवर्त्तकश्री जी का मानना है, पहले मुझे जिनवाणी का प्रकाशन करना है, इसी में समूचे संसार का लाभ कल्याण निहित है। अतः श्रुत-सेवा में ही मुझे पूरी निष्ठा व शक्ति का सदुपयोग करना है।

उन्हीं की इस विस्मयकारक प्रेरक श्रुत-भक्ति का यह परिणाम है कि हम अब तक धीरे-धीरे सचित्र आगमों की १५ पुस्तको में १७ आगमों का प्रकाशन करने में सफल हुए हैं और हम निरन्तर इसी श्रुत-सेवा मे संलग्न रहकर अपनी शक्ति व धन का सदुपयोग करने के लिए कृतसंकल्प हैं।

हमे प्रसन्नता है, सचित्र आगममाला की इस शृखला में इस वर्ष हम श्री स्थानांगसूत्र जैसे विशालकाय आगम को दो भागों मे प्रकाशित कर पाठकों के हाथों मे पहुँचा रहे हैं।

इस श्रुत-सेवा कार्य मे अर्थ सौजन्य दाता महेन्द्र जैन, लुधियाना; हमारे सहयोगी विद्वान् श्रीचन्द जी सुराना 'सरस', आगरा, सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन, देहली तथा श्री सुरेन्द्रकुमार जी बोथरा, जयपुर का सहयोग मिल रहा है। साथ ही दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के अनेक श्रद्धालु गुरुभक्तों ने जिनेश्वर देव की पवित्र वाणी के प्रकाशन में अपने धन का सदुपयोग करके अपनी शास्त्रभक्ति तथा गुरुभक्ति का परिचय दिया है, दे रहे हैं। हम उन सबके प्रति हृदय से आभार प्रकट करते हैं।

श्री महेन्द्र जी जैन ने अपने स्वर्गीय पूज्य पिता श्री त्रिलोकचन्द जी जैन 'भगत जी' की स्मृति में प्रकाशित करवाने मे उदार सहयोग प्रदान किया है। श्री भगत जी साधु-सन्तों की सेवा, दान और सामायिक आदि धर्मध्यान में सदा ही आगे रहते थे। हम श्री महेन्द्र जी को विशेष रूप में धन्यवाद देने के साथ ही भविष्य में उनके सहयोग की कामना रखते है।

**महेन्द्रकुमार जैन**
अध्यक्ष
पद्म प्रकाशन

## PUBLISHER'S NOTE

We are steadily progressing in the great mission of promoting the scriptures with boundless enthusiasm and devotion for *Agams*. The blessings of the Protective Deity and late Gurudev Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra Ji M. acts as a beacon on our path.

In modern times assiduous, unwaveringly resolute, devout and saintly ascetic scholars of *Agams* like Uttar Bharatiya Pravartak Shri Amar Muni ji M. are rare to find. It is common that most of the scholars are eager to get their work published and that is what they consider to be of prime importance. They crave to put their name at the fore front always. In this age of competitive publicity and fame Pravartak Shri Amar Muni ji M. is a sage with a difference. He neither has the hunger for publicity nor the eagerness to get his works published. Two-three compilations of his discourses and *Bhajans* are lying ready for publication but Pravartak Shri ji believes that his primary mission is to get *Jinavani* (Sermon of the *Jina*) published because that embodies the uplift and beatitude of the whole world. Thus, he says that, he has to devote all his faith and energy to the mission of service to the *Shrut* (Sermon of the *Jina*).

As a result of his astonishingly inspiring devotion for the *Shrut* we have, in due course, published seventeen *Agams* in fifteen volumes of this Illustrated Agam Series and we are committed to put our energy and wealth to a noble cause by remaining ever involved in this mission of service to the *Shrut*.

We are pleased to bring a voluminous *Agam* like *Shri Sthaananga Sutra* this year to our readers in two volumes.

We are getting regular assistance of our donor Shri Mahendra Jain, Ludhiana, and contributing scholars like Shri Srichand ji Surana 'Saras', Agra, Shri Raj Kumar ji Jain, Delhi and Shri Surendra Kumar ji Bothara, Jaipur. Many devout guru-devotees from Delhi, Punjab and Haryana have displayed their devotion for the Guru and scriptures through their financial contributions towards publication of the pious sermon of the *Jina*, and the process continues. We express our sincere gratitude for them all.

Shri Mahendra Jain has contributed liberally towards this publication in memory of his father late Shri Trilok Chand ji Jain "Bhagat ji". We express our hearty thanks to him and hope that he will continue his co-operation in future.

**—*Mahendra Kumar Jain***
PRESIDENT
Padma Prakashan

# प्रस्तावना

प्रसिद्ध आगम भाष्यकार आचार्य संघदासगणि ने लिखा है–"तीर्थंकरों और केवलज्ञानियों के ज्ञान में किसी प्रकार का भेद नहीं होता। जैसा केवलज्ञान और जैसा धर्म–तत्त्व–निरूपण भगवान ऋषभदेव ने किया, वैसा ही श्रमण भगवान महावीर ने किया है। अर्थ (भाव) रूप में सभी तीर्थंकरों का उपदेश एक ही समान होता है, किन्तु जो भेद होता है, वह सूत्र–रचनाकार गणधरो व स्थविरों की शैली के कारण ही होता है। गणधर केवल द्वादशांगी की रचना करते हैं। अग बाह्य आगमो की रचना करने वाले स्थविर होते है। अतः अंग बाह्य आगमों की प्रामाणिकता अंग आगमों के आधार पर ही मानी जाती है।"

प्रस्तुत श्री स्थानागसूत्र ग्यारह अगसूत्रो मे तीसरा अंगसूत्र है। नन्दीसूत्र आदि मे स्थानांग का जो वर्णन एवं विषय–वस्तु का जैसा निरूपण है, उस अनुसार तो आज इसका स्वरूप काफी परिवर्तित हो चुका है। इसके अनेक कारणों में से मुख्य कारण हैं भगवान महावीर के पश्चात् पूर्व भारत में जहाँ श्रमणों का विहार होता था वहाँ एक के बाद एक अनेक लम्बे दुष्कालो का पडना। दुष्कालों के कारण श्रमणो को शुद्ध भिक्षा की उपलब्धि दुर्लभ हो गई, इस कारण अनेक बहुश्रुत श्रमण संथारा आदि करके देह त्याग कर गये। अनेक द्वादशागधर श्रमण अन्यत्र विहार कर गये। परीषहों के कारण काल प्रभाव से स्मरण शक्ति की दुर्बलता, शिष्य परम्परा का विच्छेद और आगम का ज्ञान देने वाले बहुश्रुतों का अभाव आदि अनेक कारणों से श्रुतज्ञान की बहुत–सी अमूल्य ज्ञान निधि क्षीण होती चली गई। जो श्रुतज्ञानी श्रमण बचे थे, उनका विहार दूर–दूर प्रदेशों मे होने के कारण उनमें वाचना का भेद, उन प्रदेशो की भाषा के उच्चारण आदि मे अन्तर के कारण थोडा–बहुत शब्दो का उच्चारण भेद और लौकिक रीति–रिवाजो, लोकाचारो आदि की भिन्नता के कारण अर्थ–परम्परा में भी यत्किंचित् भिन्नता आना स्वाभाविक था। इस कारण विलुप्त होते श्रुतज्ञान को सुरक्षित रखने के लिए आगमज्ञ स्थविर श्रमणो ने समय–समय पर साधु–सम्मेलन बुलाकर परस्पर आगम पाठो का मिलान करने के लिए सम्मेलन (वाचनाएँ) किये और श्रुतज्ञान को यथाशक्ति, यथामति सुरक्षित रखने का भरसक प्रयत्न किया।

**आगमों की पाँच वाचनाएँ**

भगवान महावीर निर्वाण से १६० वर्ष बाद (वि पूर्व ३१० या ईसा पूर्व ३१६) के लगभग दशपूर्वधर आर्य स्थूलभद्र के नेतृत्व मे पाटलिपुत्र मे प्रथम आगम वाचना हुई।

आगम संकलन की दूसरी वाचना वीर निर्वाण के ३०० वर्ष पश्चात् सम्राट् खारवेल के प्रयत्नों से कुमारगिरि पर्वत (उडीसा) पर आर्य सुस्थित और सुप्रतिबुद्ध के सान्निध्य मे तथा तीसरी वाचना ८२७ से ८४० वर्ष के मध्य मथुरा मे आर्य स्कन्दिल के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। उसी समय दक्षिण–पश्चिम भारत में विचरने वाले श्रमणों का एक विशाल सम्मेलन वल्लभी (सौराष्ट्र) में आर्य नागार्जुन के नेतृत्व

मे हुआ। इन चारो सम्मेलनो मे जो श्रुत-सकलना हुई वह भी केवल स्मृति के आधार पर चलता आया शास्त्र ज्ञान था। तब तक आगमो को लिपिबद्ध करने का कोई सार्थक प्रयास नही हुआ था। पहली वाचना पाटलिपुत्र बिहार मे, दूसरी उडीसा मे, तीसरी उत्तर भारत और चौथी पश्चिम भारत में हुई। इस कारण इनमे भाषा का ध्वन्यात्मक अन्तर रहना और स्मृति-दोष के कारण पाठान्तर आदि रहना स्वाभाविक ही था। आज आगम-पाठों मे जो पाठान्तर तथा भाषा मे त, द, य, ध, ह आदि उच्चारणो का भेद (जैसे-कोह-कोध, अह-अध, इई-इति) मिलता है, इसका भी यही कारण प्रतीत होता है।

इसके पश्चात् वीर निर्वाण की दशवीं शताब्दी (९८० से ९९३ ईस्वी सन् ४५४-४६७) के मध्य पुनः वल्लभी मे आचार्य देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण के नेतृत्व मे श्रमण सम्मेलन हुआ। अब तक स्मृति के आधार पर चले आये आगम पाठों का लिपिकरण प्रथम बार हुआ। तब से आगम पाठ हाथ से लिखी पुस्तको मे पुस्तकारूढ हुआ माना जाता है।

काल के इतने लम्बे दु स्सह झझावातो के पश्चात् जो आगमज्ञान बचा था, वह आचार्य देवर्द्धिगणि के समय जिस रूप मे पुस्तकारूढ किया गया, वही आगम पाठ आज हमारे समक्ष विद्यमान है। इस कारण प्रत्येक अग के मूल स्वरूप एव उसके परिमाण आदि मे काफी अन्तर पड गया। यह सहज ही अनुमान किया जा सकता है।

स्थानांगसूत्र का आज जो रूप उपलब्ध है, वह भगवान महावीर के पश्चात् एक हजार वर्ष के समय मे जिस रूप मे विद्यमान रहा, वही रूप आज उपलब्ध है। अत यह माना जाता है कि इस अवधि में जो-जो ऐतिहासिक घटनाएँ हुईं उनका सकलन भी इस सूत्र मे होता गया। यही कारण है कि इसमे भगवान महावीर के ५००-६०० वर्ष बाद हुए निन्हवो आदि का उल्लेख भी विद्यमान है। किन्तु इन सबके बावजूद यह परम्परागत सुदृढ धारणा है कि आगमो के मूल तात्त्विक विषयो मे कही कोई परिवर्तन या परिवर्धन नही हुआ है और पाठ सकलन करने वाले आगमज्ञ मुनियो ने जैसा पाठ स्मृति मे चल रहा था, उसे बिना कुछ घटाये-बढाये एक जगह सुरक्षित स्थापित कर दिया। इसलिए उनकी प्रामाणिकता मे कही भी सन्देह या शका की कोई गुजाइश नही है। अस्तु

**स्थानांग की निरूपण शैली**

हमारे मान्य ३२ आगमो मे स्थानाग तथा समवायागसूत्र की निरूपण शैली अन्य सूत्रो से बिल्कुल ही भिन्न और नवीन प्रकार की है। स्थानागसूत्र मे एक से लेकर दस तक की सख्या वाले विषयो का वर्गीकरण/सकलन है। इसलिए इसके दस स्थान हैं। अन्य सूत्रो मे अध्ययन, शतक, पद आदि के रूप में उनका विभाग है, तो इसमे अध्ययन के स्थान पर 'स्थान' शब्द प्रयुक्त हुआ है।

स्थानाग में सैकडों प्रकार के विषय है। दर्शन से सम्बन्धित गहन विषय है तो तत्त्वज्ञान और इतिहास के भी विविध तथ्य इसमे सकलित है। धर्म, नीति, आयुर्वेद, इतिहास, ज्ञान-मनोविज्ञान, कर्मशास्त्र, प्राणि विज्ञान, पुद्गल, वनस्पति विज्ञान, ज्योतिष्क और पृथ्वी, नदी, पर्वत, समुद्र आदि के उल्लेख भी संख्या व गणना प्रधान दृष्टि से यहाँ सकलित हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि स्मरण रखने में संख्या प्रधान-शैली अधिक उपयोगी लगी हो, इस कारण स्थानांग तथा समवायांग की रचना संख्या प्रधान शैली में की गई हो। यह शैली स्मरण रखने में सरल और विषयों की विविधता के कारण अधिक रुचिकर रही है। प्राचीनकाल में संख्या प्रधान शैली में तत्त्व कथन करने की एक परिपाटी प्रचलित थी। बौद्ध आगम त्रिपिटिकों के अंगुत्तर निकाय और पुग्गल पञ्जत्ति की सकलना भी इसी शैली में है तथा महाभारत, गीता आदि में भी संख्याप्रधान शैली में अनेक विषयों का निरूपण हुआ है। स्थानांगसूत्र में वर्णित बहुत से विषय बौद्धों के अंगुत्तरनिकाय में प्राय मिलती-जुलती शैली में आते है। प्रसिद्ध विद्वान् प्रो दलसुखभाई मालवणिया ने अत्यन्त परिश्रम करके यह अनुशीलन किया है कि स्थानांग के सैकडो सन्दर्भ बौद्ध ग्रन्थों में बहुत ही समान रूप मे विद्यमान हैं। इससे पता चलता है कि प्राचीनकाल में सख्या प्रधान शैली में ग्रन्थ रचना की शैली प्रचलित थी और यह बहुत लोकप्रिय थी।

स्थानागसूत्र के बहुत से सन्दर्भ अन्य आगमो के साथ भी प्राय समान रूप में मिलते हैं। जैसे भगवतीसूत्र मे आयुबन्ध के छह प्रकार-जातिनाम निधत्तायु, गतिनाम निधत्तायु (शतक ६, उ ८) चार जाति आशीविष (भगवती, शतक ८, उ २) आदि। केवली समुद्घात, कर्मबन्ध, शरीर आदि का वर्णन प्रज्ञापनासूत्र मे विस्तार से उपलब्ध है। नदी, पर्वत, समुद्र आदि से सम्बन्धित वर्णन जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति मे आता है। स्वर मण्डल व वचनविभक्ति का पूरा प्रकरण अनुयोगद्वार मे ज्यो का त्यो मिलता है। इसके अतिरिक्त प्रश्नव्याकरण, दशाश्रुतस्कध, उत्तराध्ययन, जीवाभिगमसूत्र आदि के अनेक प्रकरण व सन्दर्भ स्थानागसूत्र मे उपलब्ध हैं। इसका कारण यही प्रतीत होता है कि स्थानांगसूत्र एक संग्रह सूत्र है। इसमें सख्या के अनुसार अन्य आगमो मे आये अनेक प्रकरण सग्रहीत हुए है। आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि जी म ने स्थानागसूत्र की विस्तृत प्रस्तावना मे इसकी सन्दर्भ सहित तुलनात्मक चर्चा की है।

इस प्रकार स्थानागसूत्र के विहगावलोकन से यह स्पष्ट होता है कि यह आगम एक बृहद् संकलन है। इस सकलन से स्थानागसूत्र की महत्ता कम नही हुई, बल्कि इसकी उपयोगिता और रोचकता में वृद्धि हुई है और यह साधारण बुद्धि पाठक से लेकर गम्भीर विद्वानो तक के लिए उपयोगी सिद्ध होता है।

**व्याख्या व अनुवाद**

स्थानागसूत्र में विषयो की विविधता तो है, परन्तु इतनी जटिलता या गहनता नहीं है कि जिसे समझने के लिए विस्तृत व्याख्या व भाष्य की जरूरत हो, अधिकांश विषय प्राय· स्पष्ट व सहज, सुगम हैं। यही कारण रहा होगा कि अन्य आगमों की तरह इस पर किसी आचार्य ने निर्युक्ति अथवा भाष्य नहीं लिखा है। आचार्य अभयदेव सूरि ने विक्रम सवत् ११२० मे इस पर एक विस्तृत सस्कृत टीका का निर्माण किया है। इसमें दार्शनिक व आचार सम्बन्धी विषयो का स्पष्टीकरण भी किया है तथा अन्य अनेक ग्रन्थों के सन्दर्भ उद्धृत कर उसे अधिक स्पष्ट रूप से समझाया है तथा विशद रूप में समझाने के लिए बीच-बीच में प्राचीन व ऐतिहासिक दृष्टान्तों व उदाहरणो का भी उल्लेख किया है। वर्तमान

समय मे यही संस्कृत टीका अधिक प्रसिद्ध है। हमने जहाँ-जहाँ इसका उपयोग किया है, वहाँ सन्दर्भ मे वृत्ति शब्द से उसका सकेत दिया है। इसके अलावा आचार्य श्री घासीलाल जी म ने इस पर अपनी शैली में भी सस्कृत टीका लिखी है, किन्तु यह हमें उपलब्ध नहीं हुई।

हमारे सामने अनुवाद व विवेचन करने के लिए मूल आधार रहा है आगम रत्नाकर आचार्यसम्राट् श्री आत्माराम जी म. सा कृत विस्तृत हिन्दी टीका। आचार्यश्री आगमों व उनकी टीका-भाष्य आदि ग्रन्थो के विशेष गम्भीर ज्ञाता थे। हिन्दी टीका मे अपने व्यापक आगमज्ञान का उपयोग करके स्थानांग के संक्षिप्त संकेत सूत्रो पर इतना सुन्दर और प्रामाणिक प्रकाश डाला है कि पढते हुए रोचकता भी बनी रहती है और आगमकार का मूल आशय भी बहुत स्पष्टता के साथ समझ मे आ जाता है। आचार्यश्री ने आगमज्ञान के साथ अपने अन्य ग्रन्थो के विस्तृत ज्ञान का भी इसमे उपयोग किया है, इस कारण यह हिन्दी टीका स्थानाग का हार्द समझने के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होती है। विवेचन मे हमने प्राय इसी का आधार लिया है और उसका सन्दर्भ भी हिन्दी टीका के रूप में स्थान-स्थान पर उल्लेखित किया है।

मूल पाठ तथा सूत्र सख्या के लिए हमने श्रमण सघ के युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी म के प्रधान सम्पादकत्व मे प्रकाशित स्थानागसूत्र का आधार लिया है। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, भिन्न-भिन्न समयों व स्थानो पर आगम वाचना होने के कारण आगमो की सूत्र सख्या मे अन्तर आता रहा है। भिन्न-भिन्न प्रदेशो मे वाचना होने के कारण स्थानीय भाषा व उच्चारण का प्रभाव भी उस पर पडा है। अत य, त, ध, ह आदि उच्चारण मे अन्तर आया है। दूसरी बात, आगमो के समान पाठ व एक ही पाठ की बार-बार आवृत्ति होने के कारण पाठ संक्षिप्त करने की शैली प्रचलित थी। 'जाव', 'तहा', 'एव' आदि वाक्यो से पाठो की आवृत्ति सक्षिप्त होती थी, पहले आये पूरे पाठ को दुहराने का सकेत भी हो जाता है। इससे याद रखने मे भी सुविधा रहती तथा हाथ से लिखने मे भी समय, श्रम और कागज की बचत हो जाती थी, क्योंकि प्राचीनकाल मे शास्त्र लिखने के लिए ताडपत्र आदि बहुत दुर्लभ थे।

आज जबकि कागज और छपाई के साधन सर्व सुलभ है, तब इस शैली मे परिवर्तन आना स्वाभाविक है। सक्षिप्त पाठो को पूरा का पूरा विस्तार के साथ देने की शैली प्रचलित है। इससे लाभ यह है कि आगमकार जो कहना चाहते है, वह पूरा विषय पाठक वही समझ लेता है उसके लिए उसे बार-बार पुराने पाठ (शतक, अध्ययन) आदि पलटने की जरूरत नही रहती। इससे आगमकार का भाव ग्रहण करने मे सरलता रहती है। किन्तु चूँकि पुरानी अधिकाश प्रतियो मे संक्षिप्त पाठ ही मिलता है, इसलिए नई सम्पादन शैली मे उस विस्तृत पाठ को मूल के साथ नहीं जोड़कर दोनों तरफ कोष्ठक [ ] लगाकर अलग दर्शाया जाता है। इससे पाठक समझ सकता है कि यह विस्तृत पाठ है। इससे ग्रन्थ का कलेवर तो अवश्य बढता है, परन्तु सुबोधता भी बढ जाती है। युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी म. तथा आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी ने इसी शैली को अपनाया है। जबकि आचार्य श्री अभयदेव सूरि जी की वृत्ति में तथा आचार्यसम्राट् श्री आत्माराम जी म की हिन्दी टीका में प्राचीन शैली का अनुसरण कर

संक्षिप्त पाठ ही रखा गया है। हमने पाठकों व अनुसंधानकर्ताओं की सुविधा के लिए युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी का विस्तृत पाठ ही यहाँ दिया है और उसी के अनुसार विस्तृत पाठ कोष्ठक में दर्शाकर यह भी सूचित किया है कि यह कुछ प्राचीन प्रतियों मे नहीं है।

हमने मूल पाठ का शब्दश· अनुवाद नहीं देकर भावानुवाद देने का प्रयत्न किया है। भावानुवाद की भाषा सरल और स्पष्ट रखने के उद्देश्य से कहीं-कहीं मूल शब्द के साथ ही उसका प्रचलित अर्थ व संक्षिप्त व्याख्या भी वहीं पर दे दी है, जिससे आगमपाठी जिज्ञासु हिन्दी अनुवाद पढ़ता हुआ उसका पूरा भाव भी समझता रहे, भाषा में प्रवाह तथा रोचकता बनी रहे और उसे बार-बार उन शब्दों का अर्थ समझने के लिए टीका या शब्द कोष नहीं टटोलना पडे। विवेचन करने मे भी हमने उपलब्ध सभी सस्करणों का उपयोग करते हुए भी अपनी स्वतंत्र शैली अपनाई है। अनेक स्थानों पर जिन विषयों का विवेचन आवश्यक प्रतीत हुआ और अन्य व्याख्याकारो ने उस विषय का पर्याप्त स्पष्टीकरण नहीं किया है, तो वहाँ हमने उस विषय से सम्बन्धित अन्य आगमो को देखकर विवेचन में उसका आवश्यक वर्णन किया है।

हो सकता है, इस कारण कही-कही विवेचन विस्तृत भी हो गया है, परन्तु वह पाठकों के लिए सुविधाजनक और ज्ञानवर्धक होगा। उन्हे अन्य आगम खोलकर पढने की अपेक्षा नही लगेगी। अनेक स्थानो पर सस्कृत टीकाकार ने विषय को स्पष्ट करने वाले उदाहरण व दृष्टान्तो का भी उल्लेख किया है, किन्तु विस्तार भय से हमने उन दृष्टान्त का उल्लेख छोड दिया है।

यह शास्त्र कुछ अधिक विस्तृत विवेचन की अपेक्षा रखता है, परन्तु हम इसे मात्र दो भागों में ही प्रकाशित करना चाहते है, क्योंकि अभी अन्य आगमो का प्रकाशन भी करना है, इस कारण विवेचन आदि का विस्तार बहुत ही कम किया और जहाँ आवश्यक प्रतीत हुआ वही संक्षेप में विवेचन करके हिन्दी टीका व सम्बन्धित शास्त्र देखने का संकेत कर दिया है। इसमे ४-५ परिशिष्ट जोडना भी मुझे उपयोगी लग रहा था। जैसे शब्दानुक्रमणिका, मूलसूत्र के कथन को अधिक स्पष्ट करने वाले उदाहरण व दृष्टान्त जिनका वृत्तिकार ने उल्लेख किया है। एक ही विषय, संख्या क्रम से भिन्न-भिन्न स्थानों में बार-बार आया है, जैसे जम्बूद्वीप के नदी, पर्वत, कूट आदि का वर्णन प्रायः सभी स्थानो में आया है, प्रायश्चित्त के प्रकार, प्रतिमाओ का वर्णन आदि इन सबकी तुलनात्मक तालिका आदि। किन्तु पुस्तक की पृष्ठ सख्या बढ़ती देखकर उनको स्थगित ही रखना पडा है।

इसके सम्पादन में श्रीचन्द जी सुराना 'सरस' ने अथक परिश्रम किया है तथा अंग्रेजी अनुवाद में श्री सुरेन्द्र जी बोथरा ने भी इस बात का ध्यान रखा है कि आगमकार का भाव अंग्रेजी में यथार्थ रूप मे व्यक्त हो। यह ग्रन्थ मूलतः अभिधान ग्रन्थ है। अत· उसका वही स्वरूप बनाये रखने के लिए प्रत्येक मूल शब्द व अन्य महत्त्वपूर्ण शब्दो के साथ ही कोष्ठक मे उसका उपयुक्त अंग्रेजी अर्थ देकर उसका मौलिक स्वरूप समझाने का प्रयत्न किया है। सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन (देहली) ने अंग्रेजी अनुवाद का पुनः निरीक्षण करने मे सेवाभाव से हमे पूर्ण सहयोग दिया है। सभी धन्यवाद के पात्र हैं।

स्व पूज्य गुरुदेव उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. सा का जो आशीर्वाद मुझे मिला था, वह आज भी मेरा सम्बल बना हुआ है और उन्हीं की प्रेरणा और प्रोत्साहन का बल मुझे इस श्रुत-सेवा के महान् पुण्य कार्य मे आगे से आगे बढा रहा है। अतः इस प्रसंग पर पूज्य गुरुदेव का स्मरण होना स्वाभाविक है। जब भी कोई नया आगम सम्पादित प्रकाशित होता तो उसे देखकर उन्हें बहुत अधिक प्रसन्नता होती थी, सबसे पहले वे उसे पढ़ते थे और यही आशीर्वाद देते-"जिनवाणी की सेवा करते रहो। घर-घर में महावीर के उपदेश पहुँचा दो यही मेरी तमन्ना है।"

इस आगम प्रकाशन मे सुश्रावक श्री महेन्द्र जी जैन, लुधियाना ने अपने पूज्य पिताजी श्री त्रिलोकचन्द जी 'भगत जी' की पुण्य स्मृति में सहयोग प्रदान किया है। अतः वे विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।

आगमो का चित्रो सहित अंग्रेजी अनुवाद का कार्य बहुत ही श्रमपूर्ण तथा महँगा है, परन्तु अनेक गुरुभक्त श्रावको तथा जिनवाणी के उपासक दानवीरो के सहयोग से यह कार्य आगे बढ रहा है और बढता ही जायेगा।

इसी दृढ विश्वास के साथ !

*—प्रवर्त्तक अमर मुनि*

## सम्पादन में सहायक साहित्य

१. **श्री स्थानांगसूत्र—**आचार्य श्री अभयदेव सूरि कृत वृत्ति सहित

   **सम्पादक—**मुनि श्री जम्बूविजय जी म.

   [प्रथम–द्वितीय भाग, वि. सं. २०५९]

   **प्रकाशक—**आत्मानन्द जैन सभा, भावनगर

२. **श्री स्थानांगसूत्र**

   (मूल–संस्कृत छाया मूलार्थ एव हिन्दी विवेचन)

   **हिन्दी व्याख्याकार—**जैनागम रत्नाकर आचार्य श्री आत्माराम जी म.

   [प्रथम–द्वितीय भाग, वि. सं. २०३२]

   **प्रकाशक—**आचार्य श्री आत्माराम जैन प्रकाशन समिति, लुधियाना

३. **स्थानांगसूत्र**

   **प्रधान सम्पादक—**युवाचार्य श्री मिश्रीमल जी म. 'मधुकर'

   **विवेचक—**पं हीरालाल जी शास्त्री

   [तृतीय संस्करण, वि. सं. २०५७]

   **प्रकाशक—**श्री आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर

४. **ठाणं**

   सम्पादक, विवेचक—मुनि नथमल (आचार्य श्री महाप्रज्ञ)

   [वि. सं २०३३]

   **प्रकाशक—**जैन विश्व भारती लाडनूँ

५. **स्थानांग–समवायांग**

   **संपादक—**पं दलसुखभाई मालवणिया

   [ईस्वी सन् १९५५]

   **प्रकाशक—**गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद,

**नोट—**प्रस्तुत विवेचन मे सन्दर्भ के रूप में उद्धृत ग्रन्थों के इस प्रकार संकेत दिये गये है—

**वृत्ति—**आचार्य श्री अभयदेव सूरि कृत संस्कृत वृत्ति

**हिन्दी टीका—**आचार्य श्री आत्माराम जी म कृत हिन्दी व्याख्या

**ठाणं—**आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी कृत विवेचन एवं टिप्पण

सभी विद्वान् सम्पादको तथा प्रकाशन संस्थाओं के प्रति हार्दिक कृतज्ञता

सम्पादन हेतु टीका ग्रन्थ उपलब्ध कराने में आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि शोध संस्थान, उदयपुर तथा प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर का सहयोग निरन्तर प्राप्त होता रहा है, हार्दिक साधुवाद !

## FROM THE EDITOR'S PEN

Acharya Sanghadas Gani, the famous commentator (*Bhashya*) of *Agams*, has stated—"There is no difference between the knowledge of *Tirthankars* and omniscients The *Keval-jnana* of and exposition of religious fundamentals by Bhagavan Mahavir was same as that of Bhagavan Risabhadeva In essence (*artha*) the sermons of all *Tirthankars* remain same. The apparent variations are due to the variations in the styles of textual forms given by the *Ganadhars* and *Sthavirs*. *Ganadhars* are the authors of only the *Dvadashangi* (the twelve limbed corpus of Jain canon). The authors of *Angabahya Agams* (scriptures other than the *Angas*) are *Sthavirs* Therefore the *Angabahya Agams* derive their authenticity from the *Anga Agams* "

This *Shri Sthaananga Sutra* is the third among the eleven *Anga Sutras* When we look at the description and list of contents of *Sthaananga* as mentioned in *Nandi Sutra* and other works, we find that the available text has undergone a considerable change Of the many reasons for this change the most important one is that the post-Mahavir area of movement of *Shramans* in eastern India underwent difficult times of a series of droughts of extended duration These hard times made the availability of acceptable alms for ascetics extremely difficult. As a consequence many profound scholarly ascetics took the ultimate vow and abandoned their earthly bodies Many scholars of *Dvadashangi* migrated to other areas Under the influence of afflictions and regressive times the general level of memory got reduced, the disciple lineages disintegrated and the *Shrut* scholars who could impart knowledge of *Agams* became scarce, all these and many other reasons caused a steady decline in the invaluable wealth of *Shrut-jnana* The still extant scholarly ascetics lived in remote areas with no means of communication and interaction. This caused textual variations The influence of tonal variations of local languages was natural in pronunciation of many words as was the influence of local customs and rituals on the interpretation of many terms and concepts. For this reason *Agam*-conventions were organized from time to time by ascetics for the purpose of protecting the dwindling *Shrut-jnana* through

comparative study and compilation of the available *Agamic* texts. These were popularly called *Vaachana* (recitation). All efforts were made for protecting and safe keeping of the available *Shrut-jnana*.

### THE FIVE AGAM VAACHANAS

The first *Agam vaachana* was held in Pataliputra under Dashapurvadhar Arya Sthulabhadra around 160 ANM (after nirvana of Mahavir) or 310 BV (366 BC).

The second *Agam vaachana* was held at behest of King Kharvel at Kumaragiri hills (Orissa) under the auspices of Arya Susthit and Supratibuddha around 300 ANM (169 BV or 226 BC). The third *Vaachana* was held in Mathura under Arya Skandil sometime between 827 to 840 ANM (358 to 371 V or 301 to 314 AD). Around the same time a large convention of ascetics roaming south eastern India was held in Vallabhi (Saurashtra) under the leadership of Arya Nagarjun. The compilation of *Shrut* (scriptures in oral tradition) in all these four conventions still remained the oral tradition of the scriptural knowledge carried through memory. No effective steps were taken till then for writing the *Agams* Thus the first *Vaachana* was held in Bihar or eastern India, the second in southern India, the third in northern and the fourth in western India. Therefore phonetic variations in the language, variant readings in text due to memory lapses and other faults were natural This appears to be the reason for the variant readings in the texts available today as well as the variations in the use of consonants like *ta*, *da*, *ya*, *dha* and *ha* (for example *koha* and *kodha*, *aha* and *adha*, *i-ee* and *iti*)

After that in the tenth century after Mahavir's Nirvana (980-993 ANM or 511-524 V or 454-467 AD) another ascetic convention was held in Vallabhi under the leadership of Acharya Devardhigani Kshamashraman. The *Agam* readings carried on through oral tradition were written for the first time here. It is believed that the *Agam* texts came into the present manuscript and book form since then.

Whatever *Agamic* knowledge was left after the ravages of time and was compiled during the period of Acharya Devardhigani is what is available to us as *Agam* text. Therefore it is not hard to surmise the scale of changes that must have taken place in the original content and volume of each *Anga*.

The available form of *Sthaananga Sutra* is what it had acquired after a millennium of Bhagavan Mahavir's *nirvana* Therefore it is accepted that the historically important incidents of this intervening period also found place in this *Sutra*. That is the reason that we find mention of the *nihnavas* (mendacious seceders) from a period 500 to 600 years after Bhagavan Mahavir However, in spite of that it is a firm and established traditional belief that there has been no change in the fundamental ontological and doctrinal subjects The scholarly ascetics compiling the texts transferred into writing the original text exactly as it was carried by the oral tradition without any addition or subtraction from their side. Therefore there is no place for any doubt or incredulity in their authenticity So be it.

**THE STYLE OF EXPOSITION IN STHAANANGA**

The style of exposition adopted in *Sthaananga* and *Samavayanga Sutra* is new and unique as compared with the remaining of the thirty two *Agams* recognized by our tradition *Sthaananga Sutra* compiles different topics classified according to their relationship with numerals one to ten Therefore it has ten *Sthaans* (sections or chapters). In other *Agams* the sections are called *adhyayan*, *shatak*, *pad* etc but in *Sthaananga sthaan* has been used in place of *adhyayan* (chapter)

*Sthaananga* encapsulates hundreds of topics Alongside profound topics related to philosophy a wide range of information about metaphysics and history is also compiled in it Information related to religion, ethics, history, psychology, theory of *karma*, biology, matter, botany, astrology, earth, rivers, mountains, seas and numerous other subjects are compiled here in its unique style of numerical placement

It appears that *Sthaananga* and *Samvayanga* were written in this numerical placement style considering the numeral based classification to be very convenient in memorizing the information. This style has been popular because it encapsulates larger number of subjects within the text, making it interesting and easy to remember. In ancient times there was a tradition of stating fundamentals in numeral based style In Buddhist *Tripitaks* this style has been used in *Anguttar Nikaya* and *Puggal Panjatti* In *Mahabharat*, *Gita* and many other works of Vedic tradition this style has been used for many topics. Many topics dealt

with in *Sthaananga Sutra* are also available in the Buddhist *Anguttar Nikaya* in a similar style. After an in depth study, renowned scholar Pt. Dalsukh Bhai Malavania has found that hundreds of references from *Sthaananga Sutra* are available with great similarity in Buddhist works. This shows that in ancient times this numerical style of classification was popular and frequently used in writing scriptures

Many references from *Sthaananga Sutra* are also available in other *Agams* in almost same form. For example *Bhagavati Sutra* contains six kinds of *Ayubandh* (bondage of *karma* determining life span)—*jatinaam nidhattayu, gatinaam nidhattayu* (6/8); four *jati asheevish* (8/2) etc. Detailed description of *Kevali samudghat, karmabandh, sharira* etc. is available in *Prajnapana Sutra*. Information regarding rivers, mountains, seas etc is available in *Jambudveep Prajnapti*. Descriptions of *Svar mandal* and *vachan vibhakti* are given in *Anuyogadvar Sutra* as it is Besides this many passages and references from *Prashna Vyakaran, Dashashrutskandh, Uttaradhyayan, Jivabhigam Sutra* and other scriptures are available in *Sthaananga Sutra*. From this it appears that *Sthaananga Sutra* is a taxonomical anthology. It is an anthology of various topics from other *Agams* classified in numerical placement style In the detailed preface of *Sthaananga Sutra* Acharya Shri Devendra Muni ji has presented its comparative study with valuable references

Thus an overview of *Sthaananga Sutra* reveals that this *Agam* is a voluminous anthology. Being an anthology does not reduce its importance In fact it enhances its usefulness and appeal making it valuable for both ordinary reader as well as profound scholars.

### COMMENTARY AND TRANSLATION

Although *Sthaananga Sutra* contains a wide variety of topics but it is free of complexities and abstruseness requiring detailed explanations or elaborations. Most of the subjects are simple and easy. This must have been the reason that unlike other *Agams, Niryukti* or *Bhaashya* was not written on it by any *acharya*. In 1120 V. (1163 AD) Acharya Abhayadev Suri for the first time wrote a detailed Sanskrit *Tika* on this. He has elaborated subjects like philosophy and ascetic conduct and

explained these using references from many other works. For greater clarity he has also used old and historical examples and incidents at many places. In modern times this is the most famous Sanskrit *Tika* available. Wherever I have used this commentary we have indicated it by the term *Vritti* Besides this Acharya Shri Ghasilal ji M. has also independently written a Sanskrit commentary but that was not available to me

For my translation and elaboration the main reference work before me has been the detailed Hindi *Tika* written by Acharya Samrat Shri Atmaram ji M. who was a great scholar of *Agams*, *Tikas*, *Bhashyas* and other *Agamic* literature He has employed his profound knowledge of *Agams* in making his Hindi *Tika* absorbing to read and easily comprehensible by giving lucid but authentic explanations without clouding the basic idea of the original author of the *Agam* Besides his knowledge of *Agams*, Acharya Shri has also used his wide knowledge of other scriptures making his Hindi *Tika* an extremely useful key for understanding the message of *Sthaananga* I have based my elaborations mainly on this, indicating its reference as Hindi *Tika*.

Original Text and aphorism numbers have been taken on the basis of *Sthaananga Sutra* edited by Yuvacharya Shri Madhukar Muni ji M of Shraman Sangh As already mentioned, there has been variations in the number of aphorisms of *Agams* due to different recitations at different places and different times. As these recitations were done in different states the pronunciation of local dialects also had its influence Therefore difference in pronunciation of *ya*, *ta*, *dha*, *ha* and other consonants also creeped in. In writing also, similarity in text and repetition of the same text at many places gave rise to the style of abbreviating the text 'Java', 'Taha', 'Evam' and other such phrases were used to shorten the text by indicating the text to be repeated This helped in memorizing the text and at the same time saving the time, labour and paper used for copying In ancient times availability of palm leaves for writing was scarce

With the easy availability of paper and printing the change in style became inevitable, and instead of abbreviated text complete and even enlarged text is in vogue This elaborate style has the advantage that the reader gets the message of the author at the spot without the need

of often referring to earlier chapters or another reading. This makes the understanding of the text easy. However, as most of the ancient manuscripts contain abbreviated text a new style of editing has evolved. The expanded text is not mixed with the original text but given in brackets [ ] with the running original text. This indicates to the reader that this part is expanded text. Although this increases the volume of the book but it makes easy reading. Yuvacharya Shri Madhukar Muni ji M and Acharya Shri Mahaprajna ji M. have adopted this style whereas Acharya Shri Abhayadev Suri in his *Vritti* and Acharya Shri Atmaram ji M. in his Hindi *Tika* have used the old style of abbreviated text. For the convenience of readers and research scholars we have used the expanded text given by Yuvacharya Shri Madhukar Muni ji M. retaining the brackets as well as informing that this particular text is not available in ancient manuscripts.

Instead of its literal translation we have given free flowing translation of the original text For ease in understanding and keeping the language easy, at many places we have given the popular meaning and brief explanation of the original word. Besides maintaining the flow and lucidity this facilitates the reader to grasp the meaning in a single reading without any need of interruption for consulting dictionary or reference books. While consulting all available editions for elaboration we have adopted our own style. At many places where detailed explanation was required and other commentators omitted providing it, we consulted other Agams related to that subject and included the needed information.

It is possible that at places such explanations have become more elaborate, but this would be convenient and edifying for the readers. They will not feel the need to consult other *Agams*. At many places the Sanskrit commentator has referred to examples and incidents for further clarification of the topic. But for space restrictions we used restraint in including such examples.

Although this scripture requires a more detailed elaboration but we wanted to restrict it to only two volumes because in our project we still have to publish many more *Agams*. For this reason we have kept the elaboration brief as far as possible and wherever needed indications have been provided for consulting Hindi *Tika* and other available works.

I also wanted to include 4-5 useful appendices, for example—alphabetical list of words, examples and incidents mentioned in the *Vrutti* for further clarification, comparative tables of subjects repeated at different numerical placement (such as rivers, mountains, peaks etc. of Jambudveep, kinds of atonement, description of self restraints etc.) But this had to be kept in abeyance due increased number of pages.

Shri Srichand Surana 'Saras' (Agra) has put in great labour in editing of this work In the English translation Shri Surendra Bothara (Jaipur) has tried to ensure that the original idea of the author of the Agam is presented in its untainted form. This is basically a lexicon. Therefore, to maintain its form each main word and other important terms have been given in Roman script along with its appropriate meaning in parenthesis in an effort to convey the basic idea. Sushravak Shri Rajkumar ji Jain (Delhi) has provided his selfless contribution by copy editing the English translation. They all deserve thanks

The blessings of my revered Gurudev, Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padmachandra ji Maharaj, still remain my support The strength of his inspiration and encouragement continues to push me ahead in this pious mission of service to the *Shrut* (the sermon of the *Jina*). It is natural that he surfaces in my memory on such occasions He used to be very happy whenever a new *Agam* was edited and published He was the first to read it and bless me with these words "Continue your services to *Jinavani*. Spread Mahavir's message from house to house. This is my only wish "

Sushravak Shri Mahendra ji Jain of Ludhiana has given special contribution towards publication of this *Agam* in auspicious memory of his father Late Shri Trilokchand ji Jain 'Bhagat ji' My special thanks to him.

The project of publication of illustrated *Agams* with English translation is labourious as well as cost intensive. But with liberal contributions from many devotees and *Agam* lovers this mission is progressing and will continue to progress.

With this unwavering belief....

***—Pravartak Amar Muni***

## BIBLIOGRAPHY

1. ***Shri Sthaananga Sutra*** with *Vritti* by Acharya Shri Abhayadev Suri
   ***Editor :*** Muni Shri Jambuvijaya ji M.
   [First and Second Part, 2059 V.]
   ***Published by :*** Atmanand Jain Sabha, Bhavanagar

2. **Shri Sthaananga Sutra**
   (Original text, Sanskrit Chhaya, meaning and elaboration in Hindi)
   ***Hindi Commentator :*** Jainagam Ratnakar Acharya Shri Atmaram ji M.
   [First and Second Part, 2032 V.]
   ***Published by :*** Acharya Shri Atmaram Jain Prakashan Samiti, Ludhiana

3. **Sthaananga Sutra**
   ***Editor-in-Chief :*** Yuvacharya Shri Mishrimal ji M. 'Madhukar'
   ***Commentary :*** P Hiralal ji Shastri
   [Third edition, 2057 V]
   ***Published by :*** Shri Agam Prakashan Samiti, Beawar

4. **Thanam**
   **Editor and commentator :** Muni Nathmal (now Acharya Shri Mahaprajna)
   [2033 V]
   ***Published by :*** Jain Vishva Bharati, Ladnu

5. **Sthaananga-Samvayang**
   ***Editor :*** Pt Dalsukh Bhai Malavania
   [1955 AD]
   ***Published by :*** Gujarat Vidyapeeth, Ahmedabad

**Note**—Abbreviations of the books referred in elaborations in this book ·

**Vritti :** Sanskrit *Vritti* by Acharya Shri Abhayadev Suri

**Hindi Tika :** Hindi *Tika* by Acharya Shri Atmaram ji M

**Thanam :** Elaborations and foot notes by Acharya Shri Mahaprajna ji

We convey our gratitude to all scholarly editors and publishers of these works

Commendations also for Acharya Shri Devendra Muni Shodh Samsthaan, Udaipur and Prakrit Bharati Academy, Jaipur for making available Commentaries used in editing this work.

| अनुक्रमणिका | | CONTENTS | |
|---|---|---|---|

ॐ नमो समणस्स भगवओ महावीरस्स

**Om Namo Samanassa Bhagavao Mahavirassa**

पंचमगणहर–सिरिसुहम्मसामिविरइयं तइयं अंगं

पंचमगणधर–श्रीसुधर्मास्वामिविरचिततृतीयअंग

# स्थानांग

**The third Anga Agam by the fifth Ganadhar,**
**Shri Sudharma Swami**

# THANAM

## पंचमगणधर-श्रीसुधर्मास्वामिविरचित तृतीय अंग
# स्थानांगसूत्र

## प्रथम स्थान

*अध्ययन सार*

- ग्यारह अंग आगमों मे तीसरे आगम का नाम 'स्थानांग' है। 'स्थान' का अर्थ है–परिमाण, संख्या या केन्द्र विशेष। इस आगम की प्रतिपादन शैली सख्या–प्रधान है। इसमें एक से लेकर 'दस' तक के विषयो का गणनात्मक शैली मे प्रतिपादन है। इसके दस स्थान हैं। जैसे अन्य सूत्रो के एक–एक विभाग को 'अध्ययन' कहा जाता है वैसे ही इसके प्रत्येक अध्ययन को 'स्थान' कहा है। इसके प्रथम अध्ययन मे 'एक' से सम्बन्धित विषयो का वर्गीकरण किया गया है।
- जैनदर्शन मे प्रत्येक विषय का कथन 'नय दृष्टि' से अर्थात् अपेक्षा सहित अनेकान्त दृष्टि से किया जाता है। निरपेक्ष वचन एकान्त होता है, सापेक्ष वचन अनेकान्तमय है। जैनदर्शन मे मुख्यत. दो नय मान्य है–द्रव्यार्थिकनय और पर्यायार्थिकनय। द्रव्यार्थिकनय के दो मुख्य भेद हैं–संग्रहनय और व्यवहारनय। सग्रहनय मे अभेद दृष्टि मुख्य रहती है। व्यवहारनय मे भेद के आधार पर कथन किया जाता है। जब किसी वस्तु की एकता या नित्यता आदि धर्मों (गुणों) का कथन किया जाता है तब उसमे रहे हुए अनेकता या अनित्यता आदि प्रतिपक्षी धर्मों की उपेक्षा कर दी जाती है। अभेद दृष्टि से प्रतिपादन करना सग्रहनय है। जब अनेकता या अनित्यता आदि धर्मों का प्रतिपादन किया जाता है तब वहाँ व्यवहारनय या पर्यायार्थिकनय की दृष्टि मुख्य रहती है।
- इस प्रथम अध्ययन मे सभी प्रतिपादन 'सग्रहनय' की दृष्टि से किया गया है। जबकि आगे दूसरे–तीसरे अध्ययन व अन्य अध्ययनो मे 'व्यवहारनय' अथवा पर्यायार्थिकनय की मुख्यता मिलती है। दोनो ही दृष्टियाँ परस्पर सापेक्ष है। इनमे कोई विरोध नही, अपितु अपेक्षा भेद रहा हुआ है।
- इस प्रथम अध्ययन में सम्पूर्ण वर्णन द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा से हुआ है। जैसे 'आत्मा एक है' यह पहला सूत्र द्रव्य दृष्टि से कहा गया है। क्योंकि सभी आत्माएँ अनन्त शक्ति–सम्पन्न है। ज्ञान–उपयोगमय है, इसलिए द्रव्य की अपेक्षा एक समान होने से एक ही है, ऐसा कहा जा सकता है।
- इसी प्रकार जम्बूद्वीप एक है, यह सूत्र क्षेत्र की दृष्टि से है। 'समय एक है', एक समय मे एक ही कार्य होता है, इन सूत्रो का कथन काल की अपेक्षा है तथा 'शब्द एक है' यह सूत्रवचन भाव की अपेक्षा से है। भाव का अर्थ पर्याय है और शब्द पुद्‌गल की एक पर्याय–अवस्था है। इस प्रकार प्रस्तुत प्रथम अध्ययन में द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव–इन चारो दृष्टियो से प्रतिपादन किया गया है।
- इस सूत्र में एक श्रुतस्कन्ध है तथा उसके दस अध्ययन है। प्रथम अध्ययन 'स्थान' मे २५६ सूत्र हैं। इन सूत्रो का वर्गीकरण पद शैली मे किया गया है, जैसे अस्तित्ववाद पद। जिन सूत्रो मे अस्तित्व सम्बन्धी वर्णन है उन सबको 'अस्तित्व पद' में समाविष्ट किया है। इसी प्रकार आगे भी जान लेना चाहिए।

●●

The third Anga Agam by the fifth Ganadhar, Shri Sudharma Swami

# STHAANANGA SUTRA

## FIRST STHAAN

### INTRODUCTION

- Of the eleven *Anga Agams* (The primary canons or the main corpus of the Jain canonical texts This consists of twelve treatises, eleven of which are extant according to the Shvetambar tradition) the third *Agam* is *Sthaananga* *Sthaan* means a specific quantity, number or locus The *Agam* has been written in an unusual number-oriented style It compiles topics following a system of numerical placement from one to ten, thus having ten *sthaans* (numerical places) In other *Sutras* a specific section is called a chapter, here it is called *sthaan* (numerical place) Topics associated with the numeral one are compiled in the first chapter
- Every topic in Jain philosophy is discussed from *Naya Drishti* (the context of standpoints) or with *Anekant Drishti* (from relative viewpoint or in relative terms) A non-relative statement is absolute and a relative one is non-absolute In Jain philosophy generally two standpoints are accepted—*Dravyarthik naya* (existent material aspect) and *Paryayarthik naya* (transformational aspects) There are two main divisions of *Dravyarthik naya* (existent material aspect)—*Samgraha naya* (generalized viewpoint) and *Vyavahara naya* (particularized viewpoint) *Samgraha naya* is predominantly an encompassing perspective whereas *Vyavahara naya* (particularized viewpoint) is predominantly a discerning perspective When the general attributes of singularity, permanence (etc ) of a thing are described, its other specific attributes like plurality, impermanence (etc ) are ignored This encompassing perspective is *Samgraha naya* (generalized viewpoint). However, when these other attributes including plurality and impermanence are discussed, it is the *Vyavahara naya* (particularized viewpoint) or *Paryayarthik naya* (transformational aspect) that is predominantly applied
- Everything in this first chapter has been discussed from the generalized viewpoint (*Samgraha naya*) In the following chapters,

including the second and third, mainly particularized viewpoint (*Vyavahara naya*) or transformational aspects (*Paryayarthik naya*) have been employed. Both these viewpoints are relative They are not contradictory but have a variation of perspective.

- All the descriptions in this chapter are with reference to *dravya* (physical or related to matter), *kshetra* (spatial or related to area), *kaal* (temporal or related to time) and *bhaava* (modal or related to mode or state) aspects For example the first aphorism 'Soul is one' is with reference to physical aspect on the basis that all souls have unlimited potency Knowledge can be placed in the numerical classification of 'one' on the basis that it is uniform from physical standpoint since it has the attribute of application
- In the same way the statement 'Jambudveep is one' is with reference to the spatial aspect The statements '*Samaya* (the smallest unit of time) is one' and 'Only one act can be performed in one *Samaya*' are with reference to the temporal aspect. 'Word or sound is one', this aphorism is with reference to the modal aspect because sound is a mode of matter (*bhaava* means *paryaya* or mode). This way the discussion in the first chapter includes all these four standpoints of *dravya, kshetra, kaal* and *bhaava* (physical, spatial, temporal and modal aspects)
- This *Sutra* (book) has one *shrutskandh* (section) having ten *sthaans* (chapters) There are 256 aphorisms in the first *sthaan* (chapter) These aphorisms have been classified subject-wise with the affix '*pad*' (another term for place or location, for convenience we will use the term 'segment') An example is *Astitvavad-pad* (segment of existence) The aphorisms that contain description related to *astitva* (existence) have been included in the *Astitvavad-pad*. This style is followed throughout.

# प्रथम स्थान
## FIRST STHAAN (Place Number One)

**१. सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं–**

१. आयुष्मन् ! मैने सुना है–"उन भगवान ने ऐसा कहा है–"

1. Long lived one ! I have heard—"That *Bhagavan* has said thus—"

**विवेचन**–भगवान महावीर के पाँचवे गणधर श्री सुधर्मास्वामी अपने प्रधान शिष्य जम्बू अणगार को सम्बोधित करते हुए कहते है–"आयुष्मन् ! मैंने स्वय सुना है कि उन भगवान महावीर ने तीसरे अंग, स्थानागसूत्र का भाव इस प्रकार से प्रतिपादन किया है।"

**Elaboration**—Sudharma Swami, the fifth *Ganadhar* (principal disciple) of Bhagavan Mahavir, says to his chief disciple ascetic Jambu—"Long lived one ! I have heard myself that Bhagavan Mahavir has propagated the text and meaning of *Sthaananga Sutra*, the third *Anga* as follows—"

### *अस्तित्व–पद* ASTITVA-PAD (SEGMENT OF EXISTENCE)

**२. एगे आया।**

२. आत्मा एक है।

2. *Atma* (soul) is one

**विवेचन**–**'एगे आया'** सूत्र का प्रतिपादन आत्मा के चैतन्य स्वभाव को मुख्य मानकर किया गया है। चेतना की दृष्टि से ससार की समस्त आत्माएँ समान है। प्रत्येक आत्मा को दु:ख अप्रिय तथा सुख प्रिय है। यह स्वभाव की समानता है। इसी प्रकार प्रत्येक आत्मा चेतना की दृष्टि से समान है। इस समानता को मुख्य मानकर 'आत्मा एक है' यह कथन है।

अन्य आगमो मे 'आत्मा अनन्त है' ऐसा भी कहा गया है–**अणंताणि य दव्वाणि कालो पोग्गल जंतवो।** (उत्तरा २८/८) काल, पुद्गल और जीव द्रव्य सख्या मे अनन्त है।

क्योंकि प्रत्येक आत्मा असख्यातप्रदेशी है, सब आत्माएँ स्वतन्त्र है और सबका कर्म तथा कर्मफल पृथक्–पृथक् है। इसलिए आत्माएँ अनन्त है, यह कथन भी युक्ति–सगत है। कथन की इस शैली मे सग्रहनय तथा व्यवहारनय की दृष्टि का अन्तर ध्यान मे रखना चाहिए।

उपनिषदो मे 'आत्मा की एकता' का प्रतिपादन है–**एको देवः सर्वभूतेषु गूढः**–(श्वेताश्वतर. ६/११)। किन्तु उपनिषद का 'अद्वैतवाद' सख्या की दृष्टि है। उसके अनुसार समस्त जीवो मे एक ही आत्मा (परमात्मा) का प्रतिबिम्ब झलकता है। जबकि जैन दृष्टि से प्रत्येक आत्मा स्वतत्र है, किन्तु सबमे चेतना

आत्म ज्योति सबमें समान है
सिद्ध आत्मा

चित्र परिचय १

Illustration No. 1

# आत्म-ज्योति सब में समान है

'आत्मा या जीव का स्वरूप ज्योतिर्मय है। ज्ञान-चेतना की दृष्टि से सब आत्माएँ समान है। सिद्ध आत्माओ म वैमानिक ज्योतिष्क आदि देवो मे, युगलियो मे साधु, गृहस्थ राजा और दरिद्र म, छोटे बड पशु पक्षी, कीट, पतग तथा भिन्न भिन्न प्रकार की वनस्पतियाँ फल, फूल, कन्द मूल वृक्षो म और नारको तथा परमाधार्मिक देवो मे, चारो ही गतियो के जीवो मे ज्ञान-चतना की दृष्टि से आत्मा मे कोई भिन्नता या अन्तर नही है। अत द्रव्य स्वरूप मे आत्मा एक है। जो उनमे आचार आदि की भिन्नता दिखाई देती है वह केवल पर्याय (शरीर) की दृष्टि से है। चित्र के मध्य मे ज्योतिर्मय चेतना दिखाई है, जो सभी जीवो मे विद्यमान है।

*-स्थान १ सूत्र १*

## SPIRITUAL FLAME IS SAME IN EVERYONE

Soul or being is represented in the form of flame In terms of knowledge and sentience all souls are same In terms of its attribute of sentience there is no difference in souls irrespective of their belonging to any of the beings of any of the four genuses—*Siddhas*, *Vaimanik*, *Jyotishk* and other gods, twins, ascetic, householder, king and beggar large or small animal, insects and moths, different types of plants and trees including fruits, flowers and roots, infernal beings and *Paramadharmik* gods Thus as entity soul is one The visible differences like that of behaviour and conduct is merely from the angle of *paryaya* or mode (body) In the illustration, at the center is soul in the form of a flame and that exists in every being

*—Sthaan 1, Sutra 1*

समान है। अतः जैनदर्शन में 'एकात्मकता' स्वभाव की समानता की अपेक्षा से है, न कि संख्या की दृष्टि से। अहिंसा एवं समतावादी चिन्तन का विस्तार इसी सूत्र के आधार पर हुआ है।

**Elaboration**—The aphorism *'Ege aayaa'* has been stated with the belief that the defining quality of soul is its sentient (*chaitanya*) nature. From the angle of sentience all souls in this universe are similar. Every soul detests pain and loves pleasure. This is similarity of nature. In the same way from the angle of sentience all souls are same. Considering this similarity to be the main criteria it has been stated that soul is one.

We also find the statement that 'souls are infinite' (there are endless souls) in other *Agams* (Jain canonical literature) Also that the substances like time, matter and soul are also infinite in number

A soul consists of innumerable space-points (*pradesh*), all the souls are independent, and the bondage and fruition of *karmas* is different for all Thus the statement that 'there are endless number of souls' is also logically correct In this style of statement the difference between *Samgraha naya* (generalized viewpoint) and *Vyavahara naya* (particularized viewpoint) should be kept in mind.

In *Upanishads* also the singularity of soul is propounded but this non-duality of *Upanishads* is from the numerical viewpoint. Here one single soul is reflected in all beings Whereas according to the Jain view every single soul is independent but the attribute of sentience (*chetana*) is same in all souls Therefore in Jain philosophy the singularity of soul means similarity of intrinsic nature and not the numerical singularity The elaborate doctrines and concepts of *ahimsa* and equanimity have evolved from this aphorism

**३. एगे दंडे।**

**३. दण्ड एक है।**

**3.** *Dand* (punishment or abuse) is one

**विवेचन**—जिस क्रिया या प्रवृत्ति विशेष से आत्मा दण्डित अर्थात् आत्मा के ज्ञान-चारित्र आदि गुण सारहीन हो जाते है, उस क्रिया को अथवा कषायात्मक प्रवृत्ति को दण्ड कहते हैं। दण्ड दो प्रकार का है—द्रव्यदण्ड और भावदण्ड। लाठी-बेंत, तलवार आदि से मारना द्रव्यदण्ड है। मन, वचन और काय की दुष्प्रवृत्ति भावदण्ड है।

प्रत्येक कार्य के तीन रूप होते हैं—उत्पत्ति, प्रवृत्ति और निष्पत्ति। दण्ड की उत्पत्ति-करण और निष्पत्ति-कार्य एक ही है, आत्मा की कषायात्मक परिणति। मन जब राग-द्वेषयुक्त प्रवृत्ति करता है तो

मनोदण्ड, वचन दूषित होने पर वचनदण्ड और काय दूषित होने से वह कायदण्ड हो जाता है। कषायभाव व राग-द्वेष की विद्यमानता सभी मे रहती है, इस दृष्टि से यहाँ 'दण्ड' को एक कहा है।

**Elaboration**—The specific action or attitude through which soul is punished or gets abused is called *dand* In other words the damaging action or attitude, instigated by passions, through which the basic qualities of soul, namely knowledge and conduct, are rendered worthless is called *dand* (punishment or abuse) There are two kinds of *dand*—*dravya dand* (physical punishment) and *bhaava dand* (mental or emotional abuse) To hit with staff, stick, sword (etc ) is physical punishment Indulgence in ignoble action through mind, speech and body is mental or emotional abuse

Every action has three stages—origin, indulgence and conclusion In case of *dand* (punishment or abuse) all the three have just one root—the passion-driven attitude of soul or coming of soul under influence of passions When mental activity is infested with attachment and aversion it is the manifestation of *manodand* (mental or emotional abuse), when vocal activity is so influenced it is the manifestation of *vachan dand* (vocal abuse) and when physical activity is so affected it is the manifestation of *kaaya dand* (physical abuse) In every case passions, attachment and aversion are present It is with this view that *dand* is said to be one

**४. एगा किरिया।**

४. क्रिया एक है।

**4.** *Kriya* (action) is one

विवेचन-मन, वचन और काय की प्रवृत्ति या व्यापार को क्रिया कहते है। वह अशुभ और शुभ दोनो प्रकार की होती है। क्रिया के अनेक भेदो का कथन आगे इसी सूत्र मे आया है, किन्तु उन सभी भेदो मे प्रवृत्तिरूप क्रिया समान है, अत क्रिया एक कही है।

**Elaboration**—The indulgence or involvement of mind, speech and body in some activity is called *kriya* (activity) It is of two types noble and ignoble The mention of numerous kinds of *kriya* follows in this very text However, the act of indulgence is common to all those kinds of actions. It is in this context that *kriya* (action) is said to be one

**५. एगे लोए। ६. एगे अलोए। ७. एगे धम्मे। ८. एगे अहम्मे। ९. एगे बंधे। १०. एगे मोक्खे। ११. एगे पुण्णे। १२. एगे पावे। १३. एगे आसवे। १४. एगे संवरे। १५. एगा वेयणा। १६. एगा णिज्जरा।**

# दण्ड का स्वरूप

**चित्र परिचय २**

**Illustration No. 2**

# दण्ड का स्वरूप

**१ एगे दण्डे—**

दूसरो को पीडा पहुँचाना या अपने आत्म गुणो को क्षीण करना इस क्रिया का नाम दण्ड है। स्वरूप की दृष्टि से दण्डित करने की क्रिया दण्ड एक ही है। किन्तु व्यवहार मे उसके विविध भेद भी हो जाते है। जैसे **द्रव्य दण्ड** है-लाठी, तलवार, बन्दूक आदि। **भाव दण्ड** है मन के मलिन विचार। मुँह से कटु व पापकारी भाषा की चिनगारियाँ निकालना **वचन दण्ड** है। किसी जीव का घात करना चोट मारना या अपने पाव आदि से जीवो को कुचलना यह **काय दण्ड** है। चित्र मे दण्ड के विभिन्न प्रकार बताये है।

*-स्थान १ सूत्र ३, तथा स्थान ३ सूत्र २१*

**२ अपर्यादाय विकुर्वणा—**

बाहरी पुदगलो को लिए बिना अपनी अन्त स्थित चेष्टा या मुद्रा आदि से अथवा शरीर के स्वभावानुसार जो जो विविध विक्रियाएँ होती है, जैसे मुख की भिन्न भिन्न मुद्राएं बनाना साप का फना का विभिन्न रूप मे उभारना या गिरगिट द्वारा शरीर के नाना रंग रूप बदलना अथवा बीज का क्रमश वृद्धि गत होते अकुर पौधा का वृक्ष रूप मे परिणत होना आदि यह सभी **अपर्यादाय विकुर्वणा** के उदाहरण है।

*स्थान १ सूत्र १६*

**३ अलोक—**

शून्य आकाश की दृष्टि से **अलोक** भी एक है, असीम है। उसके मध्य मे स्थित षडद्रव्यात्मक रूप वाला १४ राजू प्रमाण लोक एक है।

*स्थान १ सूत्र ५६*

## DAND (PUNISHMENT OR ABUSE)

**1. Ege dande—**

The act of inflicting pain on others or harming one's own spiritual qualities is called *dand* In terms of basic form it is just one However, in context of its application it has numerous categories For example *Dravya dand* (physical punishment) is to hit with stick sword and gun (etc ) *Bhaava dand* (mental punishment) is ignoble thoughts *Vachan dand* (vocal punishment) is bitter and sinful speech To kill beat or crush beings is *Kaya dand* (bodily punishment) The illustration shows different kinds of *dand*

*—Sthaan 1 Sutra 3 and Sthaan 3 Sutra 21*

**2. Aparyadaaya vikurvana—**

The variety of transformations taking place without acquiring any outside matter and only with some effort or naturally are called non-acquisitive transmutation For example—different facial expressions, raising of hood by a snake, changing of the colour of body in various hues by chameleon gradual sprouting of a seed and growing of plant into a tree

*—Sthaan 1, Sutra 16*

**3 Alok—**

In terms of empty space *Alok* (unoccupied space) is also one, endless At its center is located one *Lok* (occupied space) having six entities and a spread of 14 *Rajju* (a linear measure)

*—Sthaan 1, Sutra 56*

५. लोक एक है। ६. अलोक एक है। ७. धर्मास्तिकाय एक है। ८. अधर्मास्तिकाय एक है। ९. बन्ध एक है। १०. मोक्ष एक है। ११. पुण्य एक है। १२. पाप एक है। १३. आस्रव एक है। १४. संवर एक है। १५. वेदना (कर्मफल का वेदन) एक है। १६. निर्जरा एक है।

**5.** *Lok* (occupied space) is one. **6.** *Alok* (unoccupied space) is one **7.** *Dharmastikaya* (motion entity) is one **8.** *Adharmastikaya* (inertia entity) is one. **9.** *Bandh* (*karmic* bondage) is one. **10.** *Moksha* (liberation) is one **11.** *Punya* (merit) is one. **12.** *Paap* (demerit) is one. **13.** *Asrava* (*karmic* inflow) is one **14.** *Samvar* (blocking of inflow of *karmas*) is one **15.** *Vedana* (suffering *karmic* fruition) is one **16.** *Nirjara* (shedding of *karmas*) is one.

**विवेचन**—आकाश द्रव्य के दो भेद है—लोक और अलोक। जिस आकाश मे धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय आदि छहो द्रव्य मिलते है, वह **लोक** है, जहाँ आकाश द्रव्य मात्र है वह **अलोक** है। जीव और पुद्गलो की गति मे सहायक द्रव्य को **धर्मास्तिकाय** और उनकी स्थिति मे सहायक द्रव्य को **अधर्मास्तिकाय** कहते है। योग एव कषाय के निमित्त से आत्मा के साथ कर्म-पुद्गलो का बँधना **बन्ध** है और तप आदि द्वारा आत्मा से समस्त कर्मों का क्षय होना **मोक्ष** है।

सुख का वेदन कराने वाले सातावेदनीय कर्म को **पुण्य** और दु ख का वेदन कराने वाले असातावेदनीय आदि अशुभ कर्मों को **पाप** कहते है। आत्मा मे कर्म-परमाणुओ के आगमन द्वार को अथवा बन्ध के कारण को **आस्रव** और उसके निरोध को **संवर** कहते है। स्वाभाविक रूप से, या तप आदि प्रयत्न द्वारा उदय मे आये कर्मों के विपाक (फल) को अनुभव करना **वेदना** है। कर्मों का फल देकर आत्मा से पृथक् होना **निर्जरा** है।

द्रव्यास्तिकाय की अपेक्षा लोक, अलोक, धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय एक-एक ही द्रव्य है तथा बन्ध, मोक्षादि शेष तत्त्व बन्धन आदि की समानता से एक-एक रूप ही है। अत उन्हे एक-एक कहा गया है। विस्तार की दृष्टि से पुण्य, पाप, आस्रव, सवर आदि के अनेक भेद भी सूत्र मे बताये है।

**Elaboration**—The ontological category or entity *aakash* (space) is divided into two sections—*lok* (occupied space or the known universe) and *alok* (unoccupied space or the space beyond the known universe) The section of space where all the six fundamental entities including *Dharmastikaya* and *Adharmastikaya* exist is called *lok* (occupied space) The section where just space entity exists is called *alok* (unoccupied space or the space beyond the known universe) The fundamental entity associated with the movement of soul and matter is called *Dharmastikaya* and that associated with the rest or inertia of these is called *Adharmastikaya*. The fusion of *karma*-particles with soul caused by *yoga* (association of soul with mental, vocal and physical activities)

and kashaya (passions) is called *bandh* (bondage) Shedding of all these *karmas* through spiritual practices like *tap* (austerities) is called *moksha* (liberation)

Experiencing joy due to fruition of *sata-vedaniya karma* (the *karma* that causes feelings of pleasure) is called *punya* (merit) and experiencing sorrow due to fruition of *asata-vedaniya karma* (the *karma* that causes feelings of pain or grief) is called *paap* (demerit). The passage through which the *karma* particles enter soul, in other words the cause of bondage, is called *asrava* (influx or inflow of *karmas*) The closing of this passage or eliminating this cause is called *samvar* (blocking of inflow of *karmas*)

To experience the consequences of fruition (*vipaak*) of *karmas*, natural or initiated (through spiritual efforts including austerities), is called *vedana* (suffering karmic fruition). The separation of *karmas* from soul after dispensing fruits is called *nirjara* (shedding of *karmas*)

With reference to *dravyastikaya* (physical existence) each one of the entities *Lok, Alok, Dharmastikaya* and *Adharmastikaya* is singular or one The same is true of the fundamentals including *bandh* and *moksha* in context of their individual actions (bondage, liberation etc ). That is why all these have been included in Place Number One When their attributes are elaborated *punya, paap, asrava, samvar* and other fundamentals have been placed at numerous different place numbers in this book

**प्रकीर्णक-पद PRAKIRNAK-PAD (SEGMENT OF MISCELLANEOUS)**

**१७. एगे जीवे पाडिक्कएणं सरीरएणं।**

१७. प्रत्येकशरीर मे जीव एक है।

**17.** In every body there is one soul

**विवेचन**–भगवतीसूत्र (२०/१७) मे जीव के २३ पर्यायवाची नाम है। उनमें जीव और आत्मा दोनों नाम है। 'जीव' का अर्थ है, शरीर व आयुष्य रूप जीवन को धारण करने वाला। 'आत्मा' का अर्थ है, चैतन्य गुणो मे रमण करने वाला। सूत्र २ मे चैतन्य तत्त्व की अपेक्षा से एगे आया कहा है, यहाँ देह स्थित आत्मा को जीव बताया है। शरीरधारी ससारी जीव दो प्रकार के होते हैं–प्रत्येकशरीरी और साधारणशरीरी। जिस एक शरीर का स्वामी एक ही जीव होता है, उसे प्रत्येकशरीर जीव कहते हैं। जैसे–देव–नारक, मनुष्य आदि। जिस एक शरीर के स्वामी अनेक जीव होते हैं, उन्हें साधारणशरीरी जीव कहते हैं। जैसे–जमीकन्द, आलू, अदरख आदि। इस सूत्र में प्रत्येकशरीरी जीवों का कथन है।

**Elaboration**—In *Bhagavati Sutra* (20/17) we find twenty three synonyms for *jiva* (soul). They include *jiva* as well as *atma* (soul) *Jiva* means that which has a life defined by body and life-span. *Atma* means that which functions with attributes of sentience (*chaitanya*). In aphorism 2 the statement 'soul is one' is in context of this attribute of sentience Here *jiva* is depicted as soul residing in a body. Worldly souls with body are of two kinds—*pratyek shariri* and *sadharan shariri* A body whose master is a single soul is called *pratyek shariri* being, for example—divine beings, infernal beings, human beings etc. A body whose masters are numerous souls is called *sadharan shariri* being, for example—sweet potato, potato, ginger etc. This aphorism refers to *pratyek shariri jiva* (individually embodied soul).

**१८. एगा जीवाणं अपरिआइत्ता विगुव्वणा।**

१८. जीवो की अपर्यादाय–विकुर्वणा (बाह्य पुद्‌गलो को ग्रहण किये बिना होने वाली स्वाभाविक विक्रिया) एक है।

18. *Aparyadaaya-vikurvana* (non-acquisitive transmutation) of beings is one.

विवेचन–एक शरीर से नाना प्रकार की विक्रिया करने को विकुर्वणा कहते है। जैसे देव अपने–अपने वैक्रियक शरीर से गज, अश्व, मनुष्य आदि नाना प्रकार के रूप बना सकता है। यह बाहरी पुद्‌गलो को ग्रहण करके की जाने वाली विक्रिया पर्यादाय–विकुर्वणा कहलाती है। जो विकुर्वणा बाहरी पुद्‌गलो को ग्रहण किये बिना ही भवधारणीय (जन्मजात–स्वाभाविक) शरीर से अपने छोटे–बडे आदि आकार रूप होती है, उसे अपर्यादाय–विकुर्वणा कहते हैं। यह सभी जीवो मे यथासम्भव पायी जाती है।

**Elaboration**—The process of transformation of a body in various ways is called *vikurvana* (transmutation). For example a divine being may attain a variety of forms, such as elephant, horse and man, through his transmutable body. This transmutation is done by accepting alien matter particles and thus is called *paryadaaya-vikurvana* (acquisitive transmutation). The transmutation in the form of growth, which occurs naturally in *bhava-dharaniya* (incarnation sustaining or natural) body without accepting alien matter particles is called *aparyadaaya-vikurvana* (non-acquisitive transmutation) Almost every being undergoes this process.

**१९. एगे मणे। २०. एगा वई। २१. एगे काय–वायामे।**

१९. मन एक है। २०. वचन एक है। २१. काय–व्यायाम एक है।

**19.** *Man* (mind) is one **20.** *Vachan* (speech) is one **21.** *Kaya-vyaayaam* (physical activity) is one

**विवेचन**—व्यायाम का अर्थ है प्रवृत्ति। यद्यपि सभी जीवो के मन, वचन और काय की प्रवृत्ति विभिन्न प्रकार की होती है। इस अपेक्षा से मनोयोग और वचनयोग चार-चार प्रकार का तथा काययोग सात प्रकार का आगे बताया है, किन्तु यहाँ सामान्य की विवक्षा से एकत्व का कथन है।

**Elaboration**—*Vyaayaam* (exercise) here means activity or indulgence. All beings have different kinds of mental, vocal and physical activities In this context mental and vocal activities of four kinds each and physical activities of seven kinds have been mentioned in the following text. However, the mention of singularity here is a generalized statement.

**२२. एगा उप्पा। २३. एगा वियती। २४. एगा वियच्चा। २५. एगा गती। २६. एगा आगती। २७. एगे चयणे। २८. एगे उववाए।**

२२. उत्पाद (उत्पत्ति) एक है। २३. विगति (विनाश) एक है। २४. विगतार्चा (मृत शरीर) एक है। २५. सामान्य रूप मे गति एक है। २६. आगति एक है। २७. च्यवन एक है। २८. उपपात एक है।

**22.** *Utpatti* or *utpaad* (birth or creation) is one **23.** *Vigati* (death or destruction) is one **24.** *Vigatarcha* (abandoned body) is one **25.** *Gati* (incarnation or birth) is one **26.** *Aagati* (present incarnation) is one **27.** *Chyavan* (descent) is one **28.** *Upapat* (instantaneous birth) is one

**विवेचन**—विगतार्चा—जीव एक समय मे एक ही शरीर का त्याग करता है। अथवा सभी मृत शरीर (मृतक रूप मे) एक समान है। गति अर्थात् गमन। जीव और पुद्गल दोनो मे ही गति होती है, किन्तु यहाँ जीव के एक भव को छोडकर आगामी भव मे जाने को गति कहा है। पूर्व भव को छोडकर वर्तमान भव मे आना आगति है। ऊपर से च्युत होकर नीचे आना च्यवन है। वैमानिक और ज्योतिष्क देव आयुष्य पूर्ण कर ऊपर से नीचे आकर उत्पन्न होते है, उनका मरण 'च्यवन' कहलाता है। देवो और नारको का जन्म उपपात कहलाता है।

**Elaboration**—*Vigatarcha* means abandoned or dead body In this context singularity means a soul abandons only one body at a time This also means that, defined as a body devoid of soul, all dead bodies are same The common meaning of *gati* is movement Both soul and matter have movement but here the term has been used to indicate the movement of soul from one incarnation to another The incarnation from previous birth to the present birth is *aagati* The descent from a higher dimension to a lower one is called *chyavan* On conclusion of their life-span the *Vaimanik Devas* (vehicle dwelling gods) and the *Jyotishk Devas* (stellar gods) reincarnate in lower dimensions, therefore, their death is

called *chyavan* (descent). The instantaneous birth of divine and infernal beings is called *upapat*.

**२९. एगा तक्का। ३०. एगा सण्णा। ३१. एगा मण्णा। ३२. एगा विण्णू।**

२९. तर्क एक है। ३०. सज्ञा एक है। ३१. मनन एक है। ३२. विज्ञता या विज्ञान एक है।

**29.** *Turk* (logic) is one **30.** *Sanjna* (recognition) is one. **31.** *Manan* (contemplation) is one **32.** *Vijnata* (sagacity or learning) is one.

**विवेचन**—इन सूत्रों मे मतिज्ञान के चार भेदो का निरूपण है। मतिज्ञान के अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा ये चार भेद है। 'ईहा' के पश्चात् और 'अवाय' से पहले होने वाले ऊहापोह या विचार-विमर्श को तर्क कहते हैं। सज्ञा के दो अर्थ हैं-प्रत्यभिज्ञान (पहचान) और अनुभूति। प्रस्तुत मे संज्ञा का अर्थ प्रत्यभिज्ञान है। स्मृति के पश्चात् 'यह वही है' इस प्रकार से उत्पन्न होने वाला निश्चयात्मक ज्ञान प्रत्यभिज्ञान है। वस्तु के सूक्ष्म धर्मों का पर्यालोचन करना मनन है। अभयदेवसूरि ने हेयोपादेय के निश्चय को 'विज्ञान' कहा है। 'विण्णू' का सस्कृतरूपान्तर विज्ञता या विद्वत्ता भी होता है। उक्त सभी ज्ञान जानने की अपेक्षा सामान्य रूप से एक ही है।

**Elaboration**—These aphorisms define the four divisions of *mati-jnana* (sensory knowledge) Sensory knowledge has been divided into four levels—*avagraha* (acquire cursory knowledge), *iha* (study), *avaya* (conclude) and *dhaarana* (absorb) Following the process of study (*iha*) and preceding the act of conclusion (*avaya*) the acquired information undergoes the process of inquiry or analysis This is called *turk* (reasoning or logic) *Sanjna* has two *meanings—pratyabhijnana* (recognition) and *anubhuti* (experience) Here it means recognition The conclusive recognition with the help of memory—'indeed, it is that'—is *pratyabhijnana* To study subtle attributes of a thing is *manan* (contemplation) According to Abhayadev Suri the conclusion arrived through discernment about good and bad is called *vijnana* (specialized knowledge or sagacity) Another transliteration of the Prakrit term *vinnu* is *vijnata* or *vidvata* (scholarship or learning) The singularity of these levels of knowledge is in context of the general process of acquisition of knowledge

**३३. एगा वेयणा। ३४. एगे छेयणे। ३५. एगे भेयणे।**

३३. वेदना (पीडा रूप अनुभूति) एक है। ३४. छेदन (उदीरणाकरण के द्वारा कर्मों की दीर्घ स्थिति को कम करना, कर्मों का स्थितिघात) एक है। ३५. भेदन (कर्मों का रसघात) एक है।

**33.** *Vedana* (experience of pain) is one **34.** *Chhedan* (to slash, to shorten the duration of *karmic* bondage by precipitating fruition,

*sthitighaat of karmas*) is one **35.** *Bhedan* (to pierce; to reduce the qualitative intensity of *karmas, rasaghaat* of *karmas*) is one.

**३६. एगे मरणे अंतिमसारीरियाणं। ३७. एगे संसुद्धे अहाभूए पत्ते।**

३६. अन्तिमशरीरी जीवो का मरण एक है। ३७. सशुद्ध यथाभूत पात्र एक है।

**36.** Death of *antim shariri* (terminal-bodied) beings is one **37.** *Samshuddha* (pure) *yathabhuta* (following conduct conforming to perfect purity) *paatra* (vessel) is one

विवेचन–प्रत्येक प्राणी के दो प्रकार के शरीर होते है–स्थूल और सूक्ष्म। मृत्यु के पश्चात् स्थूल शरीर छूट जाता है, किन्तु सूक्ष्म शरीर (तेजस् व कर्म-शरीर) नही छूटता। जब तक सूक्ष्म शरीर रहता है जन्म-मरण का चक्र चलता ही रहता है। जब विशिष्ट साधना द्वारा सूक्ष्म तेजस् व कर्म-शरीर को छोड दिया जाता है तब वह आत्मा अन्तिमशरीरी होता है। इसके पश्चात् जन्म नहीं होने से मरण भी नही होता।

कषायमुक्त होने से विशुद्ध तथा यथाख्यातचारित्र सम्पन्न आत्मा ही एक उत्तम पात्र है।

**Elaboration**—Every being has two kinds of bodies—*sthula* (gross) and *sukshma* (subtle) After death the gross body is abandoned by soul but the subtle body (*taijas* and *karman shariras* or fiery and *karmic* bodies) is not As long as the subtle body remains, the cycle of life and death continues When the subtle *taijas* and *karman shariras* (fiery and *karmic* bodies) are abandoned as a consequence of special spiritual practices the soul is called *antim shariri* (terminal-bodied) Following this there is no rebirth and thus no death

A soul that has attained purity on being devoid of passions and is possessed of *yathakkhyata-charitra* (conduct conforming to perfect purity) is truly worthy

**३८. एगे दुक्खे जीवाणं एगभूए। ३९. एगा अहम्मपडिमा, जं से आया परिकिलेसति। ४०. एगा धम्मपडिमा, जं से आया पज्जवजाए।**

३८. जीवो का दु ख एक और एकभूत है। ३९. अधर्मप्रतिमा एक है, जिससे आत्मा परिक्लेश कष्ट को प्राप्त होता है। ४०. धर्मप्रतिमा एक है, जिससे आत्मा पर्यव-जात शुद्ध होता है।

**38.** *Duhkha* (sorrow) of beings is one and *ekabhuta* (unified) **39.** *Adharma pratima* (intent of wrong action or irreligiousness) is one and it causes torment to soul **40.** *Dharma pratima* (intent of right action or religiosity) is one and it causes purification of soul.

विवेचन–अपना कृत-कर्मफल भोगने की अपेक्षा सभी जीवो का दु ख एक समान है। वह एकभूत है अर्थात् लोहे के गोले मे प्रविष्ट अग्नि के समान एकमेक है, आत्म-प्रदेशो में व्याप्त है। अधर्म और धर्म

का प्रभाव सभी जीवों के मन पर समान रूप से पड़ता है। उसे एक कहा गया है अर्थात् सभी जीवों के परिक्लेश या कष्ट का कारण एक अधर्म प्रतिज्ञा (अधर्म का प्रभाव) है, तथा धर्म प्रतिज्ञा (साधना) भी एक ही है जिससे आत्मा शुद्ध स्वरूप की प्राप्ति करता है।

**Elaboration**—Sorrow or misery, when defined as suffering the consequences of one's own deeds, is same for all beings. This phenomenon is unified with soul and spread all over, encompassing every single space-point of soul exactly as heat is unified with iron in a hot iron ball encompassing every single atom. The effect of good and bad intent and action is same on all beings. It is classified as singular because the cause of all misery of all beings is the intent of wrong action Same is true of intent of right action as it uniformly leads every being towards spiritual purity

**४१. एगे मणे देवासुरमणुयाणं तंसि तंसि समयंसि। ४२. एगा वई देवासुरमणुयाणं तंसि तंसि समयंसि। ४३. एगे काय–वायामे देवासुरमणुयाणं तंसि तंसि समयंसि। ४४. एगे उट्ठाण–कम्म–बल–वीरिय–पुरिसकार–परक्कमे देवासुरमणुयाणं तंसि तंसि समयंसि।**

४१. देव–(वैमानिक एव ज्योतिष्क), असुर–(भवनपति एव व्यन्तर) और मनुष्य जिस समय चिन्तन करते है उस समय उनका एक मन होता है। ४२. देव, असुर और मनुष्य जब बोलते है, उस समय उनके एक ही वचन होता है। ४३. देव, असुर और मनुष्य जिस समय काययोग की प्रवृत्ति करते है, उस समय उनके एक काय व्यायाम (व्यापार) होता है। ४४. देव, असुर और मनुष्यो के एक समय मे एक ही उत्थान, कर्म, बल, वीर्य, पुरुषकार और पराक्रम होता है।

**41.** At the time when *devas* (vehicle based and stellar gods), *asuras* (abode dwelling and interstitial gods) and human beings contemplate, there mental activity is one. **42.** At the time when *devas, asuras* and human beings speak, there vocal activity is one **43.** At the time when vehicle based and stellar gods, abode dwelling and interstitial gods and human beings indulge in physical activity, there bodily action is one. **44.** At one time *devas* (vehicle based and stellar gods), *asuras* (abode dwelling and interstitial gods) and human beings have only one *utthan, karma, bal, virya, purushakar* and *parakram*

**विवेचन**–जीवो के एक समय में एक ही मनोयोग, एक ही वचनयोग और एक ही काययोग होता है। आगम में मनोयोग के चार भेद कहे है–सत्यमनोयोग, मृषामनोयोग, सत्य–मृषामनोयोग और अनुभय (व्यवहार) मनोयोग। इनमे से एक जीव के एक समय मे एक ही मनोयोग का होना सम्भव है।

इसी प्रकार वचनयोग के चार भेदो मे से एक समय मे एक जीव के एक ही वचनयोग होना सम्भव है।

काययोग के सात भेद बताये गये है–इनमे से एक समय मे एक ही काययोग का होना सम्भव है।

उत्थान, कर्म, बल आदि शब्दो के अर्थ इस प्रकार हैं–उत्थान–उठने आदि की चेष्टा। कर्म–गमन आदि क्रिया। बल–शारीरिक शक्ति। वीर्य–मानसिक सामर्थ्य। पुरुषकार–पुरुषार्थ। पराक्रम–कार्य सम्पन्न करने मे सक्षम प्रयत्न। यह सभी एक जीव के एक समय मे एक ही होता है।

**Elaboration**—At one time every being has only one mental activity, one vocal activity and one physical activity In *Agams* there is a mention of four kinds of *manoyoga* (mental activity)—*satyamanoyoga* (mental activity associated with truth), *mrishamanoyoga* (mental activity associated with falsity), *satya-mrishamanoyoga* (mixed mental activity) and *anubhaya manoyoga* (practical or conventional mental activity) Of these only one mental activity is possible at one time for one being

In the same way out of the four vocal activities only one is possible at one time for one being

There are said to be seven kinds of physical activities Of these only one is possible at one time for one being

The meanings of the terms *utthan* to *parakram* are as follows.—***utthan***—effort to rise, ***karma***—action, such as movement, ***bal***—physical strength, ***virya***—mental capacity, ***purushakar***—intent to act, and ***parakram***—effort capable of accomplishing an act. Of each of these only one category is possible at one time for one being

**४५. एगे णाणे। ४६. एगे दंसणे। ४७. एगे चरित्ते। ४८. एगे समए। ४९. एगे पएसे। ५०. एगे परमाणू। ५१. एगा सिद्धी। ५२. एगे सिद्धे। ५३. एगे परिणिव्वाणे। ५४. एगे परिणिव्वुए।**

४५. ज्ञान एक है। ४६. दर्शन एक है। ४७. चारित्र एक है। ४८. समय एक है। ४९. प्रदेश एक है। ५०. परमाणु एक है। ५१. सिद्धि एक है। ५२. सिद्ध एक है। ५३. परिनिर्वाण एक है। ५४. परिनिर्वृत्त एक है।

**45.** *Jnana* (right knowledge) is one **46.** *Darshan* (right faith) is one **47.** *Chaaritra* (right conduct) is one **48.** *Samaya* (ultimate unit of time) is one **49.** *Pradesh* (space-point) is one **50.** *Paramanu* (ultimate particle) is one **51.** *Siddhi* (state of perfection) is one **52** *Siddha* (liberated soul) is one **53.** *Parinirvana* (liberation) is one. **54.** *Parinirvritta* (liberated) is one.

**विवेचन**–वस्तु के स्वरूप को सम्यक् रूप मे जानना **ज्ञान**, उस पर श्रद्धान करना **दर्शन** और यथार्थ आचरण करना **चारित्र** है। इन तीनो की एकता ही मोक्षमार्ग है, अत इनको एक–एक ही कहा गया है।

काल के सबसे छोटे अविभाज्य अश को **समय**, आकाश के सबसे छोटे अश को **प्रदेश** और पुद्गल के अविभागी अश को **परमाणु** कहते है। अतएव ये भी स्वरूप की दृष्टि से एक–एक ही है।

आत्म-सिद्धि सबकी एक सदृश है अतः सिद्ध भी एक हैं। समस्त विकारी भावों के अभाव को परिनिर्वाण मोक्ष कहते है तथा शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता का अभाव होने पर परम शान्ति प्राप्त करने वाले को परिनिर्वृत्त अर्थात् मुक्त कहा जाता है।

**Elaboration**—The right and perfect knowledge of the true form of a thing is *jnana*, to have faith in it is *darshan* and to rightly act upon it is *chaaritra*. The union of these three is the path of *moksha* (liberation) that is why each of the three is classified as one.

The smallest indivisible fraction of time is *Samaya*, the smallest indivisible fraction of space is *pradesh* (space-point) and the smallest indivisible fraction of matter is *paramanu* (ultimate particle). Thus with reference to form each of these is one (singular)

*Atma siddhi* (the state of perfection of soul) is similar for all. Therefore, *Siddha* (liberated or perfected soul) is one. The absence of all pervert or malignant sentiments is called *parinirvana* or *moksha* (liberation) One who attains ultimate bliss on rising above all physical and mental ailments and distortions is called *parinirvritta* or *mukta* (liberated).

### पुद्गल स्वरूप-पद PUDGAL SVAROOP-PAD (SEGMENT OF MATTER)

**५५. एगे सद्दे। ५६. एगे रूवे। ५७. एगे गंधे। ५८. एगे रसे। ५९. एगे फासे। ६०. एगे सुब्भिसद्दे। ६१. एगे दुब्भिसद्दे। ६२. एगे सुरूवे। ६३. एगे दुरुवे। ६४. एगे दीहे। ६५. एगे हस्से। ६६. एगे वट्टे। ६७. एगे तंसे। ६८. एगे चउरंसे। ६९. एगे पिहुले। ७०. एगे परिमंडले। ७१. एगे किण्हे। '७२. एगे णीले। ७३. एगे लोहिए। ७४. एगे हालिद्दे। ७५. एगे सुक्किल्ले। ७६. एगे सुब्भिगंधे। ७७. एगे दुब्भिगंधे। ७८. एगे तित्ते। ७९. एगे कडुए। ८०. एगे कसाए। ८१. एगे अंबिले। ८२. एगे महुरे। ८३. एगे कक्खडे जाव। ८४. एगे मउए। ८५. एगे गरुए। ८६. एगे लहुए। ८७. एगे सीते। ८८. एगे उसिणे। ८९. एगे णिद्धे। ९०. एगे लुक्खे।**

५५. शब्द एक है। ५६. रूप एक है। ५७. गन्ध एक है। ५८. रस एक है। ५९. स्पर्श एक है। ६०. शुभ शब्द एक है। ६१. अशुभ शब्द एक है। ६२. शुभ रूप एक है। ६३. अशुभ रूप एक है। ६४. दीर्घ सस्थान एक है। ६५. ह्रस्व सस्थान एक है। ६६. वृत्त (गोल) सस्थान एक है। ६७. त्रिकोण संस्थान एक है। ६८. चतुष्कोण संस्थान एक है। ६९. विस्तीर्ण सस्थान एक है। ७०. परिमण्डल सस्थान एक है। ७१. कृष्ण वर्ण एक है। ७२. नील वर्ण एक है। ७३. लोहित (रक्त) वर्ण एक है। ७४. हारिद्रवर्ण एक है। ७५. शुक्ल वर्ण एक है। ७६. शुभ गन्ध एक है। ७७. अशुभ गन्ध एक है। ७८. तिक्त रस एक है। ७९. कटुक रस एक है। ८०. कषाय (कसैला) रस एक है। ८१. आम्ल (खट्टा) रस एक है। ८२. मधुर रस

एक है। ८३. कर्कश स्पर्श एक है। ८४. मृदु स्पर्श एक है। ८५. गुरु स्पर्श एक है। ८६. लघु स्पर्श एक है। ८७. शीत स्पर्श एक है। ८८. उष्ण स्पर्श एक है। ८९. स्निग्ध स्पर्श एक है। ९०. रूक्ष स्पर्श एक है।

**55.** *Shabd* (sound) is one **56.** *Rupa* (appearance) is one. **57.** *Gandh* (smell) is one **58.** *Rasa* (taste) is one. **59.** *Sparsh* (touch) is one. **60.** *Shubh shabd* (pleasant sound) is one **61.** *Ashubh shabd* (unpleasant sound) is one. **62.** *Shubh rupa* (pleasant appearance) is one. **63.** *Ashubh rupa* (unpleasant appearance) is one **64.** *Deergh samsthan* (large structure) is one **65.** *Hrasva samsthan* (small structure) is one. **66.** *Vritta samsthan* (spherical structure) is one **67.** *Trikone samsthan* (triangular structure) is one. **68.** *Chatushkone samsthan* (quadrangular structure) is one. **69.** *Visteern samsthan* (expansive structure) is one **70.** *Parimandal samsthan* (circular structure) is one **71.** *Krishna varn* (black appearance) is one. **72.** *Neel varn* (blue appearance) is one **73.** *Lohit varn* (red appearance) is one **74.** *Haaridra varn* (yellow appearance) is one **75.** *Shukla varn* (white appearance) is one. **76.** *Shubh gandh* (pleasant smell) is one **77.** *Ashubh gandh* (unpleasant smell) is one. **78.** *Tikt rasa* (bitter taste) is one **79.** *Katuk rasa* (pungent taste) is one **80.** *Kashaya rasa* (astringent taste) is one **81.** *Amla rasa* (sour taste) is one **82.** *Madhur rasa* (sweet taste) is one. **83.** *Karkash sparsh* (hard touch) is one. **84.** *Mridu sparsh* (soft touch) is one **85.** *Guru sparsh* (heavy touch) is one **86.** *Laghu sparsh* (light touch) is one **87.** *Sheet sparsh* (cold touch) is one. **88.** *Ushna sparsh* (hot touch) is one **89.** *Snigdha sparsh* (smooth touch) is one **90.** *Ruksha sparsh* (coarse touch) is one

**विवेचन**—पिछले सूत्रो (४५-५४) मे आत्मा के गुणो का कथन था, अब इन सूत्रो (५५ से ९०) मे पुद्गलास्तिकाय के लक्षण, कार्य, संस्थान (आकार) और पर्यायो का निरूपण किया गया है। शब्द पुद्गल का कार्य है। रूप, रस, गन्ध और स्पर्श ये पुद्गल के लक्षण है। दीर्घ, ह्रस्व, वृत्त आदि पुद्गल के आकार-सस्थान है। कृष्ण, नील आदि वर्ण (रूप) के पाँच भेद है। गन्ध के दो भेद है-शुभ और अशुभ। रस के तिक्त, कटुक आदि पाँच भेद है और कर्कश, मृदु आदि आठ भेद स्पर्श के है। इस प्रकार पुद्गल स्वरूप-पद मे पुद्गल द्रव्य का वर्णन किया गया है।

**Elaboration**—Preceding aphorisms 45 to 54 contained the qualities of soul. Now these, the aphorisms 55 to 90, describe the attributes, action, structure and modes of the matter entity. Sound represents action of matter. Appearance, taste, smell and touch are the attributes of matter Large, small, spherical and other terms define the structure of matter There are five kinds of appearance including black and blue. Smell is of two kinds—good or pleasant and bad or unpleasant There are five kinds

of taste including bitter and pungent and eight kinds of touch including hard and soft This way the matter entity has been described here in the segment of matter.

### अष्टादश पाप-पद ASHTADASH PAAP-PAD (SEGMENT OF EIGHTEEN DEMERITS)

**९१. एगे पाणाइवाए जाव। ९२. [एगे मुसावाए। ९३. एगे अदिण्णादाणे। ९४. एगे मेहुणे।] ९५. एगे परिग्गहे। ९६. एगे कोहे जाव। ९७. [एगे माणे। ९८. एगा माया। ९९. एगे लोभे।] १००. एगे पेज्जे। १०१. एगे दोसे जाव। १०२. [एगे कलहे। १०३. एगे अब्भक्खाणे। १०४. एगे पेसुण्णे।] १०५. एगे परपरिवाए। १०६. एगा अरति-रती। १०७. एगे मायामोसे। १०८. एगे मिच्छादंसणसल्ले।**

९१. प्राणातिपात (हिंसा) एक है। ९२. [मृषावाद (असत्यभाषण) एक है। ९३. अदत्तादान (चोरी) एक है। ९४. मैथुन (कुशील) एक है।] ९५. परिग्रह एक है। ९६. क्रोध (कषाय) एक है। ९७. [मान एक है। ९८. माया एक है। ९९. लोभ एक है।] १००. प्रेयस् (राग) एक है। १०१. द्वेष एक है। १०२. [कलह एक है। १०३. अभ्याख्यान (झूठा आरोप लगाना) एक है। १०४. पैशुन्य (चुगली करना) एक है।] १०५. पर-परिवाद (दूसरो की निन्दा) एक है। १०६. अरति-रति एक है। १०७. मायामृषा एक है। १०८. मिथ्यादर्शनशल्य एक है।

**91.** *Pranatipat* (harming or destruction of life) is one. **92.** [*Mrishavad* (falsity) is one. **93.** *Adattadan* (taking without being given, act of stealing) is one **94.** *Maithun* (indulgence in sexual activities) is one ] **95.** *Parigraha* (act of possession of things) **96.** *Krodh* (anger) is one **97.** [*Maan* (conceit) is one. **98.** *Maya* (deceit) is one **99.** *Lobha* (greed) is one ] **100.** *Preyas* or *raag* (attachment inspired by love) is one **101.** *Dvesh* (aversion inspired by suppressed anger and conceit) is one. **102.** [*Kalah* (dispute) is one. **103.** *Abhyakhyan* (blaming falsely) is one **104.** *Paishunya* (inculpating someone) is one ] **105.** *Paraparivad* (slandering) is one **106.** *Rati-arati* (inclination towards indiscipline and that against discipline) **107.** *Mayamrisha* (betraying or telling a lie deceptively) is one. **108.** *Mithyadarshan shalya* (the thorn of wrong belief or unrighteousness) is one.

**विवेचन**-यद्यपि मृषा और माया को पृथक्-पृथक् पाप माना गया है, किन्तु सत्रहवे पाप का नाम 'मायामृषा' है, उसका अभिप्राय है माया-युक्त असत्य भाषण करना। अभयदेवसूरि ने इसका अर्थ बताया है-**वेषान्तरकरणेन लोकप्रतारणं**-वेष बदलकर दूसरो को ठगना। मानसिक उद्वेग रूप मनोविकार अरति और मोहासक्त आनन्दरूप चित्तवृत्ति रति है। *(अष्टादश पाप का विस्तृत वर्णन आचार्य श्री आत्माराम जी म. कृत हिन्दी टीका, भाग १, पृष्ठ ५७-५८ देखें)*

**Elaboration**—Although *mrisha* (falsity) and *maya* (deceit) are believed to be different vices, here the seventeenth demerit has been named as *mayamrisha*, which means a deceitful lie Abhayadev Suri has interpreted this term as 'to resort to disguise in order to cheat someone' Perversions in the form of mental agitation are included in *arati* or neglect of discipline The attitude of fondness for mundane pleasures leading to inclination towards indiscipline is included in *rati*. *(for detailed description of eighteen demerits refer to the Hindi commentary by Acharya Shri Atmamarm ji M )*

### अष्टादश पापविरमण-पद ASHTADASH PAAP VIRAMAN-PAD (SEGMENT OF ABSTAINING FROM EIGHTEEN DEMERITS)

**१०९. एगे पाणाइवाय-वेरमणे जाव। ११०. [एगे मुसवाय-वेरमणे। १११. एगे अदिण्णादाण-वेरमणे। ११२. एगे मेहुण-वेरमणे।] ११३. एगे परिग्गह-वेरमणे। ११४. एगे कोह-विवेगे। ११५. [एगे माण-विवेगे जाव। ११६. एगे माया-विवेगे। ११७. एगे लोभ-विवेगे। ११८. एगे पेज्ज-विवेगे। ११९. एगे दोस-विवेगे। १२०. एगे कलह-विवेगे। १२१. एगे अब्भक्खाण-विवेगे। १२२. एगे पेसुण्णे-विवेगे। १२३. एगे परपरिवाय-विवेगे। १२४. एगे अरतिरति-विवेगे। १२५. एगे मायामोस-विवेगे।] १२६. एगे मिच्छादंसण-सल्ल-विवेगे।**

१०९. प्राणातिपात-विरमण एक है। ११०. [मृषावाद-विरमण एक है। १११. अदत्तादान-विरमण एक है। ११२. मैथुन-विरमण एक है।] ११३. परिग्रह-विरमण एक है। ११४. क्रोध-विवेक एक है। ११५. [मान-विवेक एक है। ११६. माया-विवेक एक है। ११७. लोभ-विवेक एक है। ११८. प्रेयस् (राग)-विवेक एक है। ११९. द्वेष-विवेक एक है। १२०. कलह-विवेक एक है। १२१. अभ्याख्यान-विवेक एक है। १२२. पैशुन्य-विवेक एक है। १२३. पर-परिवाद विवेक एक है। १२४. अरति-रति-विवेक एक है। १२५. मायामृषा-विवेक एक है।] १२६. मिथ्यादर्शनशल्य-विवेक एक है।

**109.** *Pranatipat viraman* (to abstain from harming or destroying life) is one **110.** [*Mrishavad viraman* (to abstain from falsity) is one **111.** *Adattadan viraman* (to abstain from taking without being given, to abstain from acts of stealing) is one **112.** *Maithun viraman* (to abstain from indulgence in sexual activities) is one ] **113.** *Parigraha viraman* (to abstain from acts of possession of things) is one **114.** *Krodh vivek*

---

१ [ ] इस प्रकार कोष्ठक मे जो आगम पाठ है, वह कुछ प्राचीन प्रतियो मे नहीं मिलता है, किन्तु आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर की प्रति मे है।

1 [ ] Text within these brackets is not in some ancient texts but it is included in the Agam Prakashan Samiti, Beawar edition

(prudence with regard to anger) is one. **115.** [*Maan vivek* (prudence with regard to conceit) is one **116.** *Maya vivek* (prudence with regard to deceit) is one. **117.** *Lobha vivek* (prudence with regard to greed) is one **118.** *Preyas* or *raag vivek* (prudence with regard to attachment is one **119.** *Dvesh vivek* (prudence with regard to aversion inspired by suppressed anger and conceit) is one. **120.** *Kalah vivek* (prudence with regard to dispute) is one **121.** *Abhyakhyan vivek* (prudence with regard to blaming falsely) is one **122.** *Paishunya vivek* (prudence with regard to inculpating someone) is one. **123.** *Paraparivad vivek* (prudence with regard to slandering) is one. **124.** *Arati-rati vivek* (prudence with regard to inclination towards indiscipline and against discipline) is one **125.** *Mayamrisha vivek* (prudence with regard to betraying or telling a lie deceptively) is one ] **126.** *Mithyadarshan shalya vivek* (prudence with regard to the thorn of wrong belief or unrighteousness) is one

विवेचन–प्राणातिपात आदि पाप–स्थानो के सेवन मे तथा विरमण/त्याग मे भावों की तरतमता रहती है, उस अपेक्षा इनके अनेक भेद होते है, किन्तु पापरूप कार्य की समानता की अपेक्षा उन्हें एक कहा गया है। 'विरमण' और 'विवेक' शब्द यद्यपि समानार्थक है, फिर भी इनके प्रयोग में कुछ अन्तर है। विरमण का अर्थ है प्रवृत्ति का त्याग। विवेक का अर्थ है पृथक्करण। विरमण के पालन मे विवेक अपेक्षित है तथा विवेकपूर्वक ही विरमण किया जाता है। अत दोनो एक–दूसरे से सम्बद्ध भी हैं।

**Elaboration**—There is variation in the intensity of feelings in indulgence in and abstaining from each of the said demerits including the act of killing Thus in that context there may be many kinds of each of these demerits But as they all are acts of sin they are classified here as one *Viraman* and *vivek* appear to have been used as synonyms but there is a subtle difference in there use. *Viraman* means abstainment from indulgence in a specific act *Vivek* means discernment with regard to a specific act Discerning attitude is required for observing abstainment; in fact abstainment comes into effect only with discerning attitude Thus the two terms are complementary as well

### *अवसर्पिणी उत्सर्पिणी–पद* AVASARPINI UTSARPINI-PAD (SEGMENT OF DESCENDING AND ASCENDING CYCLES OF TIME)

**१२७. एगा ओसप्पिणी। १२८. एगा सुसम–सुसमा जाव। १२९. [ एगा सुसमा। १३०. एगा सुसम–दूसमा। १३१. एगा दूसम–सुसमा। १३२. एगा दूसमा। ] १३३. एगा दूसम–दूसमा।**

**१३४. एगा उस्सप्पिणी। १३५. एगा दुस्सम–दुस्समा जाव। १३६. [ एगा दुस्समा। १३७. एगा दुस्सम–सुसमा। १३८. एगा सुसम–दुस्समा। १३९. एगा सुसमा। ] १४०. एगा सुसम–सुसमा।**

१२७. अवसर्पिणी एक है। १२८. सुषम–सुषमा एक है। १२९. [सुषम एक है। १३०. सुषम–दुषमा एक है। १३१. दुषम–सुषमा एक है। १३२. दुषमा एक है।] १३३. दुषम–दुषमा एक है।

१३४. उत्सर्पिणी एक है। १३५. दुषम–दुषमा एक है। [१३६. दुषमा एक है। १३७. दुषम–सुषमा एक है। १३८. सुषम–दुषमा एक है। १३९. सुषमा एक है।] १४०. सुषम–सुषमा एक है।

**127.** *Avasarpini* (regressive half-cycle of time) is one **128.** *Sukham-sukhama* (epoch of extreme happiness) is one. **129.** [*Sukham* (epoch of happiness) is one **130.** *Sukham-dukhama* (epoch of more happiness than sorrow) is one **131.** *Dukham-sukhama* (epoch of more sorrow than happiness) is one **132.** *Dukhama* (epoch of sorrow) is one.] **133.** *Dukham-dukhama* (epoch of extreme sorrow) is one

**134.** *Utsarpini* (progressive half-cycle of time) is one. **135.** *Dukham-dukhama* (epoch of extreme sorrow) is one ] **136.** *Dukhama* (epoch of sorrow) is one **137.** *Dukham-sukhama* (epoch of more sorrow than happiness) is one **138.** *Sukham-dukhama* (epoch of more happiness than sorrow) is one **139.** *Sukhama* (epoch of happiness) is one ] **140.** *Sukham-sukhama* (epoch of extreme happiness) is one

**विवेचन**—काल अनादि–अनन्त है और सतत प्रवर्तमान है। उतार–चढाव की अपेक्षा से उसे कालचक्र कहा जाता है। उसके दो प्रमुख भेद है–अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी। अवसर्पिणी काल मे मनुष्यो आदि की बल, बुद्धि, देह–मान, आयु–प्रमाण आदि की तथा पुद्‌गलो मे उत्तम वर्ण, गन्ध आदि की क्रमश हानि होती है और उत्सर्पिणी काल मे उनकी क्रमश वृद्धि होती है। रथ चक्र की भाँति इनमें से प्रत्येक के छह–छह भेद होते है, जो छह आरो के नाम से प्रसिद्ध है। अवसर्पिणी काल का प्रथम आरा अतिसुखमय है, जो चार कोटा–कोटि सागरोपम प्रमाण है। दूसरा आरा तीन कोटा–कोटि सागरोपम प्रमाण है। सुखमय है। तीसरा सुख–दु खमय है, चौथा दु ख–सुखमय है, पाँचवाँ (इक्कीस हजार वर्ष प्रमाण) दु खमय है और छठा अतिदु खमय है।

उत्सर्पिणी, अवसर्पिणी काल का उल्टा क्रम होता है। इस कालचक्र के उक्त आरो का परिवर्तन भरत और ऐरवत क्षेत्र में ही होता है, अन्यत्र नही होता। *(स्पष्टता के लिए देखे संलग्न चित्र।)*

**Elaboration**—Time is eternal as well as beginningless and endless. In context of progressive and regressive living conditions it is called cycle of time. It has two main divisions—*Avasarpini* (regressive half-cycle of time) and *Utsarpini* (progressive half-cycle of time). During the regressive half-cycle there is a gradual decline in strength, wisdom, size of the body, life-span and other qualities of living beings including humans. The same is true in case of properties of matter, such as good appearance, smell etc. During the progressive half-cycle there is gradual improvement in the

said qualities of living beings and matter. Like the spokes in the wheel of a chariot there are six divisions of each of these half-cycles popularly known as *aras* (spokes). The first *ara* of the regressive half-cycle is epoch of extreme happiness and is of four *kota-koti Sagaropam* (a metaphoric unit of time) long. The second *ara* is of happiness and is three *kota-koti Sagaropam* (a metaphoric unit of time) long. The third one is of more happiness than sorrow, fourth is of more sorrow than happiness, fourth is of sorrow (twenty one thousand years long) and the sixth is of extreme sorrow and is of twenty one thousand years.

In the progressive half-cycle the said order is exactly reverse. These progressive changes in the time-cycle are effective only in the Bharat and Airavat areas (as postulated in Jain cosmology) and nowhere else. *(for clarity see illustration)*

### *वर्गणा पद (२४ दण्डक कथन)* VARGANA-PAD (SEGMENT OF CATEGORIES)

**१४१. एगा णेरइयाणं वग्गणा। १४२. एगा असुरकुमाराणं वग्गणा जाव। १४३. [ एगा णागकुमाराणं वग्गणा। १४४. एगा सुवण्णकुमाराणं वग्गणा। १४५. एगा विज्जुकुमाराणं वग्गणा। १४६. एगा अग्गिकुमाराणं वग्गणा। १४७. एगा दीवकुमाराणं वग्गणा। १४८. एगा उदहिकुमाराणं वग्गणा। १४९. एगा दिसाकुमाराणं वग्गणा। १५०. एगा वायुकुमाराणं वग्गणा। १५१. एगा थणियकुमाराणं वग्गणा। १५२. एगा पुढविकाइयाणं वग्गणा। १५३. एगा आउकाइयाणं वग्गणा। १५४. एगा तेउकाइयाणं वग्गणा। १५५. एगा वाउकाइयाणं वग्गणा। १५६. एगा वणस्सकाइयाणं वग्गणा। १५७. एगा बेइंदियाणं वग्गणा। १५८. एगा तेइंदियाणं वग्गणा। १५९. एगा चउरिंदियाणं वग्गणा। १६०. एगा पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं वग्गणा। १६१. एगा मणुस्साणं वग्गणा। १६२. एगा वाणमंतराणं वग्गणा। १६३. एगा जोइसियाणं वग्गणा। ] १६४. एगा वेमाणियाणं वग्गणा।**

१४१. नारकीय जीवों की वर्गणा (दण्डक समुदाय) एक है। १४२. असुरकुमार देवो की वर्गणा एक है। १४३. [नागकुमारो की वर्गणा एक है। १४४. सुपर्णकुमारों की वर्गणा एक है। १४५. विद्युतकुमारो की वर्गणा एक है। १४६. अग्निकुमारो की वर्गणा एक है। १४७. द्वीपकुमारों की वर्गणा एक है। १४८. उदधिकुमारो की वर्गणा एक है। १४९. दिक्कुमारो की वर्गणा एक है। १५०. वायुकुमारो की वर्गणा एक है। १५१. स्तनित (मेघ) कुमारो की वर्गणा एक है। १५२. पृथ्वीकायिक जीवों की वर्गणा एक है। १५३. अप्कायिक जीवो की वर्गणा एक है। १५४. तेजस्कायिक जीवो की वर्गणा एक है। १५५. वायुकायिक जीवो की वर्गणा एक है। १५६. वनस्पतिकायिक जीवो की वर्गणा एक है। १५७. द्वीन्द्रिय जीवों की वर्गणा एक है। १५८. त्रीन्द्रिय जीवो की वर्गणा एक है। १५९. चतुरिन्द्रिय जीवों की वर्गणा एक है। १६०. पंचेन्द्रियतिर्यग्योनिक जीवो की वर्गणा एक है। १६१. मनुष्यों की वर्गणा

एक है। १६२. वाणव्यन्तर देवो की वर्गणा एक है। १६३. ज्योतिष्क देवो की वर्गणा एक है।]
१६४. वैमानिक देवों की वर्गणा एक है।

**141.** There is one *vargana* (category, also called ***dandak*** or place of suffering) of *nairayiks* (infernal beings) **142.** There is one category of *Asur-kumar* gods **143.** [There is one category of ***Naag-kumar*** gods. **144.** There is one category of *Suparn-kumar* gods **145.** There is one category of *Vidyut-kumar* gods **146.** There is one category of ***Agni-kumar*** gods **147.** There is one category of *Dveep-kumar* gods. **148.** There is one category of *Udadhi-kumar* gods **149.** There is one category of *Disha (Dik)-kumar* gods **150.** There is one category of *Pavan (Vayu)-kumar* gods **151.** There is one category of *Stanit (Megh)-kumar* gods **152.** There is one category of *Prithvikayiks* (earth-bodied beings) **153.** There is one category of *Apkayiks* (water-bodied beings) **154.** There is one category of *Tejas-kayiks* (fire-bodied beings). **155.** There is one category of *Vayukayiks* (air-bodied beings) **156.** There is one category of *Vanaspatikayiks* (plant-bodied beings) **157.** There is one category of *Dvindriya* (two-sensed beings) **158.** There is one category of *Trindriya* (three-sensed beings) **159.** There is one category of *Chaturindriya* (four-sensed beings) **160.** There is one category of *Panchendriya-tiryagyonik* (five-sensed animal beings) **161.** There is one category of human beings **162.** There is one category of *Vanavyantar Devas* (interstitial gods) **163.** There is one category of ***Jyotishk Devas*** (stellar gods) ] **164.** There is one category of *Vaimanik Devas* (vehicular gods)

११९. जम्बूद्वीप द्वीप के भरत और ऐरवत क्षेत्र मे प्रत्येक अवसर्पिणी तथा उत्सर्पिणी में तीन प्रकार के उत्तम पुरुष उत्पन्न हुए थे, उत्पन्न होते है और उत्पन्न होगे-(१) अरहन्त, (२) चक्रवर्ती, और (३) बलदेव-वासुदेव। १२०. धातकीषण्ड तथा पुष्करवरद्वीपार्ध के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध मे भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

**119.** In Jambu Dveep in Bharat and Airavat areas in every *Avasarpini* and *Utsarpini* (half-cycles of time) there were, are and will be born three kinds of *uttam purush* (best among men)—(1) *Arhant*, (2) *Chakravarti*, and (3) *Baladev* and *Vasudev* **120.** The same is also true for the eastern and western halves of Dhatakikhand and Pushakaravardveepardh continents.

### आयुष्य-पद AYUSHYA-PAD (SEGMENT OF LIFE SPAN)

**१२१. तओ अहाउयं पालयंति, तं जहा—अरहंता, चक्कवट्टी, बलदेव—वासुदेवा। १२२. तओ मज्झिममाउयं पालयंति, तं जहा—अरहंता, चक्कवट्टी, बलदेव—वासुदेवा।**

१२१. तीन उत्तम पुरुष अपने समय की पूरी आयु का उपभोग करते है-(१) अरहन्त, (२) चक्रवर्ती, और (३) बलदेव-वासुदेव। १२२. तीनो अपने समय की (अपने युग के अन्य लोगो की अपेक्षा) मध्यम आयु का पालन करते है-(१) अरहन्त, (२) चक्रवर्ती, और (३) बलदेव-वासुदेव।

**121.** Three kinds of *uttam purush* (best among men) enjoy the full or maximum life span of their period (every period has maximum and minimum life spans assigned to various beings)—(1) *Arhant*, (2) *Chakravarti*, and (3) *Baladev* and *Vasudev* **122.** Three kinds of *uttam purush* (best among men) enjoy the medium life span of their period—(1) *Arhant*, (2) *Chakravarti*, and (3) *Baladev* and *Vasudev*

**१२३. बायरतेउकाइयाणं उक्कोसेणं तिण्णि राइंदियाइं ठिती पण्णत्ता। १२४. बायरवाउकाइयाणं उक्कोसेणं तिण्णि वाससहस्साइं ठिती पण्णत्ता।**

१२३. बादर तेजस्कायिक जीवो की उत्कृष्ट स्थिति तीन रात-दिन की है। १२४. बादर वायुकायिक जीवो की उत्कृष्ट स्थिति तीन हजार वर्ष की है।

**123.** The maximum life of *badar* (gross) *tejaskayik jivas* (fire-bodied beings) is three nights and three days **124.** The maximum life of *badar* (gross) *vayukayik jivas* (air-bodied beings) is three thousand years

### योनिस्थिति-पद YONISTHITI-PAD (SEGMENT OF PRODUCTIVE LIFE)

**१२५. अह भंते ! सालीणं वीहीणं गोधूमाणं जवाणं जवजवाणं—एतेसि णं धण्णाणं कोट्ठाउत्ताणं पल्लाउत्ताणं मंचाउत्ताणं मालाउत्ताणं ओलित्ताणं लित्ताणं लंछियाणं मुद्दियाणं पिहित्ताणं केवइयं कालं जोणी संचिट्ठति ?**

**जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं तिण्णि संवच्छराइं। तेण परं जोणी पमिलायति। तेण परं जोणी पविद्धंसति। तेण परं जोणी विद्धंसति। तेण परं बीए अबीए भवति। तेण परं जोणीवोच्छेदे पण्णत्ते।**

१२५. (प्रश्न) भगवन् ! शालि, ब्रीहि, गेहूँ, जौ और यवयव (जौ विशेष) इन धान्यो की कोठे मे सुरक्षित रखने पर, पल्य (धान्य भरने की बाँस आदि से बनी टोकरी अथवा पात्र-विशेष) मे सुरक्षित रखने पर, मचान और माले मे डालकर, उनके द्वार-देश को ढक्कन से ढक देने पर, उसे लीप देने पर, चारो ओर से लीप देने पर, रेखादि से चिह्नित कर देने पर, मुद्रा (मोहर) लगा देने पर, अच्छी तरह बन्द रखने पर उनकी योनि-(उत्पादक शक्ति) कितने काल तक रहती है ?

(उत्तर) (हे आयुष्मन् !) जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त और उत्कृष्ट तीन वर्ष तक उनकी योनि रहती है। तत्पश्चात् योनि म्लान हो जाती है, विध्वस्त हो जाती है, विनष्ट हो जाती है, अबीज हो जाती है, योनि का विच्छेद हो जाता है अर्थात् बीज बोने पर उगने योग्य नहीं रहते।

**125.** (Question) *Bhante* ! How long does the *yoni* (productive capacity) of *shali* (rice), *brihi* (a type of rice), *genhun* (wheat), *jau* (barley), *yavayava* (a type of barley) and other grains last once they are stored in *kotha* (silo), *palya* (basket made of bamboo or cane), *machan* (store on a raised wooden platform) and *mala* (store on roof top) and thereafter covered, sealed, marked, stamped and properly closed ?

(Answer) "Long lived one ! Their productive capacity lasts for a minimum period of *antarmuhurt* (less than 48 minutes) and a maximum period of three years After that the *yoni* (productive capacity) gets weak, shattered, destroyed and becomes seedless and sterile In other words the seeds no longer germinate on sowing.

### नरक–पद NARAK-PAD (SEGMENT OF HELL)

**१२६. दोच्चाए णं सक्करप्पभाए पुढवीए णेरइयाणं उक्कोसेणं तिण्णि सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता। १२७. तच्चाए णं वालुयप्पभाए पुढवीए जहण्णेणं णेरइयाणं तिण्णि सागरोवमाइं ठिती पण्णत्ता। १२८. पंचमाए णं धूमप्पभाए पुढवीए तिण्णि णिरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता। १२९. तिसु णं पुढवीसु णेरइयाणं उसिणवेयणा पण्णत्ता, तं जहा—पढमाए, दोच्चाए, तच्चाए। १३०. तिसु णं पुढवीसु णेरइया उसिणवेयणं पच्चणुभवमाणा विहरंति, तं जहा—पढमाए, दोच्चाए, तच्चाए।**

१२६. दूसरी शर्कराप्रभा पृथ्वी में नारको की उत्कृष्ट स्थिति तीन सागरोपम की है। १२७. तीसरी बालुकाप्रभा पृथ्वी में नारकों की जघन्य स्थिति तीन सागरोपम है। १२८. पाँचवी धूमप्रभा पृथ्वी मे तीन लाख नारकावास है। १२९. प्रथम, द्वितीय और तृतीय इन तीन पृथ्वियो मे नारकों के उष्ण वेदना होती है। १३०. प्रथम, द्वितीय और तृतीय इन तीन पृथ्वियो में नारक जीव उष्ण वेदना का अनुभव करते रहते है।

**126.** The maximum life span of *naaraks* (infernal beings) in the second hell called Sharkaraprabha *prithvi* is three *Sagaropam* (metaphoric unit of time) **127.** The minimum life span of *naaraks* (infernal beings) in the third hell called Balukaprabha *prithvi* is three *Sagaropam* (metaphoric unit of time). **128.** In the fifth hell called Dhoom-prabha *prithvi* there are three hundred thousand infernal dwellings. **129.** The infernal beings of the first, second and third hell are said to go

through searing pain 130. The infernal beings of first, second and third hell experience searing pain

**सम-पद SAM-PAD (SEGMENT OF EQUALITY)**

**१३१. तओ लोगे समा सपक्खिं सपडिदिसिं पण्णत्ता, तं जहा—अप्पइट्ठाणे णरए, जंबुद्दीवे दीवे, सव्वट्ठसिद्धे विमाणे।**

१३१. लोक मे तीन क्षेत्र **समान**—(प्रमाण की दृष्टि से एक लाख योजन विस्तीर्ण), **सपक्ष**—(समश्रेणी की दृष्टि से उत्तर-दक्षिण समान पार्श्व वाले) और **सप्रतिदिश**—(विदिशाओ मे समान) है—(१) सातवी पृथ्वी का अप्रतिष्ठान नामक नारकावास, (२) जम्बूद्वीप नामक द्वीप, और (३) सर्वार्थसिद्ध नामक अनुत्तर विमान।

**131.** In *Lok* (universe) three areas are *samaan* (equal in size, one hundred thousand *Yojans* in area), *sapaksh* (having similar sides, left and right) and *sapratidash* (same in intermediate directions)—(1) the Apratishthan section of dwellings in the seventh hell, (2) the continent called Jambudveep, and (3) Sarvarthasiddha Anuttar Vimaan (a specific divine dimension)

**१३२. तओ लोगे समा सपक्खिं सपडिदिसिं पण्णत्ता, तं जहा—सीमंतए णं णरए, समयक्खेत्ते, ईसीपब्भारा पुढवी।**

१३२. लोक में तीन समान—(प्रमाण की दृष्टि से पैतालीस लाख योजन विस्तीर्ण), सपक्ष और सप्रतिदिश होते है—(१) **सीमान्तक**—(पहली नरक भूमि के पहले प्रस्तर का) नारकावास, (२) **समयक्षेत्र**—(मनुष्यक्षेत्र—अढाई द्वीप), और (३) ईषत्प्राग्भारापृथ्वी (सिद्धशिला)।

**132.** In *Lok* (universe) three areas are *samaan* (equal in size, forty five hundred thousand *Yojans* in area), *sapaksh* (having similar sides, left and right) and *sapratidash* (same in intermediate directions)—(1) the Simantak section of dwellings in first level of the first hell, (2) Samayakshetra (area of human habitation or Adhai Dveep), and (3) Ishatpragbhara *Prithvi* (Siddhashila)

**समुद्र-पद SAMUDRA-PAD (SEGMENT OF SEAS)**

**१३३. तओ समुद्दा पगईए उदगरसा पण्णत्ता, तं जहा—कालोदे, पुक्खरोदे, सयंभुरमणे। १३४. तओ समुद्दा बहुमच्छकच्छभाइण्णा पण्णत्ता, तं जहा—लवणे, कालोदे, सयंभुरमणे।**

१३३. तीन समुद्र प्रकृति से उदक रस वाले (पानी जैसे स्वाद वाले) है—(१) कालोद, (२) पुष्करोद, और (३) स्वयभूरमण समुद्र। १३४. तीन समुद्र बहुत मत्स्यो और कछुओ आदि जलचर जीवों से व्याप्त है—(१) लवणोद, (२) कालोद, और (३) स्वयभूरमण समुद्र (अन्य समुद्रो मे जलचर जीव थोडे है)।

**133.** There are three seas with *udak ras* (water like taste)—(1) Kaalod, (2) Pushkarod, and (3) Svayambhuraman Samudra. **134.** There are three seas widely infested with a large number of fish, turtles and other aquatic beings—(1) Kaalod, (2) Pushkarod, and (3) Svayambhuraman Samudra (other seas have fewer aquatic beings).

**१३५. तओ लोगे णिस्सीला णिव्वता णिग्गुणा णिम्मेरा णिप्पच्चक्खाणपोसहोववासा कालमासे कालं किच्चा अहेसत्तमाए पुढवीए अप्पतिट्ठाणे णरए णेरइयत्ताए उववज्जंति, तं जहा–रायाणो, मंडलीया, जे य महारंभा कोडुंबी।**

**१३६. तओ लोगे सुसीला सुव्वया सग्गुणा समेरा सपच्चक्खाणपोसहोववासा कालमासे कालं किच्चा सव्वट्ठसिद्धे विमाणे देवत्ताए उववत्तारो भवंति, तं जहा–रायाणो परिचत्तकामभोगा, सेणावती, पसत्थारो।**

१३५. लोक मे ये तीन पुरुष–यदि शीलरहित, व्रतरहित, निर्गुणी, मर्यादाहीन, प्रत्याख्यान और पौषधोपवास से रहित होते है तो मृत्यु के समय काल करके नीचे सातवी पृथ्वी के अप्रतिष्ठान नारकवास मे नैरयिक के रूप से उत्पन्न होते है-(१) राजा–(चक्रवर्ती और वासुदेव), (२) माण्डलिक राजा, और (३) महारम्भी गृहस्थ जन।

१३६. लोक मे ये तीन पुरुष जो सुशील, सुव्रती, सद्गुणी, मर्यादा वाले, प्रत्याख्यान और पौषधोपवास करने वाले हो, तो वे मृत्यु के समय मे मृत्यु प्राप्त करके सर्वार्थसिद्ध नामक अनुत्तर विमान मे देवता के रूप से उत्पन्न होते है–(१) काम–भोगो को त्यागने वाले राजा जन, (२) सेनापति, और (३) प्रशास्ता जन–(प्रशासक मत्री आदि या धर्मशास्त्र पाठक, प्राध्यापक आचार्य आदि)।

**135.** In *Lok* (universe) if three kinds of men are devoid of *sheel* (chaste disposition), vows, noble qualities, discipline, *pratyakhyan* (perfect abstainment) and *paushadhopavas* (partial ascetic vow and fasting), at the time of death they depart and are reborn as infernal beings in the Apratishthan section of dwellings in the seventh hell towards Nadir—(1) *Raja* (*Chakravarti* and *Vasudev*), (2) *Mandalik Raja* (regional kings), and (3) highly sinful householders

**136.** In *Lok* (universe) if three kinds of men are endowed with *sheel* (chaste disposition), vows, noble qualities, discipline, *pratyakhyan* (perfect abstainment) and *paushadhopavas* (partial ascetic vow and fasting), at the time of death they depart and are reborn as divine beings in the Sarvarth Siddha Anuttar Vimaan (the highest heaven or divine dimension)—(1) kings who renounce mundane pleasures, (2) commanders, and (3) noble persons (ministers, religious leaders, teachers etc )

**विमान-पद VIMAAN-PAD (SEGMENT OF CELESTIAL VEHICLES)**

**१३७. बंभलोग-लंतएसु णं कप्पेसु विमाणा तिवण्णा पण्णत्ता, तं जहा-किण्णा, णीला, लोहिया।**

१३७. ब्रह्मलोक और लान्तक देवलोक के विमान तीन वर्ण वाले है-(१) कृष्ण, (२) नील, और (३) लोहित (लाल)।

**137.** The celestial vehicles of Brahmalok and Lantak Devlok are of three colours—(1) black, (2) blue, and (3) red

**देव-पद DEV-PAD (SEGMENT OF DIVINE BEINGS)**

**१३८. आणयपाणयारणच्चुतेसु णं कप्पेसु देवाणं भवधारिणज्जसरीरगा उक्कोसेणं तिण्णि रयणीओ उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता।**

१३८. (१) आनत, (२) प्राणत, (३) आरण और अच्युत कल्पो मे देवो के भवधारणीय शरीर की उत्कृष्ट ऊँचाई तीन रत्नि-प्रमाण होती है।

**138.** The maximum height of the *bhavadharaniya sharira* (incarnation sustaining body) of gods in (1) Anat, (2) Pranat, and (3) Aran and Achyut *kalps* (specific divine dimension) is three *Ratni*

**प्रज्ञप्ति-पद PRAJNAPTI-PAD (SEGMENT OF EXPLANATORY TEXTS)**

**१३९. तओ पण्णत्तीओ कालेणं अहिज्जंति, तं जहा-चंदपण्णत्ती, सूरपण्णत्ती, दीवसागरपण्णत्ती।**

१३९. तीन प्रज्ञप्तियाँ यथाकाल (प्रथम और अन्तिम पौरुषी में) पढी जाती हैं-(१) चन्द्रप्रज्ञप्ति, (२) सूर्यप्रज्ञप्ति, और (३) द्वीपसागर प्रज्ञप्ति। (वृत्तिकार के अनुसार पाँच प्रज्ञप्ति की प्राचीन मान्यता है, परन्तु यहाँ तीसरा स्थान होने से व्याख्याप्रज्ञप्ति तथा जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति का उल्लेख नही किया है।)

॥ प्रथम उद्देशक समाप्त ॥

**139.** Three *Prajnaptis* (explanatory texts) are studied at their prescribed time (first and last quarter of the day)—(1) *Chandra Prajnapti*, (2) *Surya Prajnapti*, and (3) *Dveep Sagar Prajnapti*. (According to the author of the *Vritti* the ancient tradition has five *Prajnaptis*. However, as this is the third placement *Vyakhya Prajnapti* and *Jambudveep Prajnapti* have not been included.)

**● END OF THE FIRST LESSON ●**

## द्वितीय उद्देशक
## SECOND LESSON

### लोक-पद LOK-PAD (SEGMENT OF UNIVERSE)

**१४०. तिविहे लोगे पण्णत्ते, तं जहा—णामलोगे, ठवणालोगे, दव्वलोगे। १४१. तिविहे लोगे पण्णत्ते, तं जहा—णाणलोगे, दंसणलोगे, चरित्तलोगे। १४२. तिविहे लोगे पण्णत्ते, तं जहा—उड्ढलोगे, अहोलोगे, तिरियलोगे।**

१४०. लोक तीन प्रकार के हैं-(१) नामलोक, (२) स्थापनालोक, और (३) द्रव्यलोक (षड्द्रव्यात्मक)। १४१. लोक तीन प्रकार के है-(१) ज्ञानलोक, (२) दर्शनलोक (जिसकी लोक पर श्रद्धा हो), और (३) चारित्रलोक (जहाँ चारित्र की आराधना होती हो)। (ये तीनो भावलोक हैं) १४२. लोक तीन प्रकार के है-(१) ऊर्ध्वलोक, (२) अधोलोक, और (३) तिर्यग्लोक (क्षेत्र लोक)।

**140.** *Lok* (universe) is of three kinds—(1) *naam lok* (*lok* as name), (2) *sthapana lok* (*lok* as notional installation), and (3) *dravya lok* (physical *lok* with six entities) **141.** *Lok* (universe) is of three kinds—(1) *jnana lok* (*lok* of knowledge), (2) *darshan lok* (*lok* of perception/faith), and (3) *chaaritra lok* (*lok* of conduct) **142.** *Lok* (universe) is of three kinds—(1) *urdhva lok* (higher lok; heavens), (2) *adho lok* (lower *lok*; hells), and (3) *tiryak lok* (transverse *lok*).

### देव--परिषद्-पद DEV-PARISHAD-PAD (SEGMENT OF DIVINE ASSEMBLY)

**१४३. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो तओ परिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—समिता, चंडा, जाया। अब्भिंतरिया समिता, मज्झिमिया चंडा, बाहिरिया जाया। १४४. चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो सामाणियाणं देवाणं तओ परिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—समिता जहेव चमरस्स। १४५. एवं—तायत्तीसगाणवि। १४६. लोगपालाणं—तुंबा तुडिया पव्वा। १४७. एवं अग्गमहिसीणवि। १४८. बलिस्सवि एवं चेव जाव अग्गमहिसीणं।**

१४३. असुरकुमारों के राजा चमर असुरेन्द्र की तीन परिषद् (सभा) है-(१) समिता, (२) चण्डा, और (३) जाता। आभ्यन्तर परिषद् का नाम समिता है, मध्य की परिषद् का नाम चण्डा है और बाहरी परिषद् का नाम जाता है। १४४. असुरकुमारो के राजा चमर असुरेन्द्र के सामानिक (इन्द्र के समान माननीय) देवों की तीन परिषद् है-(१) समिता, (२) चण्डा, और (३) जाता। १४५. इसी प्रकार चमर असुरेन्द्र के त्रायस्त्रिंशको (मत्री या पुरोहित) की तीन परिषद् है। १४६. चमर असुरेन्द्र के लोकपालको (सीमारक्षक) की तीन परिषद् हैं-(१) तुम्बा, (२) त्रुटिता, और (३) पर्वा। १४७. इसी प्रकार चमर

असुरेन्द्र की अग्रमहिषियो (पटरानियो) की तीन परिषद् हैं-(१) तुम्बा, (२) त्रुटिता, और (३) पर्वा। १४८. वैरोचनेन्द्र बली की तथा उनके सामानिकों और त्रायस्त्रिशको की तीन-तीन परिषद् है-(१) समिता, (२) चण्डा, और (३) जाता। उसके लोकपालो और अग्रमहिषियो की भी तीन-तीन परिषद् है-(१) तुम्बा, (२) त्रुटिता, और (३) पर्वा।

**143.** Chamar Asurendra, the kıng of *Asur Kumar* gods has three *parıshads* (assemblıes)—(1) *Samıta*, (2) *Chanda*, and (3) *Jaata*. The name of the ınner assembly ıs *Samıta*, that of the mıddle one is *Chanda* and that of the outer one ıs *Jaata* **144.** The *Samanık* gods (gods of equal status) of Chamar Asurendra, the kıng of *Asur Kumar* gods, have three *parıshads* (assemblıes)—(1) *Samıta*, (2) *Chanda*, and (3) *Jaata* **145.** In the same way the *Trayastrımshaks* (mınisters or prıests) of Chamar Asurendra have three *parıshads* **146.** The *Lokapalaks* (border guards) of Chamar Asurendra have three *parıshads* (assemblıes)—(1) *Tumba*, (2) *Trutıta*, and (3) *Parvaa*. **147.** The *Agramahıshıs* (chıef queens) of Chamar Asurendra have three *parıshads* (assemblıes)—(1) *Tumba*, (2) *Trutıta*, and (3) *Parvaa* **148.** Vaırochanendra Balı (another kıng of gods) as well as hıs *Samanık* gods and *Trayastrımshaks* have three *parıshads* (assemblıes) each—(1) *Samıta*, (2) *Chanda*, and (3) *Jaata* And his *Lokapalaks* and *Agramahıshıs* too have three *parıshads* (assemblıes) each—(1) *Tumba*, (2) *Trutıta*, and (3) *Parvaa*

**१४९. धरणस्स य सामाणिय-तायत्तीसगाणं च-समिता चंडा जाता। १५०. लोगपालाणं, अग्गमहिसीणं ईसा तुडिया दढरहा। १५१. जहा धरणस्स तहा सेसाणं भवणवासीणं।**

१४९. नागकुमारो के राजा धरण नागेन्द्र तथा उसके सामानिको एव त्रायस्त्रिशको की तीन-तीन परिषद् है-(१) समिता, (२) चण्डा, और (३) जाता। १५०. धरण नागेन्द्र के लोकपालो और अग्रमहिषियो की तीन-तीन परिषद् है-(१) ईषा, (२) त्रुटिता, और (३) दृढरथा। १५१. जैसा धरण की परिषदो का वर्णन है, वैसा ही शेष भवनवासी देवो की परिषदो का भी वर्णन जानना चाहिए।

**149.** Dharan Naagendra, the kıng of *Naag Kumar* gods as well as hıs *Samanık* gods and *Trayastrımshaks* have three *parıshads* (assemblies) each—(1) *Samıta*, (2) *Chanda*, and (3) *Jaata* **150.** *Lokapalaks* and *agramahıshıs* of Dharan Naagendra too have three *parıshads* (assemblıes) each—(1) *Isha*, (2) *Trutıta*, and (3) *Drıdharatha* **151.** The description of the assemblıes of remaınıng abode dwelling gods should be read as that of Dharan Naagendra

१५२. कालस्स णं पिसाइंदस्स पिसायरण्णो तओ परिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—ईसा तुडिया दढरहा। १५३. एवं—सामाणिय—अग्गमहिसीणं। १५४. एवं जाव गीयरतिगीयजसाणं।

१५२. पिशाचो के राजा काल पिशाचेन्द्र की तीन परिषद् हैं-(१) ईशा, (२) त्रुटिता, और (३) दृढ़रथा। १५३. इसी प्रकार उसके सामानिकों और अग्रमहिषियों की भी तीन-तीन परिषद् हैं। १५४. इसी प्रकार गन्धर्वेन्द्र गीतरति और गीतयश तक के सभी वाणव्यन्तर देवेन्द्रों की तीन-तीन परिषद् हैं।

**152.** Kaal Pishaachendra, the king of *Pishaachas* has three *parishads* (assemblies) each—(1) *Isha*, (2) *Trutita,* and (3) *Dridharatha.* **153.** In the same way his *Samanik* gods and *Agramahishis* too have three *parishads* (assemblies) each **154.** In the same way all kings of gods of *Vanavyantars* (interstitial gods) up to Gitarati and Gitayash, the kings of *Gandharvas*, have three *parishads* (assemblies) each

१५५. चंदस्स णं जोतिसिंदस्स जोतिसरण्णो तओ परिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—तुंबा तुडिया पव्वा। १५६. एवं सामाणिय—अग्गमहिसीणं। १५७. एवं—सूरस्सवि।

१५५. ज्योतिष्क देवो के राजा चन्द्र ज्योतिष्केन्द्र की तीन परिषद् है-(१) तुम्बा, (२) त्रुटिता, और (३) पर्वा। १५६. इसी प्रकार उसके सामानिको और अग्रमहिषियो की भी तीन-तीन परिषद् है। १५७. इसी प्रकार सूर्य इन्द्र की और उसके सामानिको तथा अग्रमहिषियो की तीन-तीन परिषद् हैं।

**155.** Chandra Jyotishkendra, the king of *Jyotishk Devs* (stellar gods) has three *prarishads* (assemblies) each—(1) *Tumba*, (2) *Trutita,* and (3) *Parvaa* **156.** In the same way his *Samanik* gods and *Agramahishis* too have three *parishads* (assemblies) each **157.** In the same way Surya Indra and his *Samanik* gods and *Agramahishis* too have three *parishads* (assemblies) each.

१५८. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो तओ परिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—समिता, चंडा, जाया। १५९. एवं—जहा चमरस्स जाव अग्गमहिसीणं। १६०. एवं जाव अच्चुतस्स लोगपालाणं।

१५८. देवो के राजा शक्र देवेन्द्र की तीन परिषद् है-(१) समिता, (२) चण्डा, और (३) जाता। १५९. इसी प्रकार जैसे चमर की यावत् उसकी अग्रमहिषियो की परिषदों का वर्णन है, उसी प्रकार शक्र देवेन्द्र के सामानिकों और त्रायस्त्रिंशको आदि की तीन-तीन परिषद् है। १६०. इसी प्रकार ईशानेन्द्र से लेकर अच्युतेन्द्र तक के सभी इन्द्रो, उनकी अग्रमहिषियो, सामानिक, लोकपाल और त्रायस्त्रिंशक देवों की भी तीन-तीन परिषद् हैं।

**158.** Shakra Devendra, the king of gods has three *parishads* (assemblies) each —(1) *Tumba*, (2) *Trutita,* and (3) *Parvaa* **159.** In the

same way his *Samanik* gods and so on up to *Agramahishis* too have three *parishads* (assemblies) each as detailed in case of Chamarendra **160.** In the same way all kings of gods from Ishanendra to Achyutendra, their *Samanik* gods . and so on up to *Agramahishis* too have three *parishads* (assemblies) each.

**विवेचन**—आभ्यन्तर परिषद् के देव विशेष सम्माननीय होते है तथा विशेष निमत्रण पर आते हैं। मध्यम परिषद् के देव निमंत्रण पर तथा आवश्यक होने पर बिना निमत्रण के भी उपस्थित होते है। बाह्य परिषद् के देव निर्धारित समय पर स्वत उपस्थित होते है। किसी विशेष विषय पर पहले आभ्यन्तर परिषद् विचार करती है, आभ्यन्तर परिषद् का निर्णय मध्यम परिषद् के समक्ष आता है। उसमे स्वीकृत होने पर बाह्य परिषद् मे उस पर विचार किया जाता है और फिर वहाँ से क्रियान्वित करने के लिए अधिकारी देवो को दिया जाता है। इससे पता चलता है कि देवो की शासन व्यवस्था कितनी सुचारु प्रजातात्रिक है। किसी भी प्रशासकीय विषय पर विचार करने के लिए इन्द्र की प्रमुख परिषद् के अतिरिक्त, सामानिक, त्रायस्त्रिशक, लोकपाल और अग्रमहिषियो की पृथक् परिषदे है। प्रत्येक परिषद् मे विचार निर्णय के अनन्तर उस विषय को इन्द्र के समक्ष प्रमुख सभा में प्रस्तुत किया जाता है। *(हिन्दी टीका, पृष्ठ ४१८)*

**Elaboration**—The gods of the inner assembly are specially honoured and they attend only on special invitation. The gods of the middle assembly generally attend on invitation but when needed they attend without invitation also The gods of the outer assembly attend as a rule at assigned time Any special issue under consideration is first of all placed for deliberation before the inner assembly The decision of the inner assembly is then placed before the middle assembly Once approved it comes to the outer assembly and discussed there After this the final outcome is passed on to the gods responsible for implementation This reveals how efficient and democratic is the system of governance of gods For deliberating on all administrative matters there are independant assemblies of *Samanik, Trayastrimshak* and *Lokapalak* gods as well as *Agramahishis* (chief queens) After deliberations and arriving at a decision, the issue is placed before the king in the main assembly *(Hindi Tika, p 418)*

### याम-पद YAAM-PAD (SEGMENT OF DIVISION OF A DAY)

**१६१. तओ जामा पण्णत्ता, तं जहा—पढमे जामे, मज्झिमे जामे, पच्छिमे जामे। १६२. तिहिं जामेहिं आया केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्ज सवणयाए, तं जहा—पढमे जामे, मज्झिमे जामे, पच्छिमे जामे। १६३. एवं जाव [ तिहिं जामेहिं आया केवलं बोधिं बुज्झेज्जा, तं जहा—पढमे**

**जामे, मज्झिमे जामे, पच्छिमे जामे। १६४. ....केवलं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइज्जा। १६५. ....केवलं बंभचेरवासमावसेज्जा। १६६. ....केवलेणं संजमेणं संजमेज्जा, १६७. ....केवलेणं संवरेणं संवरेज्जा। १६८. ....केवलमाभिणिबोहियणाणं उप्पाडेज्जा। १६९. ....केवलं सुयणाणं उप्पाडेज्जा। १७०. ....केवलं ओहिणाणं उप्पाडेज्जा। १७१. ....केवलं मणपज्जवणाणं उप्पाडेज्जा। १७२. ....केवलं केवलणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा— पढमे जामे, मज्झिमे जामे, पच्छिमे जामे।**

१६१. तीन याम (प्रहर) कहे है— प्रथम याम, मध्यम याम और पशिचम याम। १६२. तीनों ही यामो में आत्मा केवलि-भाषित धर्म-श्रवण का लाभ प्राप्त करता है-प्रथम याम मे, मध्यम याम में और पशिचम याम मे। १६३. [इन तीनो ही यामो मे आत्मा विशुद्धबोधि को प्राप्त करता है। १६४. इन मुण्डित होकर अगार से अनगारिता मे प्रव्रजित होता है। १६५. आत्मा विशुद्ध ब्रह्मचर्यवास मे निवास करता है। १६७. आत्मा विशुद्ध संवर से सवृत होता है। १६८. आत्मा विशुद्ध आभिनिबोधिक ज्ञान को प्राप्त करता है। १६९. विशुद्ध श्रुतज्ञान को प्राप्त करता है। १७०. विशुद्ध अवधिज्ञान को प्राप्त करता है। १७१. विशुद्ध मन पर्यवज्ञान को प्राप्त करता है। १७२. तथा इन तीनों यामो में आत्मा विशुद्ध केवलज्ञान को प्राप्त करता है।

**161.** *Yaam* (a specific division of the day) is of three kinds—*pratham* (first), *madhyam* (middle) and *pashchim* (last) **162.** During all the three *yaams* soul gains benefit of listening to the religion propagated by the Omniscient—*pratham* (first), *madhyam* (middle) and *pashchim* (last) **163.** In the same way [during all the three *yaams* soul attains pure enlightenment **164.** gets initiated as *anagar* (homeless ascetic) after tonsuring his head and renouncing home **165.** . lives as a perfect celibate. **166.** ...lives with perfect discipline **167.** . attains the level of perfect *samvar* (blocking the inflow of *karmas*) **168.** acquires pure *abhinibodhik jnana* (sensory knowledge) **169.** ..acquires pure *shrut-jnana* (scriptural knowledge). **170.** .acquires pure *avadhi-jnana* (extrasensory perception of the physical dimension, something akin to clairvoyance) **171.** . .acquires pure *manahparyav-jnana* (extrasensory perception and knowledge of thought process and thought-forms of other beings, something akin to telepathy).] **172.** During all the three *yaams* soul attains pure *Keval-jnana* (omniscience).

**विवेचन**—'याम' का प्रसिद्ध अर्थ दिन या रात का चौथा भाग एक प्रहर है। किन्तु यहाँ त्रिस्थान का प्रकरण होने से रात्रि को तथा दिन को तीन यामो में विभक्त करके वर्णन किया है। अर्थात् दिन और रात्रि के तीसरे भाग को याम कहते है। जैसे कि पूर्वाह्न, मध्याह्न, अपराह्न। इस सूत्र का आशय यह है

कि दिन रात का ऐसा कोई भी समय नहीं है, जिसमे आत्मा धर्म-श्रवण से लेकर विशुद्धबोधि आदि यावत् केवलज्ञान को न प्राप्त कर सके।

**Elaboration**—The popular meaning of *yaam* is a quarter of a day (three hours). But being in the third placement here the description is based on three divisions of a day In other words one-third of a day or night is called *yaam* For example *purvanha* (morning), *madhyanha* (noon) and *aparanha* (evening) This aphorism conveys that during the day or night there is no such time when a soul cannot acquire religious knowledge. and so on up to omniscience

**वय:-पद VAYAH-PAD (SEGMENT OF AGE)**

**१७३. तओ वया पण्णत्ता, तं जहा—पढमे वए, मज्झिमे वए, पच्छिमे वए। १७४. तिहिं वएहिं आया केवलिपण्णत्तं धम्मं लभेज्ज सवणयाए, तं जहा—पढमे वए, मज्झिमे वए, पच्छिमे वए। १७५. [ एसो चेव गमो णेयव्वो जाव केवलनाणं ति। ]**

१७३. वय (अवस्था) तीन है-प्रथमवय, मध्यमवय और पश्चिमवय। १७४. तीनो ही वयो मे आत्मा केवलि-भाषित धर्म-श्रवण का लाभ प्राप्त करता है-प्रथमवय मे, मध्यमवय मे और पश्चिमवय मे। १७५. [इसी प्रकार तीनों ही वयो मे आत्मा विशुद्धबोधि (सम्यग्दर्शन) को, विशुद्ध अनगारिता को, ब्रह्मचर्यवास सवर, आभिनिबोधिक ज्ञान, मन पर्यवज्ञान यावत् केवलज्ञान को प्राप्त करता है।]

**173.** *Vaya* (age; of a man) is of three kinds—*pratham vaya* (young age), *madhyam vaya* (middle age) and *pashchim vaya* (old age) **174.** During all the three *vayas* soul gains benefit of listening to the religion propagated by the Omniscient—*pratham vaya* (young age), *madhyam vaya* (middle age) and *pashchim vaya* (old age) **175.** [In the same way during all the three *vayas* soul attains pure enlightenment, pure *anagarita* (ascetic life), perfect celibacy, perfect *samvar*, pure *abhinibodhik-jnana*, pure *manahparyav-jnana* and so on up to *Keval-jnana* ]

**विवेचन**—सस्कृत टीकाकार ने एक प्राचीन श्लोक को उद्धृत करके कहा है-"सोलह वर्ष तक बाल्यकाल, सत्तर वर्ष तक .ध्यमकाल और इससे आगे वृद्धकाल होता है। साधु दीक्षा आठ वर्ष के पूर्व नहीं देने का विधान है, अत प्रस्तुत सदर्भ मे प्रथमवय का अर्थ आठ वर्ष से लेकर तीस वर्ष तक का कुमारकाल होना चाहिए। इकतीस वर्ष से लेकर साठ वर्ष तक के समय को युवावस्था या मध्यमवय और उससे आगे की वृद्धावस्था को पश्चिमवय जानना चाहिए। इससे यह सिद्ध होता है कि बाल्यवय मे भी आत्मा केवलज्ञान प्राप्त कर मुक्त हो सकता है।"

**Elaboration**—Quoting an ancient verse, the Sanskrit commentator states that up to sixteen years it is young age, then up to seventy years it

is middle age and after that it is old age. However, as initiation as an ascetic is prohibited before eight years of age, here young age should be interpreted as eight to thirty years of age, thirty one years to sixty years as middle age and beyond that old age. This indicates that one can attain omniscience and get liberated even as a child

### बोधि–पद BODHI-PAD (SEGMENT OF ENLIGHTENMENT)

**१७६. तिविधा बोधी पण्णत्ता, तं जहा–णाणबोधी, दंसणबोधी, चरित्तबोधी। १७७. तिविहा बुद्धा पण्णत्ता, तं जहा–णाणबुद्धा, दंसणबुद्धा, चरित्तबुद्धा।**

१७६. बोधि तीन प्रकार की है–(१) ज्ञानबोधि–(सम्यग्ज्ञान), (२) दर्शनबोधि–(सम्यग्दर्शन), और (३) चारित्रबोधि–(सम्यक्चारित्र)। १७७. बुद्ध तीन प्रकार के है–(१) ज्ञानबुद्ध, (२) दर्शनबुद्ध, और (३) चारित्रबुद्ध।

**176.** *Bodhi* (enlightenment) is of three kinds—(1) *jnana-bodhi* (right knowledge), (2) *darshan-bodhi* (right perception/faith), and (3) *charitra-bodhi* (right conduct) **177.** *Buddha* (enlightened) is of three kinds—(1) *jnana-buddha* (having right knowledge), (2) *darshan-buddha* (having right perception/faith), and (3) *charitra-buddha* (having right conduct)

### मोह–पद MOHA-PAD (SEGMENT OF PERVERSION)

**१७८. एवं मोहे, मूढा [ तिविहे मोहे पण्णत्ते, तं जहा–णाणमोहे, दंसणमोहे, चरित्तमोहे। १७९. तिविहा मूढा पण्णत्ता, तं जहा–णाणमूढा, दंसणमूढा, चरित्तमूढा ]।**

१७८. मोह (बुद्धि का विपर्यास या विपरीतता) तीन प्रकार का है–[(१) ज्ञानमोह, (२) दर्शनमोह, और (३) चारित्रमोह।] १७९. मूढ तीन प्रकार के है–(१) ज्ञानमूढ, (२) दर्शनमूढ और (३) चारित्रमूढ।

**178.** *Moha* (perversion) is of three kinds—(1) *jnana-moha* (pervert knowledge), (2) *darshan-moha* (pervert perception/faith), and (3) *charitra-moha* (pervert conduct) **179.** *Moodh* (perverted) is of three kinds—(1) *jnana-moodh* (having pervert knowledge), (2) *darshan-moodh* (having pervert perception/faith), and (3) *charitra-moodh* (having pervert conduct).

### प्रव्रज्या–पद PRAVRAJYA-PAD (SEGMENT OF ASCETIC-INITIATION)

**१८०. तिविहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा–इहलोगपडिबद्धा, परलोगपडिबद्धा, दुहतो पडिबद्धा। १८१. तिविहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा–पुरतो पडिबद्धा, मग्गतो पडिबद्धा, दुहओ पडिबद्धा। १८२. तिविहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा–तुयावइत्ता, पुयावइत्ता, बुआवइत्ता। १८३. तिविहा पव्वज्जा पण्णत्ता, तं जहा–उववातपव्वज्जा, अक्खातपव्वज्जा, संगारपव्वज्जा।**

१८०. प्रव्रज्या तीन प्रकार की है-(१) **इहलोक प्रतिबद्धा**-(इहलौकिक सुखो की प्राप्ति मे लिए अंगीकार की जाने वाली) प्रव्रज्या, (२) **परलोक प्रतिबद्धा**-(परलोक सम्बन्धी सुखो की प्राप्ति के लिए स्वीकार की जाने वाली) प्रव्रज्या और **द्वयलोक प्रतिबद्धा**-(दोनों लोकों में सुखो की प्राप्ति के लिए ग्रहण की जाने वाली) प्रव्रज्या। १८१. प्रव्रज्या तीन प्रकार की है-(१) **पुरतः प्रतिबद्धा**-(भविष्य में शिष्य आदि की प्राप्ति की कामना से ली जाने वाली) प्रव्रज्या, (२) **पृष्ठतः प्रतिबद्धा**-(पीछे के स्वजनादि के साथ स्नेहसम्बन्ध विच्छेद होने के कारण उनके साथ रहने की भावना से प्रतिबद्ध) प्रव्रज्या, और (३) **उभयतः प्रतिबद्ध**-(आगे के शिष्य आदि और पीछे के स्वजन आदि के स्नेह आदि से प्रतिबद्ध) प्रव्रज्या। १८२. प्रव्रज्या तीन प्रकार की है-(१) **तोदयित्वा**-(डराकर अथवा कष्ट देकर दी जाने वाली) प्रव्रज्या, (२) **प्लावयित्वा**-(दूसरे स्थान पर ले जाकर दी जाने वाली) प्रव्रज्या, और (३) **वाचयित्वा**-(बातचीत करके दी जाने वाली) प्रव्रज्या। १८३. प्रव्रज्या तीन प्रकार की है-(१) **अवपात**-(गुरु-सेवा के लिए ली जाने वाली) प्रव्रज्या, (२) **आख्यात**-(उपदेश से प्रतिबुद्ध होकर ली जाने वाली) प्रव्रज्या, और (३) **संगार**-(परस्पर प्रतिज्ञाबद्ध या शर्त लगाकर ली जाने वाली) प्रव्रज्या।

**180.** *Pravrajya* (ascetic-initiation) is of three kinds—(1) *iha-lok pratibaddha pravrajya* (ascetic-initiation aimed at happiness during this life), (2) *par-lok pratibaddha pravrajya* (ascetic-initiation aimed at happiness during next life), and (3) *dvaya-lok pratibaddha pravrajya* (ascetic-initiation aimed at happiness during both current as well as next life) **181.** *Pravrajya* (ascetic-initiation) is of three kinds—(1) *puratah pratibaddha pravrajya* (ascetic-initiation accepted with a wish to gain disciples and followers in future), (2) *prishthatah pratibaddha pravrajya* (ascetic-initiation accepted with a wish to regain good relations, with relatives and friends, that were terminated in the past), and (3) *ubhayatah pratibaddha pravrajya* (ascetic-initiation accepted with a wish to gain affection of both disciples in future and relatives from the past). **182.** *Pravrajya* (ascetic-initiation) is of three kinds—(1) *todayitva pravrajya* (ascetic-initiation enforced through fear or intimidation), (2) *plavayitva pravrajya* (ascetic-initiation enforced after shifting to other place), and (3) *vachayitva pravrajya* (ascetic-initiation given after talking and convincing) **183.** *Pravrajya* (ascetic-initiation) is of three kinds—(1) *avapaat pravrajya* (ascetic-initiation accepted in order to serve the guru), (2) *akhyaat pravrajya* (ascetic-initiation accepted after getting enlightened by a discourse), and (3) *sangaar pravrajya* (ascetic-initiation accepted by commitment or a wager).

**विवेचन**-टीकाकार अभयदेवसूरि ने तोदयित्वा प्रव्रज्या के लिए 'सागरचन्द्र' का, प्लावयित्वा दीक्षा के लिए आर्यरक्षित का और वाचयित्वा दीक्षा के लिए गौतमस्वामी से वार्त्तालाप कर दीक्षा लेने वाले हालिक किसान का उल्लेख किया है। इसी प्रकार आख्यातप्रव्रज्या के लिए फल्गुरक्षित का और

संगारप्रव्रज्या के लिए मेतार्य के नाम का उल्लेख किया है। *(दशवें स्थान, सूत्र १५ में दस प्रकार की प्रव्रज्या का वर्णन है। इसके परिशिष्ट मे सम्बन्धित टीका के उदाहरण भी दिये हैं। देखे–परिशिष्ट)*

**Elaboration**—Abhayadev Suri, the commentator (*Tika*), has given examples of Sagar Chandra for *todayitva pravrajya*, Arya Rakshit for *plavayitva pravrajya*; and Halik farmer, who got initiated after a discussion with Gautam Swami, for *vachayitva pravrajya* In the same way he has mentioned the name of Phalgurakshit for *akhyaat pravrajya* and Metarya for *sangaar pravrajya*. *(for these stories refer to Sthananga Sutra-I edited by Muni Jambuvijaya ji, appendix 1, pp 10-16)*

***निर्ग्रन्थ–पद*** **NIRGRANTH-PAD (SEGMENT OF ACCOMPLISHED ASCETICS)**

**१८४. तओ णियंठा णोसण्णोवउत्ता पण्णत्ता, तं जहा–पुलाए, णियंठे, सिणाए। १८५. तओ णियंठा सण्णा–णोसण्णोवउत्ता पण्णत्ता, तं जहा–बउसे, पडिसेवणाकुसीले, कसायकुसीले।**

१८४. तीन प्रकार के निर्ग्रन्थ नोसज्ञा से उपयुक्त होते है–(१) पुलाक, (२) निर्ग्रन्थ, और (३) स्नातक। १८५. तीन प्रकार के निर्ग्रन्थ सज्ञा और नोसज्ञा, इन दोनो से उपयुक्त होते है–(१) बकुश, (२) प्रतिसेवनाकुशील, और (३) कषायकुशील।

**184.** Three kinds of *nirgranthas* (accomplished ascetics) are *no-sanjnopayukt* (endowed with *no-sanjna* or freedom from desires and perversions)—(1) *pulaak*, (2) *nirgranth*, and (3) *snatak* **185.** Three kinds of *nirgranthas* (accomplished ascetics) are both *no-sanjnopayukt* (endowed with *no-sanjna* or freedom from desires and perversions) and *sanjnopayukt* (encumbered with *sanjna* or desires and perversions)—(1) *bakush*, (2) *pratisevanakusheel*, and (3) *kashayakusheel*.

**विवेचन**–आहार आदि की अभिलाषा या मनोविकार को **संज्ञा** कहते है। जो इस प्रकार की सज्ञा से युक्त होते है उन्हे **संज्ञोपयुक्त** और जो इस प्रकार की संज्ञा से मुक्त होते है, उन्हें **नो संज्ञोपयुक्त** कहते हैं। इन दोनो प्रकार के निर्ग्रन्थो का स्वरूप इस प्रकार है–

(१) **पुलाक निर्ग्रन्थ**–तपस्या द्वारा लब्धि प्राप्त होने पर क्रोधादि वश होकर उसका उपयोग करके अपने सयम को धान्यरहित भूसी के समान सारहीन करने वाले साधु।

(२) **निर्ग्रन्थ**–जिसके मोह–कर्म उपशान्त हो गया है, ऐसे ग्यारहवे गुणस्थानवर्ती और जिसका मोहकर्म क्षय हो गया है ऐसे बारहवें गुणस्थानवर्ती मुनि निर्ग्रन्थ कहे जाते है।

(३) **स्नातक**–घनघाति चारों कर्मों का क्षय करने वाले तेरहवे और चौदहवे गुणस्थानवर्ती अरहन्तो को स्नातक (विशुद्ध) कहते हैं। इन तीनो को नोसज्ञोपयुक्त कहा गया है–

(१) **बकुश**–शरीर और उपकरण की विभूषा के लिए अपने चारित्र मे दोष लगाने वाले।

(२) प्रतिसेवनाकुशील–किसी मूल गुण की विराधना करने वाले।

(३) कषायकुशील–क्रोधादि कषायो के आवेश में आकर अपने शील (चारित्र) को कुत्सित करने वाले।

साधारण रूप से तो ये आहारादि की अभिलाषा से रहित नोसज्ञोपयुक्त होते हैं, किन्तु किसी निमित्त विशेष के मिलने पर आहार, भय आदि सज्ञाओ से उपयुक्त भी हो जाते हैं।

**Elaboration**—Desire for food and other things as also mental aberrations are called *sanjna* Those who are encumbered with such *sanjna* are called *sanjnopayukt*. Those who are free of such *sanjna* are called *no-sanjnopayukt* Details about these two types of accomplished ascetics are as follows—

(1) ***Pulaak nirgranth***—These are the ascetics who turn their ascetic-discipline worthless like grainless chaff by employing, under influence of anger or other passions, their special powers acquired through rigorous austerities

(2) ***Nirgranth***—These are the ascetics at eleventh and twelfth *Gunasthan* with pacified *Mohakarma* (deluding *karma*) and extinct *Mohakarma* respectively

(3) ***Snatak***—The accomplished ascetics (*arhants*) at the thirteenth and fourteenth *Gunasthans* who have destroyed all the four vitiating *karmas* are called *snataks* (pure) These three are included in the *no-sanjnopayukt* class—

(1) ***Bakush***—These are the ascetics who tarnish their conduct for embellishing their bodies and equipment

(2) ***Pratisevanakusheel***—These are the ascetics who transgress some basic ascetic-quality (*mool-guna*)

(3) ***Kashayakusheel***—Agitated under the influence of anger and other passions, these ascetics tarnish their conduct These three are normally free of desire for food etc and *no-sanjnopayukt*. But under certain circumstances they come under the influence of passions and turn into *sanjnopayukt* or encumbered with shortcomings like desire for food and fear.

### शैक्षभूमि-पद SHAIKSH-BHUMI-PAD (SEGMENT OF PERIOD OF TRAINING)

**१८६. तओ सेहभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–उक्कोसा, मज्झिमा, जहण्णा। उक्कोसा छम्मासा, मज्झिमा चउमासा, जहण्णा सत्त राइंदिया।**

१८६. तीन शैक्षभूमियाँ हैं–(१) उत्कृष्ट, छह मास की, (२) मध्यम, चार मास की, और (५) जघन्य, सात दिन–रात की।

**186.** *Shaiksh-bhumi* (period of training) is of three kinds— (1) maximum of six months, (2) medium of four months, and (3) minimum of seven days and nights

**विवेचन**–सामायिक चारित्र ग्रहण करने वाला नवदीक्षित साधु 'शैक्ष' है और उसके अभ्यास–काल को 'शैक्षभूमि' कहा जाता है। दीक्षा–ग्रहण करने के समय सर्व सावद्य प्रवृत्ति का त्याग करके सामायिक चारित्र अगीकार किया जाता है। सामायिक चारित्र दो प्रकार का है–(१) **यावत्कथिक**–(जीवन पर्यन्त) यह मध्यवर्ती २२ तीर्थंकरो के शासन मे होता है। (२) **इत्वरिक**–यह प्रथम, अन्तिम तीर्थंकरो के शासन मे होता है। इत्वरिक सामायिक चारित्र छेदोपस्थापनीय चारित्र की पूर्व भूमिका है। उसमे निपुणता प्राप्त कर लेने पर छेदोपस्थापनीय चारित्र स्वीकार किया जाता है। प्रस्तुत सूत्र मे सामायिक चारित्र की तीन भूमियाँ बतलाई है–(१) छह मास की उत्कृष्ट शैक्षभूमि के पश्चात् निश्चित रूप से छेदोपस्थापनीय चारित्र स्वीकार करना आवश्यक होता है। यह मन्दबुद्धि शिष्य की भूमिका है। उसे दीक्षित होने के छह मास के भीतर साधु समाचारी का भली–भाँति अभ्यास कर लेना चाहिए। (२) जो इससे अधिक बुद्धिमान शिष्य होता है, वह उक्त कर्त्तव्यो का चार मास मे अभ्यास कर लेता है और उसके पश्चात् छेदोपस्थापनीय चारित्र अगीकार करता है। यह शैक्ष की मध्यम भूमिका है। (३) जो नवदीक्षित प्रबल बुद्धि एव प्रतिभावान् होता है वह उक्त कार्यों को सात दिन मे ही सीखकर छेदोपस्थानीय चारित्र को धारण कर लेता है, यह शैक्ष की जघन्य भूमिका है। *(व्यवहारभाष्य, उ २, गा ५३–५४)*

**Elaboration**—A newly initiated ascetic who has accepted the *samayik-chaaritra* (ascetic-conduct) is called *shaiksh* and the period of his training is called *shaiksh-bhumi* At the time of initiation all sinful tendency and activity is abandoned before accepting *samayik-chaaritra* Ascetic conduct or *samayik-chaaritra* is of two kinds—(1) *yavatkathit* (lifelong) which is applicable only to the periods of influence of twenty two *Tirthankars* besides the first and the last (2) *Itvarik* (for a specific period of time or temporary) which is applicable to the periods of influence of the first and the last *Tirthankars* *Itvarik samayik-chaaritra* is preparatory practice for qualifying to accept *Chhedopasthaniya Chaaritra* (conduct of re-initiation after rectifying faults) In this aphorism three durations of training at the *Samayik chaaritra* level have been mentioned—(1) It is mandatory to accept *Chhedopasthaniya Chaaritra* after a maximum period of training of six months This duration is meant for a dull disciple. He should properly complete his training of the ascetic praxis (*sadhu-samachari*) within six months of initiation (2) Slightly more intelligent disciples complete this training

within four months and then accept *Chhedopasthaniya Chaaritra* This is the medium training period (3) A new initiate who is highly intelligent and talented completes this training in seven days and accepts *Chhedopasthaniya Chaaritra* This is the minimum training period. *(Vyavahar Bhashya 2/53-54)*

**थेरभूमि-पद THERABHUMI-PAD (SEGMENT OF CLASS OF SENIOR ASCETIC)**

**१८७. तओ थेरभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–जातिथेरे, सुयथेरे, परियायथेरे। सट्ठिवासजाए समणे णिग्गंथे जातिथेरे, ठाणसमवायधरे णं समणे णिग्गंथे सुयथेरे, वीसवासपरियाए णं समणे णिग्गंथे परियायथेरे।**

१८७. तीन स्थविरभूमियाँ है–(१) जातिस्थविर, (२) श्रुतस्थविर, और (३) पर्यायस्थविर। साठ वर्ष का श्रमण निर्ग्रन्थ जातिस्थविर–(वय स्थविर) है। स्थानाग और समवायाग का धारक श्रमण श्रुतस्थविर है और बीस वर्ष की दीक्षापर्याय वाला श्रमण निर्ग्रन्थ पर्यायस्थविर है।

**187.** There are three kinds of *sthavir-bhumi* (classes of senior ascetic)—(1) *jati sthavir*, (2) *shrut sthavir*, and (3) *paryaya sthavir* A sixty year old *shraman nirgranth* (Jain ascetic) is *jati sthavir* (senior in terms of age) An ascetic who has thoroughly studied *Sthananga* and *Samvayanga* is *shrut sthavir* (senior in terms of canonical knowledge) An ascetic who has spent twenty years as an ascetic is *paryaya sthavir* (senior in terms of period of initiation)

***सुमन-दुर्मनादि-पद [ मनोवृत्ति के अनुरूप मानव चरित्र का विश्लेषण ]***

**SUMAN-DURMANADI-PAD (SEGMENT OF GOOD TEMPERED, BAD TEMPERED ETC.)**

**१८८. तओ पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–सुमणे, दुम्मणे, णोसुमणे–णोदुम्मणे।**

**१८९. तओ पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–गंता णामेगे सुमणे भवइ, गंता णामेगे दुम्मणे भवइ, गंता णामेगे णोसुमणे णोदुम्मणे भवइ। १९०. तओ पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–जामीतेगे सुमणे भवइ, जामीतेगे दुम्मणे भवइ, जामीतेगे णोसुमणे–णोदुम्मणे भवइ। १९१. एवं जाइस्सामीतेगे सुमणे भवइ (३)।**

**१९२. तओ पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–अगंता णामेगे सुमणे भवइ (३)।**

**१९३. तओ पुरिस जाया पण्णत्ता, तं जहा–ण जामि एगे सुमणे भवइ (३)।**

**१९४. तओ पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–ण जाइस्सामि एगे सुमणे भवइ (३)।**

**१९५. एवं आगंता णामेगे सुमणे भवइ (३)। १९६. एमीतेगे सुमणे भवइ (३)। १९७. एस्सामीति एगे सुमणे भवइ (३)।**

**एवं एएणं अभिलावेणं—**

**१९८. १. गंता य अगंता (य), २. आगंता खलु तहा अणागंता।**
**३. चिट्ठित्तमचिट्ठित्ता, ४. णिसिइत्ता चेव नो चेव॥**
**५. हंता य अहंता य, ६. छिंदित्ता खलु तहा अच्छिंदित्ता।**
**७. बूइत्ता अबूइत्ता, ८. भासित्ता चेव णो चेव॥**
**९. दच्चा य अदच्चा य, १०. भुंजित्ता खलु तहा अभुंजित्ता।**
**११. लंभित्ता अलंभित्ता, १२. पिइत्ता चेव णो चेव॥**
**१३. सुइत्ता असुइत्ता, १४. जुज्झित्ता खलु तहा अजुज्झित्ता।**
**१५. जइत्ता अजयित्ता य, १६. पराजिणित्ता य चेव नो चेव॥**
**१७. सद्दा, १८. रूवा।**
**१९. गंधा, २०. रसा य।**
**२१. फासा तहेव ठाणा य। (२१ × ६ = १२६ + १ = १२७)**

**निस्सीलस्स गरहिता, पसत्था पुण सीलवंतस्स।**

**एवमिक्केक्के तिन्नि उ तिन्नि उ आलावगा भाणियव्वा।**

**सद्दं सुणेत्ता णामेगे सुमणे भवइ (३)। एवं सुणेमीति. (३), सुणिस्सामीति. (३)।**

**एवं असुणेत्ता. णामेगे सुमणे भवइ। न सुणेमीति। न सुणिस्सामीति। एवं रूवाइं, गंधाइं, रसाइं, फासाइं, एक्केक्के छ–छ आलावगा भाणियव्वा।**

१८८. तीन प्रकार के पुरुष होते है, जैसे–(१) सुमनस्क–सुन्दर मन वाले, (२) दुर्मनस्क–असुन्दर मन वाले, और (३) न सुन्दर न असुन्दर मन वाले (मध्यस्थ वृत्ति रखने वाले)।

१८९. (विभिन्न प्रसगों की अपेक्षा से) तीन प्रकार के पुरुष होते है, जैसे–(१) कोई पुरुष कहीं जाकर हर्षित होता है, (२) कोई कहीं जाकर दु:खित होता है, और (३) कोई न हर्षित होता है न दु:खी होता है (तटस्थ रहता है)।.(ये अतीतकाल के तीन भग है।) १९०. तीन प्रकार के पुरुष होते है, जैसे–(१) कोई मै जाता हूँ, ऐसा विचार कर प्रसन्न होता है, (२) कोई मै जाता हूँ, इस विचार से दु.खी होता है, और (३) कोई मैं जाता हूँ, इससे न सुखी और न दु खी होता है। (ये वर्तमान क्रिया के तीन भंग हैं।) १९१. इसी प्रकार कोई पुरुष किसी स्थान पर जाऊँगा, ऐसा विचार करने पर सुमन होता है, दुर्मन होता है कोई समभावयुक्त रहता है। (ये भविष्यत् काल के तीन भंग हैं।)

१९२. तीन प्रकार के पुरुष होते है, जैसे--कोई अमुक स्थान पर नहीं गया, ऐसा विचार कर सुमन, कोई दुर्मन और कोई समभाव रहता है (३)।

१९३. तीन प्रकार के पुरुष होते है, जैसे--कोई पुरुष मै नही जाता हूँ, ऐसा विचारने से सुमन और कोई दुर्मन तथा कोई न सुमन न दुर्मन होता है (३)।

१९४. तीन प्रकार के पुरुष होते है, जैसे--मै नही जाऊँगा, ऐसा विचारने से कोई सुमन, कोई दुर्मन और कोई तटस्थभावयुक्त रहता है (३)।

१९५. इसी प्रकार कोई पुरुष (भूतकाल मे) अमुक स्थान पर आया था, यह विचार कर सुमन, कोई दुर्मन और कोई समभावयुक्त रहता है।

१९६. अमुक स्थान पर आता हूँ, यह विचार कर कोई सुमन, कोई दुर्मन और कोई मध्यस्थ भाव युक्त होता है।

१९७. इसी प्रकार कोई व्यक्ति अमुक स्थान पर (भविष्यत् काल) आऊँगा, ऐसा विचारने से सुमन, कोई दुर्मन और कोई तटस्थ रहता है। इसी अभिलाप से निम्नलिखित गाथाओ को जानना चाहिए, जैसे--

१९८. (१) अमुक स्थान पर जाकर और न जाकर (३)।

(२) अमुक स्थान पर आकर और न आकर (३)।

(३) अमुक स्थान पर ठहरकर और न ठहरकर (३)।

(४) अमुक स्थान मे बैठकर और न बैठकर (३)।

(५) अमुक व्यक्ति को मारकर और न मारकर (३)।

(६) अमुक का छेदन कर और न छेदन कर (३)।

(७) अमुक पद--वाक्यादि बोलकर और न बोलकर (३)।

(८) अमुक से सभाषण वार्त्तालाप कर और न कर (३)।

(९) अमुक को देकर और न देकर (३)।

(१०) अमुक वस्तु खाकर और न खाकर (३)।

(११) अमुक वस्तु प्राप्त कर और न प्राप्त कर (३)।

(१२) अमुक पेय पीकर और न पीकर (३)।

(१३) अमुक समय व स्थान पर सोकर और न सोकर।

(१४) अमुक से युद्ध करके और न करके।

(१५) अमुक को जीतकर और न जीतकर।

(१६) अमुक से पराजित होकर और न होकर।

(१७) शब्द, (१८) रूप, (१९) गन्ध, (२०) रस, और (२१) स्पर्श, इनका अनुभव करके सुमन, दुर्मन और तटस्थ रहने के उक्त प्रकार से तीन-तीन रूप भूत, वर्तमान व भविष्य काल के जान लेने चाहिए।

ऊपर कहे गये सभी स्थान शील-व्रत-विहीन पुरुष के लिये गर्हित होते है और शीलवान व्यक्ति के लिये प्रशस्त होते है, इसी प्रकार एक-एक पद के तीन-तीन आलापक जानने चाहिये। जैसे कि-

कोई पुरुष शब्द को सुनकर सुमना, दुर्मना होता है और एक मध्यस्थ वृत्ति रहता है। (१)

कोई शब्द को सुनता हूँ, इस विचार से हर्षित, एक अप्रसन्न और एक मध्यस्थ रहता है। (२)

कोई शब्द को सुनूँगा, ऐसा विचारने पर सुमन, कोई दुर्मन और कोई मध्यस्थ रहता है। (३)

इसी प्रकार कोई व्यक्ति शब्द न सुनकर सुमन, कोई दुर्मन और कोई समभावयुक्त करता है। (४)

शब्द नही सुनता, यह सोचकर कोई व्यक्ति सुमन, कोई दुर्मन और कोई समभावयुक्त होता है। (५)

शब्द नही सुनूँगा ऐसा विचारने पर कोई सुमन, कोई दुर्मन और कोई एक मध्यस्थ होता है। (६)

इसी प्रकार रूप, गन्ध, रस और स्पर्श के भी एक-एक के छ -छ आलापक कथन करने चाहिये।

इस तरह उक्त २१ आलापक का प्रत्येक के ६ भेद करने पर कुल १२७ भेद हो जाते है।

**188.** Men are of three kinds—(1) *sumanask* (good tempered), (2) *durmanask* (bad tempered), and (3) *nosumanask-nodurmanask* (neither good nor bad tempered)

In context of different circumstances—**189.** Men are of three kinds—(1) a man is happy having gone some place, (2) a man is unhappy having gone some place, and (3) a man is neither happy nor unhappy having gone some place (remains neutral) (These are three facets related to the past ) **190.** Men are of three kinds—(1) a man is happy thinking that he goes some place, (2) a man is unhappy thinking that he goes some place, and (3) a man is neither happy nor unhappy thinking that he goes some place (These are three facets related to the present ) **191.** In the same way a man is happy, unhappy or neutral thinking that he will go some place. (These are three facets related to the future )

**192.** Men are of three kinds—a man is happy, another is unhappy and yet another is neutral thinking that he did not go to some place

**193.** Men are of three kinds—a man is happy, another is unhappy and yet another is neutral thinking that he does not go to some place

**194.** Men are of three kinds—a man is happy, another is unhappy and yet another is neutral thinking that he will not go to some place

**195.** In the same way a man is happy, another is unhappy and yet another is neutral thinking that he had come to some place

**196.** A man is happy, another is unhappy and yet another is neutral thinking that he comes to some place.

**197.** In the same way a man is happy, another is unhappy and yet another is neutral thinking that he will come to some place.

The same alternatives should be applied to the following statements—

**198.** (1) Going or not going to some place

(2) Coming or not coming to some place

(3) Staying or not staying at some place.

(4) Sitting or not sitting at some place.

(5) Killing or not killing some person

(6) Piercing or not piercing some thing

(7) Uttering or not uttering some sentence

(8) Talking or not talking to some person

(9) Giving or not giving to some person

(10) Eating or not eating some thing

(11) Getting or not getting some thing

(12) Killing or not killing some person

(13) Drinking or not drinking some liquid.

(14) Fighting or not fighting with some person

(15) Conquering or not conquering some person

(16) Losing or not losing to some person

Three facets each related to past, present and future with regard to being happy, unhappy and neutral on experiencing (17) sound, (18) appearance, (19) smell, (20) taste and (21) touch should also be noted.

All the above said *sthaans* (alternatives) are detrimental for a person devoid of code of good conduct or righteousness and beneficial for one following code of good conduct or righteousness Accordingly three facet of each statement should be noted For example—

A man is happy, another is unhappy and yet another is neutral having heard a sound

A man is happy, another is unhappy and yet another is neutral thinking that he hears a sound

A man is happy, another is unhappy and yet another is neutral thinking that he will hear a sound.

A man is happy, another ıs unhappy and yet another is neutral having not heard a sound.

A man ıs happy, another is unhappy and yet another is neutral thinking that he does not hear a sound

A man is happy, another ıs unhappy and yet another ıs neutral thinkıng that he wıll not hear a sound

In the same way six facets each of appearance, smell, taste and touch should be noted

Thus six dıvısions each of aforesaid twenty one statements make a total of 127 dıvısions

**विवेचन**–सूत्र १८८ से १९७ तक तथा उसके आगे के आलापको में **पुरिसजात** शब्द मनुष्य मात्र के स्वभाव की विभिन्नता व विचित्रता का सूचक है। ससार में मनुष्य विविध प्रकार की रुचि एव मनोवृत्ति वाले होते है। एक ही घटना, प्रसग, अनुभूति तथा प्रवृत्ति से कोई मनुष्य प्रसन्न होता है, कोई अप्रसन्न होता है और कोई तटस्थ रहता है। प्रसन्नता, हर्ष व आनन्द का अनुभव करना सुमनस्कता है। विषाद, खेद व अप्रसन्नता अनुभव करना दुर्मनस्कता है जो उनके प्रति उपेक्षा, उदासीनता, तटस्थता या समभाव रखता है वह न सुमनस है न ही दुर्मन है। सुमनस्कता राग, दुर्मनस्कता द्वेष और तटस्थता समभाव का सूचक है।

उदाहरणस्वरूप–कोई उदार वृत्ति वाला मनुष्य दान देकर प्रसन्न होता है। कजूस वृत्ति वाला देकर दु खी होता है। तटस्थ रहने वाला कर्त्तव्य भाव से देकर उस पर न हर्षित होता है और न ही दु खी।

कोई अमुक भोजन करके सुख अनुभव करता है, कोई दु:ख तथा कोई समभाव रखता है।

उक्त सपूर्ण विवेचन का सारभूत निष्कर्ष बताते हुए सूत्रकार ने कहा है–**निस्सीलस्स गरहिता पसत्था पुण सीलवंतस्स**–प्रत्येक क्रिया, शीलरहित, दु:शील, अव्रती व मिथ्यादृष्टि के लिए गर्हित (दु खदायी) हो जाती है किंतु शीलवान (सदाचारी) व्रतयुक्त सम्यग्दृष्टि के लिए वही क्रिया प्रशस्त व लाभकारी सिद्ध होती है। मनुष्य के सुख–दु ख की अनुभूति का आधार वस्तु नहीं, उसका भाव, दृष्टि या चरित्र होता है। शब्द, रूप आदि का भोग शीलरहित के लिए दु ख का कारण है तो शीलवान व्यक्ति के लिए वही सुख के कारण बन जाते है।

उक्त सूत्रों में प्रत्येक क्रिया के तीन–तीन रूप बताये है। भूतकाल की पूरक क्रिया (जाकर) वर्तमान काल की (जाता हूँ) और भविष्यत् काल की (जाऊँगा)। इस प्रकार प्रत्येक क्रिया के साथ तीन प्रकार की अनुभूति से जीव सुमन, दुर्मन और नोसुमन–नोदुर्मन होता है। शब्द, रूप, रस, गध और स्पर्श के सम्बन्ध में भी उसी प्रकार तीनो काल की तीन प्रकार की अनुभूति होती है। इस प्रकार सुमन, दुर्मन नोसुमन–नोदुर्मन के ४२ विकल्पो के तीन काल सबधी ४२ × ३ = १२६ + १ = १२७ विकल्प होते है।

उक्त आलापक का पाठ स्थानांगसूत्र अभयदेववृत्ति में इसी प्रकार है। आचार्य श्री आत्माराम जी म. ने यही पाठ मान्य रखा है तथा आगमो की अनेक प्राचीन प्रतियों का अनुसधान करने वाले मुनि जम्बूविजय जी ने भी यह पाठ मान्य रखा है। हमने आचार्य श्री आत्माराम जी म की प्रति का पाठ यहाँ दिया है। जैन विश्व भारती, लाडनू तथा आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर की प्रतियों मे सभी के विस्तृत पूरक पाठ दिये गये है। विस्तृत पाठ के इच्छुक उन प्रतियो को देखे।

**Elaboration**—In aphorisms 188 to 197 and still further the term *purisjaat* covers common human nature and its variations and vagaries In this world there are men with varied interests and attitudes One particular incident, occasion, experience and tendency pleases one person, displeases another and yet another remains neutral To experience pleasure, happiness and joy is to be *sumanask* or good tempered To experience displeasure, unhappiness and sadness is to be *durmanask* or bad tempered To ignore, be apathetic, neutral and equanimous is to be neither *sumanask* nor *durmanask* Good temper is sign of attachment, bad temper that of aversion and neutrality that of equanimity

For example a generous person is happy after giving charity A stingy person is unhappy after giving charity A neutral person does charity as his duty and is neither happy nor sad

Some one is pleased to eat a particular food, another person is displeased and yet another remains neutral

Giving the gist of the aforesaid discussion the author states that every action is detrimental for a person devoid of code of good conduct and righteousness but the same action is beneficial for one following code of good conduct and righteousness The basis of the experience of pleasure or pain for a person is not the thing but his feelings, perspective and disposition The enjoyment of sound, appearance and other sensual experiences is cause of misery for one devoid of righteousness but the same becomes the cause of happiness for the righteous

In the aforesaid aphorisms every action has been presented three ways—past (having gone), present (go) and future (will go) Thus with every action a being reflects good temper, bad temper and neutral temper with three kinds of experience In the same way there are three kinds of experience related to three periods with regard to sound, appearance, taste, smell and touch. This way there are 127 divisions of the 21 actions and their opposites (42) for three periods (past, present and future) ($42 \times 3 = 126 + 1 = 127$)

The same reading of this text is available in the Abhayadev *Vritti* of *Sthananga Sutra*. Acharya Shri Atmamarm ji M. has accepted this very reading. Muni Shri Jambuvijaya ji, who has done research on many ancient manuscripts of *Agams*, has also accepted this reading. We have therefore accepted this reading only. The editions from Jain Vishva Bharati, Ladnu and Agam Prakashan Samiti, Beawar have also included additional complementary texts. Readers interested in these detailed texts may refer to those editions.

### गर्हित–स्थान–पद GARHIT-STHAAN-PAD (SEGMENT OF CONDEMNED PLACES)

**१९९. तओ ठाणा णिस्सीलस्स णिग्गुणस्स णिम्मेरस्स णिप्पच्चक्खाणपोसहोववासस्स गरहिता भवंति, तं जहा—अस्सिं लोगे गरहिते भवति, उववाते गरहिते भवति, आयाती गरहिता भवति।**

१९९. शीलरहित, गुणरहित, मर्यादाहीन एवं प्रत्याख्यान तथा पौषधोपवास से विमुख पुरुष के तीन स्थान गर्हित होते हैं–(१) **इहलोक** (वर्तमान भव) गर्हित होता है, (२) **उपपात** (देव और नरक गति का जन्म) गर्हित होता है। (क्योंकि अकामनिर्जरा आदि कारणों से देवभव पाकर भी वह किल्विषिक जैसे निकृष्ट देवों मे उत्पन्न होता है), तथा (३) **आगामी** जन्म (देव या नरक गति के पश्चात् होने वाला मनुष्य या तिर्यंचभव) भी गर्हित होता है, वहाँ भी उसे निम्न अवस्था प्राप्त होती है।

**199.** Three places of a person devoid of *sheel* (chaste disposition), *guna* (noble qualities), *maryada* (discipline), *pratyakhyan* (perfect abstainment) and *paushadhopavas* (partial ascetic vow and fasting) are *garhit* (condemned)—(1) *ihalok* (present life) is condemned, (2) *upapat* is condemned (instantaneous birth in divine or infernal dimensions), and (3) *agami* is condemned (birth after next, *i.e.* as man or animal)

### प्रशस्त–स्थान–पद PRASHAST-STHAAN-PAD (SEGMENT OF GLORIOUS PLACES)

**२००. तओ ठाणा सुसीलस्स सुव्वयस्स सगुणस्स समेरस्स सपच्चक्खाणपोसहोववासस्स पसत्था भवंति, तं जहा—अस्सिं लोगे पसत्थे भवति, उववाए पसत्थे भवति, आयाती पसत्था भवति।**

२००. सुशील, सुव्रती, सद्‌गुणी, मर्यादायुक्त एव प्रत्याख्यान–पौषधोपवास की आराधना करने वाले पुरुष के तीन स्थान प्रशस्त होते हैं–(१) **इहलोक**–(वर्तमान भव) प्रशस्त होता है, (२) **उपपात**–(आगामी देवभव) प्रशस्त होता है, एवं (३) उससे भी आगे का जन्म प्रशस्त होता है।

**200.** Three places of a person endowed with *sheel* (chaste disposition), *guna* (noble qualities), *maryada* (discipline), *pratyakhyan* (perfect abstainment) and *paushadhopavas* (partial ascetic vow and fasting) are *prashast* (glorious)—(1) *ihalok* (present life) is glorious, (2) *upapat* (instantaneous birth in divine or infernal dimensions) is glorious, and (3) *agami* (birth after next, i.e. as man or animal) is glorious

## जीव वर्गीकरण-पद JIVA VARGIKARAN-PAD (SEGMENT OF CLASSIFICATION OF BEINGS)

**२०१. तिविधा संसारसमावण्णगा जीवा पण्णत्ता, तं जहा-इत्थी, पुरिसा, णपुंसगा। २०२. तिविहा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा-सम्मद्दिट्ठी, मिच्छादिट्ठी, सम्मामिच्छदिट्ठी। अहवा-तिविहा सव्वजीवा पण्णत्ता, तं जहा-पज्जत्तगा, अपज्जत्तगा, णोपज्जत्तगा-णोऽपज्जत्तगा एवं सम्मद्दिट्ठी, परित्ता, पज्जत्तगा, सुहुम, सन्नि, भविया य।**

२०१. ससारी जीव तीन प्रकार के है-(१) स्त्री, (२) पुरुष, और (३) नपुंसक। २०२. अथवा सभी जीव तीन प्रकार के है-(१) सम्यग्दृष्टि, (२) मिथ्यादृष्टि, और (३) सम्यग्मिथ्यादृष्टि। अथवा सब जीव तीन प्रकार के हैं-(१) पर्याप्त, (२) अपर्याप्त, एव (३) न पर्याप्त और न अपर्याप्त (सिद्ध)। इसी प्रकार सम्यग्दृष्टि, परीत (एक शरीर में एक जीव वाला), अपरीत (एक शरीर मे अनन्त जीव वाला), नोपरीत-नोअपरीत (सिद्ध), सूक्ष्म, बादर, नोसूक्ष्म-नोबादर (सिद्ध), संज्ञी, असज्ञी, नोसंज्ञी-नोअसंज्ञी (सिद्ध), भव्य, अभव्य, नोभव्य-नोअभव्य भी (सिद्ध) जानना चाहिए।

**201.** *Sansari jiva* (worldly beings) are of three kinds—(1) *stree* (female), (2) *purush* (male), and (3) *napumsak* (neuter) **202** Also all beings are of three kinds—(1) *samyagdrishti* (beings with right perception/faith), (2) *mithyadrishti* (beings with wrong perception/faith), and (3) *samyagmithyadrishti* (beings with right-wrong or mixed perception/faith) Also all beings are of three kinds—(1) *paryapt* (fully developed), (2) *aparyapt* (underdeveloped), and (3) *noparyapt-noaparyapt* (neither fully developed nor underdeveloped; *Siddha*) Like *samyagdrishti* the same is true for—*pareet* (one soul in one body), *nopareet* (multiple souls in one body) and *pareet-nopareet* (*Siddha*); *sukshma* (minute), *badar* (gross) and *nosukshma-nobadar* (*Siddha*), *sanjni* (sentient), *asanjni* (non-sentient) and *nosanjni-noasanjni* (*Siddha*) and *bhavya* (worthy of being liberated), *abhavya* (unworthy of being liberated) and *nobhavya-noabhavya* (*Siddha*)

## लोक-स्थिति-पद LOKASTHITI-PAD (SEGMENT OF STRUCTURE OF UNIVERSE)

**२०३. तिविहा लोगठिती पण्णत्ता, तं जहा-आगासपइट्ठिए वाते, वातपइट्ठिए उदही, उदहीपइट्ठिया पुढवी।**

२०३. लोक-स्थिति तीन प्रकार की है-आकाश पर घनवात तथा तनुवात प्रतिष्ठित है। घनवात और तनुवात पर घनोद (हिम समुद्र) प्रतिष्ठित है और घनोदधि पर पृथ्वी प्रतिष्ठित-स्थित है।

**203.** *Lokasthiti* (structure of universe) is three tiered—*ghanavaat* (dense air) and *tanuvaat* (rarefied air) are located over *akash* (space) *Ghanod* (dense or frozen water) is located over *ghanavaat* and *tanuvaat* *Prithvi* (earth) is located over *Ghanod*

लोक स्थिति
देव विमान

चित्र परिचय १०

Illustration No. 10

# लोकस्थिति और देव विमान

यह १४ राजू प्रमाण सम्पूर्ण लोक तीन भागो मे विभक्त है (१) **अधोलोक**–सात नरक भूमियाँ है। (२) **मध्यलोक**–बीच मे मनुष्य लोक है। (३) **ऊर्ध्वलोक**–इसमे १२ कल्पविमान, ९ नवग्रैवेयक विमान, ५ अनुत्तर विमान और उन सबसे ऊपर सिद्ध शिला (मोक्ष स्थान) है।

सात नरक भूमियो के नीचे सबसे नीचे आकाश है। आकाश पर **तनुवात**, उस पर **घनवात**, उस पर **घनोदधि** है। घनोदधि पर यह समस्त लोक स्थित है।

सम्पूर्ण लोक के बाहर चारो तरफ तनुवात, घनवात तथा घनोदधि के तीन वलय है।

*स्थान ३ सूत्र २०३, २५१, ४०७*

**देव विमानो का आकार–**

देव विमान तीन प्रकार के आकार मे है- (१) कुछ खिले हुए कमल की तरह गोलाकार, उनके चारो तरफ परकोटा है तथा एक द्वार है। (२) कुछ **त्रिकोणाकार** है, उनके दो तरफ परकोटा और तीन द्वार है। (३) कुछ विमान **चतुष्कोण** (चौकार) होते है, उनके चारो तरफ वेदिका है और चार द्वार है।

चित्र मे एक तरफ लोक की स्थिति तथा दूसरी ओर देव विमानो की आकृति दर्शायी है।

*-स्थान ३ सूत्र २५०*

## STRUCTURE OF LOK AND CELESTIAL VEHICLES

This complete *Lok* with 14 *Rajju* spread is divided into three sections— **(1) Adholok**—seven infernal worlds **(2) Madhyalok**—the middle world or the land of humans **(3) Urdhvalok**—It has 12 *Kalp Vimaans*, 9 *Nav agraiveyak Vimaans*, 5 *Anuttar Vimaans* and above all *Siddha Shila* or the land of the liberated

Below the seven infernal worlds there is space intervened by three layers Above space is **tanuvat**, above **tanuvat** is **ghanavat** and above that is **ghanodadhi** Over *ghanodadhi* rests this entire *Lok*

Outside and around the entire *Lok* also there are three rings of *tanuvat*, *ghanavat* and *ghanodadhi*

*—Sthaan 3, Sutra 203, 251, 407*

**Celestial Vehicles—**

*Dev Vimaans* (celestial vehicles) have three shapes—(1) Some are round like a lotus in bloom They have a surrounding parapet wall and a gate (2) Some are **triangular** These have parapet walls on two sides and three gates (3) Some are **square shaped** On their four sides there are raised platforms They have four gates

In the illustration on the left is structure of the *Lok* and on the right the shapes of celestial vehicles

*—Sthaan 3, Sutra 250*

**विवेचन**—आकाश सब द्रव्यों का आधारभूत है। रत्नप्रभा आदि सात पृथ्वियों के नीचे प्रत्येक पृथ्वी के नीचे बीच-बीच में तीन वलय हैं। सबसे नीचे **तनुवात** जो सूक्ष्म पवन है, उस पर **घनवात** यह पिघले हुए घी के समान कुछ ठोस पवन है, उस पर **घनोदधि** बर्फ के रूप मे जमा हुआ जल, जो जमे हुए घी के समान ठोस है। उस पर रत्नप्रभा आदि पृथ्वियाँ स्थित हैं। *(भगवतीसूत्र, शतक १२/१)*

**Elaboration**—Space is the base of all entities. Under each of the seven *prithvis* (hells) or in the intervening space between each of the seven *prithvis*, that are located one above the other, are three rings. Lowest is *tanuvaat* that is rarefied air. Over it is *ghanavaat* that is butter-like dense air Over this is *ghanod* that is dense or frozen water. Over these three rings rests each *prithvi* *(Bhagavati Sutra 12/1)*

### *दिशा-पद* DISHA-PAD (SEGMENT OF DIRECTIONS)

**२०४. तओ दिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—उड्ढा, अहा, तिरिया। २०५. तिहिं दिसाहिं जीवाणं गती पवत्तति—उड्ढाए, अहाए, तिरियाए। २०६. एवं तिहिं दिसाहिं जीवाणं—आगती, वक्कंती, आहारे, वुड्ढी, णिवुड्ढी, गतिपरियाए, समुग्घाते, कालसंजोगे, दंसणाभिगमे, णाणाभिगमे, जीवाभिगमे। २०७. तिहिं दिसाहिं जीवाणं अजीवाभिगमे पण्णत्ते, तं जहा—उड्ढाए, अहाए, तिरियाए। २०८. एवं—पंचिंदियतिरिक्ख जोणियाणं। २०९. एवं मणुस्साणवि।**

२०४. दिशाएँ तीन हैं—ऊर्ध्वदिशा, अधोदिशा और तिर्यग्दिशा। २०५. तीनो दिशाओ मे जीवो की (१) गति होती है—ऊर्ध्वदिशा मे, अधोदिशा मे और तिर्यग्दिशा मे। २०६. इसी प्रकार तीनों दिशाओ से जीवो की (२) **आगति**—(आगमन), (३) **अवक्रान्ति**—(उत्पत्ति), (४) आहार, (५) वृद्धि, (६) निवृद्धि (हानि), (७) गति-पर्याय, (८) समुद्घात, (९) कालसयोग, (१०) दर्शनाभिगम—(प्रत्यक्षदर्शन से होने वाला बोध), (११) ज्ञानाभिगम—(प्रत्यक्षज्ञान के द्वारा होने वाला बोध), और (१२) जीवाभिगम—(जीव-विषयक बोध) होता है। २०७. तीनो दिशाओ मे अजीवाभिगम होता है—ऊर्ध्वदिशा मे, अधोदिशा में और तिर्यग्दिशा मे। २०८. इसी प्रकार पञ्चेन्द्रियतिर्यग्योनि वाले जीवो की गति, आगति आदि तीनो दिशाओ मे होती है। २०९. इसी प्रकार मनुष्यों की भी गति, आगति आदि तीनो ही दिशाओ मे होती है।

**204.** There are three *dishas* (directions)—*urdhva disha* (upper direction or zenith), *adho disha* (lower direction or nadir) and *tiryak disha* (transverse direction). **205.** *Jivas* (beings or souls) have (1) *gati* (movement) in all the three directions—*urdhva disha, adho disha* and *tiryak disha* **206.** In the same way *jivas* have the following in all the three directions—(2) *aagati* (arrival from), (3) *avakranti* (origination), (4) *ahar* (food intake), (5) *vriddhi* (growth), (6) *nivriddhi* (decay), (7) *gati-paryaya* (physical movement), (8) *samudghat* (bursting, the process employed for transmutation and transformation), (9) *kaal-samyog* (time association, such as time of death etc ), (10) *darshanabhigam* (knowledge

acquired through direct perception), (11) *jnanabhigam* (knowledge acquired through self realization), (12) *jivabhigam* (knowledge of beings and soul). **207.** *Ajivabhigam* is in all the three directions—*urdhva disha, adho disha* and *tiryak disha* **208.** In the same way *gati, agati* etc of five-sensed animals is in all the three directions **209.** In the same way *gati, agati* etc. of human beings is in all the three directions

**त्रस-स्थावर-पद TRAS-STHAVAR-PAD (SEGMENT OF MOBILE AND IMMOBILE)**

**२१०. तिविहा तसा पण्णत्ता, तं जहा-तेउकाइया, वाउकाइया, उराला तसा पाणा। २११. तिविहा थावरा पण्णत्ता, तं जहा-पुढविकाइया, आउकाइया, वणस्सकाइया।**

२१०. त्रसजीव तीन प्रकार के होते है-तेजस्कायिक, वायुकायिक और उदार त्रसप्राणी (द्वीन्द्रियादि)। २११. स्थावर जीव तीन प्रकार के होते है-पृथ्वीकायिक, अप्कायिक और वनस्पतिकायिक।

**210.** *Tras jiva* (mobile beings) are of three kinds—*tejaskayik* (fire-bodied), *vayukayik* (air-bodied) and *udaar tras prani* (willfully moving beings) **211.** *Sthavar jiva* (immobile beings) are of three kinds—*prithvikayik* (earth-bodied), *apkayik* (water-bodied) and *vanaspatikayik* (plant-bodied)

**विवेचन**-प्रस्तुत सूत्र मे तेजस्कायिक और वायुकायिक को गति की अपेक्षा त्रस कहा गया है। पर उनके स्थावर नामकर्म का उदय है अत वे वास्तव मे स्थावर ही है।

**Elaboration**—In this aphorism fire-bodied and air-bodied beings have been classified as mobile beings because of their natural physical movement but not willful movement However, due to fruition of *sthavar naam karma* (*karma* responsible for immobile origin with absence of willful movement) they are in fact immobile

**अच्छेद्य-आदि-पद ACHCHHEDYADI-PAD (SEGMENT OF IMPENETRABILITY ETC.)**

**२१२. तओ अच्छेज्जा (१) पण्णत्ता, तं जहा-समए, पदेसे, परमाणू। २१३. एवमभेज्जा, (२) अडज्झा, (३) अगिज्झा, (४) अणड्ढा, (५) अमज्झा, (६) अपएसा (७)। तओ अभेज्जा पण्णत्ता, तं जहा-समए, पदेसे, परमाणू। २१४. तओ अणज्झा पण्णत्ता, तं जहा-समए, पदेसे, परमाणू। २१५. तओ अगिज्झा पण्णत्ता, तं जहा-समए, पदेसे, परमाणू। २१६. तओ अणड्ढा पण्णत्ता, तं जहा-समए, पदेसे, परमाणू। २१७. तओ अमज्झा पण्णत्ता, तं जहा-समए, पदेसे, परमाणू। २१८. तओ अपएसा पण्णत्ता, तं जहा-समए, पदेसे, परमाणू। २१९. तओ अविभाइमा पण्णत्ता, तं जहा-समए, पदेसे, परमाणू।**

२१२. तीन अच्छेद्य (जिनका छेदन नही हो सकता) होते हैं-(१) समय (काल का सबसे छोटा भाग) (२) प्रदेश (आकाश आदि द्रव्यो का सबसे छोटा भाग) और (३) परमाणु (पुद्गल का सबसे छोटा भाग)। २१३. इसी प्रकार तीन अभेद्य, अदाह्य, अग्राह्य, अनर्ध, अमध्य और अप्रदेशी होता है। जैसे अभेद्य (भेदन करने के अयोग्य है-समय प्रदेश और परमाणु। २१४ तीन अदाह्य (दाह करने के

अयोग्य) होते हैं—समय, प्रदेश और परमाणु। २१५. तीन अग्राह्य (ग्रहण करने के अयोग्य) होते हैं—समय, प्रदेश और परमाणु। २१६. तीन अनर्ध (अर्ध भाग से रहित) होते है—समय, प्रदेश और परमाणु। २१७. तीन अमध्य (मध्य भाग से रहित) होते हैं—समय, प्रदेश और परमाणु। २१८. तीन अप्रदेशी (प्रदेशो से रहित) होते है—समय, प्रदेश और परमाणु। २१९. तीन अविभाज्य (विभाजन के अयोग्य) हैं—समय, प्रदेश और परमाणु।

**212.** Three things are *achchhedya* (cannot be pierced; impenetrable)—(1) *Samaya* (smallest fraction of time), (2) *pradesh* (smallest fraction of space; space-point) and (3) *paramanu* (smallest fraction of matter, ultimate particle) **213.** In the same way three things are *abhedya* (cannot be disintegrated), *adahya* (cannot be burnt), *agrahya* (cannot be taken or confined), *anardh* (cannot be halved), *amadhya* (without a center or middle), and *apradeshi* (without sections). For example three things are *abhedya* (cannot be disintegrated)—*Samaya, pradesh* and *paramanu* **214.** Three things are *adahya* (cannot be burnt)—*Samaya, pradesh* and *paramanu* **215.** Three things are *agrahya* (cannot be taken or confined)—*Samaya, pradesh* and *paramanu* **216.** Three things are *anardh* (cannot be halved)—*Samaya, pradesh* and *paramanu* **217.** Three things are *amadhya* (without a center or middle)—*Samaya, pradesh* and *paramanu* **218.** Three things are *apradeshi* (without sections)—*Samaya, pradesh* and *paramanu* **219.** Three things are *avibhajya* (indivisible)—*Samaya, pradesh* and *paramanu*

### दुःख-पद DUHKHA-PAD (SEGMENT OF MISERY)

२२०. अज्जोति ! समणे भगवं महावीरे गोयमादी समणे निग्गंथे आमंतेत्ता एवं वयासी—किं भया पाणा समणाउसो ?

गोयमादी समणा णिग्गंथा समणं भगवं महावीरं उवसंकमंति, उवसंकमित्ता वंदंति णमंसंति, वंदित्ता णमंसित्ता एवं वयासी—णो खलु वयं देवाणुप्पिया ! एयमट्ठं जाणामो वा पासामो वा। तं जदि णं देवाणुप्पिया ! एयमट्ठं णो गिलायंति परिकहित्तए, तमिच्छामो णं देवाणुप्पियाणं अंतिए एयमट्ठं जाणित्तए।

अज्जोति ! समणे भगवं महावीरे गोयमादी समणे निग्गंथे आमंतेत्ता एवं वयासी—दुक्खभया पाणा समणाउसो !

से णं भंते ! दुक्खे केण कडे ? जीवेणं कडे पमादेणं।

से णं भंते ! दुक्खे कहं वेइज्जति ? अप्पमाएणं।

२२०. श्रमण भगवान महावीर ने गौतम आदि श्रमण निर्ग्रन्थो को आमंत्रित करके इस प्रकार कहा—"आयुष्मन् !

श्रमणो ! जीव किससे भय खाते हैं ?"

गौतम आदि श्रमण निर्ग्रन्थ भगवान महावीर के समीप आये, वन्दन नमस्कार किया। वन्दन नमस्कार कर इस प्रकार बोले—"देवानुप्रिय ! हम इस अर्थ को नही जान रहे है, नही देख रहे हैं। यदि देवानुप्रिय को इस अर्थ का परिकथन प्रवचन करने (बताने) मे कष्ट न हो, तो हम आप देवानुप्रिय से इसे जानने की इच्छा रखते है।"

"आर्यो !" श्रमण भगवान महावीर ने गौतम आदि श्रमण निर्ग्रन्थो को सम्बोधित कर कहा—"जीव दु ख से भय खाते है।"

(प्रश्न) तो भगवन् ! दु ख किसके द्वारा उत्पन्न किया गया है ? (उत्तर) जीवो के द्वारा, अपने प्रमाद से उत्पन्न किया गया है।

(प्रश्न) तो भगवन् ! दु.खो का वेदन (क्षय) कैसे किया जाता है ? (उत्तर) जीवो के द्वारा, अपने ही अप्रमाद से किया जाता है।

**220.** Shraman Bhagavan Mahavir called Gautam and other *shraman nirgranths* (ascetics) and asked—"Long lived *Shramans* ! What is it that *jivas* (beings) are afraid of ?"

Gautam and other *shraman nirgranths* approached Bhagavan Mahavir and paid homage and obeisance After paying homage and obeisance they submitted—"Beloved of gods ! We neither know nor see this Beloved of gods ! If it is not inconvenient for you to explain this, we wish to know it from you."

"*Aryas* !" Shraman Bhagavan Mahavir addressed Gautam and other *shraman nirgranths*—"Beings are afraid of misery"

(Question) *Bhagavan* ! Who has created misery ? (Answer) It has been created by beings in their *pramad* (stupor)

(Question) *Bhagavan* ! How can we end miseries ? (Answer) Miseries are brought to an end by beings through their own *apramad* (non-stupor or alertness)

**विवेचन**—यहाँ प्रमाद का अर्थ आलस्य नही किन्तु आचार्य अभयदेवसूरि ने प्रमाद के आठ अर्थ बताये है—(१) अज्ञान, (२) सशय, (३) मिथ्याज्ञान, (४) राग, (५) द्वेष, (६) मतिभ्रश, (७) धर्म का आचरण न करना, धर्म मे अनादर या अनुत्साह, और (८) योगो की अशुभ प्रवृत्ति, अकुशल योग। *(संस्कृत टीका, पृ २२०)*

**Elaboration**—Here *pramad* does not just mean lethargy Abhayadev Suri has given eight meanings of *pramad*—(1) *ajnana* (ignorance), (2) *samshaya* (doubt), (3) *mithya-jnana* (false knowledge), (4) *raag* (attachment), (5) *dvesh* (aversion), (6) *matibhransh* (delusion or madness), (7) not following religious conduct, having disrespect for

religion and lack of enthusiasm in religion, and (8) indulgence in wrong association. *(Sanskrit Tika, p 220)*

**२२१. अण्णउत्थिया णं भंते ! एवं आइक्खंति एवं भासंति एवं पण्णवेंति एवं परूवेंति कहण्णं समणाणं णिग्गंथाणं किरिया कज्जति ?**

**(१) तत्थ जा सा कडा कज्जइ, णो तं पुच्छंति।**

**(२) तत्थ जा सा कडा णो कज्जति, णो तं पुच्छंति।**

**(३) तत्थ जा सा अकडा णो कज्जति, णो तं पुच्छंति।**

**(४) तत्थ जा सा अकडा कज्जति, तं पुच्छंति।**

**से एवं वत्तव्वं सिया ?**

**अकिच्चं दुक्खं, अफुसं दुक्खं, अकज्जमाणकडं दुक्खं। अकट्टु-अकट्टु पाणा भूया जीवा सत्ता वेयणं वेदेंतित्ति वत्तव्वं।**

**जे ते एवमाहंसु, मिच्छा ते एवमाहंसु।**

**अहं पुण एवमाइक्खामि एवं भासामि एवं पण्णवेमि एवं परूवेमि-किच्चं दुक्खं, फुसं दुक्खं, कज्जमाणकडं दुक्खं। कट्टु-कट्टु पाणा भूया जीवा सत्ता वेयणं वेयंतित्ति वत्तव्वयं सिया।**

**॥ द्वितीय उद्देशक समत्त ॥**

२२१. भदन्त ! कुछ अन्ययूथिक (दूसरे मत वाले) ऐसा आख्यान करते है, ऐसा भाषण करते है, ऐसा प्रज्ञापन करते है, ऐसा प्ररूपण करते है कि क्रिया करने के विषय मे श्रमण निर्ग्रन्थों का क्या अभिमत है-

(१) जो क्रिया कृत (की हुई) होती है, उसका यहाँ प्रश्न नही है।

(२) जो क्रिया की हुई नही होती, उसके विषय मे भी यहाँ प्रश्न नही है।

(३) जो क्रिया नही की हुई होती, उसका भी यहाँ प्रश्न नही है।

(४) किन्तु जो नही की हुई है, उसका यहाँ प्रश्न है।

उनका वक्तव्य इस प्रकार है-

(१) दु खरूप कर्म अकृत्य है (आत्मा के द्वारा नही किया जाता)।

(२) दुःख अस्पृश्य है (आत्मा से उसका स्पर्श नही होता)।

(३) दुःख अक्रियमाण कृत है (वह आत्मा के द्वारा नही किये जाने पर होता है)।

उसे बिना किये ही प्राण, भूत, जीव, सत्त्व, वेदना का वेदन करते है।

उत्तर-आयुष्मान् श्रमणो ! जो ऐसा कहते है, वे मिथ्या कहते है। किन्तु मै ऐसा आख्यान करता हूँ, भाषण करता हूँ, प्रज्ञापन करता हूँ और प्ररूपण करता हूँ कि-

(१) दुःख कृत्य है-(आत्मा के द्वारा उपार्जित किया जाता है।)

(२) दुःख स्पृश्य है-(आत्मा से उसका स्पर्श होता है।)

(३) दुःख क्रियमाण कृत है-(वह आत्मा के द्वारा किये जाने पर होता है।)

उसे करके ही प्राण, भूत, जीव, सत्त्व उसकी वेदना का वेदन करते हैं। ऐसा मेरा वक्तव्य है।

**221.** *Bhante* ! Some people belonging to other schools say, speak, establish and explain thus regarding the views of *Shraman Nirgranths* (Jain ascetics) about performing an act—

(1) Performed action with consequence is not in question here

(2) Performed action without consequence is not in question here.

(3) Not performed action without consequence is not in question here

(4) Not performed action with consequence is in question here

They state—

(1) Misery as action cannot be performed (it is not performed by soul)

(2) Misery is untouchable (soul does not touch it)

(3) Misery is a non-performed act (it manifests without any action by soul)

*Pran, bhoot, jiva* and *sattva* (beings, organisms, souls and entities) suffer it without indulging in action

(Answer) "Long lived *Shramans* ! Those who say thus are telling a lie I say, speak, establish and explain that—

(1) Misery as action is performed (it is earned by soul through action)

(2) Misery is touchable (soul touches it)

(3) Misery is a performed act (it manifests through an action by soul)

*Pran, bhoot, jiva* and *sattva* (beings, organisms, souls, and entities) suffer it only through indulging in action. So I say

**विवेचन**-उक्त सूत्र का स्पष्टीकरण करते हुए आचार्य श्री आत्माराम जी म. लिखते है कि किये हुए कर्म के फल के विषय में यहाँ चार भग कहे गये है। अन्य सप्रदाय वाले पूछते है-

(१) जो क्रिया रूप कर्म किया हुआ भोगा जाता है, उसके विषय मे तो हमारा कोई प्रश्न नही है। क्योंकि जो कर्म किया है उसे तो भोगना ही पडता है। यह सब मानते है।

(२) जो क्रिया रूप किया हुआ कर्म भोगने मे नही आता, उस विषय मे भी हम नहीं पूछते। क्योंकि तप के द्वारा उस कर्म को भस्म कर देने पर उसमे फल देने की शक्ति नही रहती।

(३) जो क्रिया रूप कर्म नही किया है, वह भोगने मे नहीं होता उस विषय मे भी हमारा प्रश्न नहीं है। क्योंकि कर्म किये बिना दुःख नही होता।

(४) किन्तु जो क्रिया रूप कर्म पूर्वकाल में नहीं किया है, किन्तु भोगने मे आता है, अर्थात् जिसने कर्म नही किया, उसे भी फल रूप दुःख भोगना पडता है। जैसे कोई तपस्वी वर्षों से एकान्त मे तप कर रहा है। पापो से दूर है, परन्तु किसी शिकारी द्वारा छोड़ा गया बाण उसे लगता है और उसका प्राणान्त हो जाता है। उसे यह प्राणान्त की वेदना रूप कर्म फल कृत कर्म को नही अपितु अकृत कर्म को भोगना पडा। उसी विषय मे हमारा प्रश्न है।

इस विषय मे भगवान महावीर का स्पष्ट उत्तर है कि–आत्मा द्वारा किये जाने पर ही दु ख रूप फल होता है। भले ही वह इस जन्म में नही किया हो, पूर्व जन्म कृत हो। जैसे भगवान महावीर ने पूर्व जन्मोपार्जित कर्मों का फल भोगकर क्षय किया। *(हिन्दी टीका, पृ. ४६६)*

॥ द्वितीय उद्देशक समाप्त ॥

**Elaboration**—Explaining this aphorism Acharya Shri Atmamarm ji M. states that four alternatives of fruits of action have been mentioned here People from other schools ask—

(1) We do not question suffering of fruits of *karma* entailing an action This is because every one accepts that consequences of every performed action have to be suffered

(2) We do not question absence of suffering of fruits of *karma* entailing an action This is because if that *karma* is burnt through austerities it looses its power of fruition.

(3) We do not question absence of suffering of fruits of *karma* in absence of an action This is because without action there is no suffering.

(4) But suffering of fruits of *karma* in absence of an action is in question here A person suffers misery even when he is not involved in a consequence bearing action For example a hermit is involved in solitary penance for many years He is far away from any sinful activity but coincidentally he is struck by an arrow launched by a hunter and dies He had to suffer the pain of death not as the fruit of *karma* entailing some action by him but as the fruit of *karma* not entailing any of his action Our question is about this only.

About this *Bhagavan* explicitly states that fruits in the form of misery are essentially as a consequence of some action by soul It is irrespective of whether that action was performed during this birth or during the past birth. For example Bhagavan Mahavir shed the *karmas* acquired during past births by suffering the fruits during this birth. *(Hindi Tika, p 466)*

**● END OF THE SECOND LESSON ●**

## तृतीय उद्देशक
## THIRD LESSON

**आलोचना–पद (आलोचना नही करने व करने के कारण) ALOCHANA-PAD (SEGMENT OF CRITICISM)**

**२२२. तिहिं ठाणेहिं मायी मायं कट्टु णो आलोएज्जा, णो पडिक्कमेज्जा, णो णिंदेज्जा, णो गरिहेज्जा, णो विउट्टेज्जा, णो विसोहेज्जा, णो अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, णो अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं पडिवज्जेज्जा, तं जहा–अकरिंसु वाहं, करेमि वाहं, करिस्सामि वाहं।**

२२२. मायावी माया करके भी निम्न तीन कारणो से उसकी आलोचना नहीं करता, प्रतिक्रमण नही करता, आत्मसाक्षी से निन्दा नही करता, गुरुसाक्षी से गर्हा नही करता, व्यावर्तन (उस सम्बन्धी अध्यवसाय से निवर्तन) नहीं करता, उसकी शुद्धि नहीं करता, "पुन नही करूँगा"–ऐसा सकल्प नही करता और यथायोग्य प्रायश्चित्त एवं तप कर्म अगीकार नही करता (क्योंकि)–(१) मैने अकरणीय किया है। (अब कैसे उसकी निन्दादि करूँ ?) (२) मै अकरणीय कर रहा हूँ। (तो कैसे उसकी निन्दादि करूँ ?) (३) मै अकरणीय करूँगा। (तो फिर उसकी निन्दादि कैसे करूँ ?)

**222.** For three reasons a fraud, even after cheating, does not criticize (*alochana*) the act, do critical review (*pratikraman*), reprove (*ninda*) (before self), reproach (*garha*) (before the guru), refrain from doing the act (*vyavartan*), purge himself (*shuddhi*), resolve not to repeat, or accept suitable atonement and penance (because)—(1) I have committed a misdeed. (Now how can I criticize that ?) (2) I am committing a misdeed (So how can I criticize it ?) (3) I will commit a misdeed (How then will I criticize it ?)

**२२३. तिहिं ठाणेहिं मायी मायं कट्टु णो आलोएज्जा, णो पडिक्कमेज्जा, णो णिंदेज्जा, णो गरिहेज्जा, णो विउट्टेज्जा, णो विसोहेज्जा, णो अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा, णो अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं पडिवज्जेज्जा, तं जहा–अकित्ती वा मे सिया, अवण्णे वा मे सिया, अविणए वा मे सिया।**

२२३. मायावी माया करके भी निम्न तीन कारणो से उसकी आलोचना नही करता, प्रतिक्रमण नहीं करता, निन्दा नही करता, गर्हा नही करता, व्यावर्तन नही करता, उसकी शुद्धि नही करता, पुन नहीं करने के लिए सकल्पबद्ध नही होता और यथायोग्य प्रायश्चित्त एव तपःकर्म अंगीकार नहीं करता–(ऐसा करने से)–(१) मेरी अपकीर्ति होगी। (२) मेरा अवर्णवाद होगा। (३) दूसरो के द्वारा मेरा अविनय (अवेहलना) होगा।

**223.** For three reasons a fraud, even after cheating, does not criticize (*alochana*) the act, do critical review (*pratikraman*), reprove (*ninda*)

(before self), reproach (*garha*) (before the guru), refrain from doing the act (*vyavartan*), purge himself (*shuddhi*), resolve not to repeat, or accept suitable atonement and penance (as by doing so)—(1) I will become disreputable (*apkirti*). (2) I will be dishonoured (*avarnavad*). (3) Others will ignore me (*avinaya*).

**२२४. तिहिं ठाणेहिं मायी मायं कट्टु णो आलोएज्जा, जाव पडिवज्जेज्जा, तं जहा–कित्ती वा मे परिहाइस्सति, जसो वा मे परिहाइस्सति, पूयासक्कारे वा मे परिहाइस्सति।**

२२४. मायावी माया करके भी निम्न तीन कारणो से उसकी आलोचना नही करता यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्त एव तप.कर्म अगीकार नहीं करता–(ऐसा करने से)–(१) मेरी कीर्ति (एक प्रदेश मे फैली प्रसिद्धि) कम होगी। (२) मेरा यश (सब प्रदेशों मे व्याप्त प्रसिद्धि) कम होगा। (३) मेरा पूजा–सत्कार (सन्मान और प्रतिष्ठा) कम होगा।

**224.** For three reasons a fraud, even after cheating, does not criticize (*alochana*) the act, . and so on up to... accept suitable atonement and penance (as by doing so)—(1) It will reduce my *kirti* (fame in a specific area) (2) It will reduce my *yash* (fame all around). (3) It will belittle my honour and status

**२२५. तिहिं ठाणेहिं मायी मायं कट्टु आलोएज्जा, जाव पडिवज्जेज्जा, तं जहा–माइस्स णं अस्सिं लोगे गरहिए भवति, उववाए गरहिए भवति, आयाती गरहिया भवति।**

२२५. मायावी माया करके तीन कारणो से उसकी आलोचना करता है, यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्त एव तप कर्म अगीकार करता है–(क्योंकि)–(१) मायावी का यह लोक (वर्तमान जीवन) गर्हित हो जाता है। (२) मायावी का उपपात (अगला जन्म) गर्हित हो जाता है। (३) मायावी की आजाति (अग्रिम भव से आगे का जन्म) गर्हित हो जाता है।

**225.** For three reasons a fraud, after cheating, does criticize (*alochana*) the act, ... and so on up to . accept suitable atonement and penance (because)—(1) This life (*ihalok*) of a fraud is condemned (2) Next life (*upapat*) of a fraud is condemned. (3) Next to next life (*aajati*) of a fraud is condemned.

**२२६. तिहिं ठाणेहिं मायी मायं कट्टु आलोएज्जा, जाव पडिवज्जेज्जा, तं जहा–अमाइस्स णं अस्सिं लोगे पसत्थे भवति, उववाते पसत्थे भवति, आयाती पसत्था भवति।**

२२६. मायावी माया करके तीन कारणों से उसकी आलोचना करता है, यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्त एवं तपःकर्म अंगीकार करता है–(१) मायाचार नहीं करने वाले का यह लोक प्रशस्त होता है, (२) उपपात प्रशस्त होता है, और (३) आजाति प्रशस्त होती है।

**226** . For three reasons a fraud, after cheating, does criticize (*alochana*) the act, .. and so on up to accept suitable atonement and penance (because)—(1) This life (*ihalok*) of one who is not a fraud is glorious (2) Next life (*upapat*) of one who is not a fraud is glorious (3) Next to next life (*aajati*) of one who is not a fraud is glorious

**२२७. तिहिं ठाणेहिं मायी मायं कट्टु आलोएज्जा, जाव पडिवज्जेज्जा, तं जहा–णाणट्ठयाए, दंसणट्ठयाए, चरित्तट्ठयाए।**

२२७. तीन कारणो से मायावी माया करके उसकी आलोचना करता है, यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्त एव तप कर्म अगीकार करता है–(१) ज्ञान की प्राप्ति के लिए, (२) दर्शन की प्राप्ति के लिए, (३) चारित्र की प्राप्ति के लिए।

**227.** For three reasons a fraud, after cheating, does criticize (*alochana*) the act, . and so on up to . accept suitable atonement and penance—(1) In order to acquire *jnana* (right knowledge) (2) In order to acquire *darshan* (right perception/faith) (3) In order to acquire *chaaritra* (right conduct)

**विवेचन**–दोष सेवन या भूल होना सहज है, किन्तु उसकी विशुद्धि, प्रायश्चित्त यदि नही किया जाये तो वह शल्य की तरह खटकता है। आत्मा की शुद्धि नही होती और बिना आलोयणा-प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त किये यदि काल प्राप्त करता है तो वह विराधक होता है। भगवतीसूत्र १०/२ मे स्पष्ट कहा है कि दोष की आलोयणा आदि किये बिना मृत्यु प्राप्त करने वाला विराधक तथा दोष विशुद्धि करने वाला आराधक होता है। विराधक का यह जन्म तो गर्हित होता ही है, अगला जन्म और उससे अगला जन्म भी गर्हिततहीन होता है। अत दोष की विशुद्धि करना अत्यन्त आवश्यक है।

**Elaboration**—It is natural to commit a fault or mistake but if it is not purged and atoned for, it stings like a thorn The perpetrator does not attain spiritual purity and if he dies without critical review and atonement he becomes a *viradhak* (errant or transgressor of codes) It is explicitly mentioned in *Bhagavati Sutra* (10/2) that a person dying without criticizing his fault (etc ) is a *viradhak* (errant or transgressor of codes) and one who purges and atones is a follower of the codes or a true aspirant Not only this life but also the next life of a *viradhak* (errant or transgressor of codes) is condemned Therefore it is essential to atone for one's faults.

**श्रुतधर–पद SHRUTDHAR-PAD (SEGMENT OF SCHOLAR OF SCRIPTURES)**

**२२८. तओ पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–सुत्तधरे, अत्थधरे, तदुभयधरे।**

२२८. श्रुतधर (शास्त्रज्ञाता) पुरुष तीन प्रकार के होते हैं-(१) सूत्रधर (सूत्र को कण्ठस्थ करने वाले), (२) अर्थधर (अर्थ के ज्ञाता व चिन्तक), और (३) तदुभयधर (सूत्र और अर्थ दोनों के ज्ञाता)।

विशेष-सूत्रधर में ज्ञान की विशेषता होती है, अर्थधर दर्शन की गहराई मे चला जाता है तथा दोनो का ज्ञाता चारित्र की उपलब्धि भी कर लेता है।

**228.** *Shrut-dhar* (scholar of scriptures) is of three kinds—(1) *sutradhar* (one who memorizes the text), (2) *arth-dhar* (one who knows the meaning and ponders over it), and (3) *tadubhayadhar* (scholar of both text and its meaning).

***Note—Sutradhar*** specializes in knowledge, *arth-dhar* goes deeper into perception and faith, and a scholar of both acquires right conduct as well

### उपधि-पद UPADHI-PAD (SEGMENT OF MEANS OF SUSTENANCE)

**२२९. कप्पति णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा तओ वत्थाइं धारित्तए वा परिहरित्तए वा, तं जहा-जंगिए, भंगिए, खोमिए।**

२२९. निर्ग्रन्थ (साधुओ) व निर्ग्रन्थिनी (साध्वियो) को तीन प्रकार के वस्त्र रखना और पहनना कल्पता है-१. जांगिक (ऊनी), (२) भांगिक (अलसी या सन-निर्मित), (३) क्षौमिक (कपास-रुई-निर्मित)।

**229.** It is prescribed (*kalpana*) for *nirgranth* (Jain male ascetic) and *nirgranthini* (Jain female ascetic) to keep and wear three kinds of cloth—(1) *jangik* (woolen), (2) *bhangik* (made of *alsi* or flax and *san* or hemp fibres), and (3) *kshaumik* (cotton)

**२३०. कप्पति णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा तओ पायाइं धारित्तए वा परिहरित्तए वा, तं जहा-लाउयपाए वा, दारुपाए वा मट्टियापाए वा।**

२३०. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनियो को तीन प्रकार के पात्र रखना और उनका उपयोग करना कल्पता है-(१) अलाबु-(तुम्बा) पात्र, (२) दारु-पात्र, और (काष्ठ) (३) मृत्तिका-पात्र (मिट्टी का)।

**230.** It is prescribed (*kalpana*) for *nirgranth* (Jain male ascetic) and *nirgranthini* (Jain female ascetic) to keep and use three kinds of bowl—(1) *alabu* (gourd) bowl, (2) *daru* (wooden) bowl, and (3) *mrittika* (earthen) bowl.

**२३१. तिहिं ठाणेहिं वत्थं धरेज्जा, तं जहा-हिरिपत्तियं, दुगुंछापत्तियं परीसहपत्तियं।**

२३१. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनियाँ तीन कारणो से वस्त्र धारण कर सकती है-(१) ह्रीप्रत्यय से (लज्जा-निवारण के लिए), (२) जुगुप्साप्रत्यय से (निन्दा या घृणा निवारण के लिए), (३) परीषहप्रत्यय से (शीतादि परीषह निवारण के लिए)।

**231.** *Nirgranth* (Jain male ascetic) and *nirgranthini* (Jain female ascetic) wear clothes for three reasons—(1) *hri-pratyaya* (to avoid immodesty), (2) *jugupsa-pratyaya* (to avoid censure and revulsion), and (3) *parishah-pratyaya* (to avoid afflictions like cold).

*आत्म-रक्षक-पद* **ATMARAKSHAK-PAD (SEGMENT OF SPIRITUAL PROTECTORS)**

**२३२. तओ आयरक्खा पण्णत्ता, तं जहा–धम्मियाए पडिचोयणाए पडिचोएत्ता भवति, तुसिणीए वा सिया, उट्ठित्ता वा आयाए एगंतमंतमवक्कमेज्जा।**

२३२. तीन आत्मरक्षक है–(१) अकरणीय कार्य मे प्रवृत्त व्यक्ति को धर्म कार्य मे प्रवृत्ति की प्रेरणा देने वाला, (२) प्रेरणा न देने की स्थिति मे मौन धारण करने वाला, (३) मौन और उपेक्षा न करने की स्थिति मे वहाँ से उठकर एकान्त मे जाने वाला।

**232.** There are three *atmarakshaks* (spiritual protectors)—(1) A person who inspires and steers someone indulging in misdeeds towards religious activities (2) A person who remains silent when he is unable to inspire and guide (3) A person who retires into solitude when he is unable even to avoid or remain silent

*विकट-दत्ति-पद* **VIKAT-DATTI-PAD (SEGMENT OF POTABLE WATER)**

**२३३. णिग्गंथस्स णं गिलायमाणस्स कप्पंति तओ वियडदत्तीओ पडिग्गाहित्तते, तं जहा– उक्कोसा, मज्झिमा, जहण्णा।**

२३३. ग्लान (रुग्ण) निर्ग्रन्थ साधु को तीन प्रकार की दत्तियाँ (प्रासुक जल) लेनी कल्पती है–(१) उत्कृष्ट दत्ति–पर्याप्त जल या कलमी चावल की काजी। (२) मध्यम दत्ति–अनेक बार किन्तु अपर्याप्त जल और साठी चावल की काजी। (३) जघन्य दत्ति–एक बार पी सके उतना जल, तृण धान्य की काजी या उष्ण जल।

**233.** It is mandatory for a *glaan* (ailing) *nirgranth* to accept three kinds of *datti* (potable water)—(1) *Utkrisht datti* (maximum quantity of water)—ample quantity of water or good quality rice soup (2) *Madhyam datti* (average quantity of water)—numerous servings of meager quantity of water or average quality rice soup (3) *Jaghanya datti* (minimum quantity of water)—just one serving of meager quantity of water, husk soup or boiled water.

**विवेचन**–धारा टूटे बिना एक धार में जितना जल आदि मिले, उसे एक दत्ति कहते हैं। जितने जल से सारा दिन निकल जाय, उतना जल लेना उत्कृष्ट दत्ति है। उससे कम लेना मध्यम दत्ति है तथा एक बार ही प्यास बुझ सके, इतना जल लेना जघन्य दत्ति है। *(संस्कृत टीका, भाग २, पृष्ठ २३५)*

**Elaboration**—One pouring, without a break, of water or other liquid is called a *datti*. The quantity that will last a whole day to quench thirst of one person is called *utkrisht datti*, a little less than that is *madhyam datti* and that just enough to quench thirst just once is *jaghanya datti*. *(Tika by Abhayadev Suri, p. 235)*

### विसंभोग-पद VISAMBHOG-PAD (SEGMENT OF OSTRACIZING)

**२३४. तिहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे साहिम्मयं संभोगियं विसंभोगियं करेमाणे णातिक्कमइ, तं जहा–सयं वा दट्ठुं, सड्ढयस्स वा णिसम्म, तच्चं मोसं आउट्टति, चउत्थं णो आउट्टति।**

२३४. तीन कारणो से श्रमण निर्ग्रन्थ अपने साधर्मिक, साम्भोगिक साधु को विसम्भोगिक करता हुआ (भगवान की) आज्ञा का अतिक्रमण नही करता है–(१) स्वय किसी को सामाचारी के प्रतिकूल आचरण करता देखकर। (२) श्राद्ध (विश्वासपात्र व्यक्ति) से सुनकर। (३) तीन बार मृषा (अनाचार) का प्रायश्चित्त देने के बाद चौथी बार प्रायश्चित्त का विधान नही होने के कारण।

**234.** For three reasons a *Shraman nirgranth* not transgressing the word (of the Omniscient) ostracizes a *sambhogik sadhu* (ascetic of the same group or those following the same codes)—(1) Himself seeing someone following conduct against *samachari* (ascetic-praxis). (2) Hearing that from a confidant. (3) After three atonements for misconduct, as there is no provision for a fourth atonement

**विवेचन**–जिन साधुओं का परस्पर आहारादि के आदान-प्रदान का व्यवहार होता है उन्हे साम्भोगिक कहा जाता है। कोई साम्भोगिक साधु यदि साधु-सामाचारी के विरुद्ध आचरण करता है, उसके उस कार्य को संघ का नेता साधु स्वय देख ले, या किसी विश्वस्त साधु या सद्गृहस्थ से सुन ले तथा उसको उसी अपराध की शुद्धि के लिए तीन बार प्रायश्चित्त भी दिया जा चुका हो, फिर भी यदि वह चौथी बार उसी अपराध को करे तो संघ का नेता आचार्य आदि अपनी साम्भोगिक साधु-मण्डली से पृथक् कर सकता है। पृथक् किये गये साधु को विसम्भोगिक कहते है। अन्य समूह के साधु संन्यासी असंभोगिक कहे जाते हैं।

**Elaboration**—The ascetics who have relationship of mutual exchange of food and other ascetic-equipment are called *sambhogik* (this generally means ascetic of the same group or those following the same codes) If the leader of a group himself finds some *sambhogik* ascetic going against *samachari* (ascetic-praxis) or comes to know from a reliable ascetic or layman, he prescribes atonement On repeating the misconduct atonement can be prescribed for a maximum of three times. Even then if the ascetic commits mistake for the fourth time the leader can expel that *sambhogik* ascetic from his group. Such ostracized ascetic is called *visambhogik sadhu*. Ascetic belonging to other groups are called *asambhogik sadhus*.

अनुज्ञादि-पद ANUJNADI-PAD (SEGMENT OF APPROVAL)

**२३५. तिविहा अणुण्णा पण्णत्ता, तं जहा—आयरियत्ताए, उवज्झायत्ताए, गणित्ताए। २३६. तिविहा समणुण्णा पण्णत्ता, तं जहा—आयरियत्ताए, उवज्झायत्ताए, गणित्ताए। २३७. एवं उवसंपया एवं २३८. विजहणा।**

२३५. अनुज्ञा तीन प्रकार की होती है-(१) आचार्यपद की, (२) उपाध्यायपद की, और (३) गणिपद की। २३६. समनुज्ञा तीन प्रकार की होती है-(१) आचार्यपद की, (२) उपाध्यायपद की, और (३) गणिपद की। २३७. इसी प्रकार उपसम्पदा तीन प्रकार की है। २३८. विहान (परित्याग) तीन प्रकार का है।

**235.** *Anujna* (approval) is of three kinds—(1) for *acharyapad* (status of *acharya*), (2) for *upadhyayapad* (status of *upadhyaya*), and (3) for *ganipad* (status of *gani*) **236.** *Samanujna* ( special approval) is of three kinds—(1) for *acharyapad* (status of *acharya*), (2) for *upadhyayapad* (status of *upadhyaya*), and (3) for *ganipad* (status of *gani*) **237.** In the same way *upasampada* (study under outside guru) is of three kinds **238.** *Vihan* (resignation) is of three kinds

**विवेचन**—श्रमण-सघ मे आचार्य, उपाध्याय और गणी (गण-नायक) ये तीन महत्त्वपूर्ण पद है। प्राचीन परम्परा के अनुसार ये तीनो पद या तो आचार्यों के द्वारा दिये जाते थे अथवा स्थविरो के अनुमोदन (अधिकार प्रदान) से प्राप्त होते थे। यह अनुमोदन सामान्य और विशिष्ट दोनो प्रकार का होता था। सामान्य अनुमोदन को 'अनुज्ञा' और विशिष्ट अनुमोदन को 'समनुज्ञा' कहते है। उक्त पद प्राप्त करने वाला व्यक्ति यदि उस पद के योग्य सम्पूर्ण गुणो से युक्त हो तो उसे दिये जाने वाले अधिकार को 'समनुज्ञा' और यदि वह समग्र गुणो से युक्त नही हो, तब उसे दिये जाने वाले अधिकार को 'अनुज्ञा' कहा जाता है। प्राचीनकाल मे ज्ञान-दर्शन-चारित्र की विशेष प्राप्ति के लिए अपने गण के आचार्य, उपाध्याय या गणी को छोडकर दूसरे गण के आचार्य, उपाध्याय या गणी के पास जाकर उनका शिष्यत्व स्वीकार करने की परम्परा थी, इसे 'उपसम्पदा' कहते है। विशेष प्रयोजन होने पर आचार्य, उपाध्याय या गणी अपने पद का त्याग कर देते थे, अथवा किसी को सघ से बाहर किया जाना हो तो उसे **विहान** कहते है। *(विशेष विवरण के लिए देखे ठाणं, पृष्ठ २७४ तथा हिन्दी टीका पृष्ठ ४८०)*

**Elaboration**—In the ascetic organization (*Shraman Sangh*) there are three important positions of authority—*acharya* (head of the *sangh*), *upadhyaya* (teacher of scriptures or ascetic preceptor) and *gani* (leader of a group). According to the ancient tradition these positions were awarded either by *acharyas* or on approval of *sthavirs* (senior ascetics). This approval was normal as well as special. Normal approval is called *anujna* and special approval is called *samanujna*. If the person being awarded these positions is fully qualified in all respects the approval is

called *samanujna* and if he is not fully qualified it is called *anujna*. In ancient times there was a tradition of going to an *acharya, upadhyaya* or *gani* of other group and becoming his disciple in order to acquire expertise in knowledge, perception/faith and conduct. This is called *upasampada* There was a provision of *acharya, upadhyaya* and *gani* resigning from or being divested of their position for some special purpose This is called *vihan* *(for more details see Thanam, p 274 and Hindi Tika, p 480)*

**वचन–पद VACHAN-PAD (SEGMENT OF SPEECH)**

**२३९. तिविहे वयणे पण्णत्ते, तं जहा—तव्वयणे, तदण्णवयणे, णोअवयणे।**

**२४०. तिविहे अवयणे पण्णत्ते, तं जहा—णोतव्वयणे, णोतदण्णवयणे, अवयणे।**

२३९. वचन तीन प्रकार का है–(१) **तद्वचन**–यथार्थ कथन करना, जैसे अग्नि को ज्वलन, घट को घट कहना। (२) **तदन्यवचन**–विवक्षित वस्तु से भिन्न वस्तु का कथन, जैसे घट को पट कहना। (३) **नोअवचन**–अर्थहीन वचन अथवा निषेधात्मक वचन।

२४०. अवचन तीन प्रकार का है–(१) **नोतद्वचन**–विवक्षित वस्तु का अकथन, जैसे घट को पट कहना। (२) **नोतदन्यवचन**–विवक्षित वस्तु का कथन, जैसे घट को घट कहना। (३) **अवचन**–वचन-निवृत्ति मौन अथवा सावद्य वचन भी इसी मे आता है।

**239.** *Vachan* (speech) is of three kinds—(1) *tadvachan*—to state truth or reality, such as to call a fire a fire and a pot a pot (2) *Tadanyavachan*—to give a false statement or call a thing what it is not, such as to call a bowl a screen. (3) *No-avachan*—meaningless statement or prohibitive statement

**240.** *Avachan* (negative speech) is of three kinds—(1) *no-tadvachan*—not to state truth or reality, such as to call a bowl a screen. (2) *No-tadanyavachan*—not to give a false statement; in other words to call a thing what it is, to call a pot a pot (3) *Avachan*—no statement or silence. This also means sinful or abhorrent statement.

**मन–पद MANAH-PAD (SEGMENT OF MIND)**

**२४१. तिविहे मणे पण्णत्ते, तं जहा—तम्मणे, तयण्णमणे, णोअमणे।**

**२४२. तिविहे अमणे पण्णत्ते, तं जहा—णो तम्मणे, णो तयण्णमणे, अमणे।**

२४१. मन तीन प्रकार का होता है–(१) **तन्मन**–लक्ष्य मे लगा हुआ मन। (२) **तदन्यमन**–लक्ष्य के विपरीत अन्यत्र लगा मन। (३) **नोअमन**–मन का लक्ष्य-हीन व्यापार। सकल्प-विकल्प में उलझा मन।

२४२. अमन तीन प्रकार का होता है-(१) नोतन्मन-लक्ष्य मे नही लगा हुआ मन। (२) नोतदन्यमन-अलक्ष्य में नही लगा अर्थात् लक्ष्य में लगा हुआ मन। (३) अमन-मन की अप्रवृत्ति (सुषुप्ति या मूर्च्छित दशा मे पडा मन)।

**241.** *Man* (mind) is of three kinds—(1) *tanman*—mind involved with a goal. (2) *Tadanyaman*—mind involved away from goal (3) *No-aman*—aimless mind or a mind caught in ambiguities

**242.** *Aman* (negative mind) is of three kinds—(1) *no-tanman*—mind not involved with a goal (2) *No-tadanyaman*—mind not involved away from goal, in other words mind involved with a goal (3) *Aman*—inactivity of mind (state of slumber or unconsciousness).

### *वृष्टि-पद (अल्पवृष्टि एवं महावृष्टि के कारण)*

### VRISHTI-PAD (SEGMENT OF RAIN—CAUSE OF LIGHT AND HEAVY RAINFALL)

**२४३. तिहिं ठाणेहिं अप्पवुट्ठीकाए सिया, तं जहा–**

**(१) तस्सिं च णं देसंसि वा पदेसंसि वा णो बहवे उदगजोणिया जीवा य पोग्गला य उदगत्ताते वक्कमंति विउक्कमंति चयंति उववज्जंति।**

**(२) देवा णागा जक्खा भूता णो सम्ममाराहिता भवंति, तत्थ समुट्ठियं उदगपोग्गलं परिणतं वासितुकामं अण्णं देसं साहरंति।**

**(३) अब्भवद्दलगं च णं समुट्ठितं परिणतं वासितुकामं वाउकाए विधुणति।**

**इच्चेतेहिं तिहिं ठाणेहिं अप्पवुट्ठिकाए सिया।**

२४३. तीन कारणो से अल्पवृष्टि होती है–

(१) जब उस देश या प्रदेश मे बहुत से उदक योनिक जीव और पुद्‌गल उदक रूप में उत्पन्न नही हुए हों।

(२) जब देव, नाग, यक्ष या भूत सम्यक् प्रकार से आराधित न किये गये हो, तब उस देश मे उत्पन्न, वर्षा मे परिणत तथा बरसने ही वाले उदक-पुद्‌गलो (मेघो) का उनके द्वारा अन्य देश मे संहरण कर लेने से।

(३) जब बरसने को तैयार हुए बादलो को वायुकाय छिन्न-भिन्न कर देता हो।

**243.** There are three reasons of *alpavrishti* (light rainfall)—

(1) When in that country or state not many water-bodied beings and particles are born or created in the form of water.

(2) When not properly worshipped gods, *naag, yaksh* or *bhoot* sweep away the water particles created in that area and transformed into rain clouds

(3) When air-bodied beings disperse the rain bearing clouds about to rain.

२४४. तिहिं ठाणेहिं महावुट्ठीकाए सिया, तं जहा–

(१) तस्सिं च णं देसंसि वा पदेसंसि वा बहवे उदगजोणिया जीवा य पोग्गला य उदगत्ताए वक्कमंति विउक्कमंति चयंति उववज्जंति।

(२) देवा णागा जक्खा भूता सम्ममाराहित भवंति, अण्णत्थ समुट्ठितं उदगपोग्गलं परिणयं वासितुकामं तं देसं साहरंति।

(३) अब्भवद्दलगं च णं समुट्ठितं परिणयं वासितुकामं णो वाउआए विधुणति।

इच्चेतेहिं तिहिं ठाणेहिं महावुट्ठिकाए सिया।

२४४. तीन कारणों से महावृष्टि होती है–

(१) जब उस देश या प्रदेश में बहुत से उदक योनिक जीव और पुद्गल अप्काय योनि मे उत्पन्न होते हैं।

(२) जब उस देश य प्रदेश मे देव, नाग, यक्ष या भूतो की सम्यक् प्रकार से आराधना होने पर वे अन्य देश मे उठे हुए वर्षा मे परिणत तथा बरसने ही वाले उदक–पुद्गलो को उस देश मे संहरण कर लेते हैं।

(३) जब बरसने के लिए परिणत बादलो को वायुकाय विध्वंस नही करता।

244. There are three reasons of *mahavrishti* (heavy rainfall)—

(1) When in that country or state many water-bodied beings and particles are born or created in the form of water

(2) When properly worshipped gods, *naag, yaksh* or *bhoot* sweep in the water particles created in other areas and transformed into rain clouds

(3) When air-bodied beings do not disperse the rain bearing clouds about to rain

### *अधुनोपपन्न–देव–आगमन–पद* ADHUNOPAPANNA-DEV-AAGAMAN-PAD (SEGMENT OF COMING OF NEWBORN GODS)

२४५. तिहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु इच्छेज्ज माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए, णो चेव णं संचाएति हव्वमागच्छित्तए, तं जहा–

(१) अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु मुच्छिए गिद्धे गढिए अज्झोववण्णे, से णं माणुस्सए कामभोगे णो आढाइ, णो परियाणाइ, णो अट्ठं बंधइ, णो णियाणं पगरेइ, णो ठिइपकप्पं पगरेइ।

(२) अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु मुच्छिए गिद्धे गढिए अज्झोववण्णे, तस्स णं माणुस्सए पेम्मे वोच्छिण्णे दिव्वे संकंते भवति।

(३) अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु मुच्छिए जाव अज्झोववण्णे तस्स णं एवं भवति–इण्हिं गच्छं मुहुत्तं गच्छं, तेणं कालेणमप्पाउया मणुस्सा कालधम्मुणा संजुत्ता भवंति।

इच्चेतेहिं तिहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु इच्छेज्ज माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए णो चेव णं संचाएति हव्वमागच्छित्तए।

२४५. देवलोक मे तत्काल उत्पन्न देव शीघ्र ही मनुष्यलोक मे आना चाहता है, किन्तु इन तीन कारणो से आ नही सकता–

(१) देवलोक मे तत्काल उत्पन्न देव दिव्य काम–भोगो मे मूर्च्छित (मोहग्रस्त), गृद्ध (अतृप्त), बद्ध (स्नेह से बँधा) एव अत्यन्त आसक्त होकर मानवीय काम–भोगो को न आदर देता है, न उन्हे अच्छा जानता है, न उनसे प्रयोजन रखता है, न निदान–(उन्हे पाने का सकल्प) करता है और न स्थिति–प्रकल्प–(उनके बीच मे रहने की इच्छा) करता है।

(२) देवलोक मे तत्काल उत्पन्न, दिव्य काम–भोगो मे मूर्च्छित, गृद्ध एव आसक्त देव का मानवीय–प्रेम टूट जाता है तथा उसमे दिव्य देव सम्बन्धी प्रेम सक्रान्त हो जाता है।

(३) देवलोक मे तत्काल उत्पन्न, दिव्य काम–भोगों मे मूर्च्छित, (गृद्ध, बद्ध) तथा आसक्त देव सोचता है–मै मनुष्य लोक मे अभी नही, थोडी देर मे, एक मुहूर्त्त के बाद जाऊँगा, इस प्रकार उसके सोचते रहने के समय मे ही अल्प आयु का धारक मनुष्य (जिनके लिए वह जाना चाहता था) कालधर्म को प्राप्त हो जाते हैं।

इन तीन कारणो से देवलोक मे तत्काल उत्पन्न देव शीघ्र ही मनुष्यलोक मे आना चाहता है, किन्तु आ नहीं सकता।

**245.** A newly born god in the divine realm soon wants to come to the land of humans but he cannot come for three reasons—

(1) A newly born god in the divine realm gets attracted to (*murchhit*), infatuated with (*griddha*), captivated by (*baddha*) and obsessed with (*aasakt*) divine pleasures, and does not have regard, liking, concern and desire for human pleasures He does not even have *sthiti-prakalp* or wish to live among them (humans)

(2) The love for humans of a newly born god in the divine realm, getting attracted to (*murchhit*), and so on up to. obsessed with (*aasakt*) divine pleasures, shatters and he is infused with love for divine pleasures

(Question) *Bhante* ! What is the fruit of *nirvana* ? (Answer) The fruit of *nirvana* is to attain the state of *Siddha* and terminate cycles of rebirth

**● END OF THE THIRD LESSON ●**

## उपासना का फल

चित्र परिचय ११

Illustration No. 11

## उपासना का फल

श्रमण माहन-(गुरुजनो की सेवा का फल क्रमश इस प्रकार मिलता है-

(१) उनसे धर्म श्रवण का लाभ मिलता है।

(२) धर्म सुनने से ज्ञान की प्राप्ति होती है।

(३) प्राप्त ज्ञान का चिन्तन-मनन करने से हेय-उपादेय का विशेष ज्ञान होता है।

(४) हेय-उपादेय का ज्ञान होने पर प्रत्याख्यान की भावना जगती है।

(५) प्रत्याख्यान करते हुए पूर्ण सयम की भी प्राप्ति होती है।

(६) सयम करने वाला कर्मो के आस्रवो का निरोध कर सवर को प्राप्त होता है।

(७) सवर से तप की सिद्धि होती है।

(८) तप से पूर्व सचित कर्मो का क्षय होने लगता है।

(९) कर्म-क्षय करने का अन्तिम फल है सर्व क्रियाओं का निरोध कर निर्वाण की प्राप्ति। चित्र की नौ आकृतियो मे क्रमश उपासना का फल बताया है।

*स्थान ३, सूत्र ३००*

## FRUITS OF ASCETIC SERVICE

The fruits of serving ascetics follow the following sequence--

(1) The fruit of serving ascetics is the opportunity of listening to the sermon (*dharma shravan*)

(2) The fruit of *dharma shravan* is acquisition of knowledge (*jnana*)

(3) On contemplating and pondering over the acquired knowledge capacity to discern between acceptable and rejectable is acquired (*vijnana*)

(4) The fruit of *vijnana* is *pratyakhyan* (to renounce sinful activity)

(5) The fruit of *pratyakhyan* is *samyam* (discipline)

(6) The fruit of *samyam* is *anasrava* or *samvar* (blockage of inflow of *karmas*)

(7) The fruit of *anasrava* is *tap* (austerities)

(8) The fruit of *tap* is *vyavadan* (shedding of *karmas*)

(9) The fruit of *vyavadan* is *akriya* (complete cessation of all activity and inclination of mind, speech and body) leading to *nirvana* The nine illustrations show these fruits

*—Sthaan 3, Sutra 300*

## चतुर्थ उद्देशक
## FOURTH LESSON

*प्रतिमा-पद* **PRATIMA-PAD (SEGMENT OF SPECIAL ASCETIC-CODES)**

**३०१. पडिमापडिवण्णस्स णं अणगारस्स कप्पंति तओ उवस्सया पडिलेहित्तए, तं जहा—अहे आगमणगिहंसि वा, अहे वियडगिहंसि वा, अहे रुक्खमूलगिहंसि वा। ३०२. एवं अणुण्णवेत्तए। ३०३. एवं उवाइणित्तए।**

३०१. प्रतिमा-प्रतिपन्न-(मासिकी आदि प्रतिमाओ को धारण करने वाले) अनगार को तीन प्रकार के उपाश्रयो का प्रतिलेखन-(निवास के लिए) करना कल्पता है।

(१) **आगमनगृह**—यात्रियो के ठहरने का स्थान, प्याऊ, धर्मशाला, सराय आदि। (२) **विवृतगृह**—अनाच्छादित-ऊपर से ढका एक-दो या चारो ओर से खुला। (३) **वृक्षमूलगृह**—वृक्ष के नीचे या वहाँ बनी पर्णकुटी आदि।

३०२. इसी प्रकार उक्त तीन प्रकार के उपाश्रयो की अनुज्ञा (उनके स्वामियों की आज्ञा या स्वीकृति) लेनी चाहिए। ३०३. आज्ञा लेकर उक्त तीन प्रकार के उपाश्रयो मे रहना चाहिए।

**301.** *Pratima-pratipanna* (observer of special codes and resolutions for an ascetic) *anagar* (homeless ascetic) should inspect (*pratilekhan*) three kinds of *upashrayas* (places of stay for ascetics) They are—

(1) *Aagaman-griha*—place of stay for travelers, *pyau* (water-hut), *dharmashala* (rest-house for pilgrims), *saraya* (inn) etc. (2) *Vivrit-griha*—a covered place open from one, two or all sides. (3) *Vrikshamula-griha*—abode under a tree or a hut under a tree.

**302.** In the same way he should seek permission for stay from the owner of aforesaid three kinds of places. **303** After that he should stay at aforesaid three kinds of places

**३०४. पडिमापडिवण्णस्स णं अणगारस्स कप्पंति तओ संथारगा पडिलेहित्तए, तं जहा—पुढविसिला, कट्ठसिला, अहासंथडमेव। ३०५. एवं अणुण्णवेत्तए। ३०६. एवं उवाइणित्तए।**

३०४. प्रतिमा-प्रतिपन्न अनगार को तीन प्रकार के संस्तारकों (बैठने-सोने का आसन) का प्रतिलेखन करना कल्पता है।

(१) **पृथ्वीशिला**—समतल भूमि या पाषाण-शिला। (२) **काष्ठशिला**—काठ का समतल भाग, तख्त आदि। (३) **यथासंस्तृत**—घास, पलाल आदि जो उपयोग के योग्य हो।

३०५. इसी प्रकार उक्त तीन प्रकार के संस्तारको की अनुज्ञा लेना चाहिए। ३०६. उक्त तीन प्रकार के सस्तारकों का उपयोग करना कल्पता है।

**304.** *Pratima-pratipanna anagar* (ascetic observing special codes) should inspect (*pratilekhan*) three kinds of *samstarak* (seat or bed). They are—

(1) *Prithvishila*—level land or rock (2) *Kashth shila*—flat block or plank of wood (3) *Yathasamsrit*—hay, straw or other such suitable things.

**305.** In the same way he should seek permission for use from the owner of aforesaid three kinds of seat or bed. **306.** After that he should use aforesaid three kinds of seat or bed

## काल–पद KAAL-PAD (SEGMENT OF TIME)

**३०७. तिविहे काले पण्णत्ते, तं जहा–तीए, पडुप्पण्णे, अणागए। ३०८. तिविहे समए पण्णत्ते, तं जहा–तीए, पडुप्पण्णे, अणागए। ३०९. एवं आवलिया आणापाणू थोवे लवे मुहुत्ते अहोरत्ते जाव वाससतसहस्से पुव्वंगे पुव्वे जाव ओसप्पिणी। ३१०. तिविहे पोग्गलपरियट्टे पण्णत्ते, तं जहा–तीते, पडुप्पण्णे, अणागए।**

३०७. काल तीन प्रकार का है–(१) अतीत (भूतकाल), (२) प्रत्युत्पन्न (वर्तमान) काल, और (३) अनागत (भविष्य) काल। ३०८. समय तीन प्रकार का है–(१) अतीत, (२) वर्तमान, और (३) अनागत। ३०९. आवलिका, आन–प्राण (श्वासोच्छ्वास) स्तोक, लव, मुहूर्त्त, अहोरात्र (दिन–रात) यावत् लाख वर्ष, पूर्वांग, पूर्व यावत् अवसर्पिणी सभी तीन–तीन प्रकार का जानना चाहिए। ३१०. पुद्गल–परावर्त तीन प्रकार का है–(१) अतीत–पुद्गल–परावर्त, (२) प्रत्युत्पन्न–पुद्गल–परावर्त, और (३) अनागत–पुद्गल–परावर्त। *(विस्तृत वर्णन के लिए अनुयोगद्वारसूत्र, भाग २, सूत्र ५३२ तथा हिन्दी टीका, पृष्ठ ५५० देखे)*

**307.** *Kaal* (time) is of three kinds—(1) *ateet kaal* (past), (2) *pratyutpanna kaal* (present), and (3) *anaagat kaal* (future). **308.** *Samaya* (smallest fraction of time) is of three kinds—(1) past, (2) present, and (3) future **309.** In the same way *Avalika, Aan-pran* (inhalation-exhalation), *Lava, Muhurt, Ahoratra* (day and night), and so on up to. *Varshashatsahasra, Purvanga* and *Purva*.. and so on up to *Avasarpini* and *Utsarpini* should be read as of aforesaid three kinds. **310.** *Pudgal paravart* (a hypothetical unit of time) is of three kinds—(1) past *Pudgal paravart*, (2) present *Pudgal paravart*, and (3) future *Pudgal paravart* *(for details of Pudgal paravart refer to Anuyogadvar Sutra, Part 2, aphorism 532 and Hindi Tika, p 550)*

**वचन–पद VACHAN-PAD (SEGMENT OF GRAMMATICAL NUMBER, GENDER AND TENSE)**

**३११. तिविहे वयणे पण्णत्ते, तं जहा—एगवयणे, दुवयणे, बहुवयणे।**

**अहवा—तिविहे वयणे पण्णत्ते, तं जहा—इत्थिवयणे, पुंवयणे, णपुंसगवयणे।**

**अहवा—तिविहे वयणे पण्णत्ते, तं जहा—तीतवयणे, पडुप्पण्णवयणे, अणागयवयणे।**

३११. वचन के तीन प्रकार हैं–एकवचन, द्विवचन और बहुवचन।

अथवा वचन के तीन प्रकार हैं–स्त्रीवचन, पुरुषवचन और नपुसकवचन।

अथवा वचन के तीन प्रकार है–अतीत–वचन, प्रत्युत्पन्न–वचन और अनागत–वचन।

**311.** *Vachan* (grammatical number) is of three kinds—*ek-vachan* (singular), *dvi-vachan* (dual), and *bahu-vachan* (plural)

Also *vachan* (grammatical gender) is of three kinds—*stree-vachan* (feminine gender), *purush-vachan* (masculine gender), and *napumsak-vachan* (neuter gender)

Also *vachan* (grammatical tense) is of three kinds—*ateet-vachan* (past tense), *pratyutpanna-vachan* (present tense), and *anaagat-vachan* (future tense)

**प्रज्ञापना–सम्यक्–पद PRAJNAPANA-SAMYAK-PAD (SEGMENT OF EXPLANATION)**

**३१२. तिविहा पण्णवणा पण्णत्ता, तं जहा—णाणपण्णवणा, दंसणपण्णवणा, चरित्तपण्णवणा।**

**३१३. तिविहे सम्मे पण्णत्ते, तं जहा—णाणसम्मे, दंसणसम्मे, चरित्तसम्मे।**

३१२. प्रज्ञापना (प्ररूपणा–विवेचन) तीन प्रकार की है–(१) ज्ञान की प्रज्ञापना, (२) दर्शन की प्रज्ञापना, और (३) चारित्र की प्रज्ञापना।

३१३. सम्यक् (मोक्ष–प्राप्ति के अनुकूल साधन) तीन प्रकार का है–(१) ज्ञान–सम्यक्, (२) दर्शन–सम्यक्, और (३) चारित्र–सम्यक्।

**312.** *Prajnapana* (explanation or elaboration) is of three kinds—(1) *jnana-prajnapana* (elaboration related to knowledge), (2) *darshan-prajnapana* (elaboration related to perception/faith), and (3) *chaaritra-prajnapana* (elaboration related to conduct)

**313.** *Samyak* (right; means of liberation) is of three kinds—(1) *jnana-samyak* (that related to knowledge), (2) *darshan samyak* (that related to perception/faith), and (3) *chaaritra-samyak* (that related to conduct).

## विशोधि–पद VISHODHI-PAD (SEGMENT OF EXPIATION)

**३१४. तिविहे उवघाते पण्णत्ते, तं जहा—उग्गमोवघाते, उप्पायणोवघाते, एसणोवघाते।**

३१४. उपघात (दोष) तीन प्रकार का है—

(१) उद्गम–उपघात—आहार की निष्पत्ति से सम्बन्धित भिक्षा–दोष, जो दाता–गृहस्थ के द्वारा किया जाता है।

(२) उत्पादन–उपघात—आहार के ग्रहण करने से सम्बन्धित भिक्षा–दोष, जो साधु द्वारा किया जाता है।

(३) एषणा–उपघात—आहार लेने के समय होने वाला भिक्षा–दोष, जो साधु और गृहस्थ दोनों के द्वारा किया जाता है।

**314.** *Upaghat* (fault) is of three kinds—

(1) *Udgam-upaghat*—origin related fault in alms, committed by a donor

(2) *Utpadan-upaghat*—fault related to taking alms, committed by an ascetic

(3) *Eshana-upaghat*—fault committed by both donor and seeker during process of alms giving and alms taking

**३१५. एवं तिविहा विसोही पण्णत्ता [ तं जहा—उग्गमविसोही, उप्पायणविसोही, एसणाविसोही ]।**

३१५. इसी प्रकार विशोधि उक्त तीन प्रकार की है–[ (१) उद्गम–विशोधि–उद्गम–सम्बन्धी भिक्षा दोषो की निवृत्ति। (२) उत्पादन–विशोधि–उत्पादन–सम्बन्धी भिक्षा–दोषो की निवृत्ति। (३) एषणा–विशोधि–गोचरी–सम्बन्धी दोषो की निवृत्ति।]

**315.** In the same way *vishodhi* (expiation of faults) is of three kinds—(1) *Udgam-vishodhi*—expiation of origin related fault in alms, committed by a donor (2) *Utpadan-vishodhi*—expiation of fault related to taking alms, committed by an ascetic (3) *Eshana-vishodhi*—expiation of fault committed by both donor and seeker during alms giving

## आराधना–पद ARADHANA-PAD (SEGMENT OF ENDEAVOUR FOR LIBERATION)

**३१६. तिविहा आराहणा पण्णत्ता, तं जहा—णाणाराहणा, दंसणाराहणा, चरित्ताराहणा।**

**३१७. णाणाराहणा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—उक्कोसा, मज्झिमा, जहण्णा। ३१८. एवं दंसणाराहणा। ३१९. एवं चरित्ताराहणा।**

३१६. आराधना तीन प्रकार की है–(१) ज्ञान–आराधना, (२) दर्शन–आराधना, और (३) चारित्र–आराधना।

३१७. ज्ञान–आराधना तीन प्रकार की है–(१) उत्कृष्ट, (२) मध्यम, और (३) जघन्य। ३१८. इसी तरह दर्शन–आराधना। और ३१९. चारित्र–आराधना तीन प्रकार की है।

**316.** *Aradhana* (endeavour) is of three kinds—(1) *jnana-aradhana* (endeavour related to knowledge), (2) *darshan-aradhana* (endeavour related to perception/faith), and (3) *chaaritra-aradhana* (endeavour related to conduct).

**317.** *Jnana-aradhana* (endeavour related to knowledge) is of three kinds—(1) *utkrisht* (best), (2) *madhyam* (average), and (3) *jaghanya* (minimum). The same is true for **318.** *darshan-aradhana* (endeavour related to perception/faith), and **319.** *chaaritra-aradhana* (endeavour related to conduct).

**विवेचन**–आराधना अर्थात् मोक्ष मार्ग के अनुकूल आचरण। स्वाध्याय काल मे ज्ञानाराधना के आठों अंगो का निरतिचार पालन करना **उत्कृष्ट ज्ञानाराधना** है। किसी दो–एक अग के बिना ज्ञानाभ्यास करना **मध्यम ज्ञानाराधना** है। सातिचार ज्ञानाभ्यास करना **जघन्य ज्ञानाराधना** है। इसी प्रकार निरतिचार सम्यग्दर्शन को धारण करना उत्कृष्ट दर्शनाराधना है। दो–एक अग के बिना सम्यक्त्व को धारण करना मध्यम दर्शनाराधना है। सातिचार सम्यक्त्व को धारण करना जघन्य दर्शनाराधना है। चारित्र का निरतिचार परिपालन करना उत्कृष्ट चारित्राराधना है। कुछ हीन चारित्र का पालन करना मध्यम चारित्राराधना है और सातिचार चारित्र का पालन करना जघन्य चारित्राराधना है। *(इस सम्बन्ध मे भगवतीसूत्र, शतक ८ मे विस्तृत वर्णन है)*

**Elaboration**—*Aradhana* means endeavour aimed at liberation. To strictly adhere to the eight codes of the prescribed procedure of learning during the allotted time of studies, avoiding any possible transgressions or faults, is best or excellent endeavour related to knowledge Studies adhering to one or two codes short of the prescribed eight codes of the procedure of learning is average endeavour related to knowledge Committing transgressions during studies is minimum endeavour related to knowledge. In the same way to observe right perception/faith avoiding any possible transgressions or faults is best endeavour related to right perception/faith. To observe adhering to one or two codes short of the prescribed procedure is average endeavour related to perception/faith. Committing transgressions during observation is minimum endeavour related to perception/faith. In the same way to observe right conduct avoiding any possible transgressions or faults is best endeavour related to conduct. To observe right conduct with very little faults is average endeavour related to conduct. Committing

transgressions during observation is minimum endeavour related to conduct *(for detailed discussion refer to Bhagavati Sutra, Shatak 8)*

### संक्लेश–असंक्लेश–पद SANKLESH-ASANKLESH-PAD (SEGMENT OF PERTURBED AND UNPERTURBED STATE OF MIND)

**३२०. तिविहे संकिलेसे पण्णत्ते, तं जहा—णाणसंकिलेसे, दंसणसंकिलेसे, चरित्तसंकिलेसे। ३२१. [तिविहे असंकिलेसे पण्णत्ते, तं जहा—णाणअसंकिलेसे, दंसणअसंकिलेसे, चरित्तअसंकिलेसे।]**

३२०. संक्लेश तीन प्रकार का है—(१) ज्ञान-संक्लेश, (२) दर्शन-संक्लेश, और (३) चारित्र-संक्लेश। [३२१. असंक्लेश भी तीन प्रकार का है—(१) ज्ञान-असंक्लेश, (२) दर्शन-असंक्लेश, और (३) चारित्र-असंक्लेश।]

**320.** *Sanklesh* (perturbed state of mind) is of three kinds—(1) *jnana-sanklesh* (that related to knowledge), (2) *darshan-sanklesh* (that related to perception/faith), and (3) *chaaritra-sanklesh* (that related to conduct) **321.** [*Asanklesh* (unperturbed state of mind) is of three kinds—(1) *jnana-asanklesh* (that related to knowledge), (2) *darshan-asanklesh* (that related to perception/faith), and (3) *chaaritra-asanklesh* (that related to conduct).]

विवेचन—कषायो की तीव्रता से उत्पन्न होने वाली मन की मलिनता को संक्लेश तथा कषायो की मन्दता से होने वाली मन की विशुद्धि को असंक्लेश कहते हैं।

**Elaboration**—Perturbed state of mind caused by intense passions and leading to spiritual impurity is called *sanklesh* Unperturbed state of mind caused by mild passions and leading to spiritual purity is called *asanklesh*

### अतिक्रमादि–पद ATIKRAMADI-PAD (SEGMENT OF VIOLATION ETC.)

**३२२. एवं अतिक्कमे वि। ३२३. वइक्कमे वि। ३२४. अइयारे वि। ३२५. अणायारे वि।**

३२२. अतिक्रम तीन प्रकार का है—(१) ज्ञान-अतिक्रम (२) दर्शन-अतिक्रम, और (३) चारित्र-अतिक्रम। ३२३. इसी प्रकार व्यतिक्रम भी तीन प्रकार का है। ३२४. अतिचार भी तीन प्रकार का है। ३२५. अनाचार भी तीन प्रकार का है।

**322.** *Atikram* (thought of violation) is of three kinds—(1) *jnana-atikram* (that related to knowledge), (2) *darshan-atikram* (that related to perception/faith), and (3) *chaaritra-atikram* (that related to conduct). In the same way **323.** *vyatikram* (preparation for violation, **324.** *atichaar* (mild transgression, and **325.** *anachaar* (total violation) are also of the aforesaid three kinds each

**विवेचन**—ज्ञान, दर्शन और चारित्र की आगम विहित आराधना के प्रतिकूल आचरण करने का मन में विचार आना अतिक्रम है। इसके पश्चात् प्रतिकूल आचरण का प्रयास करना व्यतिक्रम है। इससे आगे बढ़कर आंशिक रूप में विरुद्ध आचरण करना अतिचार और पूर्ण रूप से व्रत की विराधना या दोष का सेवन अनाचार कहा जाता है।

**Elaboration**—To think of violating the procedure of endeavour related to right knowledge, perception/faith and conduct prescribed in *Agams* is called *atikram*. After this to make efforts of violating is called *vyatikram* Then partial violation is *atichaar* and complete violation of the codes and vows is *anachaar*.

**३२६. तिण्हमतिक्कमाणं—अलोएज्जा, पडिक्कमेज्जा, णिंदेज्जा, गरहेज्जा, जाव पडिवज्जेज्जा, तं जहा—णाणातिक्कमस्स, दंसणातिक्कमस्स, चरित्तातिक्कमस्स। ३२७. एवं वइक्कमाणं वि। ३२८. एवं अइयाराणं। ३२९. अणायाराणं।**

३२६. ज्ञानातिक्रम, दर्शनातिक्रम और चारित्रातिक्रम, इन तीनों प्रकार के अतिक्रमों की आलोचना करनी चाहिए, प्रतिक्रमण करना चाहिए, निन्दा करनी चाहिए, गर्हा करनी चाहिए, दोषो की निवृत्ति के लिए यथोचित प्रायश्चित्त एवं तप कर्म स्वीकार करना चाहिए। ३२७. इसी प्रकार इन तीनों प्रकार के व्यतिक्रमों की। ३२८. तीनो प्रकार के अतिचारों की, और ३२९. उक्त तीनो प्रकारो के अनाचारो की आलोचना आदि करनी चाहिए।

**326.** One should criticize (*alochana*), do critical review (*pratikraman*), reprove (*ninda*), reproach (*garha*)... and so on up to and accept suitable atonement and penance for committing the three kinds of aforesaid *atikram*, *i.e jnana-atikram*, *darshan-atikram* and *chaaritra-atikram* The same should be done for committing, **327.** *vyatikram*, **328.** *atichaar*, and **329.** *anachaar*.

### *प्रायश्चित्त-पद* PRAYASHCHIT-PAD (SEGMENT OF ATONEMENT)

**३३०. तिविहे पायच्छित्ते पण्णत्ते, तं जहा—आलोयणारिहे, पडिक्कमणारिहे, तदुभयारिहे।**

३३०. प्रायश्चित्त तीन प्रकार का है–(१) आलोचना के योग्य, (२) प्रतिक्रमण के योग्य, और (३) तदुभय (आलोचना और प्रतिक्रमण) के योग्य।

**330.** *Prayashchit* (atonement) is of three kinds—(1) requiring *alochana* (criticism), (2) requiring *pratikraman* (critical review), and (3) *tadubhaya* (requiring both *alochana* and *pratikraman*).

**विवेचन**—भिक्षाचर्या आदि मे लगे दोषो को सरल भाव से गुरु के समक्ष प्रकट करना आलोचना है। 'मिच्छामि दुक्कडं' लेना प्रतिक्रमण है। आलोचना और प्रतिक्रमण दोनों करने को तदुभय कहते हैं।

**Elaboration**—*Alochana* means to reveal frankly the faults committed during alms collection and other such routine activity. To earnestly wish '*michchhami dukkadam*' (may my improper actions be without consequence or may my faults be undone) after a critical review of faults is *pratikraman* To do both is *tadubhaya*

### अकर्मभूमि-पद AKARMA-BHUMI-PAD (SEGMENT OF LAND OF NO WORK)

**३३१. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं तओ अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—हेमवते, हरिवासे, देवकुरा। ३३२. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरे णं तओ अकम्मभूमीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—उत्तरकुरा, रम्मगवासे, हेरण्णवए।**

३३१. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के दक्षिण भाग में तीन अकर्मभूमियाँ है (यहाँ युगलिया रहते हैं)-(१) हैमवत, (२) हरिवर्ष, और (३) देवकुरु। ३३२. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के उत्तर भाग मे तीन अकर्मभूमियाँ है-(१) उत्तरकुरु, (२) रम्यक्वर्ष, और (३) हैरण्यवत।

**331.** In Jambu continent, to the south of Mandar mountain, there are three *akarma-bhumis* (where *yugaliyas* or twins, growing to be mates, live) namely—(1) Haimavat, (2) Harivarsh, and (3) Devakuru **332.** In Jambu continent, to the north of Mandar mountain, there are three *akarma-bhumis*—(1) Uttar-kuru, (2) Ramyak-varsh, and (3) Hairanyavat

### वर्ष-(क्षेत्र)-पद VARSH-PAD (SEGMENT OF VARSH)

**३३३. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं तओ वासा पण्णत्ता, तं जहा—भरहे, हेमवए, हरिवासे। ३३४. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरे णं तओ वासा पण्णत्ता, तं जहा—रम्मगवासे, हेरण्णवते, एरवए।**

३३३. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के दक्षिण भाग मे तीन वर्ष (क्षेत्र) है-(१) भरत, (२) हैमवत, और (३) हरिवर्ष। ३३४. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के उत्तर भाग मे तीन वर्ष है-(१) रम्यक्वर्ष, (२) हैरण्यवत, और (३) ऐरवत।

**333.** In Jambu continent, to the south of Mandar mountain, there are three *Varshas* (land areas of sub-continental size)—(1) Bharat, (2) Haimavat, and (3) Harivarsh. **334.** In Jambu continent, to the north of Mandar mountain, there are three *Varshas*—(1) Ramyak-varsh, (2) Hairanyavat, and (3) Airavat.

### वर्षधर-पर्वत-पद VARSHDHAR-PARVAT-PAD (SEGMENT OF VARSHADHAR MOUNTAIN)

**३३५. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं तओ वासहरपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—चुल्लहिमवंते, महाहिमवंते, णिसढे। ३३६. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरे णं तओ वासहरपव्वत्ता पण्णत्ता, तं जहा—णीलवंते, रुप्पी, सिहरी।**

३३५. जम्बूद्वीप द्वीप में मन्दर पर्वत के दक्षिण भाग मे तीन वर्षधर पर्वत हैं-(१) चुल्लहिमवान्, (२) महाहिमवान्, और (३) निषधपर्वत। ३३६. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के उत्तर भाग मे तीन वर्षधर पर्वत हैं-(१) नीलवान्, (२) रुक्मी, और (३) शिखरी पर्वत।

**335.** In Jambu continent there are three *Varsh-dhar parvats* (mountains) to the south of the Mandar Mountain—(1) *Chulla Himavan*, (2) *Mahahimavan*, and (3) *Nishadh* Mountains **336.** In Jambu continent there are three *Varsh-dhar parvats* (mountains) to the north of the Mandar mountain—(1) Nilavaan, (2) Rukmi, and (3) Shikhari

### महाद्रह–पद MAHADRAH-PAD (SEGMENT OF GREAT LAKES)

**३३७. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं तओ महादहा पण्णत्ता, तं जहा–पउमदहे, महापउमदहे, तिगिंछदहे। तत्थ णं तओ देवताओ महिड्ढियाओ जाव पलिओवमट्ठितीओ परिवसंति, तं जहा–सिरी, हिरी, धिती। ३३८. एवं उत्तरे णं वि, नवरं–केसरिदहे, महापोंडरीयदहे, पोंडरीयदहे। देवताओ–कित्ती, बुद्धी, लच्छी।**

३३७. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के दक्षिण भाग मे तीन महाद्रह है-(१) पद्मद्रह, (२) महापद्मद्रह, और (३) तिगिंछद्रह। इन द्रहों पर एक पल्योपम की स्थिति वाली तीन देवियाँ निवास करती है-(१) श्रीदेवी, (२) ह्रीदेवी, और (३) धृतिदेवी। ३३८. इसी प्रकार मन्दर पर्वत के उत्तर भाग मे भी तीन महाद्रह है-(१) केशरीद्रह, (२) महापुण्डरीकद्रह, और (३) पुण्डरीकद्रह। इन द्रहो पर तीन देवियाँ निवास करती है-(१) कीर्तिदेवी, (२) बुद्धिदेवी, और (३) लक्ष्मीदेवी।

**337.** In Jambu continent, to the south of Mandar mountain, there are three *mahadrahas* (great lakes)—(1) Padmadraha (lake Padma), (2) Mahapadmadraha (lake Mahapadma), and (3) Tingichhadraha (lake Tingichha) On these great lakes reside three goddesses with a life span of one *Palyopam*—(1) Shridevi, (2) Hridevi, and (3) Dhritidevi **338.** In the same way there are three *mahadrahas* (great lakes) to the north of Mandar Mountain—(1) Kesaridraha (lake Kesari), (2) Mahapaundareek-draha (lake Mahapaundareek), and (3) Paundareek-draha (lake Paundareek). On these great lakes reside three goddesses—(1) Kirtidevi, (2) Buddhidevi, and (3) Laxmidevi

### नदी–पद NADI-PAD (SEGMENT OF RIVER)

**३३९. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं चुल्लहिमवंताओ, वासधरपव्वताओ पउमदहाओ महादहाओ तओ महाणदीओ पवहंति, तं जहा–गंगा, सिंधू, रोहितंसा। ३४०. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरे णं सिहरीओ वासहरपव्वताओ पोंडरीयद्दहाओ**

**महाद्दहाओ तओ महाणदीओ पवहंति, तं जहा—सुवण्णकूला, रत्ता, रत्तवती। ३४१. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमे णं सीताए महाणदीए उत्तरे णं तओ अंतरणदीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—गाहावती, दहवती, पंकवती।**

३३९. जम्बूद्वीप द्वीप में मन्दर पर्वत के दक्षिण में चुल्लहिमवान् वर्षधर पर्वत के पद्मद्रह नामक महाद्रह से तीन महानदियाँ प्रवाहित होती है–(१) गगा, (२) सिन्धु, और (३) रोहिताशा। ३४०. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के उत्तर मे शिखरी पर्वत के पुण्डरीक महाद्रह से तीन महानदियाँ प्रवाहित होती है–(१) सुवर्णकूला, (२) रक्ता, और (३) रक्तवती। ३४१. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के पूर्व भाग मे सीता महानदी के उत्तर भाग में तीन अन्तर्नदियाँ है–(१) ग्राहवती, (२) द्रहवती, और (३) पंकवती।

**339.** In Jambu continent, to the south of Mandar Mountain on Chullahimavan *Varshadhar* mountain, from great lake Padmadraha flow three *mahanadis* (great rivers)—(1) Ganga, (2) Sindhu, and (3) Rohitamsha **340.** In Jambu continent, to the north of Mandar Mountain on Shikhari *Varshadhar* mountain, from great lake Pundareek flow three *mahanadis* (great rivers)—(1) Suvarnakoola, (2) Rakta, and (3) Raktavati **341.** In Jambu continent, to the east of Mandar Mountain on the north of great river Sita flow three *antarnadis* (intermediate rivers)—(1) Grahavati, (2) *Drahavati*, and (3) Pankavati

**३४२. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमे णं सीताए महाणदीए दाहिणे णं तओ अंतरणदीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—तत्तजला, मत्तजला, उम्मत्तजला। ३४३. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमे णं सीतोदाए महाणदीए दाहिणे णं तओ अंतरणदीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—खीरोदा, सीहसोता, अंतोवाहिणी। ३४४. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमे णं सीतोदाए महाणदीए उत्तरे णं तओ अंतरणदीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—उम्मिमालिणी, फेणमालिनी, गंभीरमालिणी।**

३४२. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के पूर्व भाग में सीता महानदी के दक्षिण भाग मे तीन अन्तर्नदियाँ है–(१) तप्तजला, (२) मत्तजला, और (३) उन्मत्तजला। ३४३. जम्बूद्वीप द्वीप में मन्दर पर्वत के पश्चिम मे सीतोदा महानदी क उत्तर भाग मे तीन अन्तर्नदियाँ है–(१) क्षीरोदा, (२) सिहस्रोता, और (३) अन्तर्वाहिनी। ३४४. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के पश्चिम मे सीतोदा महानदी के दक्षिण भाग में तीन अन्तर्नदियाँ है–(१) ऊर्मिमालिनी, (२) फेनमालिनी, और (३) गम्भीरमालिनी। *(विशेष स्पष्टता के लिए चित्र संख्या ७, स्थान ३, सूत्र २६८ पर देखें)*

**342.** In Jambu continent, to the east of Mandar Mountain on the south of great river Sita flow three intermediate rivers—(1) Taptajala,

(2) Mattajala, and (3) Unmattajala. **343.** In Jambu continent, to the west of Mandar Mountain on the north of great river Sitoda flow three intermediate rivers—(1) Kshiroda, (2) Simhasrota, and (3) Antarvahini. **344.** In Jambu continent, to the west of Mandar Mountain on the south of great river Sitoda flow three intermediate rivers—(1) Urmimalini, (2) Phenamalini, and (3) Gambhiramalini. *(for clarity see illustration No. 7, Sthaan 3, aphorism 268)*

### *धातकीखंड–पुष्करवर–पद* DHATAKIKHAND-PUSHKARVAR-PAD (SEGMENT OF DHATAKIKHAND-PUSHKARVAR)

**३४५. एवं धायइसंडे दीवे पुरत्थिमद्धेवि अकम्मभूमीओ आढवेत्ता जाव अंतरणदीओत्ति णिरवसेसं भाणियव्वं जाव पुक्खरवरदीवड्ढपच्चत्थिमद्धे तहेव णिरवसेसं भाणियव्वं।**

३४५. इसी प्रकार धातकीषण्ड तथा अर्धपुष्करवरद्वीप के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में जम्बूद्वीप के समान तीन–तीन अकर्मभूमियाँ तथा अन्तर्नदियाँ आदि समस्त पद कहना चाहिए।

**345.** In the same way all the aforesaid details about three *akarmabhumis, antarnadis* and other geographical features of Jambu continent should be repeated for Dhatakikhand as well as eastern and western halves of Ardhapushkarvar continent.

### *भूकंप–पद (भूकम्प के मुख्य कारण)* BHUKAMP-PAD (SEGMENT OF EARTHQUAKE)

**३४६. तिहिं ठाणेहिं देसे पुढवीए चलेज्जा, तं जहा–**

**(१) अहे णं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए उराला पोग्गला णिवतेज्जा। तते णं उराला पोग्गला णिवतमाणा देसं पुढवीए चलेज्जा। (२) महोरगे वा महिड्ढीए जाव महेसक्खे इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए अहे उम्मज्ज–णिमज्जियं करेमाणे देसं पुढवीए चलेज्जा। (३) णागसुवण्णाण वा संगामंसि वट्टमाणंसि देसं पुढवीए चलेज्जा।**

**इच्चेतेहिं तिहिं ठाणेहिं देसे पुढवीए चलेज्जा।**

३४६. तीन कारणो से पृथ्वी का एक देश (एक भाग) चलित (कम्पित) होता है–

(१) इस रत्नप्रभा नाम की पृथ्वी के निचले भाग में जब स्वभाव–परिणत स्थूल पुद्गल आकर टकराते हैं, तब उनके टकराने से पृथ्वी का एक देश चलित हो जाता है। (२) महर्द्धिक, महाद्युति, महाबल तथा महानुभाव महेश नामक महोरग व्यन्तरदेव रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे उन्मज्जन–निमज्जन (ऊपर–नीचे आवागमन) करता हुआ पृथ्वी के एक देश को चलायमान कर देता है। (३) नागकुमार और सुपर्णकुमार जाति के भवनवासी देवों का परस्पर सग्राम होने पर पृथ्वी का एक देश चलायमान हो जाता है।

**346.** For three reasons some part of the earth trembles—

(1) In the lower part of this Ratnaprabha *Prithvi* when naturally transformed gross aggregates of matter collide together, this collision makes some part of earth tremble (2) When Mahesh, a highly prosperous, radiant, powerful and proud *Vyantar Dev* (interstitial god) of *Mahorag* class, moves up and down under the Ratnaprabha *Prithvi*, this movement makes some part of earth tremble (3) When Abode dwelling gods of *Naag Kumar* and *Suparna Kumar* classes join in battle, some part of earth trembles.

**३४७. तिहिं ठाणेहिं केवलकप्पा पुढवी चलेज्जा, तं जहा–**

**(१) अधे णं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए घणवाते गुप्पेज्जा। तए णं से घणवाते गुविते समाणे घणोदहिमेएज्जा। तए णं से घणोदही एइए समाणे केवलकप्पं पुढविं चालेज्जा।**

**(२) देवे वा महिड्ढिए जाव महेसक्खे तहारूवस्स समणस्स माहणस्स वा इड्ढिं जुतिं जसं बलं वीरियं पुरिसक्कार–परक्कमं उवदंसेमाणे केवलकप्पं पुढविं चालेज्जा।**

**(३) देवासुरसंगामंसि वा वट्टमाणंसि केवलकप्पा पुढवी चलेज्जा।**

**इच्चेतेहिं तिहिं ठाणेहिं केवलकप्पा पुढवी चलेज्जा।**

३४७. तीन कारणो से केवल–कल्पा (सम्पूर्ण या प्राय सम्पूर्ण) पृथ्वी चलित होती है–

(१) इस रत्नप्रभा पृथ्वी के निचले भाग मे घनवात क्षुब्ध होता है। वह घनवात क्षुब्ध होता हुआ घनोदधिवात को क्षोभित करता है। तत्पश्चात् वह घनोदधिवात क्षोभित होता हुआ समूची पृथ्वी को चलायमान कर देता है।

(२) कोई महर्धिक, महाद्युति, महाबल तथा महानुभाव महेश नामक देव तथारूप श्रमण माहन को अपनी ऋद्धि, द्युति, यश, बल, वीर्य, पुरुषकार और पराक्रम दिखाता हुआ सम्पूर्ण पृथ्वी को चलायमान कर देता है।

(३) देवो और असुरो के परस्पर सग्राम होने पर सम्पूर्ण पृथ्वी चलित हो जाती है। इन तीन कारणो से सारी पृथ्वी चलित होती है।

**347.** For three reasons the whole (*keval-kalpa*) earth trembles—

(1) In the lower part of this Ratnaprabha *Prithvi ghanavaat* (dense air) gets agitated. This agitated *ghanavaat* in turn agitates *ghanodadhi* (dense water). Then this agitated *ghanodadhi* makes the whole earth tremble

(2) When Mahesh, a highly prosperous, radiant, powerful and proud *Vyantar Dev* (interstitial god) of *Mahorag* class, makes the whole earth

tremble in order to display his *riddhi* (opulence), *dyuti* (radiance), *yash* (fame), *bal* (strength), *virya* (potency), *purushakar* (ego of prowess) and *parakram* (ego of valorous action).

(3) When *Devs* (gods) and *Asurs* (demons) join in battle, the whole earth trembles.

For these three reasons the whole earth trembles

**देवस्थिति–पद DEV-STHITI-PAD (SEGMENT OF LIFE SPAN OF GODS)**

**३४८. तिविहा देवकिब्बिसिया पण्णत्ता, तं जहा–तिपलिओवमट्ठितीया, तिसागरोवमट्ठितीया तेरससागरोवमट्ठितीया।**

**(१) कहि णं भंते ! तिपलिओवमट्ठितीया देवकिब्बिसिया परिवसंति ?**

**उप्पिं जोइसियाणं, हिट्ठिं सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु, एत्थ णं तिपलिओवमट्ठितीया देवकिब्बिसिया परिवसंति।**

**(२) कहि णं भंते ! तिसागरोवमट्ठितीया देवकिब्बिसिया परिवसंति ?**

**उप्पिं सोहम्मीसाणाणं कप्पाणां, हेट्ठिं सणंकुमार–माहिंदेसु कप्पेसु, एत्थ णं तिसागरोवमट्ठितीया देवकिब्बिसिया परिवसंति।**

**(३) कहि णं भंते ! तेरससागरोवमट्ठितीया देवकिब्बिसिया परिवसंति ?**

**उप्पिं बंभलोगस्स कप्पस्स, हेट्ठिं लंतगे कप्पे, एत्थ णं तेरससागरोवमट्ठितीया देवकिब्बिसिया परिवसंति।**

३४८. किल्विषिक देव (देवताओ मे एक प्रकार के अस्पृश्य देव) तीन प्रकार के है–(१) तीन पल्योपम की स्थिति वाले, (२) तीन सागरोपम की स्थिति वाले, और (३) तेरह सागरोपम की स्थिति वाले।

(१) प्रश्न–भंते ! तीन पल्योपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ निवास करते है ?

(उत्तर)–आयुष्मन् ! ज्योतिष्क देवो के ऊपर तथा सौधर्म–ईशानकल्पो के नीचे, तीन पल्योपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव निवास करते है।

(२) प्रश्न–भंते ! तीन सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ निवास करते है ?

(उत्तर)–आयुष्मन् ! सौधर्म और ईशान कल्पों के ऊपर तथा सनत्कुमार माहेन्द्रकल्पो से नीचे, तीन सागरोपम की स्थिति वाले देव निवास करते हैं।

(३) (प्रश्न)–भंते ! तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ निवास करते है ?

(उत्तर)–आयुष्मन् ! ब्रह्मलोककल्प के ऊपर तथा लान्तककल्प के नीचे तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव निवास करते है।

**348.** *Kilvishik Devs* (a kind of untouchable gods) are of three kinds—(1) with a life span of three *Palyopam*, (2) with a life span of three *Sagaropam*, and (3) with a life span of thirteen *Sagaropam*

**(1) (Question)** Bhante ! Where do the *Kilvishik* gods with a life span of three *Palyopam* dwell ?

**(Answer)** Long lived one ! Above the *Jyotishk Devs* (stellar gods) and below *Saudharm-Ishan Kalps* dwell the *Kilvishik* gods with a life span of three *Palyopam*

**(2) (Question)** *Bhante* ! Where do the *Kilvishik* gods with a life span of three *Sagaropam* dwell ?

**(Answer)** Long lived one ! Above the *Saudharm-Ishan Kalps* and below *Sanatkumar-Mahendra Kalps* dwell the *Kilvishik* gods with a life span of three *Sagaropam*

**(3) (Question)** *Bhante* ! Where do the *Kilvishik* gods with a life span of thirteen *Sagaropam* dwell ?

**(Answer)** Long lived one ! Above the *Brahmalok Kalp* and below *Lantak Kalp* dwell the *Kilvishik* gods with a life span of thirteen *Sagaropam*

**३४९. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो बाहिरपरिसाए देवाणं तिण्णि पलिओवमाइं ठिई पण्णत्ता। ३५०. सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो अब्भिंतरपरिसाए देवीणं तिण्णि पलिओवमाइं ठिती पण्णत्ता। ३५१. ईसाणस्स णं देविंदस्स देवरण्णो बाहिरपरिसाए देवीणं तिण्णि पलिओवमाइं ठिती पण्णत्ता।**

३४९. देवेन्द्र, देवराज शक्र की बाह्य परिषद् के देवो की स्थिति तीन पल्योपम की है। ३५०. देवेन्द्र, देवराज शक्र की आभ्यन्तर परिषद् की देवियो की स्थिति, तथा ३५१. देवेन्द्र, देवराज ईशान की बाह्य परिषद् की देवियो की स्थिति भी तीन पल्योपम की है।

**349.** The life span of the gods of the outer assembly of *Devendra* Shakra (the overlord of gods) is three *Palyopam* (a metaphoric unit of time). **350.** The life span of the goddesses of the inner assembly of *Devendra* Shakra (the overlord of gods), and **351.** that of the goddesses of the outer assembly of *Devendra* Ishan is also three *Palyopam*.

### प्रायश्चित्त-पद PRAYASCHIT-PAD (SEGMENT OF ATONEMENT)

**३५२. तिविहे पायच्छित्ते पण्णत्ते, तं जहा—णाणपायच्छित्ते, दंसणपायच्छित्ते, चरित्तपायच्छित्ते।**

३५२. प्रायश्चित्त (ज्ञान, दर्शन एवं चारित्र की विशुद्धि के लिए किया जाने वाला प्रायश्चित्त) तीन प्रकार का है–(१) ज्ञानप्रायश्चित्त, (२) दर्शनप्रायश्चित्त, और (३) चारित्रप्रायश्चित्त।

**352.** *Prayashchit* (atonement) is of three kinds—(1) *jnana-prayaschit* (atonement related to knowledge), (2) *darshan-prayaschit* (atonement related to perception/faith), and (3) *chaaritra-prayaschit* (atonement related to conduct).

**३५३. तओ अणुग्घातिमा पण्णत्ता, तं जहा–हत्थकम्मं करेमाणे, मेहुणं सेवेमाणे, राईभोयणं भुंजमाणे।**

३५३. तीन अनुद्घात्य (गुरु या कठोर प्रायश्चित्त के भागी) होते है–(१) हस्त–कर्म करने वाला, (२) मैथुन सेवन करने वाला, और (३) रात्रिभोजन करने वाला।

**353.** Three are *anudghatya* (those who deserve heavy or rigorous atonement)—(1) who do amorous by activity, (2) who indulge in sexual act, and (3) who eat during night.

**३५४. तओ पारंचिता पण्णत्ता, तं जहा–दुट्ठे पारंचिते, पमत्ते पारंचिते, अण्णमण्णं करेमाणे पारंचिते।**

३५४. तीन पारचित प्रायश्चित्त (सघ से बहिष्कृत करने योग्य प्रायश्चित्त) के भागी होते है–(१) **दुष्ट पारांचित** (तीव्रतम कषाय दोष से दूषित तथा विषयदुष्ट साध्वी), (२) **प्रमत्त पारांचित** (स्त्यानर्द्धि निद्रा वाला), और (३) अन्योन्य (समलैंगिक) मैथुन सेवन करने वाला।

**354.** Three are *paranchit* (those who deserve atonement by being expelled from the organization)—(1) *dusht-paranchit*—female ascetic intoxicated by intense passions and lust, (2) *pramatt-paranchit*—ascetic in *styanagriddhi-nidra* (comatose state), and (3) *anyonya-paranchit*—who indulges in sodomy.

**३५५. तओ अणवट्ठप्पा पण्णत्ता, तं जहा–साहम्मियाणं तेणियं करेमाणे, अण्णधम्मियाणं तेणियं करेमाणे, हत्थातालं दलयमाणे।**

३५५. तीन **अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त**–(तपस्यापूर्वक पुन दीक्षा) के योग्य होते है–(१) साधर्मिकों की चोरी करने वाला, (२) अन्यधार्मिकों की चोरी करने वाला, और (२) हस्तताल देने वाला (मारक प्रहार करने वाला)।

**355.** Three are *anavasthapya* (those who deserve to be re-initiated after specified austerities)—(1) who steal from a co-religionist, (2) who steal from people following other religions, and (3) who give fatal blow.

**विवेचन**–किस प्रकार के दोष सेवन से कौन–सा प्रायश्चित्त दिया जाता है, इसका विशद विवेचन बृहत्कल्प आदि छेदसूत्रो मे देखना चाहिए।

**Elaboration**—What type of atonement is prescribed in *Agam* for specific category of fault has been discussed in great detail in *Vrihatkalp* and other *Chheda Sutras*.

**अयोग्यता-पद AYOGYATA-PAD (SEGMENT OF DISQUALIFICATION)**

**३५६. तओ णो कप्पंति पव्वावेत्तए, तं जहा—पंडए, वातिए, कीवे। ३५७. एवं मुंडावित्तए, सिक्खावित्तए, उवट्ठावेत्तए, संभुंजित्तए, संवासित्तए।**

३५६. तीन को प्रव्रजित नही करना चाहिए–(१) नपुंसक, (२) वातिक (तीव्र वात रोग से पीडित), और (३) क्लीव (वीर्य–धारण मे अशक्त) को। ३५७. इसी प्रकार उक्त तीन को मुण्डित करना, शिक्षण देना, महाव्रतो मे आरोपित करना, उनके साथ सभोगिक सम्बन्ध रखना और साथ–साथ रहना नही चाहिए।

**356.** Three should not be initiated (*pravrajit*)—(1) *napumsak* (eunuch), (2) *vaatik* (gravely suffering from disturbed air, one of the three body-humours), and (3) weak and impotent **357.** In the same way the aforesaid three are disqualified to be head-tonsured, taught, initiated into great vows, made friends and accepted into a group to live together

**३५८. तओ अवायणिज्जा पण्णत्ता, तं जहा—अविणीए, विगईपडिबद्धे, अविओसवियपाहुडे। ३५९. तओ कप्पंति वाइत्तए, तं जहा—विणीए, अविगइपडिबद्धे, विओसवियपाहुडे।**

३५८. (१) **अविनीत**–उद्दण्ड। (२) **विकृति–प्रतिबद्ध**–दूध, घी आदि रसो के सेवन मे आसक्त। (३) **अव्यवशमितप्राभृत**–कलह को शान्त नही करने वाला, ये तीनो वाचना देने के अयोग्य है। ३५९. (१) विनीत, (२) विकृति–अप्रतिबद्ध, और (३) व्यवशमितप्राभृत ये तीनो वाचना देने के योग्य है।

**358.** Three do not deserve to be given *vaachana* (lessons of scriptures)—(1) *avineet*—immodest and insolent, (2) *vikrit-pratibaddha*—gourmet with extreme liking for milk and milk products, and (3) *avyavashamitaprabhrit*—one who is unable to pacify his pugnacious tendency **359.** Three deserve to be given *vaachana* (recitation of scriptures)—(1) *vineet*—modest, (2) *vikrit-apratibaddha*—not enslaved of to special liking for tasty food, and (3) *vyavashamitaprabhrit*—one who pacifies his pugnacious tendency

**३६०. तओ दुसण्णप्पा पण्णत्ता, तं जहा—दुट्ठे, मूढे, वुग्गाहिते। ३६१. तओ सुसण्णप्पा पण्णत्ता, तं जहा—अदुट्ठे, अमूढे, अवुग्गाहिते।**

३६०. (१) दुष्ट, (२) मूढ (विवेकशून्य), और (३) व्युद्ग्राहित–कदाग्रही के द्वारा भड़काया हुआ, ये तीन दुःसज्ञाप्य (दुर्बोध्य) है। ३६१. (१) अदुष्ट, (२) अमूढ, और (३) अव्युद्ग्राहित, तीन सुसंज्ञाप्य (सुबोध्य) है।

वाचनीय
अवाचनीय

**चित्र परिचय १२** | **Illustration No. 12**

# वाचनीय-अवाचनीय

(१) गुरु सभी शिष्यो को ज्ञान व विद्या दान करते है। परन्तु जो विनयशील शिष्य होते है, वे ज्ञान के पात्र होते है, वे शीघ्र ही ज्ञान प्राप्त कर लेते है। उन पर विद्या देवता भी शीघ्र प्रसन्न होती है। जो अहकारी और बातूनी होते है, वे ज्ञानी गुरु से भी ज्ञान प्राप्त नही कर पाते। वे ज्ञान के अपात्र होते है। विद्या देवता उन पर विमुख रहती है।

(२) जो शिष्य व छात्र इन्द्रिय-सयमी और खाने-पीने के लोलुप नही होते, उन्हे गुरु द्वारा प्रदत्त ज्ञान शीघ्र ही प्राप्त होता है। किन्तु जो खाने-पीने के लोभी व इन्द्रिय-विषयो मे आसक्त रहते है उनको गुरु द्वारा प्रदत्त ज्ञान व्यर्थ ही जाता है। वे रसलोलुप विद्या प्राप्त नही कर सकते।

(३) जो छात्र व विद्यार्थी गुरु के अनुशासन मे रहते है। परस्पर प्रेम और सद्भावपूर्वक पढते है। अध्यापक का सन्मान करते है। व वास्तव मे विद्या के पात्र होते है। किन्तु जो आपस मे कलह, लडाई करते रहते है, गुरुजनो का अनुशासन नही मानते वे ज्ञान प्राप्ति के योग्य नही होते। उन पर कभी विद्या देवता प्रसन्न नही होती। चित्र मे ज्ञान के पात्र व अपात्र शिष्यो की वृत्तियो का दिग्दर्शन कराया है।

स्थान ३ सूत्र ३५८-३५९

## VAACHANIYA-AVAACHANIYA

(1) A guru imparts knowledge and learning to all his disciples The modest ones are deserving and they acquire knowledge soon The goddess of learning is also soon pleased with them The conceited and insolent cannot acquire knowledge even from a learned guru They are undeserving and the goddess of learning is also averse to them

(2) The disciples who are not given to special liking for tasty food and command control over senses, soon acquire knowledge from the guru Those who are gourmet and obsessed with sensual pleasures waste the knowledge they acquire from the guru Such obsessed ones fail to acquire knowledge

(3) The disciples or students who follow the discipline prescribed by the guru and study with amity and goodwill among co-students are the genuinely deserving ones Those who frequently quarrel among themselves and are not disciplined are the undeserving ones The goddess of learning is never pleased with them The illustrations shows the activities of the deserving and undeserving students

*—Sthaan 3, Sutra 358-359*

**360.** Three are *duhsanjapya* (hard to teach)—(1) *dusht* (wicked), (2) *moodh* (irrational), and (3) *vyudgrahit*—one provoked by a dogmatic person. **361.** Three are *susanjapya* (easy to teach)—(1) *adusht* (not wicked), (2) *amoodh* (rational), and (3) *avyudgrahit*—one not provoked by a dogmatic person.

***माण्डलिक-पर्वत-पद*** **MANDALIK-PARVAT-PAD (SEGMENT OF CIRCULAR MOUNTAINS)**

**३६२. तओ मंडलिया पव्वता पण्णत्ता, तं जहा—माणुसुत्तरे, कुंडलवरे, रुयगवरे।**

३६२. तीन माण्डलिक (वलयाकार वाले) पर्वत है-(१) मानुषोत्तर, (२) कुण्डलवर, और (३) रुचकवर पर्वत।

**362.** There are three *mandalik-parvat* (circular mountains)—(1) Manushottar, (2) Kundalavar, and (3) Ruchakavar

***महतिमहालय-पद*** **MAHATIMAHALAYA-PAD (SEGMENT OF THE GREATEST)**

**३६३. तओ महतिमहालया पण्णत्ता, तं जहा—जंबुद्दीवए मंदरे मंदरेसु, सयंभूरमणे समुद्दे समुद्देसु, बंभलोए कप्पे कप्पेसु।**

३६३. तीन महतिमहालय (अपनी-अपनी कोटि मे सबसे बडे) होते है-(१) मन्दर पर्वतो मे जम्बूद्वीप का सुमेरु पर्वत, (२) समुद्रो मे **स्वयम्भूरमण समुद्र**, और (३) कल्पो मे **ब्रह्मलोककल्प**।

**363.** There are three *mahatimahalaya* (the greatest among their category)—(1) Sumeru mountain of Jambu continent among Mandar mountains, (2) Svaymbhuraman sea among seas, and (3) Brahmalok *Kalp* among *Kalps* (divine dimensions)

***कल्पस्थिति-पद*** **KALPASTHITI-PAD (SEGMENT OF PRAXIS OBSERVATION)**

**३६४. तिविधा कप्पठिती पण्णत्ता, तं जहा—सामाइयकप्पठिती, छेदोवट्ठावणियकप्पठिती, णिव्विसमाणकप्पठिती।**

**अहवा—तिविहा कप्पठिती पण्णत्ता, तं जहा—णिव्विट्ठकप्पट्ठिती, जिणकप्पट्ठिती, थेरकप्पट्ठिती।**

३६४. कल्पस्थिति तीन प्रकार की है-(१) सामायिक कल्पस्थिति, (२) छेदोपस्थापनीय कल्पस्थिति, और (३) निर्विशमान कल्पस्थिति।

अथवा कल्पस्थिति तीन प्रकार की है-(१) निर्विष्टकल्पस्थिति, (२) जिनकल्पस्थिति, और (३) स्थविरकल्पस्थिति।

**364.** *Kalpasthiti* (praxis observation) is of three kinds—(1) *Samayik kalpasthiti*, (2) *Chhedopasthapaniya kalpasthiti*, and (3) *Nirvishamaan kalpasthiti*.

Also *Kalpasthiti* (praxis observation) is of three kinds—(1) *Nirvisht kalpasthiti*, (2) *Jinakalpasthiti*, and (3) *Sthavirakalpasthiti*

**विवेचन**—अपनी सामर्थ्य के अनुसार आचार-मर्यादा का पालन करना **कल्पस्थिति** है। उक्त कल्पस्थितियों का स्पष्टीकरण इस प्रकार है-

(१) **सामायिक कल्पस्थिति**—सामायिक चारित्र की काल-मर्यादा को सामायिक कल्पस्थिति कहते हैं। यह कल्पस्थिति प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर के समय में स्वल्पकाल की (इत्वरिक) होती है, क्योंकि वहाँ छेदोपस्थापनीय कल्पस्थिति विहित है। शेष बाईस तीर्थंकरों के समय मे तथा महाविदेह मे जीवन-पर्यन्त **(यावत्कथित)** होती है।

इस कल्प के अनुसार (१) शय्यातर-पिण्ड-परिहार, (२) चातुर्यामधर्म का पालन, (३) पुरुषज्येष्ठत्व, और (४) कृतिकर्म, ये चार कल्प आवश्यक होते है तथा (१) **अचेलकत्व**—वस्त्र का निषेध या अल्प वस्त्र ग्रहण, (२) **औद्देशिकत्व**—एक साधु के उद्देश्य से बनाये गये आहार का दूसरे साम्भोगिक द्वारा अग्रहण, (३) राजपिण्ड का अग्रहण, (४) नियमित प्रतिक्रमण, (५) मासकल्प विहार, और (६) पर्युषणाकल्प-ये छह कल्प वैकल्पिक होते है।

(२) **छेदोपस्थानीय कल्पस्थिति**—प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर के समय मे ही होती है।

(३) **निर्विशमान कल्पस्थिति**—परिहारविशुद्धि सयम की साधना करने वाले तपस्यारत साधुओ की आचार-मर्यादा।

(४) **निर्विष्टकल्प स्थिति**—परिहारविशुद्धि सयम की साधना सम्पन्न कर चुकने वाले साधुओ की स्थिति। *(इसका विस्तृत वर्णन सचित्र अनुयोगद्वार, भाग २, पृष्ठ ३०९ पर किया गया है।)*

(५) **जिन कल्पस्थिति**—अधिक प्रखर सयम की साधना करने के लिए गण, गच्छ आदि से निकलकर जो एकाकी विचरते हुए एकान्तवास करते है, उनकी आचार-मर्यादा।

(६) **स्थविर कल्पस्थिति**—जो आचार्यादि के गण-गच्छ मे स्थिर रहकर संयम की साधना करते है, उनकी आचार-मर्यादा।

**Elaboration**—To observe the discipline of ascetic praxis to the best of one's abilities is called *kalpasthiti* The aforesaid *kalpasthitis* are explained as follows—

**(1) Samayik kalpasthiti**—The periodicity of *Samayik chaaritra* (*Samayik* conduct) is called *Samayik kalpasthiti* This *kalpasthiti* is of a very short duration (*itvarik*) during the period of influence of first and last *Tirthankars* This is because during that period *Chhedopasthapaniya Charitra* (conduct of re-initiation after rectifying faults) is prevalent During the period of influence of the remaining

twenty two *Tirthankars* and also in *Mahavideh* area it is lifelong (*yavatkathit*).

This *kalp* (discipline of ascetic praxis) includes four essential codes and six optional codes. The four essentials are—(1) *shayyatar-pind-parihar* (austerity of not taking food from a house that provides facilities for staying overnight), (2) *chaturyaam-dharma palan* (following the religion of fourfold restraint), (3) *purush-jyeshthatva* (male seniority), and (4) *kritikarma* (to offer homage and obeisance to seniors, gods and *Tirthankars* in prescribed manner) The six optionals are—(1) *achelakatva* (garb renunciation or nakedness), (2) *Auddeshikatva* (non-acceptance of food meant for another ascetic), (3) *Rajapind-agrahan* (non-acceptance of food from king's kitchen or state kitchen), (4) *niyamit pratikraman* (doing critical review with strict regularity), (5) *maas-kalp vihar* (not to stay at a place for more than a month), and (6) *Paryushana kalp* (to follow monsoon stay codes and procedures).

**(2) Chhedopasthapaniya kalpasthiti**—It is applicable only during the periods of influence of first and last *Tirthankars*

**(3) Nirvishamaan kalpasthiti**—praxis discipline prescribed for the ascetics observing the special austerities of *Parihar-vishuddhi kalp*

**(4) Nirvisht kalpasthiti**—complementary praxis discipline prescribed for the ascetics successfully concluding the special austerities of *Parihar-vishuddhi kalp (for detailed description refer to Illustrated Anuyoga Dvar Sutra, part 2, p. 309)*

**(5) Jina kalpasthiti**—praxis discipline of accomplished ascetics who leave their group and organization to go in isolation for higher and more rigorous practices

**(6) Sthavira kalpasthiti**—praxis discipline of accomplished ascetics who observe higher and more rigorous practices remaining in the group under an *acharya* or other leader

### शरीर–पद SHARIR-PAD (SEGMENT OF BODY)

**३६५. णेरइयाणं तओ सरीरगा पण्णत्ता, तं जहा—वेउव्विए, तेयए, कम्मए। ३६६. असुरकुमाराणं तओ सरीरगा पण्णत्ता, एवं चेव। ३६७. एवं सव्वेसिं देवाणं। ३६८. पुढविकाइयाणं तओ सरीरगा पण्णत्ता, तं जहा—ओरालिए, तेयए, कम्मए। ३६९. एवं—वाउकाइयवज्जाणं जाव चउरिंदियाणं।**

३६५. नारक जीवो के तीन शरीर होते है-(१) वैक्रिय शरीर, (२) तेजस् शरीर, और (३) कार्मण शरीर। ३६६. नारको की तरह ही असुरकुमारो के तीन शरीर होते है। ३६७. इसी प्रकार सभी देवो के तीन शरीर होते है। ३६८. पृथ्वीकायिक जीवो के तीन शरीर होते हैं-(१) औदारिक शरीर (औदारिक पुद्गल वर्गणाओ से निर्मित अस्थि-माँसमय शरीर), (२) तेजस्, और (३) कार्मण शरीर। ३६९. इसी प्रकार वायुकायिक जीवो को छोडकर चतुरिन्द्रिय तक के सभी जीवो के तीन शरीर होते है। (वायुकायिको के चार शरीर होने से उन्हे छोड़ दिया गया है।)

**365.** The *sharır* (body) of *naarak jıvas* (ınfernal beıngs) is of three kınds—(1) *Vaıkrıya sharır* (transmutable body), (2) *Taıjas sharır* (fiery body), and (3) *Karman sharır* (karmıc body) **366.** Lıke ınfernal beıngs *Asur Kumars* (a kınd of dıvıne beıngs) too have three kınds of body **367.** In the same way all the dıvine beıngs have three kınds of body **368.** The *sharır* (body) of *prıthvıkayık jıvas* (earth-bodied beıngs) ıs of three kınds—(1) *Audarık sharır* (gross physıcal body made of gross matter partıcles and havıng bones and flesh), (2) *Taıjas sharır* (fiery body), and (3) *Karman sharır* (karmıc body) **369.** In the same way, besıdes *vayukayık jıvas* (aır-bodied beıngs), all beıngs up to four sensed beıngs have three kınds of body (aır-bodıed beıngs have been excluded because they have four kınds of body)

### प्रत्यनीक-पद PRATYANEEK-PAD (SEGMENT OF NON-CONFORMIST)

**३७०. गुरुं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा-आयरियपडिणीए, उवज्झायपडिणीए, थेरपडिणीए। ३७१. गतिं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा-इहलोगपडिणीए, परलोगपडिणीए, दुहओलोगपडिणीए। ३७२. समूहं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा-कुलपडिणीए, गणपडिणीए, संघपडिणीए। ३७३. अणुकंपं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा-तवस्सिपडिणीए, गिलाणपडिणीए, सेहपडिणीए। ३७४. भावं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा-णाणपडिणीए, दंसणपडिणीए, चरित्तपडिणीए। ३७५. सुयं पडुच्च तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा-सुत्तपडिणीए, अत्थपडिणीए, तदुभयपडिणीए।**

३७०. गुरु की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक (प्रतिकूल व्यवहार करने वाले) होते है-(१) आचार्य-प्रत्यनीक, (२) उपाध्याय-प्रत्यनीक, और (३) स्थविर-प्रत्यनीक। ३७१. गति की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक होते हैं-(१) इहलोक-प्रत्यनीक, (२) परलोक-प्रत्यनीक, और (३) उभयलोक-प्रत्यनीक। ३७२. समूह की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक होते है-(१) कुल-प्रत्यनीक, (२) गण-प्रत्यनीक, और (३) सघ-प्रत्यनीक। ३७३. अनुकम्पा की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक होते हैं-(१) तपस्वी-प्रत्यनीक, (२) ग्लान-प्रत्यनीक, और (३) शैक्ष-प्रत्यनीक। ३७४. भाव की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक होते हैं-

(१) ज्ञान-प्रत्यनीक, (२) दर्शन-प्रत्यनीक, और (३) चारित्र-प्रत्यनीक। ३७५. श्रुत की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक होते हैं-(१) सूत्र-प्रत्यनीक, (२) अर्थ-प्रत्यनीक, और (३) तदुभय-प्रत्यनीक।

**370.** With reference to guru (preceptor) there are three kinds of *pratyaneek* (non-conformist)—(1) *acharya-pratyaneek* (opposed to *acharya*), (2) *upadhyaya-pratyaneek* (opposed to *upadhyaya*), and (3) *sthavir-pratyaneek* (opposed to *sthavir*). **371.** With reference to *gati* (incarnation) there are three kinds of *pratyaneek* (non-conformist)—(1) *ihaloka-pratyaneek* (contrary to this life), (2) *paralok-pratyaneek* (contrary to next life), and (3) *ubhayalok-pratyaneek* (contrary to this as well as next life) **372.** With reference to *samuha* (group) there are three kinds of *pratyaneek* (non-conformist)—(1) *kula-pratyaneek* (opposed to the group of disciples of same *acharya*), (2) *gana-pratyaneek* (opposed to *gana*), and (3) *sangh-pratyaneek* (opposed to the religious organization) **373.** With reference to *anukampa* (compassion) there are three kinds of *pratyaneek* (non-conformist)—(1) *tapasvi-pratyaneek* (pathetic to hermits or those observing austerities), (2) *glan-pratyaneek* (pathetic to the ailing), and (3) *shaiksh-pratyaneek* (pathetic to neo-initiates) **374.** With reference to *bhaava* (attitude) there are three kinds of *pratyaneek* (non-conformist)—(1) *jnana-pratyaneek* (opposed to right knowledge), (2) *darshan-pratyaneek* (opposed to right perception/faith), and (3) *chaaritra-pratyaneek* (opposed to right conduct) **375.** With reference to *shrut* (canon) there are three kinds of *pratyaneek* (non-conformist)—(1) *Sutra-pratyaneek* (opposed to text), (2) *arth-pratyaneek* (opposed to meaning), and (3) *tadubhaya-pratyaneek* (opposed to both text and its meaning)

**विवेचन**-प्रत्यनीक शब्द का अर्थ है मर्यादा विरुद्ध या प्रतिकूल आचरण करने वाला। दीक्षा देने वाला आचार्य और शिक्षा (ज्ञान) देने वाला उपाध्याय गुरु है। स्थविर भी वय, तप एवं ज्ञान-गरिमा की अपेक्षा गुरु तुल्य है। जो इन तीनो के प्रतिकूल आचरण करता है, उनकी यथोचित विनय नही करता, उनका अवर्णवाद करता और उनका छिद्रान्वेषण करता है उसे **गुरु-प्रत्यनीक** कहा जाता है।

इस लोक सम्बन्धी प्रचलित व्यवहार के प्रतिकूल आचरण करने वाला **इहलोक प्रत्यनीक** है। परलोक के योग्य सदाचरण न करके दुराचरण करने वाला **परलोक-प्रत्यनीक** होता है। दोनो लोको के प्रतिकूल आचरण करने वाला **उभयलोक-प्रत्यनीक** कहा जाता है।

साधुओं के लघु-समुदाय को अथवा एक आचार्य की शिष्य-परम्परा को **कुल** कहते है। परस्पर-सापेक्ष तीन कुलो का समुदाय **गण** तथा सयम-साधना करने वाले सभी साधुओ का समुदाय **संघ** कहा जाता है। इनकी निन्दा या अवहलेना करना प्रत्यनीकता है।

मासोपवास आदि प्रखर तपस्या करने वाला तपस्वी, रोगादि से पीडित साधु ग्लान और नव-दीक्षित साधु शैक्ष कहलाता है। ये तीनो ही अनुकम्पा के पात्र होते है। जो उनके प्रतिकूल आचरण करता है, वह अनुकम्पा की अपेक्षा प्रत्यनीक होता है।

ज्ञान-दर्शन-चारित्रात्मक भाव कर्म-मुक्ति एवं आत्मिक सुख-शान्ति के कारण है, उनकी विपरीत प्ररूपणा करने वाला भाव-प्रत्यनीक है।

श्रुत (शास्त्राभ्यास) के तीन अंग है-सूत्र, उसका अर्थ तथा दोनो का समन्वित अभ्यास। इन तीनों के प्रतिकूल श्रुत की अवज्ञा करने वाला श्रुत-प्रत्यनीक होता है।

**Elaboration**—*Pratyaneek* means one who goes against or behaves contrary to the prescribed discipline or codes *Acharya* is one who initiates, *Upadhyaya* is one who teaches and *Sthavir* is almost like a guru as he is senior in terms of age, period of initiation, austerities and profundity of knowledge One who goes against them, does not show proper modesty, criticizes them and finds faults is called *guru-pratyaneek*.

On who behaves contrary to the established social norms is *ihaloka-pratyaneek*. One who has evil conduct and not good and pious conduct conducive to a good next life is *paraloka-pratyaneek*

A small group of ascetics or that consisting of disciples of just one *acharya* is called *kula* A larger group consisting of disciple of three *acharyas* following same codes is called *gana* The mass of all ascetics following the same codes is called *sangh* To criticize or go against these is to be a *pratyaneek*

Hermits or those observing rigorous austerities, such as month long fasting, are *tapasvis* Ailing ascetics are called *glan* and newly initiated ascetics are called *shaiksh* They deserve sympathy and compassion One who ill-treats them or is antipathetic to them is *pratyaneek* (non-conformist) with reference to *anukampa* (compassion)

Attitude leading to right knowledge-perception/faith-conduct is caused by inner bliss and tranquillity One who preaches and goes against this is *bhaava-pratyaneek*

There are three parts of study of the canon—text, meaning and assimilation of the two. One who neglects this or goes against it is *shrut-pratyaneek*.

## मातृ–पितृ–अंग–पद MATRI-PITRI-ANGA-PAD (SEGMENT OF ANATOMICAL INHERITANCE FROM PARENTS)

**३७६. तओ पितियंगा पण्णत्ता, तं जहा—अट्ठी, अट्ठिमिंजा, केसमंसुरोमणहे।**

**३७७. तओ माउयंगा पण्णत्ता, तं जहा—मंसे, सोणिते, मत्थुलिंगे।**

३७६. तीन अंग पितृ–अंग (पिता के वीर्य से बनने वाले) होते हैं–(१) अस्थि, (२) मज्जा, और (३) केश–दाढ़ी–मूँछ, रोम एवं नख।

३७७. तीन अंग मातृ–अंग होते हैं–(१) माँस, (२) शोणित (रक्त), और (३) मस्तुलिंग (मस्तिष्क)।

**376.** There are three *pitri-anga* (parts of the body made of father's semen)—(1) *asthi* (bones), (2) *majja* (marrow), and (3) *kesh-beard-moonchh, roam* and *nakh* (hair, beard, moustache, body-hair and nails).

**377.** There are three *matri-anga* (parts of the body made of mother's menstrual discharge)—(1) *mansa* (flesh), (2) *shonit* (blood), and (3) *mastuling* (brain)

## मनोरथ–पद MANORATH-PAD (SEGMENT OF WISH)

**३७८. तिहिं ठाणेहिं समणे णिग्गंथे महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवति, तं जहा—**

**(१) कया णं अहं अप्पं वा बहुयं सुयं अहिज्जिस्सामि ? (२) कया णं अहं एकल्लविहारपडिमं उवसंपज्जित्ता णं विहरिस्सामि ? (३) कया णं अहं अपच्छिममारणंतियसंलेहणा–झूसणा–झूसिते भत्तपाणपडियाइक्खिते पाओवगते कालं अणवकंखमाणे विहरिस्सामि ?**

**एवं समणसा सवयसा सकायसा पागडेमाणे समणे निग्गंथे महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवति।**

३७८. तीन प्रकार की शुभ भावना करने से श्रमण निर्ग्रन्थ महानिर्जरा और महापर्यवसान वाला होता है–

(१) कब मैं अल्प या बहुत श्रुत का अध्ययन करूँगा ! (२) कब मैं एकलविहारप्रतिमा को स्वीकार कर विहार करूँगा ! (३) कब मैं (जीवन के अन्तिम समय मे) अपश्चिम मारणान्तिक संलेखना की आराधना करता हुआ, भक्त–पान का परित्याग कर पादोपगमन संथारा स्वीकार कर मृत्यु की आकाक्षा नहीं करता हुआ विचरूँगा ?

मन, वचन, काय से उक्त भावना करता हुआ श्रमण निर्ग्रन्थ महानिर्जरा तथा महापर्यवसान वाला होता है।

**378.** Three good wishes of a *Shraman nirgranth* lead to *mahanirjara* (maximum shedding of *karmas*) and *mahaparyavasaan* (sublime departure or death)—

(1) When will I study a little or more of the canon ! (2) When will I accept *ekal-vihar-pratima* (the special practice of living in solitude) and proceed to observe that ! (3) When will I observe the *apaschim maaranantik samlekhana* (irrevocable ultimate vow till death), abandon all food and drinks, accept *padopagaman santhara* (lifelong fasting keeping the body motionless like a fallen tree) and spend time peacefully without the desire of death !

**३७९. तिहिं ठाणेहिं समणोवासए महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवति, तं जहा—**

**(१) कया णं अहं अप्पं वा बहुयं वा परिग्गहं परिचइस्सामि ? (२) कया णं अहं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारितं पव्वइस्सामि ? (३) कया णं अहं अपच्छिममारणंतियसंलेहणा-झूसणा-झूसिते भत्तपाणपडियाइक्खिते पाओवगते कालं अणवकंखमाणे विहरिस्सामि ?**

**एवं समणसा सवयसा सकायसा पागडेमाणे समणोवासए महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवति।**

३७९. तीन प्रकार की शुद्ध भावनाओ से श्रमणोपासक (गृहस्थ श्रावक) महानिर्जरा और महापर्यवसान वाला होता है-

(१) कब मै अल्प या बहुत परिग्रह का परित्याग करूँगा? (२) कब मै मुण्डित होकर अगार (गृहस्थ दशा) से अनगारिता मे प्रव्रजित होऊँगा? (३) कब मै अपश्चिम मारणान्तिक सलेखना की आराधना करता हुआ भक्त-पान का परित्याग कर, पादोपगमन सथारा स्वीकार कर मृत्यु की आकाक्षा नही करता हुआ विचरूँगा?

मन, वचन, काय से उक्त शुभ भावना करता हुआ श्रमणोपासक महानिर्जरा और महापर्यवसान वाला होता है।

**379.** Three good wishes of a *Shramanopasak* (Jain layman) lead to *mahanirjara* (maximum shedding of *karmas*) and *mahaparyavasaan* (sublime departure or death)—

(1) When will I renounce a little or more of the desire to possess ! (2) When will I tonsure my head and from the *aagaar* (householder) state get initiated into the *anagaar* (ascetic) state ! (3) When will I observe the *apaschim maaranantik samlekhana* (irrevocable ultimate vow till death), abandon all food and drinks, accept *padopagaman santhara* (lifelong fasting keeping the body motionless like a fallen tree) and spend time peacefully without the desire of death !

Wishing thus mentally, vocally and physically a *Shramanopasak* (Jain layman) accomplishes *mahanirjara* (maximum shedding of *karmas*) and *mahaparyavasaan* (great departure or death).

**विवेचन**—निर्जरा का अर्थ है—बँधे हुए कर्मों का क्षीण होना। भावनाओ की उच्चतम स्थिति में पहुँचने पर विपुल व सघन मात्रा मे कर्मों का क्षीण होना **महानिर्जरा** है। **महापर्यवसान** के दो अर्थ होते हैं—समाधिमरण और अपुनर्मरण—मोक्ष। जिस व्यक्ति के कर्मों की महानिर्जरा होती है, वह समाधिमरण को प्राप्त होकर उत्तम देवगति मे जाता है अथवा कर्ममुक्त होकर जन्म-मरण के चक्र से छूटकर सिद्ध हो जाता है।

एकलविहार प्रतिमा का अर्थ है—अकेला रहकर आत्म-साधना करना।

**Elaboration**—*Nirjara* means shedding or destroying bonded *karmas* Achieving that in large volume on attaining higher purity of feelings is called *Mahanirjara* *Mahaparyavasan* has two meanings—meditational death (*samadhimaran*) and liberation (*apunarmaran*). A person attaining large shedding of *karmas* embraces meditational death and either reincarnates in higher divine realms or attains liberation after shedding all *karmas*

*Ekalvihar pratima* means to do spiritual practices in isolation.

### *पुद्गल-प्रतिघात-पद* PUDGAL-PRATIGHAT-PAD (SEGMENT OF SLOWING DOWN OF MATTER)

**३८०. तिविहे पोग्गलपडिघाते पण्णत्ते, तं जहा—परमाणुपोग्गले परमाणुपोग्गलं पप्प पडिहण्णिज्जा, लुक्खत्ताए वा पडिहण्णिज्जा, लोगंते वा पडिहण्णिज्जा।**

३८०. तीन कारणो से पुद्गलो का प्रतिघात (गति मे अवरोध) होता है—

(१) एक पुद्गल-परमाणु दूसरे पुद्गल-परमाणु से टकराकर प्रतिघात को प्राप्त होता है।

(२) अथवा रूक्ष होने पर (स्नेहरहित होने से गति रुक जाती है)।

(३) अथवा लोकान्त मे जाकर प्रतिहत हो जाता है (क्योकि आगे गतिसहायक धर्मास्तिकाय नहीं है।)

**380.** For three reasons matter (particles of matter) undergoes *pratighat* (reduction of speed)—

(1) By collision of one matter particle with another.

(2) Due to friction when they become dry

(3) When they reach the edge of universe (*lokant*) (since there is absence of *dharmastikaya* or entity of motion beyond that point)

### *चक्षुः-पद* CHAKSHU-PAD (SEGMENT OF VISION)

**३८१. तिविहे चक्खू पण्णत्ते, तं जहा—एगचक्खू, बिचक्खू, तिचक्खू।**

छउमत्थे णं मणुस्से एगचक्खू, देवे बिचक्खू, तहारूवे समणे वा माहणे वा उप्पण्णणाणदंसणधरे तिचक्खुत्ति वत्तव्वं सिया।

३८१. चक्षुष्मान् (नेत्र वाले) तीन प्रकार के है-(१) एकचक्षु, (२) द्विचक्षु, और (३) त्रिचक्षु।

(१) छद्मस्थ मनुष्य एक चक्षु होता है। (२) देव द्विचक्षु होते हैं, क्योंकि उनके द्रव्य नेत्र के साथ अवधिज्ञान रूप दूसरा भी नेत्र होता है। (३) केवलज्ञान और केवलदर्शन का धारक श्रमण-माहन त्रिचक्षु होते है।

**381.** People having vision are of three kinds—(1) *ekachakshu* (single vision), (2) *dvichakshu* (double vision), and (3) *trichakshu* (triple vision)

(1) A *chhadmasth* (a person in the state of bondage) is *ekachakshu* because he only has physical means of vision, i e eyes (2) A *dev* (divine being) is *dvichakshu* because besides eyes he also has *avadhijnana* as another means of vision (3) An ascetic with *keval-jnana* and *keval-darshan* is *trichakshu* because besides eyes he has these two faculties.

### *अभिसमागम-पद* ABHISAMAGAM-PAD (SEGMENT OF RIGHT KNOWLEDGE)

३८२. तिविहे अभिसमागमे पण्णत्ते, तं जहा—उड्ढं, अहं, तिरियं।

जया णं तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पज्जति, से णं तप्पढमताए उड्ढमभिसमेति, ततो तिरियं, ततो पच्छा अहे। अहोलोगे णं दुरभिगमे पण्णत्ते समणाउसो !

३८२. अभिसमागम-(वस्तु-स्वरूप का यथार्थज्ञान, सम्यग्ज्ञान) तीन प्रकार का होता है-(१) ऊर्ध्वअभिसमागम, (२) तिर्यक्अभिसमागम, और (३) अध अभिसमागम।

तथारूप श्रमण-माहन को जब अतिशययुक्त ज्ञान-दर्शन (अवधिज्ञान) उत्पन्न होता है, तब वह सर्वप्रथम ऊर्ध्वलोक को जानता है। तत्पश्चात् तिर्यक्लोक को और उसके पश्चात् अधोलोक को जानता है।

हे आयुष्मन् श्रमणो ! अधोलोक सबसे अधिक दुरभिगम, कठिनाई से जाना जाता है।

**382.** *Abhisamagam* (the factual knowledge of the true form of things or right knowledge) is of three kinds—(1) *urdhva-abhisamagam* (right knowledge of the upper world), (2) *tiryak-abhisamagam* (right knowledge of the transverse world), and (3) *adho-abhisamagam* (right knowledge of the lower world)

When an ascetic as described in scriptures acquires miraculous knowledge and perception (*avadhi-jnana*) he first of all knows and understands the *urdhva lok* (upper world), then the *tiryak lok* (transverse world) and last of all the *adho lok* (lower world)

O Long lived *Shramans* ! The lower world is the most difficult to comprehend.

### ऋद्धि-पद RIDDHI-PAD (SEGMENT OF WEALTH)

**३८३. तिविहा इड्ढी पण्णत्ता, तं जहा—देविड्ढी, राइड्ढी, गणिड्ढी।**

३८३. ऋद्धि (ऐश्वर्य) तीन प्रकार की होती है-(१) देव-ऋद्धि, (२) राज्य-ऋद्धि, और (३) गणि-(आचार्य) ऋद्धि।

**383.** *Riddhi* (wealth) is of three kinds—(1) *dev-riddhi* (divine wealth), (2) *rajya-riddhi* (state wealth) and (3) *gani-riddhi* (preceptor's wealth).

**३८४. देविड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—विमाणिड्ढी, विगुव्वणिड्ढी, परियारणिड्ढी।**

**अहवा—देविड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—सचित्ता, अचित्ता, मीसिता।**

३८४. देव-ऋद्धि तीन प्रकार की है-(१) विमान-ऋद्धि, (२) वैक्रिय-ऋद्धि, और (३) परिचारणा-ऋद्धि (काम क्रीडा की शक्ति)।

अथवा देव-ऋद्धि तीन प्रकार की है-(१) **सचित्त-ऋद्धि** (देवी-देवादि का परिवार), (२) **अचित्त ऋद्धि**-(वस्त्र-आभूषणादि), और (३) **मिश्र-ऋद्धि**-(वस्त्राभरणभूषित देवी आदि)।

**384.** *Dev-riddhi* (divine wealth) is of three kinds—(1) *vimaan-riddhi* (wealth of celestial vehicles), (2) *vaikriya-riddhi* (power of transmutation), and (3) *paricharana-riddhi* (power of sexual indulgence).

Also *dev-riddhi* (divine wealth) is of three kinds—(1) *sachitta-riddhi* (living wealth, such as retinue of gods and goddesses), (2) *achitta-riddhi* (non-living wealth, such as garb, ornaments etc ), and (3) *mishra-riddhi* (mixed, such as adorned goddesses)

**३८५. राइड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—रण्णो अतियाणिड्ढी, रण्णो णिजाणिड्ढी, रण्णो बल-वाहण-कोस-कोट्ठागारिड्ढी।**

**अहवा—राइड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—सचित्ता, अचित्ता, मीसिता।**

३८५. राज्य-ऋद्धि तीन प्रकार की होती है-

(१) **अतियान-ऋद्धि**-राजा या राजा के विशिष्ट अतिथि के नगर प्रवेश के समय की जाने वाली तोरण-द्वारादि रूप सजावट। (२) **निर्याण-ऋद्धि**-नगर से बाहर निकलने पर उनके साथ चलने वाला वैभव। (३) **कोष-कोष्ठागार-ऋद्धि**-सेना, वाहन, खजाना और धान्य-भाण्डारादि रूप।

अथवा राज्य-ऋद्धि तीन प्रकार की होती है-

(१) सचित्त–ऋद्धि–रानी, सेवक, परिवारादि। (२) अचित्त–ऋद्धि–वस्त्र, आभूषण, अस्त्र–शस्त्रादि। (३) मिश्र–ऋद्धि–अस्त्र–शस्त्र धारक रोना आदि।

**385.** *Rajya-riddhi* (state wealth) is of three kinds—

(1) *atiyaan-riddhi*—The elaborate decoration of a city including making of ornamental gates etc on the occasion of entry of a king or a special guest (2) *niryaan-riddhi*—the accompanying display of grandeur when a king goes out of the city (3) *kosh-koshtagar-riddhi*—army, vehicles, treasury and granary etc

Also *rajya-riddhi* (state wealth) is of three kinds—(1) *sachitta-riddhi* (living wealth, such as queen, family and retinue), (2) *achitta-riddhi* (material wealth, such as garb, ornaments, weapons etc ), and (3) *mishra-riddhi* (mixed, such as guards and army equipped with armament)

**३८६. गणिड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–णाणिड्ढी, दंसणिड्ढी, चरित्तिड्ढी।**

**अहवा–गणिड्ढी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–सचित्ता, अचित्ता, मीसिता।**

३८६. गणि–ऋद्धि (आचार्य की ऋद्धि) तीन प्रकार की होती है–(१) ज्ञान–ऋद्धि–विशिष्ट श्रुत–सम्पदा की प्राप्ति तथा गण मे विशिष्ट ज्ञानी श्रमण। (२) दर्शन–ऋद्धि–निर्ग्रन्थ प्रवचन मे नि शकितादि गुण एव प्रभावक प्रवचनशक्ति सम्पन्न शिष्य परिवार। (३) चारित्र–ऋद्धि–निरतिचार चारित्र प्रतिपालना करने वाले श्रमण।

अथवा गणि–ऋद्धि तीन प्रकार की होती है–(१) सचित्त–ऋद्धि–शिष्य–परिवार आदि। (२) अचित्त–ऋद्धि–वस्त्र, पात्र, शास्त्र–सग्रहादि। (३) मिश्र–ऋद्धि–वस्त्र–पात्रादि से युक्त शिष्य–परिवारादि।

**386.** *Gani-riddhi or acharya-riddhi* (wealth of a preceptor) is of three kinds—(1) *jnana-riddhi*—acquisition of profound knowledge of scriptures and also the wealth of highly talented disciples (2) *darshan-riddhi*—the capacity of eloquent and unambiguous discourse and wealth of impressive speakers among disciples (3) *chaaritra-riddhi*—following of unblemished code of conduct and having wealth of such ascetic followers

Also *gani-riddhi* (preceptor's wealth) is of three kinds—(1) *sachitta-riddhi* (living wealth, such as family of disciples), (2) *achitta-riddhi* (material wealth, such as garb, bowls, scriptures etc ), and (3) *mishra-riddhi* (mixed, such as disciples with garb and ascetic equipment)

**गौरव–पद GAURAV-PAD (SEGMENT OF CONCEIT)**

**३८७. तओ गारवा पण्णत्ता, तं जहा–इड्ढीगारवे, रसगारवे, सातागारवे।**

३८७. गौरव तीन प्रकार का होता है–(१) **ऋद्धि–गौरव**–लौकिक व लोकोत्तर पूज्यता का अभिमान। (२) **रस–गौरव**–दूध, घृत, मिष्ठान रसादि की प्राप्ति का अभिमान। (३) **साता–गौरव**–सुखशीलता, सुकुमारता सम्बन्धी गौरव।

**387.** *Gaurav* (conceit) is of three kinds—(1) *riddhi-gaurav* (conceit of mundane and super mundane adoration), (2) *rasa-gaurav* (conceit of acquisition of milk, butter, sweets and other tasty things), and (3) *sata-gaurav* (conceit of being happy, comfortable etc.).

**करण–पद KARAN-PAD (SEGMENT OF RITUALS)**

**३८८. तिविहे करणे पण्णत्ते, तं जहा–धम्मिए करणे, अधम्मिए करणे, धम्मियाधम्मिए करणे।**

३८८. करण (क्रिया अनुष्ठान) तीन प्रकार का है–(१) **धार्मिक–करण**–संयमधर्म के अनुकूल अनुष्ठान। (२) **अधार्मिक–करण**–संयमधर्म के प्रतिकूल आचरण। (३) **धार्मिकाधार्मिक–करण**–मिश्रित धर्माचरण और अधर्माचरणरूप प्रवृत्ति।

**388.** *Karan* (rituals) are of three kinds—(1) *dharmik-karan* (rituals conforming to the ascetic-discipline), (2) *adharmik-karan* (rituals against the ascetic discipline), and (3) *dharmikadharmik-karan* (mixed rituals).

**धर्म–स्वरूप–पद (धर्म के तीन अंग) DHARMA-SVAROOP-PAD (SEGMENT OF FORM OF RELIGION)**

**३८९. तिविहे भगवया धम्मे पण्णत्ते, तं जहा–सुअहिज्झिए, सुज्झाइए, सुतवस्सिए। जहा सुअहिज्झियं भवति तदा सुज्झाइयं भवति, जया सुज्झाइयं भवति तदा सुतवस्सियं भवति, से सुअहिज्झिए सुज्झाइए सुतवस्सिए सुयक्खाए णं भगवता धम्मे पण्णत्ते।**

३८९. भगवान ने तीन प्रकार का धर्म कहा है–(१) **सु–अधीत** (समीचीन रूप से अध्ययन किया गया), (२) **सु–ध्यात** (समीचीन रूप से चिन्तन किया गया), और (३) **सु–तपस्यित** (सु–आचरित)।

जब धर्म सु–अधीत होता है, तब वह सु–ध्यात होता है। जब वह सु–ध्यात होता है, तब वह सु–तपस्यित होता है। सु–अधीत, सु–ध्यात और सु–तपस्यित धर्म को भगवान ने स्वाख्यात धर्म (सम्यक् रूप मे कथित) कहा है। (अध्ययन, ध्यान और तप, धर्म आराधना का यह क्रमबद्ध स्वरूप है)

**389.** *Bhagavan* has stated three kinds of *dharma* (religion)—(1) *su-adheet* (properly studied), (2) *su-dhyat* (properly contemplated), and (3) *su-tapasyit* (properly followed in conduct).

When religion is properly studied then only it is properly contemplated When it is properly contemplated then only it is properly followed in conduct *Bhagavan* has rightly and comprehensively stated the *su-adheet* (properly studied), *su-dhyat* (properly contemplated) and *su-tapasyit* (properly followed in conduct) religion (This is the proper sequence of religious practice—study, meditation and austerities)

**ज्ञ–अज्ञ–पद JNA-AJNA-PAD (SEGMENT OF AWARENESS AND UNAWARENESS)**

**३९०. तिविहा वावत्ती पण्णत्ता, तं जहा–जाणू, अजाणू, वितिगिच्छा। [ ३९१. एवं अज्झोववज्जणा। ३९२. एवं परियावज्जणा। ]**

३९०. **व्यावृत्ति** (पापरूप कार्यों से निवृत्ति) तीन प्रकार की है–(१) ज्ञानपूर्वक, (२) अज्ञानपूर्वक, और (३) विचिकित्सा (सशयादि) पूर्वक। [ ३९१. इसी तरह **अध्युपपादन** (इन्द्रिय–विषयों मे आसक्ति एवं मूर्च्छा) तीन प्रकार की है। ३९२. **पर्यापादन** (विषयो का सेवन) भी उक्त तीन प्रकार का है।]

**390.** *Vyavritti* (release from sinful indulgence) is of three kinds—(1) *jnana-purvak* (with awareness), (2) *ajnana-purvak* (without awareness), and (3) *vichikitsa-purvak* (doubtfully) [**391.** In the same way *adhyupapadan* (obsession and fondness for sensual pleasures) is of three kinds **392.** *Paryapadan* (indulgence in sensual pleasures) is also of aforesaid three kinds ]

**अन्त–पद ANT-PAD (SEGMENT OF COMPREHENSION)**

**३९३. तिविहे अंते पण्णत्ते, तं जहा–लोगंते, वेयंते, समयंते।**

३९३. अन्त (रहस्य का निर्णय) तीन प्रकार का होता है–

(१) **लोकान्त निर्णय**–लौकिक शास्त्रो के रहस्य का निर्णय। (२) **वेदान्त निर्णय**–वैदिक शास्त्रो के रहस्य का निर्णय। (३) **समयान्त निर्णय**–जैनसिद्धान्तो के रहस्य का निर्णय (समय का अर्थ यहाँ स्व–सिद्धान्त है)।

**393.** *Ant* (comprehending the secrets) is of three kinds—

(1) *Lokant nirnaya*—comprehending the secrets of mundane scriptures, (2) *Vedant nirnaya*—comprehending the secrets of Vedic scriptures, and (3) *samayant nirnaya*—comprehending the secrets of Jain scriptures (*samaya* here means one's own scriptures)

*जिन–पद* JINA-PAD (SEGMENT OF JINA)

**३९४. तओ जिणा पण्णत्ता, तं जहा—ओहिणाणजिणे, मणपज्जवणाणजिणे, केवलणाणजिणे। ३९५. तओ केवली पण्णत्ता, तं जहा—ओहिणाणकेवली, मणपज्जवणाणकेवली, केवलणाणकेवली। ३९६. तओ अरहा पण्णत्ता, तं जहा—ओहिणाणअरहा, मणपज्जवणाणअरहा, केवलणाणअरहा।**

३९४. जिन तीन प्रकार के होते है–(१) अवधिज्ञानी जिन, (२) मन.पर्यवज्ञानी जिन, और (३) केवलज्ञानी जिन। ३९५. केवली तीन प्रकार के होते है–(१) अवधिज्ञानी केवली, (२) मन पर्यवज्ञान केवली, और (३) केवलज्ञान केवली। ३९६. अर्हन्त तीन प्रकार के होते है–(१) अवधिज्ञानी अर्हन्त, (२) मन.पर्यवज्ञानी अर्हन्त, और (२) केवलज्ञानी अर्हन्त।

(यहाँ अतीन्द्रियज्ञान की अपेक्षा तीनों का कथन है। जो अवधिज्ञानी और मन.पर्यवज्ञानी उसी भव मे केवलज्ञान प्राप्त करते है यहाँ उनका कथन है।)

**394.** *Jina* (the conqueror of attachment and aversion) are of three kinds—(1) *avadhi-jnani jina*, (2) *manahparyava-jnani jina,* and (3) *keval-jnani jina* **395.** *Kevali* (the omniscient) are of three kinds—(1) *avadhi-jnani kevali*, (2) *manahparyava-jnani kevali,* and (3) *keval-jnani kevali* **396.** *Arhant* (*Tirthankar*) are of three kinds—(1) *avadhi-jnani Arhant*, (2) *manahparyava-jnani Arhant,* and (3) *keval-jnani Arhant*. (This statement is in context of super-natural powers This includes the *avadhi-jnanis* and *manahparyava-jnanis* who attain *keval-jnana* (omniscience) during the very same birth )

*लेश्या–पद* LESHYA-PAD (SEGMENT OF COMPLEXION OF SOUL)

**३९७. तओ लेसाओ दुब्भिगंधाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—कण्हलेसा, णीललेसा, काउलेसा। ३९८. तओ लेसाओ सुब्भिगंधाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—तेउलेसा, पम्हलेसा, सुक्कलेसा। ३९९. तओ लेसाओ दोग्गतिगामिणीओ, संकिलिट्ठाओ अमणुण्णाओ, अविसुद्धाओ, अप्पसत्थओ, सीतलुक्खाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—कण्हलेसा, णीणलेसा, काउलेसा। ४००. तओ लेसाओ सोगतिगामिणीओ, असंकिलिट्ठाओ मणुण्णाओ, विसुद्धाओ, पसत्थाओ, णिद्धण्हाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—तेउलेसा, पम्हलेसा, सुक्कलेसा।]**

३९७. तीन लेश्याएँ दुरभिगंध (दुर्गन्धयुक्त पुद्गलो) वाली होती है–(१) कृष्णलेश्या, (२) नीललेश्या, और (३) कापोतलेश्या। ३९८. तीन लेश्याएँ सुरभिगध (सुगन्ध) वाली होती है–(१) तेजोलेश्या, (२) पद्मलेश्या, और (३) शुक्ललेश्या। ३९९. [पहली तीन लेश्याएँ, जीव को दुर्गति में ले जाने वाली, सक्लिष्ट–(क्लेशयुक्त परिणाम वाली), अमनोज्ञ अविशुद्ध, अप्रशस्त और शीत–रूक्ष होती है। ४००. अन्तिम तीन लेश्याएँ जीव को सुगति मे ले जाने वाली; असक्लिष्ट, मनोज्ञ, विशुद्ध, प्रशस्त और स्निग्ध–उष्ण होती है।]

**397.** Three *leshyas* are *durabhigandh* (having stinking particles)—(1) *krishna leshya* (black complexion of soul), (2) *neel leshya* (blue complexion of soul), and (3) *kapot leshya* (pigeon complexion of soul) **398.** Three *leshyas* are *surabhigandh* (having fragrant particles)—(1) *tejo leshya* (fiery complexion of soul), (2) *padma leshya* (yellow complexion of soul), and (3) *shukla leshya* (white complexion of soul). **399.** [(first three *leshyas* are—) *Durgatigamini* (leading to bad birth), *sanklisht* (painful), *amanojna* (detestable), *avishuddh* (impure), *aprashast* (ignoble) and cold-rough **400.** (last three *leshyas* are—) *Sugatigamini* (leading to good birth), *asanklisht* (not painful), *manojna* (attractive), *vishuddh* (pure), *prashast* (noble) and warm-smooth

### मरण-पद MARAN-PAD (SEGMENT OF DEATH)

**४०१. तिविहे मरणे पण्णत्ते, तं जहा–बालमरणे, पंडियमरणे बालपंडियमरणे। ४०२. बालमरणे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–ठितलेस्से, संकिलिट्ठलेस्से, पज्जवजातलेस्से। ४०३. पंडियमरणे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–ठितलेस्से, असंकिलिट्ठलेस्से, पज्जवजातलेस्से। ४०४. बालपंडियमरणे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–ठितलेस्से, असंकिलिट्ठलेस्से, अपज्जवजातलेस्से।**

४०१. मरण तीन प्रकार का होता है–(१) बालमरण (असयमी का मरण), (२) पडितमरण (संयमी का मरण), और (३) बाल-पडितमरण (सयमासयमी-श्रावक का मरण)। ४०२. बालमरण तीन प्रकार का होता है–(१) **स्थितलेश्य** (जिस सक्लिष्ट लेश्या मे है, उसी मे मरण करना), (२) **संक्लिष्टलेश्य** (सक्लेशवृद्धि से युक्त अशुभ लेश्या), और (३) **पर्यवजातलेश्य** (एक लेश्या से कुछ विशुद्ध दूसरी लेश्या मे मरण प्राप्त करना)। ४०३. पण्डितमरण तीन प्रकार का है–(१) **स्थितलेश्य** (स्थिर विशुद्ध लेश्या वाला), (२) **असंक्लिष्टलेश्य** (सक्लेश से रहित लेश्या वाला), और (३) **पर्यवजातलेश्य** (प्रवर्धमान विशुद्ध लेश्या वाला)। ४०४. बाल-पण्डितमरण तीन प्रकार का होता है–(१) स्थितलेश्य, (२) असंक्लिष्टलेश्य, और (३) अपर्यवजातलेश्य (हानि वृद्धि से रहित लेश्या वाला)। *(विस्तृत विवेचन के लिए देखे, हिन्दी टीका, पृष्ठ ६२०)*

**401.** *Maran* (death) is of three kinds—(1) *baal-maran* (death of an indisciplined), (2) *pundit-maran* (death of a disciplined), and (3) *baal-pundit-maran* (death of one who is partially disciplined and partially indisciplined both) **402.** *Baal-maran* (death of an indisciplined) is of three kinds—(1) *sthit-leshya* (to die in the same painful *leshya* or state of soul), (2) *sanklisht-leshya* (to die with further deterioration in the painful *leshya*), and (3) *paryavajat-leshya* (to die with an improvement from the painful *leshya*) **403.** *Pundit-maran* (death of a disciplined) is of three kinds—(1) *sthit-leshya* (to die in the same pure *leshya* or state of soul),

(2) *asanklisht-leshya* (to die without any deterioration in the purity of *leshya*), and (3) *paryavajat-leshya* (to die with an improvement in purity of *leshya*). **404.** *Baal-pundit-maran* (death of one who is both disciplined and indisciplined) is of three kinds—(1) *sthit-leshya* (to die in the same *leshya* or state of soul), (2) *asanklisht-leshya* (to die without any deterioration in the painful *leshya*), and (3) *aparyavajat-leshya* (to die without an improvement in purity of *leshya*)

### अश्रद्धावान्–पराभव–पद ASHRADDHAVAN-PARABHAV-PAD (SEGMENT OF DEFEAT OF NON-BELIEVER)

**४०५. तओ ठाणा अव्ववसितस्स अहिताए असुभाए अखमाए अणिस्सेसाए अणाणुगामियत्ताए भवंति, तं जहा–**

**(१) से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए णिग्गंथे पावयणे संकिते कंखिते वितिगिच्छिते भेदसमावण्णे कलुससमावण्णे णिग्गंथं पावयणं णो सद्दहति णो पत्तियति णो रोएति, तं परिस्सहा अभिजुंजिय–अभिजुंजिय–अभिभवंति, णो से परिस्सहे अभिजुंजिय–अभिजुंजिय अभिभवइ।**

**(२) से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए पंचहिं महव्वएहिं संकिते जाव कलुससमावण्णे पंच महव्वयाइं णो सद्दहति जाव णो से परिस्सहे अभिजुंजिय–अभिजुंजिय अभिभवति।**

**(३) से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए छहिं जीवणिकाएहिं जाव अभिभवति।**

४०५. अव्यवस्थित (अश्रद्धावान् या अस्थिरचित्त) निर्ग्रन्थ के लिए तीन स्थान अहित, अशुभ, अक्षम, अनिःश्रेयस और अनानुगामिता के कारण होते है–

(१) वह मुण्डित हो, तथा अगार से अनगार धर्म मे प्रव्रजित होकर निर्ग्रन्थ प्रवचन मे शंकाशील, संशयग्रस्त, विचिकित्सायुक्त, भेदसमापन्न और कलुषित मन होकर निर्ग्रन्थ–प्रवचन पर श्रद्धा नही करता, प्रतीति नही करता, रुचि नही करता। उसे परीषह उपस्थित होकर अभिभूत कर देते हैं, वह परीषहों से जूझ–जूझकर उन्हें अभिभूत (पराजित) नही कर पाता।

(२) वह मुण्डित तथा अगार से अनगार धर्म मे प्रव्रजित होकर पाँच महाव्रतो मे शकाशील यावत् कलुषसमापन्न होकर पाँच महाव्रतो पर श्रद्धा नही करता और परीषहों से जूझ–जूझकर उन्हें अभिभूत नही कर पाता।

(३) वह मुण्डित हो अगार से अनगार धर्म मे प्रव्रजित होकर छह जीव–निकाय पर श्रद्धा नही करता, प्रतीति नही करता। उसे परीषह प्राप्त होकर अभिभूत कर देते है, वह उन्हे अभिभूत नहीं कर पाता।

**405.** Three dispositions of an *avyavasthit* (non-believer or fickle minded) ascetic are *ahitkar* (harmful), *ashubh* (bad), *aksham* (improper), *anihshreyash* (disadvantageous) and *ananugamik* (cause of demeritorious bondage for future life) for him—

(1) On getting tonsured and getting initiated as a homeless ascetic after renouncing his household, he does not have belief, awareness and interest in the ascetic-sermon out of suspicion, misgiving, doubt, distrust and perversion. Then afflictions overpower him He is unable to confront and overpower afflictions

(2) On getting tonsured and getting initiated as a homeless ascetic after renouncing his household, he does not have belief, and so on up to perversion in the five great vows Then afflictions overpower him He is unable to confront and overpower afflictions

(3) On getting tonsured and getting initiated as a homeless ascetic after renouncing his household, he does not have belief, and so on up to . perversion in the six *jiva-nikaya* (six life-forms) Then afflictions overpower him He is unable to confront and overpower afflictions

**विवेचन**—प्रस्तुत सूत्र मे बताये हुए जिन तीन स्थानो पर श्रद्धा आदि नही करने पर अनगार परीषहो से अभिभूत होता है, वे हैं-(१) निर्ग्रन्थ प्रवचन, (२) पच महाव्रत, और (३) छह जीव-निकाय। निर्ग्रन्थ को इन तीनो स्थानो पर श्रद्धा करना अत्यन्त आवश्यक है, जो श्रद्धा नही करता उसकी सारी प्रव्रज्या उसी के लिए दु:खदायिनी हो जाती है। पारिभाषिक शब्दो का अर्थ इस प्रकार है-

**अक्षम**—असमर्थता। **अनिःश्रेयस**—अकल्याणकर। **अनानुगामिकता**—भविष्य के लिए अशुभ। **कांक्षित**—मतान्तर की आकाक्षा रखने वाला। **विचिकित्सा**—फल के प्रति सदेह रखना। **भेदसमापन्न**—दुविधा मे फँसा, निष्ठाहीन। **कलुषसमापन्न**—कलुषित मन वाला।

**Elaboration**—The three dispositions enumerated in this aphorism regarding disbelief which lead to subjugation by afflictions are (1) ascetic-sermon, (2) five great vows, and (3) six life forms It is vital for an ascetic to have faith in them failing which his ascetic life becomes a source of misery. The technical terms used are explained as follows—

*Aksham*—improper, leading to inability to handle. *Anihshreyash*—disadvantageous *Ananugamik*—cause of demeritorious bondage for future life *Kankshit*—inclination to drift to other school, distrust. *Vichikitsa*—doubt in assured result. *Bhedasampannata*—caught in quandary and distrust. *Kalush sampannata*—perversion

## श्रद्धावान्–विजय–पद SHRADDHAVAN-VIJAYA-PAD
## (SEGMENT OF VICTORY OF THE BELIEVER)

**४०६. तओ ठाणा ववसियस्स हियाए जाव आणुगामियत्ताए भवंति, तं जहा–**

**(१) से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए णिग्गंथे पावयणे णिस्संकिते णिक्कंखिते जाव णो कलुससमावण्णे णिग्गंथं पावयणं सद्दहति पत्तियति रोएति। से परिस्सहे अभिजुंजिय–अभिजुंजिय अभिभवति, णो तं परिस्सहा अभिजुंजिय–अभिजुंजिय अभिभवंति।**

**(२) से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए समाणे पंचहिं महव्वएहिं णिस्संकिए णिक्कंखिए जाव परिस्सहे अभिजुंजिय–अभिजुंजिय अभिभवइ, णो तं परिस्सहा अभिजुंजिय–अभिजुंजिय अभिभवंति।**

**(३) से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए छहिं जीवणिकाएहिं णिस्संकिते जाव परिस्सहे अभिजुंजिय–अभिजुंजिय अभिभवति, णो तं परिस्सहा अभिजुंजिय–अभिजुंजिय अभिभवंति।**

४०६. व्यवसित (श्रद्धावान् स्थितप्रज्ञ) निर्ग्रन्थ के लिए तीन स्थान हित, शुभ और अनुगामिता के कारण होते है–

(१) जो व्यक्ति मुण्डित हो घर त्यागकर अनगार धर्म मे प्रव्रजित होकर निर्ग्रन्थ प्रवचन मे शकारहित, नि काक्षित, निर्विचिकित्सित, अभेदसमापन्न यावत् प्रसन्न भाव युक्त होकर निर्ग्रन्थ प्रवचन मे श्रद्धा करता है, प्रीति करता है, उसमे मन लगाता है, वह परीषहो से युद्ध कर उन्हे अभिभूत कर देता है, किन्तु परीषह उसे अभिभूत नही कर पाते।

(२) जो मुण्डित हो, अनगार धर्म मे प्रव्रजित होकर पाँच महाव्रतों मे शकारहित, काक्षारहित, पाँच महाव्रतो में श्रद्धा करता है, प्रीति करता है, रुचि करता है। वह परीषहो से युद्ध कर उन्हे पराजित कर देता है, उसे परीषह पराजित नही कर पाते।

(३) जो मुण्डित हो अनगार धर्म मे प्रव्रजित होकर छह जीवनिकायो के विषय में शंकारहित आदि होकर उनमे श्रद्धा करता है, वह परीषहो से लडकर उन्हे पराजित कर देता है, किन्तु उसे परीषह पराभूत नहीं कर पाते।

**406.** Three dispositions of a *vyavasthit* (believer or resolute) ascetic are *hitkar* (beneficial), *shubh* (good), ... and so on up to... *anugamik* (cause of meritorious bondage for future life) for him—

(1) On getting tonsured and getting initiated as a homeless ascetic after renouncing his household, he has belief, awareness and interest in the ascetic-sermon without any suspicion, misgiving, doubt, distrust and

perversion. Then he confronts and overpowers afflictions. Afflictions never overpower him.

(2) On getting tonsured and getting initiated as a homeless ascetic after renouncing his household, he has belief, and so on up to . perversion in the five great vows Then he confronts and overpowers afflictions Afflictions never overpower him

(3) On getting tonsured and getting initiated as a homeless ascetic after renouncing his household, he has belief, and so on up to perversion in the six *jiva-nikaya* (six life-forms) Then he confronts and overpowers afflictions Afflictions never overpower him

**पृथ्वी-वलय-पद PRITHVI-VALAYA-PAD (SEGMENT OF RINGS AROUND EARTH)**

**४०७. एगमेगा णं पुढवी तिहिं वलएहिं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ता, तं जहा—घणोदधिवलएणं, घणवातवलएणं, तणुवायवलएणं।**

४०७. रत्नप्रभादि सातो पृथ्वियाँ प्रत्येक तीन-तीन वलयो के द्वारा चारो ओर से घिरी हुई है—(१) **घनोदधिवलय**—(हिम-शिला के समान घन रूप मे जमा हुआ जल) से, (२) **घनवातवलय**—(घन रूप ठोस वायु) से, और (३) **तनुवातवलय**—(घन की अपेक्षा पतली वायु) से।

**407.** Each of the seven *prithvis* (hells) are surrounded by three *valayas* (rings)—(1) *ghanodadhi-valaya* (ring of frozen water, like a block of ice), (2) *ghanavaat-valaya* (ring of dense air), and (3) *tanuvaat-valaya* (ring of rarefied air, as compared to the aforesaid dense air)

**विग्रहगति-पद VIGRAHA-GATI-PAD (SEGMENT OF REINCARNATION-MOVEMENT)**

**४०८. णेरइया णं उक्कोसेणं तिसमइएणं विग्गहेणं उववज्जंति। एगिंदियवज्जं जाव वेमाणियाणं।**

४०८. एकेन्द्रियो को छोडकर नैरयिको से वैमानिक देवो तक के सभी दण्डको के जीव उत्कृष्ट तीन समय वाले विग्रहगति से उत्पन्न होते है।

**408.** Besides one sensed beings all beings belonging to all *dandaks* (places of suffering) from hell beings to *Vaimanik* gods are born with an oblique movement of upto three *Samayas*

**विवेचन**—जब जीव मरकर अगले जन्म मे शरीर-धारण करने के लिए जाता है, उसके बीच की गति को विग्रहगति कहते है। यह दो प्रकार की होती है—ऋजुगति और वक्रगति। ऋजगति सीधी समश्रेणी वाले स्थान पर उत्पन्न होने वाले जीव की होती है और उसमे एक समय लगता है। जब जीव मरकर विषम श्रेणी वाले स्थान पर उत्पन्न होता है तब उसे मुडकर के नियत स्थान पर जाना पडता है। इसलिए

वह वक्रगति कही जाती है। जिस विग्रह या वक्रगति में एक मोड लेना पडता है, उसे पाणिमुक्ता गति कहते है। इस गति में दो समय लगते है। लागल नाम हल का है, जैसे हल के दो मोड होते है, उसी प्रकार जिस वक्रगति में दो मोड़ लेने पड़ते हैं, उसे लांगलिका गति कहते है। इस गति मे तीन समय लगते है। बैल चलते हुए जैसे मूत्र (पेशाब) करता जाता है तब भूमि पर पतित मूत्र–धारा मे अनेक मोड़ पड जाते हैं, इसी प्रकार तीन मोड वाली गति को गोमूत्रिका गति कहते है। इस गति में तीन मोड और चार समय लगते हैं।

एकेन्द्रिय जीवों के सिवाय सभी दण्डको के जीव किसी भी स्थान से मरकर किसी भी स्थान मे दो मोड लेकर के तीसरे समय मे नियत स्थान पर उत्पन्न हो जाते है, क्योंकि सभी त्रस जीव त्रसनाडी के भीतर ही उत्पन्न होते और मरते है। किन्तु स्थावर एकेन्द्रिय जीव त्रसनाडी के बाहर भी समस्त लोकाकाश मे कही से भी मरकर कही भी उत्पन्न हो सकते है। अत· जब कोई एकेन्द्रिय जीव लोक के कोण प्रदेश से मरकर दूसरे कोण प्रदेश मे, क्षेत्र मे उत्पन्न होता है, तब उसे तीन मोड लेने पडते है और उसमे चार समय लगते है। अत 'एकेन्द्रिय को छोडकर' ऐसा सूत्र मे कहा गया है। *(स्पष्ट समझने के लिए चित्र सख्या ७ देखे)*

**Elaboration**—At the time of reincarnation when a soul moves from the existing body to the new place of birth, this movement is called *vigrah-gati* (reincarnation-movement) It is of two kinds—*riju gati* (straight movement), which is of a duration of one *Samaya* and is applicable to a soul destined to a place at the same level When a soul is destined to a place at a different level it has to take a turn to reach the destination. Therefore it is called *vakra gati* (oblique movement) When one turn is involved it is called *panimukta-gati* and is of a duration of two *Samayas*. *Langal* means plough Oblique movement where plough-like two turns are involved is called *langalik-gati* and it is of a duration of three *Samayas* Oblique movement where three turns are involved is called *gaumutrika-gati* because it resembles the mark of urine of a walking cow The duration of this movement is four *Samayas*.

Except one sensed beings all other beings reincarnate after a movement in third *Samaya* with two turns irrespective of the place of death and reincarnation This is because all *tras* (mobile) beings die and reincarnate in *tras-nadi* (the central spine of the occupied space where mobile beings dwell) However, the one sensed *sthavar* (immobile) beings can die and reincarnate anywhere in the occupied space, even outside *tras-nadi* Therefore, when a one sensed being dies at one end of occupied space and reincarnates at another end the movement involves three turns and four *Samayas* That is the reason for the exclusion of one sensed beings from this norm *(for clarity refer to Illustration No 7)*

**क्षीणमोह-पद KSHEEN-MOHA-PAD (SEGMENT OF DESTRUCTION OF MOHA KARMA)**

**४०९. खीणमोहस्स णं अरहओ तओ कम्मंसा जुगवं खिज्जंति, तं जहा—णाणावरणिज्जं, दंसणावरणिज्जं, अंतराइयं।**

४०९. क्षीण मोह वाले (बारहवें गुणस्थानवर्ती) अर्हन्त के तीन कर्मांश-(कर्म-प्रकृतियाँ) एक साथ क्षीण होते है-(१) ज्ञानावरणीय, (२) दर्शनावरणीय, और (३) अन्तराय कर्म।

**409.** *Arhant* having *ksheen-moha* (destroyed deluding *karma*) undergoes destruction of three *karmansh* (*karma prakriti* or species of *karma* by qualitative segregation) at once—(1) *Jnanavaraniya* (knowledge obscuring *karma*), (2) *Darshanavaraniya* (perception obscuring *karma*), and (3) *Antaraya* (power hindering *karma*)

**नक्षत्र-पद NAKSHATRA-PAD (SEGMENT OF CONSTELLATIONS)**

**४१०. अभिईणक्खत्ते तितारे पण्णत्ते। ४११. एवं-सवणे अस्सिणी, भरणी, मगसिरे, पूसे, जेट्ठा।**

४१०. अभिजित नक्षत्र तीन तारा वाला है, ४११. इसी प्रकार श्रवण, अश्विनी, भरणी, मृगशिर, पुष्य और ज्येष्ठा भी तीन-तीन तारा वाले है।

**410.** There are three stars in Abhijit *nakshatra* (Lyrae, the 22nd lunar asterism) **411.** In the same way there are three stars each in Shravan (Alpha Aquilae, the 23rd lunar asterism), Bharani (35 Arietis; the 2nd), Pushya (Delta Cancri, the 8th) and Jyeshtha (Antares; the 18th)

**तीर्थंकर-पद TIRTHANKAR-PAD (SEGMENT OF TIRTHANKAR)**

**४१२. धम्माओ णं अरहाओ संती अरहा तिहिं सागरोवमेहिं तिचउब्भागपलिओवमऊणएहिं वीतिक्कंतेहिं समुप्पण्णे।**

**४१३. समणस्स णं भगवओ महावीरस्स जाव तच्चाओ पुरिसजुगाओ जुगंतकरभूमी।**

**४१४. मल्ली णं अरहा तिहिं पुरिससएहिं सद्धिं मुंडे भवित्ता जाव पव्वइए। ४१५. [ एवं पासे वि अरहा पव्वइए। ]**

**४१६. समणस्स णं भगवतो महावीरस्स तिण्णिसया चउद्दसपुव्वीणं अजिणाणं जिणसंकासाणं सव्वक्खरसण्णिवातीणं जिण इव अवितहं वागरमाणाणं उक्कोसिया चउद्दसपुव्वि संपया हुत्था।**

**४१७. तओ तित्थयरा चक्कवट्टी होत्था, तं जहा-संती, कुंथू, अरो।**

४१२. धर्मनाथ तीर्थंकर के पश्चात् शान्तिनाथ तीर्थंकर तीन सागरोपमों मे से चौथाई भाग कम पल्योपम बीत जाने पर समुत्पन्न हुए।

४१३. श्रमण भगवान महावीर के पश्चात् तीसरे पुरुषयुग जम्बूस्वामी तक युगान्तकर भूमि, अर्थात् निर्वाणगमन का क्रम चलता रहा है।

४१४. मल्ली अर्हत् तीन सौ पुरुषों के साथ मुण्डित होकर प्रव्रजित हुए। ४१५. इसी प्रकार पार्श्व अर्हत् भी तीन सौ पुरुषो के साथ प्रव्रजित हुए।

४१६. श्रमण भगवान महावीर के तीन सौ शिष्य चौदह पूर्वधर थे। वे जिन नही होते हुए भी जिन के समान थे। सर्वाक्षर-सन्निपाती तथा भगवान के समान यथार्थ व्याख्यान करने वाले थे। यह भगवान महावीर की चतुर्दशपूर्वी उत्कृष्ट शिष्य-सम्पदा थी।

४१७. तीन तीर्थंकर चक्रवर्ती हुए-शान्ति, कुन्थु और अरनाथ।

**412.** Shantinaath *Tirthankar* was born after a passage of three quarters of a *Palyopam* less three Sagaropam

**413** After Bhagavan Mahavir the sequence of liberations (*yugantkar bhumi*) continued till the third head of the order (*purush-yug*) Jambuswami

**414** Malli Arhat got tonsured and initiated along with three hundred persons. **415.** In the same way Parshva Arhat also got initiated along with three hundred persons.

**416.** Three hundred disciples of Shraman Bhagavan Mahavir had the knowledge of fourteen *Purvas* (subtle canon). Although not Jina, they were like a Jina They were *sarvakshar-sannipati* and stated truth and reality like *Bhagavan* himself. This was the maximum expert category of Bhagavan Mahavir's fourteen-*Purva*-knowing disciples.

**417.** Three *Tirthankars* were *Chakravartis* (emperors)—Shanti, Kunthu and Ara Naath.

**विवेचन**—वर्णमाला के चौसठ अक्षरो के संयोग-सन्निपात असंख्य प्रकार के होते हैं। असंख्यात भेदो को जानने वाला ज्ञानी सर्वाक्षर-सन्निपाती श्रुतधर कहलाता है।

**Elaboration**—There are innumerable different combinations of the sixty four letters of the alphabet. A scholar who knows all these innumerable combinations is called *sarvakshar-sannipati*

## ग्रैवेयक–विमान–पद GRAIVEYAK-VIMAAN-PAD
### (SEGMENT OF GRAIVEYAK CELESTIAL VEHICLES)

**४१८. तओ गेविज्ज–विमाण–पत्थडा पण्णत्ता, तं जहा–हेट्ठिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे, मज्झिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे, उवरिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे।**

४१८. ग्रैवेयक विमान के तीन प्रस्तर है–अधस्तन (नीचे का) ग्रैवेयक विमान प्रस्तर, मध्यम (बीच का) ग्रैवेयक विमान प्रस्तर और उपरिम (ऊपर का) ग्रैवेयक विमान प्रस्तर।

**418.** There are three *prastars* (levels) of *Graiveyak vimaans* (*Graiveyak* celestial vehicles)—*adhastan* (lower) *Graiveyak vimaan prastar*, *madhyam* (middle) *Graiveyak vimaan prastar* and *uparim* (upper) *Graiveyak vimaan prastar*

**४१९. हिट्ठिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–हेट्ठिम–हेट्ठिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे, हेट्ठिम–मज्झिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे, हेट्ठिम–उवरिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे। ४२०. मज्झिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–मज्झिम–हेट्ठिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे, मज्झिम–मज्झिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे, मज्झिम–उवरिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे। ४२१. उवरिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–उवरिम–हेट्ठिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे, उवरिम–मज्झिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे, उवरिम–उवरिम–गेविज्ज–विमाण–पत्थडे।**

४१९. अधस्तन ग्रैवेयक विमान प्रस्तर तीन प्रकार का है–(१) अधस्तन–अधस्तन–ग्रैवेयक–विमान–प्रस्तर, (२) अधस्तन–मध्यम–ग्रैवेयक–विमान–प्रस्तर, और (३) अधस्तन–उपरिम–ग्रैवेयक–विमान–प्रस्तर। ४२०. मध्यम ग्रैवेयक विमान प्रस्तर तीन प्रकार का है–(१) मध्यम–अधस्तन–ग्रैवेयक–विमान प्रस्तर, (२) मध्यम–मध्यम–ग्रैवेयक–विमान–प्रस्तर, और (३) मध्यम–उपरिम–ग्रैवेयक–विमान–प्रस्तर। ४२१. उपरिम ग्रैवेयक विमान प्रस्तर तीन प्रकार का है–(१) उपरिम–अधस्तन–ग्रैवेयक–विमान–प्रस्तर, (२) उपरिम–मध्यम–ग्रैवेयक–विमान–प्रस्तर, और (३) उपरिम–उपरिम–ग्रैवेयक–विमान–प्रस्तर।

**419.** *Adhastan* (lower) *Graiveyak vimaan prastar* is of three kinds—(1) *Adhastan-adhastan* (lower-lower) *Graiveyak viman prastar*, (2) *Adhastan-madhyam* (lower-middle) *Graiveyak viman prastar*, and (3) *Adhastan-adhastan* (lower-upper) *Graiveyak viman prastar* **420.** *Madhyam* (middle) *Graiveyak vimaan prastar* is of three kinds—(1) *Madhyam-adhastan* (middle-lower) *Graiveyak viman prastar*, (2) *Madhyam-madhyam* (middle-middle) *Graiveyak viman prastar*, and (3) *Madhyam-adhastan* (middle-upper) *Graiveyak viman prastar*.

**421.** *Uparim* (upper) *Graiveyak vimaan prastar* is of three kinds—(1) *Uparim-adhastan* (upper-lower) *Graiveyak viman prastar*, (2) *Uparim-madhyam* (upper-middle) *Graiveyak viman prastar*, and (3) *Uparim-uparim* (upper-upper) *Graiveyak viman prastar*.

**विवेचन**—बारहवे देवलोक से ऊपर नौ ग्रैवेयक विमान हैं। लोक पुरुष के ग्रीवा (गर्दन) स्थान पर अवस्थित होने के कारण इन्हें **ग्रैवेयक विमान** कहा जाता है।

ग्रैवेयक विमान सब मिलकर नौ है और वे एक-दूसरे के ऊपर अवस्थित है। उन्हें पहले तीन विभागो में कहा गया है-नीचे का त्रिक, बीच का त्रिक और ऊपर का त्रिक। तत्पश्चात् एक-एक त्रिक के तीन-तीन विकल्प किए गये है।

**Elaboration**—There are nine *Graiveyak vimaans* above the twelfth dimension of gods In the human model of universe these are located near the neck (*griva*) that is why they are called *Graiveyak vimaans*

There is a total number of nine *Graiveyak vimaans* located one above the other. First they have been grouped into three triads—lower triad, middle triad and upper triad After that three levels of every triad have been stated

### पापकर्म-पद PAAP-KARMA-PAD (SEGMENT OF DEMERITORIOUS KARMAS)

**४२२. जीवाणं तिट्ठाणणिव्वत्तिते पोग्गले पावकम्मत्ताए चिणिसुं वा चिणंति वा चिणिस्संति वा, तं जहा-इत्थिणिव्वत्तिते, पुरिसणिव्वत्तिते, णपुंसगणिव्वत्तिते।**

**एवं-चिण-उवचिण-बंध उदीर-वेद तव णिज्जरा चेव।**

४२२. जीवो ने तीन स्थानों मे उत्पन्न होकर पुद्‌गलो का पाप कर्मरूप से संचय किया है, सचय करते है और सचय करेगे-

(१) स्त्रीनिर्वर्तित (स्त्री-रूप मे उत्पन्न होकर)। (२) पुरुषनिर्वर्तित (पुरुष-रूप मे उत्पन्न होकर)। (३) नपुंसकनिर्वर्तित (नपुसक-रूप मे उत्पन्न होकर)।

इसी प्रकार जीवो ने इन तीन स्थानो मे उत्पन्न होकर पुद्‌गलो का कर्मरूप से उपचय, बन्ध, उदीरण, वेदन तथा निर्जरण किया है, करते है और करेंगे।

**422.** Beings did, do and will acquire *pudgals* (matter particles) in the form of *paap-karma* (demeritorious *karmas*) after taking birth in three forms—(1) *stri-nivartit* (being born as a female), (2) *purush-nivartit* (being born as a male), and (3) *napumsak-nivartit* (being born as a neuter). In the same way, after taking birth in the said three forms a

being did, does and will augment (*upachaya*), fructify (*udiran*), experience (*vedan*) and shed (*nirjaran*) particles in the form of *paap-karma* (demeritorious *karmas*)

**पुद्गल–पद PUDGAL-PAD (SEGMENT OF MATTER)**

**४२३. तिपदेसिया खंधा अणंता पण्णत्ता।**

४२३. त्रि–प्रदेशी (तीन प्रदेश वाले) पुद्गल स्कन्ध अनन्त है।

**423.** There are infinite *tripradeshi pudgal-skandhs* (aggregates of three ultimate particles)

**४२४. एवं जाव तिगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता।**

४२४. इसी प्रकार तीन प्रदेशावगाढ, तीन समय की स्थिति वाले और तीन गुण वाले पुद्गल स्कन्ध अनन्त हैं तथा शेष सभी वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श के तीन–तीन गुण वाले पुद्गल–स्कन्ध अनन्त है।

॥ चतुर्थ उद्देशक समाप्त ॥

॥ तृतीय स्थान समाप्त ॥

**42..** In the same way there are infinite *tripradeshavagadh pudgal-skandhs* (ultimate particles having an existence of three smallest units of time and those occupying three space-points) and *pudgal-skandhs* (ultimate particles) with three units of each attribute from stability of two *Samayas* and so on up to . attribute of (appearance, smell, taste and touch) rough touch (*ruksh sparsh*)

**● END OF THE FOURTH LESSON ●**

**● END OF PLACE NUMBER THREE ●**

# चतुर्थ स्थान

*अध्ययन सार*

- चतुर्थ स्थान में चार की सख्या से सम्बन्ध रखने वाले अनेक प्रकार के विषय संकलित है। यद्यपि इस स्थान में सैद्धान्तिक, भौगोलिक, प्राकृतिक और मनोविश्लेषक आदि अनेक विषयों के चार-चार भंगों की चतुर्भंगियाँ वर्णित हैं। इनमे वृक्ष, फल, मेघ, घट, वस्त्र, गज, अश्व आदि व्यावहारिक प्रतीको के माध्यम से पुरुषो की मनोवृत्तियो का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। यह प्रतीकात्मक वर्णन रोचक होने के साथ ही भिन्न-भिन्न प्रकार की जीवन-शैली का दिग्दर्शन भी कराता है। इसमे वर्णित वृक्ष, फल, घट, मेघ आदि को उपमान बनाकर मानव (पुरुष) को उपमेय बनाया गया है और उनके द्वारा मनुष्यो के व्यवहार और स्वभाव-शील तथा आन्तरिक गुणो का उद्घाटन किया है। इन चतुर्भंगियों के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि जैनदर्शन प्रत्येक वस्तु के विषय में अनेकांतदृष्टि से, विविध पक्षो पर चिन्तन करता है।
- अध्ययन का प्रारम्भ अन्तक्रिया के वर्णन से होता है। अन्तक्रिया के चार प्रकारो का वर्णन करते हुए प्रथम अन्तक्रिया मे भरत चक्री का, द्वितीय अन्तक्रिया में गजसुकुमाल का, तीसरी में सनत्कुमार चक्री का और चौथी मे मरुदेवी का दृष्टान्त दिया गया है।
- विकथा, कथापद, कषायपद मे उनके प्रकारो का दृष्टान्त-सहित वर्णन कर उनमे वर्तमान जीवों के दुर्गति-सुगतिगमन का वर्णन बडा उद्बोधक है।
- चार प्रकार के पुत्र व चार प्रकार के पुरुषो के वर्णन बहुत रोचक और ज्ञानवर्द्धक है। टीकाकार ने उनसे सम्बन्धित अनेक दृष्टान्तो का सकेत किया है।
- भौगोलिक वर्णन मे जम्बूद्वीप, धातकीषण्ड और पुष्करवरद्वीप आदि का वर्णन है। नन्दीश्वरद्वीप का विस्तृत वर्णन तो चित्त को चमत्कृत करने वाला है।
- सैद्धान्तिक वर्णन मे महाकर्म-अल्पकर्म वाले निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थी एव श्रमणोपासक-श्रमणोपासिका का, ध्यान-पद मे चारों ध्यानो के भेद-प्रभेदो का वर्णन मननीय है।
- साधुओ की दु:खशय्या और सुखशय्या के चार-चार प्रकार प्रत्येक साधक के लिए बडे उद्बोधक है। आचार्य और अन्तेवासी के प्रकार भी उनकी मनोवृत्तियों के परिचायक है।
- यदि सक्षेप मे कहा जाय तो यह स्थान ज्ञान-सम्पदा एव लोकानुभव का विशाल भण्डार है।

## FOURTH STHAAN

### INTRODUCTION

- A variety of topics connected with the numeral four are compiled in the Fourth Sthaan In general this chapter contains quads related to numerous subjects including ontology, geography, nature and psychology At the same time it also contains subtle analysis of human psychology using physical metaphors like trees, fruits, clouds, pot, dress, elephant, horse etc This symbolic treatment is not just interesting, it also reveals a variety of life styles. Taking trees, fruits, clouds and pots and others as objects of comparison and man as subject, human behaviour, nature, character and inner attributes have been enumerated An analysis of these quads makes it evident that Jain philosophy looks at everything from various angles with a relative viewpoint (*Anekant drishti*)
- The chapter starts with the discussion of *ant-kriya* (last action or ending cycles of death) The four kinds of *ant-kriya* have been explained with the examples of—Bharat Chakravarti for the first, Gajasukumal for the second, Sanatkumar Chakravarti for the third and that of Marudevi for the fourth
- In the segments of *vikatha, katha* and *kashaya* there is an enlightening description of their kinds with examples of beings consequently destined to a good or bad reincarnation
- Also interesting and edifying is the description of four kinds of sons and persons The commentator has pointed at numerous examples of these
- Geographical descriptions include descriptions of *Jambudveep, Dhatakikhand* and *Pushkaravar Dveep* etc. The detailed description of *Nandishvar Dveep* is astonishing
- Among the ontological topics the details about the ascetics and lay persons encumbered with excessive and mild *karmas* and the categories and sub-categories of meditation in the segment of meditation are worth pondering
- The information about four kinds each of miserable and comfortable beds is very instructive for every aspirant The kinds of *acharya* and his disciples are informative about their mind-reflections.
- To sum up, it would be appropriate to say that this placement is a rich compendium of knowledge as well as general experience ●●

# चतुर्थ स्थान
# FOURTH STHAAN (Place Number Four)

## प्रथम उद्देशक FIRST LESSON

*अन्तक्रिया-पद* **ANT-KRIYA-PAD (SEGMENT OF ANT-KRIYA)**

**१. चत्तारि अंतकिरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–**

**(१) तत्थ खलु इमा पढमा अंतकिरिया–अप्पकम्मपच्चायाते यावि भवति। से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए संजमबहुले संवरबहुले समाहिबहुले लूहे तीरट्ठी उवहाणवं दुक्खक्खवे तवस्सी। तस्स णं णो तहप्पगारे तवे भवति, णो तहप्पगारा वेयणा भवति। तहप्पगारे पुरिसजाते दीहेणं परियाएणं सिज्झति बुज्झति मुच्चति परिणिव्वाति सव्वदुक्खाणमंतं करेइ, जहा से भरहे राया चाउरंतचक्कवट्टी; पढमा अंतकिरिया।**

**(२) अहावरा दोच्चा अंतकिरिया–महाकम्मपच्चायाते यावि भवति। से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए संजमबहुले संवरबहुले जाव उवहाणवं दुक्खक्खवे तवस्सी। तस्स णं तहप्पगारे तवे भवति, तहप्पगारा वेयणा भवति। तहप्पगारे पुरिसजाते निरुद्धेणं परियाएणं सिज्झति जाव अंतं करेति, जहा--से गयसूमाले अणगारे; दोच्चा अंतकिरिया।**

**(३) अहावरा तच्चा अंतकिरिया–महाकम्मपच्चायाते यावि भवति। से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए जहा दोच्चा नवरं। दीहेणं परियाएणं सिज्झति जाव सव्वदुक्खाणमंतं करेति, जहा से सणंकुमारे राया चाउरंतचक्कवट्टी; तच्चा अंतकिरिया।**

**(४) अहावरा चउत्था अंतकिरिया–अप्पकम्मपच्चायाते यावि भवति। से णं मुंडे भवित्ता जाव पव्वइए संजमबहुले जाव। तस्स णं णो तहप्पगारे तवे भवति, णो तहप्पगारा वेयणा भवति। तहप्पगारे पुरिसजाते निरुद्धेणं परियाएणं सिज्झति जाव सव्वदुक्खाणमंतं करेति, जहा सा मरुदेवी भगवती; चउत्था अंतकिरिया।**

१. अन्तक्रिया चार प्रकार की होती है–

**२४४. (३) देसकहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—देशविहिकहा, देसविकप्पकहा, देसच्छंदकहा, देसणेवत्थकहा।**

२४४. (३) देशकथा चार प्रकार की है-(१) **देशविधिकथा**—विभिन्न देशों में प्रचलित विधि-विधानों की चर्चा। (२) **देशविकल्पकथा**—विभिन्न देशो के अन्न की तथा परकोटे आदि की चर्चा। (३) **देशच्छन्दकथा**—विभिन्न देशों के विवाहादि सम्बन्धी रीति-रिवाजो की चर्चा। (४) **देशनेपथ्यकथा**—विभिन्न देशों के वेश-भूषादि की चर्चा।

**244.** (3) *Desh-katha* (talk about country) is of four kinds—(1) *desh-vidhi-katha*—talk about customs and laws prevalent in various countries, (2) *desh-vikalp-katha*—talk about food grains and boundary walls etc in various countries, (3) *deshachchhand-katha*—talk about customs and rituals of marriage and other such occasions in various countries, and (4) *desh-naipathya-katha*—talk about dresses and other adornments in various countries

**२४५. (४) रायकहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—रण्णो अतियाणकहा, रण्णो णिज्जाणकहा, रण्णो बलवाहणकहा, रण्णो कोसकोट्ठागारकहा।**

२४५. (४) राजकथा चार प्रकार की है-(१) **राज-अतियान कथा**—राजा के नगर-प्रवेश के समारम्भ की चर्चा। (२) **राज-निर्याण कथा**—राजा के युद्ध आदि के लिए नगर से निकलने की चर्चा। (३) **राज-बल-वाहन कथा**—राजा के सैन्य, सैनिको और वाहनो की चर्चा। (४) **राज-कोष-कोष्ठागार कथा**—राजा के खजाने और धान्य-भण्डार आदि की चर्चा।

**245.** (4) *Raj-katha* (talk about king) is of four kinds—(1) *raj-atiyan-katha*—talk about celebrations of a king's entry in the city, (2) *raj-niryan-katha*—talk about a king's departure from the city for a war or other purpose, (3) *Raj-bal-vahan-katha*—talk about a king's army, soldiers and vehicles, and (4) *raj-kosh-koshtagar-katha*—talk about a king's treasury and granary etc

### *कथा-पद* KATHA-PAD (SEGMENT OF RELIGIOUS DISCOURSE)

**२४६. चउव्विहा कहा पण्णत्ता, तं जहा—अक्खेवणी, विक्खेवणी, संवेयणी, णिवेदणी।**

२४६. कथा-(धर्मकथा) चार प्रकार की है-(१) **आक्षेपणी कथा**—ज्ञान, दर्शन आदि के प्रति आकर्षण उत्पन्न करने वाली कथा। (२) **विक्षेपणी कथा**—पर-मत का कथन कर स्व-मत की स्थापना करने वाली कथा। (३) **संवेदनी कथा**—शरीर की अशुचिता आदि दिखाकर वैराग्य उत्पन्न करने वाली कथा, और (४) **निर्वेदनी कथा**—कर्मों के फल बतलाकर अशुभ कर्मों से विरक्ति उत्पन्न करने वाली कथा।

**246.** *Katha* (religious discourse) is of four kinds—(1) *aakshepani-katha*—discourse that creates attraction for right knowledge, right perception/faith etc., (2) *vikshepani-katha*—discourse aimed at establishing one's own religion after stating other religions, (3) *samvedani-katha*—discourse that inspires detachment by showing ugliness and other detestable attributes of body, and (4) *nirvedani-katha*—discourse that inspires apathy for sinful deeds by enumerating bitter fruits of *karmas*.

२४७. (१) **अक्खेवणी कहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–आयारअक्खेवणी, ववहारअक्खेवणी, पण्णत्तिअक्खेवणी, दिट्ठिवायअक्खेवणी।**

२४७. (१) आक्षेपणी कथा चार प्रकार की है–(१) **आचारआक्षेपणी**–साधु और श्रावक के आचार का वर्णन कर श्रोता को आकर्षित करना। (२) **व्यवहाराक्षेपणी**–व्यवहार–प्रायश्चित्त लेने और न लेने के गुण–दोषों की चर्चा। (३) **प्रज्ञप्ति–आक्षेपणी**–संशयग्रस्त श्रोता के संशय को दूर कर उन्हें सम्बोधित करना। (४) **दृष्टिवादाक्षेपणी**–विभिन्न नयो की दृष्टियो से श्रोता की योग्यतानुसार तत्त्व का निरूपण करना।

**247.** (1) *Aakshepani-katha* is of four kinds—(1) *achar-akshepani*—to attract audience by describing the conduct of ascetic and *shravak*, (2) *vyavahar-akshepani*—discussion about merits and faults of accepting formal atonement, (3) *prajnapti-akshepani*—to address a wavering audience after removing its doubts, and (4) *drishtivad-akshepani*—to elaborate fundamentals from different standpoints (*naya*) according to the ability of the listener

२४८. (२) **विक्खेवणी कहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–(१) ससमयं कहेइ, ससमयं कहित्ता परसमयं कहेइ, (२) परसमयं कहेत्ता ससमयं ठावइत्ता भवति, (३) सम्मावायं कहेइ, सम्मावायं कहेत्ता मिच्छावायं कहेइ, (४) मिच्छावायं कहेत्ता सम्मावायं ठाइवत्ता भवति।**

२४८. (२) **विक्षेपणी** कथा चार प्रकार की है। जैसे–(१) पहले स्व–समय (स्व–सिद्धान्त) को कहना, पुनः स्व–समय कहकर पर–समय (पर–सिद्धान्त) को कहना। (२) पहले पर–समय को कहना, पुनः स्व–समय को कहकर उसकी स्थापना करना। (३) पर–समय–गत सम्यक् तत्त्वों का कथन कर पुनः उनके मिथ्या तत्त्वों को कहना। अथवा–आस्तिकवाद का निरूपण कर नास्तिकवाद का निरूपण करना। (४) पर–समय–गत मिथ्या तत्त्वों का कथन कर सम्यक् तत्त्व का निरूपण करना।

**248.** (2) *Vikshepani-katha* is of four kinds—(1) To state *sva-samaya* (one's own doctrine), to repeat it again and then to state *par-samaya* (other doctrines). (2) To state other doctrines first and then to state and establish one's own doctrine. (3) To state correct principles of other

doctrines and then state wrong principles of other doctrines. (4) To state wrong principles of other doctrines and then enumerate correct doctrine.

**२४९. (३) संवेयणी कहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—इहलोगसंवेयणी, परलोगसंवेयणी, आत—सरीरसंवेयणी, पर—सरीरसंवेयणी।**

२४९. (३) संवेगनी कथा चार प्रकार की है। जैसे-(१) इस लोक-सम्बन्धी असारता, अनित्यता का निरूपण करना। (२) परलोक-सम्बन्धी (देव-तिर्यंच गति) असारता आदि का निरूपण करना। (३) अपने शरीर की अशुचिता का निरूपण करना। (४) दूसरो के शरीरो की अशुचिता का निरूपण करना।

**249.** (3) *Samvedani-katha* is of four kinds—(1) to enumerate the worthless and ephemeral nature of this life, (2) to enumerate the worthless and ephemeral nature of the next life (in divine or animal realms), (3) to enumerate the foulness of one's own body, and (4) to enumerate the foulness of others' bodies

**२५०. (४) णिव्वेदणी कहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—**

**(१) इहलोगे दुच्चिण्णा कम्मा इहलोगे दुहफलविवागसंजुत्ता भवंति। (२) इहलोगे दुच्चिण्णा कम्मा परलोगे दुहफलविवागसंजुत्ता भवंति। (३) परलोगे दुच्चिण्णा कम्मा इहलोगे दुहफलविवागसंजुत्ता भवंति। (४) परलोगे दुच्चिण्णा कम्मा परलोगे दुहफलविवागसंजुत्ता भवंति।**

**(१) इहलोगे सुचिण्णा कम्मा इहलोगे सुहफलविवागसंजुत्ता भवंति। (२) इहलोगे सुचिण्णा कम्मा परलोगे सुहफलविवागसंजुत्ता भवंति। (३) [ परलोगे सुचिण्णा कम्मा इहलोगे सुहफलविवागसंजुत्ता भवंति। (४) परलोगे सुचिण्णा कम्मा परलोगे सुहफलविवागसंजुत्ता भवंति ]।**

२५०. (४) निर्वेदनी कथा चार प्रकार की है। जैसे-(१) इस लोक (इस जन्म) के दुश्चीर्ण कर्म (अशुभ कर्म) इस लोक मे (इसी जन्म) मे दु खमय फल देने वाले होते है। (२) इस लोक के दुश्चीर्ण कर्म परलोक (आगामी जन्म) मे दु खरूप फल देने वाले होते है। (३) परलोक के (पूर्वभवोपार्जित) दुश्चीर्ण कर्म इस लोक में दु खरूप फल देने वाले होते है। (४) परलोक के दुश्चीर्ण कर्म परलोक, (आगामी जन्म) मे दु खरूप फल देने वाले होते है। (इस प्रकार की प्ररूपणा करना)

(१) इस लोक के सुचीर्ण (शुभ कर्म) कर्म इसी लोक मे सुखमय फल देने वाले होते हैं। (२) इस लोक के सुचीर्ण कर्म परलोक मे सुखमय फल देने वाले होते है। (३) परलोक के सुचीर्ण कर्म इस लोक में सुखमय फल देने वाले होते है। (४) परलोक के सुचीर्ण कर्म परलोक मे सुखमय फल देने वाले होते हैं।

**250.** (4) *Nirvedani-katha* is of four kinds—To enumerate that (1) bad *karmas* acquired during this lifetime bear bitter fruits (misery) during this very life, (2) bad *karmas* acquired during this lifetime bear bitter fruits during the next life, (3) bad *karmas* acquired during the past

lifetime bear fruits during this life, and (4) bad *karmas* acquired during the past lifetime bear fruits during the next life.

(1) Good *karmas* acquired during this lifetime bear pleasant fruits (happiness) during this very life, (2) good *karmas* acquired during this lifetime bear pleasant fruits during the next life, (3) good *karmas* acquired during the past lifetime bear pleasant fruits during this life and (4) good *karmas* acquired during the past lifetime bear pleasant fruits during the next life.

**विवेचन**—पाप कर्मों का फल बताकर उनसे विरक्ति पैदा करने वाली निर्वेदनी कथा का दो प्रकार से निरूपण किया गया है। प्रथम प्रकार मे पापानुबंधी कर्मों का फल भोगने के चार प्रकार बताये हैं। उदाहरण रूप में जैसे–(१) चोर, हत्यारे आदि इस जन्म में पाप कर्म करके इसी जन्म मे कारागार आदि की सजा भोगते है। (२) कितने ही शिकारी आदि इस जन्म में पाप बन्ध कर नरकादि परलोक में दु ख भोगते है। (३) कितने ही प्राणी पूर्वभवोपार्जित पाप कर्मों का दुष्फल इस जन्म मे गर्भकाल से लेकर मरण तक दारिद्र्य, व्याधि आदि के रूप मे भोगते है। (४) पूर्वभव मे उपार्जन किये गये अशुभ कर्मों से उत्पन्न काक, गिद्ध आदि जीव माँस–भक्षणादि करके पुनः पाप कर्मों को बाँधकर नरकादि में दु.ख भोगते है।

द्वितीय प्रकार में पुण्यानुबन्धी अर्थात् पुण्य कर्म का फल भोगने के चार प्रकार बताये है। उनका स्पष्टीकरण इस प्रकार है -(१) तीर्थंकरो आदि को दान देने वाला दाता इसी भव मे विशेष पुण्यो का उपार्जन कर स्वर्णवृष्टि आदि पंच आश्चर्यों को प्राप्त कर पुण्य का फल भोगता है। (२) साधु आदि सत्पुरुष इस लोक मे सयम की साधना के साथ–साथ पुण्य कर्म को बाँधकर परभव में स्वर्गादि के सुख भोगते है। (३) परभव में उपार्जित पुण्य के फल को तीर्थंकरादि इस भव मे भोगते है। (४) पूर्वभव मे उपार्जित शुभ कर्मों से जैसे तीर्थंकर बनने वाली दिव्य आत्माएँ स्वर्ग मे जाकर (वहाँ पर फल नही प्राप्त कर) मनुष्य भव मे आकर उनका फल भोगते है। *(विशेष वर्णन देखे हिन्दी टीका, पृष्ठ ७८०)*

**Elaboration**—The *nirvedini-katha*, that inspires detachment by showing the bitter fruits of demeritorious *karmas*, has been explained two ways. Stated at first are the four ways of suffering fruits of demeritorious *karmas*. The examples of said four ways are—(1) Thieves, murderers and other criminals suffer punishment like imprisonment for the sinful deeds committed by them during this life time (2) Many hunters acquire bondage of demeritorious *karmas* during this birth and suffer during next birth in places like hell (3) Many beings suffer poverty, disease and other miseries during this birth as a consequence of bondage of demeritorious *karmas* from past birth. (4) Born as carrion eaters like vulture and crow due to sinful actions in the past birth, many beings further indulge in sinful deeds like killing and consuming meat to

acquire bondage of demeritorious *karmas* and suffer the consequences during next birth in places like hell

Stated next are the four ways of enjoying fruits of meritorious *karmas*. The examples are—(1) A person giving alms to lofty persons like *Tirthankars* earns meritorious *karmas* and enjoys its fruits during the same birth in the form of five miracles including shower of gold. (2) Noble people like ascetics acquire meritorious *karmas* due to their spiritual practices and other good deeds and enjoy the consequences during next birth in places like divine realm. (3) Many beings like *Tirthankars* enjoy during this birth the consequences of meritorious *karmas* from past birth. (4) Destined to be born as lofty persons like *Tirthankars* due to pious actions in the past birth, many beings born in the divine realm do not enjoy the fruits there but they do enjoy during their next birth as human beings *(for more details refer to Hindi Tika, p 780)*

### कृश–दृढ़–पद KRISH-DRIDHA-PAD (SEGMENT OF WEAK AND STRONG)

**२५१. चत्तारि पुरिसजाया, पण्णत्ता, तं जहा–किसे णाममेगे किसे, किसे णाममेगे दढे, दढे णाममेगे किसे, दढे णाममेगे दढे। २५२. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–किसे णाममेगे किससरीरे, किसे णाममेगे दढसरीरे, दढे णाममेगे किससरीरे, दढे णाममेगे दढसरीरे।**

२५१. पुरुष चार प्रकार के होते हैं–(१) कृश और कृश–कोई पुरुष मूलत कृश होता है और कालान्तर में भी कृश ही रहता है। (२) कृश और दृढ़–कोई पुरुष मूलत कृश होता है और कालान्तर में दृढ हो जाता है। (३) दृढ़ और कृश–कोई पुरुष मूलत' दृढ होता है और कालान्तर मे कृश होता है। (४) दृढ़ और दृढ़–कोई पुरुष मूलत दृढ होता है और कालान्तर मे भी दृढ ही होता है। २५२. पुरुष चार प्रकार के होते है–(१) कृश और कृशशरीर–कोई पुरुष भावो से कृश होता है और शरीर से भी कृश (दुर्बल) होता है। (२) कृश और दृढ़शरीर–कोई भावो से कृश होता है, किन्तु शरीर से दृढ़ होता है। (३) दृढ़ और कृशशरीर–कोई भावो से दृढ होता है, किन्तु शरीर से कृश होता है। (४) दृढ़ और दृढ़शरीर–कोई पुरुष भावों से दृढ होता है और शरीर से भी दृढ होता है।

**251.** *Purush* (men) are of four kinds—(1) *Krish* and *krish*—some man is *krish* (weak) originally and remains *krish* (weak) later as well. (2) *Krish* and *dridha*—some man is *krish* originally but becomes *dridha* (strong) later (3) *Dridha* and *krish*—some man is *dridha* (strong) originally and becomes *krish* (weak) later (4) *Dridha* and *dridha*—some man is *dridha* (strong) originally and remains *dridha* (strong) later as well. **252.** *Purush* (men) are of four kinds—(1) *Krish* and *krish sharira*—some man is *krish* (mentally weak) and *krish sharira* (physically weak) as well. (2) *Krish*

(*bhaava*) and *dridha sharira*—some man is mentally weak but physically strong. (3) *Dridha* (*bhaava*) and *krish sharira*—some man is mentally strong and physically weak. (4) *Dridha* (*bhaava*) and *dridha sharira*—some man is mentally strong and physically strong as well.

**विवेचन**—यहाँ भावों से कृश के अर्थ में कषायों की अल्पता अथवा उत्साह की मंदता आदि तथा शरीर की कृशता के अर्थ मे दुर्बलता या तप के कारण शारीरिक क्षीणता का अर्थ भी किया जाता है और इसी प्रकार दृढता का अर्थ समझना चाहिए। प्रथम भंग में, धन्ना अणगार, अर्जुन मुनि व आनन्द गाथापति का उदाहरण; दूसरे भग मे गुरु के समक्ष अँगुली तोड़कर फेंकने वाले उग्र कषायी तपस्वी मुनि का, तीसरे भंग में भरत चक्रवर्ती आदि का गणधर का तथा चौथे भंग में मिथ्यादृष्टि और तपविहीन व्यक्ति का उदाहरण समझना चाहिए।

**Elaboration**—Here *krish bhaava* can also be interpreted as weakening of passions or lower intensity of enthusiasm towards passions, and *krish sharira* as emaciated body due to austerities And same analogy is for *dridha* (strong). Examples of the first alternative are ascetic *Dhanna*, ascetic *Arjuna* and *Anand Gathapati*. Example of the second alternative is an ascetic with intense passions but observing rigorous austerities Example of the third alternative is *Bharat Chakravarti*. Example of the fourth is an person having wrong faith and not observing austerities

**२५३. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—(१) किससरीरस्स णाममेगस्स णाणदंसणे समुप्पज्जति णो दढसरीरस्स, (२) दढसरीरस्स णाममेगस्स णाणदंसणे समुप्पज्जति णो किससरीरस्स, (३) एगस्स किससरीरस्सवि णाणदंसणे समुप्पज्जति दढसरीरस्सवि, (४) एगस्स णो किससरीरस्स णाणदंसणे समुप्पज्जति णो दढसरीरस्स।**

२५३. पुरुष चार प्रकार के होते है—(१) किसी कृश शरीर वाले पुरुष को विशिष्ट ज्ञान-दर्शन की उपलब्धि होती है, किन्तु दृढ शरीर वाले को नही होती, (२) किसी दृढ शरीर वाले पुरुष को ज्ञान-दर्शन की उपलब्धि होती है, किन्तु कृश शरीर वाले को नही, (३) किसी कृश शरीर वाले पुरुष को ज्ञान-दर्शन की उपलब्धि होती है और दृढ़ शरीर वाले को भी; (४) किसी कृश शरीर वाले पुरुष को भी ज्ञान-दर्शन की उपलब्धि नही होती और दृढ शरीर वाले को भी नही।

**253.** *Purush* (men) are of four kinds—(1) Some *krish sharira* (physically weak) man attains special *Jnana-darshan* (knowledge and perception/faith) but one who have a *dridha sharira* (physically strong) one does not attain it. (2) Some *dridha sharira* (well built) man attains special *Jnana-darshan* while a *krish sharira* one does not attain it. (3) Some *krish sharira* (physically slight) man attains special *Jnana-darshan* (knowledge and perception/faith) and so does a *dridha sharira*

(physically strong) one. (4) Some *krish sharira* man does not attain special *Jnana-darshan* and a *dridha sharira* one too.

**अतिशेष–ज्ञान–दर्शन–बाधक–साधक–पद ATISHESH-JNANA-DARSHAN-BADHAK-SADHAK- PAD (SEGMENT OF ATTAINING AND NOT ATTAINING MIRACULOUS KNOWLEDGE AND PERCEPTION/FAITH)**

**२५४. चउहिं ठाणेहिं णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा अस्सिं समयंसि अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पज्जिउकामेवि ण समुप्पज्जेज्जा, तं जहा–**

**(१) अभिक्खणं–अभिक्खणं इत्थिकहं भत्तकहं देसकहं कहेत्ता भवति। (२) विवेगेण विउस्सग्गेणं णो सम्ममप्पाणं भावित्ता भवति। (३) पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि णो धम्मजागरियं जागरइत्ता भवति। (४) फासुयस्स एसणिज्जस्स उंछस्स सामुदाणियस्स णो सम्मं गवेसित्ता भवति।**

**इच्चेतेहिं चउहिं ठाणेहिं णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा जाव [ णो समुप्पज्जेज्जा।**

२५४. चार कारणो से निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियो के इस समय अर्थात् चतुर्थ आरे मे भी तत्काल अतिशययुक्त ज्ञान–दर्शन उत्पन्न होते–होते भी उत्पन्न नही होत–

(१) जो बार–बार स्त्रीकथा, भक्तकथा, देशकथा और राजकथा करता है। (२) जो विवेक और व्युत्सर्ग के द्वारा आत्मा को सम्यक् प्रकार के भावित नही करता। (३) जो पूर्वरात्रि और अपररात्रिकाल के समय धर्म–जागरणा करके जागृत नही रहता। (४) जो प्रासुक, एषणीय, उञ्छ और सामुदानिक भिक्षा की सम्यक् प्रकार से गवेषणा नही करता।

**254.** For four reasons *nirgranth* and *nirgranthi* (male and female ascetics) about to attain miraculous *jnana* and *darshan* (knowledge and perception/faith) fail to do that—

(1) He who repeatedly indulges in gossips about women, food, country and king (2) He who does not properly enkindle his soul with sagacity and renunciation (3) He who does not remain awake for religious activities during first and last quarters of night (4) He who does not explore for prescribed, acceptable, to be collected in small portions and begged alms.

**विवेचन**–विशिष्ट पदो का अर्थ इस प्रकार है–**विवेक**–अशुद्ध भावो को त्यागकर शरीर और आत्मा की भिन्नता का विचार करना। **व्युत्सर्ग**–शरीर पर से ममत्व हटाकर कायोत्सर्ग करना। **प्रासुक**–अचित्त या निर्जीव वस्तु प्रासुक कहलाती है। **एषणीय**–उद्गम आदि दोषो से रहित साधुओं के लिए कल्प्य आहार। **उञ्छ**–अनेक घरों से थोडा–थोडा लिया जाने वाला भक्त–पान। **सामुदानिक**–याचनावृत्ति से भिक्षा प्राप्त करना। **अतिशय ज्ञान–दर्शन**–उत्कृष्ट जातिस्मरण, परमावधि, मन पर्यव ज्ञान और केवल ज्ञान–दर्शन।

**TECHNICAL TERMS**

*Vivek*—to contemplate over distinctiveness of body and soul after getting free of impure thoughts. *Vyutsarg*—to dissociate from one's body by removing fondness for it. *Prasuk—achitt* or not contaminated with living organism is called *prasuk* (food prescribed for ascetics). *Eshaniya*—faultless (of origin etc.) food acceptable for ascetics. *Uchchha*—food and drinks collected in small portions from numerous houses *Samudanik*—collecting alms by begging. *Atishaya jnana-darshan*—miraculous knowledge and perception/faith, such as maximum *jati-smaran jnana-darshan* (memory of earlier births), ultimate *avadhi jnana-darshan*, *manah-paryav jnana-darshan* and *Keval jnana-darshan*. (details about these terms have already been discussed)

**२५५. चउहिं ठाणेहिं णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा अतिसेसे णाणदंसणे समुप्पज्जिउकामे समुप्पज्जेज्जा, तं जहा—**

**(१) इत्थिकहं भत्तकहं देसकहं रायकहं णो कहेत्ता भवति। (२) विवेगेण विउस्सग्गेणं सम्ममप्पाणं भावेत्ता। (३) पुव्वरत्तवरत्तकालसमयंसि धम्मजागरियं जागरइत्ता भवति। (४) फासुयस्स एसणिज्जस्स उंछस्स सामुदाणियस्स सम्मं गवेसित्ता भवति।**

**इच्चेतेहिं चउहिं ठाणेहिं णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा जाव अतिसेस णाणदंसणे समुप्पज्जिउकामे समुप्पज्जेज्जा।**

२५५. चार कारणो से निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियो को अतिशययुक्त ज्ञान–दर्शन (उत्पन्न होने की स्थिति मे होने पर) तत्काल उत्पन्न होते हैं–(१) जो स्त्रीकथा, भक्तकथा, देशकथा और राजकथा नहीं कहता। (२) जो विवेक और व्युत्सर्ग के द्वारा आत्मा की सम्यक् प्रकार से भावना करता है। (३) जो पूर्वरात्रि और अपररात्रि के समय धर्म जागरणा करता है। (४) जो प्रासुक, एषणीय, उञ्छ (बचा हुआ) और सामुदानिक भिक्षा की सम्यक् प्रकार से गवेषणा करता है।

इन चार कारणों से निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियो को अतिशययुक्त ज्ञान–दर्शन उत्पन्न होने की स्थिति होने पर तत्काल उत्पन्न हो जाते है।

**255.** For four reasons *nirgranth* and *nirgranthi* (male and female ascetics) about to attain miraculous *jnana* and *darshan* (knowledge and perception/faith) at once do attain that—

(1) He who does not indulge in gossips about women, food, country and king. (2) He who properly enkindles his soul with sagacity and renunciation. (3) He who remains awake for religious activities during first and last quarters of night. (4) He who sincerely explores

for prescribed, acceptable, to be collected in small portions and begged alms.

For these four reasons male and female ascetics about to attain miraculous *jnana* and *darshan* at once do that.

### स्वाध्याय-पद SVADHYAYA-PAD (SEGMENT OF STUDY)

**२५६. णो कप्पति णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण बा चउहिं महापाडिवएहिं सज्झायं करेत्तए, तं जहा—आसाढपाडिवए, इंदमहपाडिवए, कत्तियपाडिवए, सुगिम्हगपाडिवए।**

२५६. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को चार महाप्रतिपदाओ मे स्वाध्याय नहीं करना चाहिए। जैसे—(१) **आषाढ़-प्रतिपदा**—आषाढी पूर्णिमा के पश्चात् आने वाली सावन की प्रतिपदा, (२) **इन्द्रमह-प्रतिपदा**—आसोज मास की पूर्णिमा के पश्चात् आने वाली कार्तिक की प्रतिपदा, (३) **कार्तिक-प्रतिपदा**—कार्तिक पूर्णिमा के पश्चात् आने वाली मगसिर की प्रतिपदा, और (४) **सुग्रीष्म-प्रतिपदा**—चैत्री पूर्णिमा के पश्चात् आने वाली वैशाख की प्रतिपदा।

**256.** *Nirgranth* and *nirgranthi* (male and female ascetics) should not study on four *Mahapratipadas*—(1) *Ashadh pratipada*—first day of the month of *Savan* or the fortnight following the full moon night of the month of *Ashadh*, (2) *Indramaha pratipada*—first day of the month of *Kartik* or the fortnight following the full moon night of the month of *Asoja*, (3) *Kartik pratipada*—first day of the month of *Mangsir* or the fortnight following the full moon night of the month of *Kartik,* and (4) *Sugrishma pratipada*—first day of the month of *Vaihsakh* or the fortnight following the full moon night of the month of *Chaitra*

**विवेचन**—किसी महोत्सव के पश्चात् आने वाली प्रतिपदा महाप्रतिपदा कही जाती है। भगवान महावीर के समय इन्द्रमह, स्कन्दमह, यक्षमह और भूतमह, ये चार महोत्सव जन-साधारण मे प्रचलित थे। निशीथभाष्य के अनुसार आषाढी पूर्णिमा को इन्द्रमह, आश्विनी पूर्णिमा को स्कन्दमह, कार्तिकी पूर्णिमा को यक्षमह और चैत्री पूर्णिमा को भूतमह मनाया जाता था। इन उत्सवों में सम्मिलित लोग अपनी परम्परा के अनुसार इन्द्रादि की पूजादि करते थे। उत्सव के दूसरे दिन प्रतिपदा को अपने मित्रादिको को बुलाते और सब मिलकर मद्यपान व भोजनादि करते-कराते थे।

इन महाप्रतिपदाओ के दिन स्वाध्याय-निषेध के अनेक कारणों में से एक प्रधान कारण यह बताया गया है कि महोत्सव मे सम्मिलित लोग समीपवर्ती साधु और साध्वियो को स्वाध्याय करते या शास्त्र-वाचनादि करते हुए देखकर भड़क सकते है और नशा आदि करके उपद्रव भी कर सकते हैं। अतः यही उचित माना गया कि उस दिन साधु-साध्वी मौनपूर्वक स्थान पर ही अपने धर्म-कार्यों को सम्पन्न करें। दूसरा कारण यह भी बताया गया है कि जहाँ समीप मे जन-साधारण का शोरगुल हो रहा हो, वहाँ पर साधु-साध्वी एकाग्रतापूर्वक शास्त्र की शब्द या अर्थवाचना को ग्रहण भी नहीं कर सकते

हैं। इसे लोक विरुद्ध व्यवहार माना गया है। पवित्र धार्मिक ग्रन्थों के विषय मे स्वाध्यायकाल तथा अस्वाध्यायकाल की मर्यादा जैन परम्परा के समान वैदिक परम्परा में भी रही है। सुश्रुत संहिता में बताया है कि कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी व अमावस्या तथा शुक्ल पक्ष की अष्टमी, चतुर्दशी व पूर्णिमा को एवं सूर्योदय व सूर्यास्त का समय अनध्यायकाल है। *(सुश्रुत संहिता २/९-१०)*

स्वाध्याय के लिए मन की एकाग्रता आवश्यक है। रामायण का प्रसग है–लंका से लौटने पर हनुमान से श्रीराम ने सीता के स्वास्थ्य के विषय में पूछा तो हनुमान जी ने उत्तर दिया–***प्रतिपद् पाठशीलस्य विद्येव तनुतांगता।*** प्रतिपदा को पढ़ने वाले विद्यार्थी की जैसे विद्या क्षीण हो जाती है उसी प्रकार सीता भी दुर्बल हो गई हैं।

**Elaboration**—A *pratipada* (first day of a fortnight of the lunar calendar) following a festive occasion is called *Mahapratıpada*. There were four popular festivals during *Bhagavan Mahavır's* period—*Indramah, Skandamah, Yakshamah* and *Bhootamah* According to *Nısheeth Mahabhashya, Indramah* festival was celebrated on the *Ashadh purnıma* (full moon day of *Ashadh* month), *Skandamah* on the *Ashvın purnıma*, *Yakshamah* on the *Kartik purnıma* and *Bhootamah* on the *Chaitra purnıma*. Following their respectıve traditions people celebratıng these festivals ceremonıally worshipped *Indra* and other deıties. The followıng day, a *pratıpada*, they invited theır friends for drinks and feast

One of the reasons, an ımportant one, for proscribıng studıes by ascetics on these *Mahapratipadas* ıs that seeing male and female ascetics studying or recıting scriptures ın their neıghbourhood, people enjoying festivities could get annoyed and create disturbance. Thus it was considered proper that on such days the ascetıcs spend their tıme silently performıng their relıgıous duties and rıtuals. Another reason for this negation ıs that ıt is almost ımpossible for ascetics to study or recite scriptures wıth required concentration in the noise and disturbance of a pubic festival. It ıs considered transgression of established social norms. Like Jaın tradition the rules about proper and improper time of study of pious religious scriptures have been prevalent in *Vedic* tradition as well. It is mentioned in *Sushrut Samhita* that study of scriptures is proscribed on fourteenth and fifteenth days of the dark half of a month and eighth, fourteenth and fifteenth days of the bright half of a month as also at dawn and dusk. *(Sushrut Samhita 2/9-10)*

Mental concentration is essential for studies. There is an incident from *Ramayan* confirming this—Shri Rama asked Hanuman about Sita's health when he returned from Lanka Hanuman replied—"Sita has become weak just as the knowledge of a student who studies on a *pratipada* becomes weak"

**२५७. णो कप्पति णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा चउहिं संझाहिं सज्झायं करेत्तए, तं जहा—पढमाए, पच्छिमाए, मज्झण्हे, अड्ढरत्ते। २५८. कप्पइ णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा चउक्कालं सज्झायं करेत्तए, तं जहा—पुव्वण्हे, अवरण्हे, पओसे, पच्चूसे।**

२५७. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियो को चार सन्ध्याओ मे स्वाध्याय नही करना चाहिए। जैसे—(१) **प्रथम सन्ध्या**—सूर्योदय का पूर्वकाल, (२) **पश्चिम सन्ध्या**—सूर्यास्त के पीछे का काल, (३) **मध्याह्न सन्ध्या**—दिन के मध्य समय का काल, और (४) **अर्धरात्र सन्ध्या**—आधी रात का समय। २५८. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को चार कालो मे स्वाध्याय करना चाहिए। जैसे—(१) **पूर्वाह्न में**—दिन के प्रथम पहर में, (२) **अपराह्न में**—दिन के अन्तिम पहर मे, (३) **प्रदोष में**—रात के प्रथम पहर मे, और (४) **प्रत्यूष में**—रात के अन्तिम पहर मे।

**257.** *Nirgranth* and *nirgranthi* (male and female ascetics) should not study on four *sandhyas* (the four periodic junctures in a day)—(1) *pratham sandhya*—dawn (immediately before dawn is the proscribed period), (2) *pashchim sandhya*—dusk (immediately after dusk is the proscribed period), (3) *madhyanha sandhya*—mid-day (around mid-day is the proscribed period) and (4) *ardharatra sandhya*—midnight (around midnight is the proscribed period), **258.** *Nirgranth* and *nirgranthi* (male and female ascetics) should study during four periods of a day—(1) *purvanha*—first quarter of the day, (2) *aparanha*—last quarter of the day, (3) *pradosh*—first quarter of the night, and (4) *pratyush*—last quarter of the night.

**विवेचन**—दिन और रात्रि के सन्धिकाल को तथा दिन व रात के मध्यकाल को सन्ध्या कहा जाता है। इन सन्ध्याओ मे स्वाध्याय के निषेध का कारण यह बताया गया है कि ये चारो सन्ध्याएँ ध्यान का समय हैं। ध्यान के लिए यह अमृत वेला है। इस समय मे अन्त स्रावी ग्रन्थियाँ विशेष सक्रिय रहती है।

**Elaboration**—The junction of day and night as well as middle of the day and middle of the night are called *sandhya* or periodic junctures in a day. The reason for negating studies during these junctures is that these are the ideal periods for meditation and during these periods the endocrine glands are said to be hyperactive.

*लोकस्थिति-पद* **LOK-STHITI-PAD (SEGMENT OF STRUCTURE OF UNIVERSE)**

**२५९. चउव्विहा लोगट्ठिती पण्णत्ता, तं जहा—आगासपतिट्ठिए वाते, वातपतिट्ठिए उदधी, उदधिपतिट्ठिया पुढवी, पुढविपतिट्ठिया तसा थावरा पाणा।**

२५९. लोकस्थिति चार प्रकार की है-(१) आकाश पर वायु (तनुवात-घनवात) स्थित है, (२) वायु पर घनोदधि, (३) घनोदधि पर पृथ्वी, और (४) पृथ्वी पर स्थावर और त्रस प्राणी स्थित हैं।

**259.** *Lok-sthiti* (structure of universe) is four tiered—(1) *vayu* (thin air and thick air) is situated over *akash* (space), (2) *ghanodadhi* (dense water) is situated over *vayu*, (3) *prithvi* (earth) is situated over *ghanodadhi* (dense water), and (4) *sthavar* and *tras pranis* (immobile and mobile beings) are located over *prithvi*.

*पुरुष-भेद-पद* **PURUSH-BHED-PAD (SEGMENT OF TYPES OF MAN)**

**२६०. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—तहे णाममेगे, णोतहे णाममेगे, सोवत्थी णाममेगे, पधाणे णाममेगे।**

२६०. पुरुष चार प्रकार के होते है-(१) **तथापुरुष**—आदेश को स्वीकार कर काम करने वाला अथवा यथार्थवादी, (२) **नोतथापुरुष**—आदेश को न मानकर स्वच्छदता से काम करने वाला अथवा मिथ्यावादी, (३) **सौवस्तिकपुरुष**—स्वस्ति-पाठक अथवा खुशामद करने वाला, और (४) **प्रधानपुरुष**—पुरुषो मे प्रधान, स्वामी अथवा सबका विश्वासपात्र।

**260.** *Purush* (man) is of four kinds—(1) *tatha-purush*—man who accepts order and does accordingly, a realist, (2) *notatha-purush*—man who does not take order and works independently; unrealistic, (3) *sauvastik-purush*—a flatterer, and (4) *pradhan-purush*—prime among men, master or one who has confidence of all

*आत्म-पद* **ATMA-PAD (SEGMENT OF THE SELF)**

**२६१. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—आयंतकरे णाममेगे णो परंतकरे, परंतकरे णाममेगे णो आयंतकरे, एगे आयंतकरेवि परंतकरेवि, एगे णो आयंतकरे णो परंतकरे।**

२६१. पुरुष चार प्रकार के होते हैं-(१) कोई पुरुष अपना अन्त करता है, किन्तु दूसरे का नहीं; (२) कोई दूसरे का अन्त करता है, किन्तु अपना नहीं, (३) कोई अपना भी अन्त करता है और दूसरे का भी, और (४) कोई न अपना अन्त करता है और न दूसरे का।

**261.** *Purush* (man) is of four kinds—(1) some man ends (*ant*) his life and not that of the other, (2) some man does not end his life but does that of the other, (3) some man ends his life and that of the other as well, and (4) some man neither ends his own life nor that of the other.

**विवेचन**—संस्कृत टीकाकार ने 'अन्त' शब्द के अनेक अर्थ किये हैं। जैसे—एक अर्थ है—'भव या संसार का अन्त करना।' (१) कोई पुरुष अपने भव का अन्त करता है, किन्तु दूसरे के भव का अन्त नहीं करता। जैसे प्रत्येकबुद्ध केवली या गजसुकुमार मुनि आदि। (२) कोई पुरुष अचरमशरीरी होने से अपना भवान्त तो नहीं कर पाते, किन्तु उपदेश देकर दूसरे के ससार का अन्त करते हैं। (३) कोई पुरुष अपने संसार का भी अन्त करते है और उपदेश देकर दूसरो के ससार का भी। जैसे—तीर्थंकर और अन्य सामान्य केवली आदि। (४) कोई पुरुष न अपने भव का अन्त करते है और न ही दूसरे का भव का। जैसे—पचम काल में जन्मे आचार्य आदि।

'अन्त' शब्द का मरण अर्थ मे भी प्रयोग होता है। इनके चार भग इस प्रकार बनते है—

(१) कोई पुरुष अपना 'अन्त' अर्थात् मरण या घात करता है, किन्तु दूसरे का घात नहीं करता। जैसे—क्रोधी या दयालु परोपकारी। (२) कोई पर-घातक होता है, किन्तु आत्म-घातक नहीं। जैसे—शिकारी, योद्धा, हिंसक आदि। (३) कोई आत्म-घातक भी होता है और पर-घातक भी। जैसे—परस्पर लड़ते दो शत्रु। (४) कोई न आत्म-घातक होता है और न पर-घातक। जैसे—अप्रमत्त संयमी।

**Elaboration**—The *Sanskrit* commentator (*Tika*) has given many meanings of the word '*ant*' One meaning is 'to end or terminate the cycles of rebirth' (1) Some man ends or terminates his cycles of rebirth and those of others. For example a *Pratyek-buddha kevali* (one who gets enlightened and liberated without the benefit of any discourse or guidance), ascetic Gajasukumar etc (2) Some man (although accomplished but not destined to get liberated) does not terminate his own cycles of rebirth but makes others do that by his preaching (3) Some man terminates his own cycles of rebirth and those of others as well through his preaching (4) Some man neither terminates his own cycles of rebirth nor those of others For example *acharyas* born in the fifth epoch of this half-cycle of time

The four alternatives when *ant* means death or killing are—

(1) Some man ends (*ant*) or kills himself but not others. For example an angry but kind person (2) Some man kills others but not himself. For example a warrior, hunter or a killer (3) Some man kills himself as well as others For example two fighting adversaries. (4) Some man neither kills himself nor others. For example an alert sage.

**२६२. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—आयंतमे णाममेगे णो परंतमे, परंतमे णाममेगे णो आयंतमे, एगे आयंतमेवि परंतमेवि, एगे णो आयंतमे णो परंतमे।**

**२६३. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—आयंदमे णाममेगे णो परंदमे, परंदमे णाममेगे णो आयंदमे, एगे आयंदमेवि परंदमेवि, एगे णो आयंदमे णो परंदमे।**

२६२. चार प्रकार के पुरुष होते हैं–(१) कुछ पुरुष अपने आपको खिन्न (संतप्त) करते हैं, किन्तु दूसरे को नहीं; (२) कुछ दूसरे को खिन्न करते हैं, किन्तु अपने को नहीं; (३) कुछ अपने आपको भी खिन्न करते हैं तथा दूसरे को भी; और (४) कुछ न तो अपने को खिन्न करते हैं और न ही दूसरे को।

[प्रथम भंग में सहिष्णु या दुर्बल व्यक्ति, दूसरे में स्वार्थी या सबल, तीसरे मे कलहप्रिय और चौथे भंग में शान्त आत्मा का उदाहरण समझना चाहिए।]

२६३. चार प्रकार के पुरुष होते है–(१) कुछ पुरुष अपना दमन करते है, किन्तु दूसरे का नहीं; (२) कुछ दूसरे का दमन करते हैं, किन्तु अपना नहीं; (३) कुछ अपना भी दमन करते है और दूसरे का भी; और (४) कुछ न अपना दमन करते हैं और न दूसरो का।

**262.** (1) Some man troubles himself but not others. (2) Some man troubles others but not himself. (3) Some man troubles himself as well as others (4) Some man neither troubles himself nor others.

(Examples of these are—a tolerant or weak person, selfish or strong person, quarrelsome person, and serene person respectively.)

**263.** (1) Some man subjugates (*daman*) himself but not others. (2) Some man subjugates others but not himself (3) Some man subjugates himself as well as others (4) Some man neither subjugates himself nor others

**विवेचन**–दमन के अनेक अर्थ है। इन्द्रियो को वश मे करना, मन व वासना का दमन करना, किसी को दण्ड देना, किसी पर अनुशासन करना आदि। यहाँ प्रथम भग मे संयमी पुरुष, जिनकल्पी आदि, दूसरे भग मे अध्यापक या राजपुरुष आदि; तीसरे भग मे आचार्य आदि तथा चौथे भग मे स्वच्छन्दाचारी का उदाहरण समझना चाहिए।

**Elaboration**—The word *daman* has many meanings. To control senses, to supress desires and lust, to punish some one, to discipline someone etc. Examples of these are—a disciplined person like a *jinakalpi* ascetic, teacher or administrator, *acharya* and an indisciplined person respectively.

### *गर्हा–पद* GARHA-PAD (SEGMENT OF REPROACH)

**२६४. चउव्विहा गरहा पण्णत्ता, तं जहा–उवसंपज्जामित्तेगा गरहा, वितिगिच्छामित्तेगा गरहा, जंकिंचिमिच्छामित्तेगा गरहा, एवंपि पण्णत्तेगा गरहा।**

२६४. गर्हा चार प्रकार की है–(१) **उपसम्पदारूप गर्हा**–अपने दोषो का निवेदन करने के लिए गुरु के समीप जाऊँ, ऐसा विचार करना। (२) **विचिकित्सारूप गर्हा**–अपने निन्दनीय दोषो का निराकरण करूँ, ऐसा विचार करना। (३) **मिच्छामिरूप गर्हा**–जो कुछ मैंने असद् आचरण किया है, वह मेरा कार्य मिथ्या हो ऐसा कहना, और (४) **एवमपि प्रज्ञप्तिरूप गर्हा**–भगवान ने ऐसा कहा है कि अपने दोष की गर्हा (निन्दा) करने से भी किये गये दोष की शुद्धि होती है, ऐसा विचार करना।

**264.** *Garha* (reproach) is of four kinds—(1) *Upasampadarupa garha*—to think of going to the guru for stating one's faults. (2) *Vichikitsarupa garha*—to think of correcting one's censurable faults. (3) *Michchhamirupa garha*—to state 'may the faults committed by me become false or undone' (4) *Evamapi prajnaptirupa garha*—to deefly think that *Bhagavan* has said that faults are condoned if one criticises himself for the faults committed

*अलमस्तु (निग्रह)-पद* **NIGRAHA-PAD (SEGMENT OF RESTRAINT)**

**२६५. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा-अप्पणो णाममेगे अलमंथू भवति णो परस्स, परस्स णाममेगे अलमंथू भवति णो अप्पणो, एगे अप्पणोवि अलमंथू भवति परस्सवि, एगे णो अप्पणो अलमंथू भवति णो परस्स।**

२६५. पुरुष चार प्रकार के होते है-(१) कोई पुरुष अपना निग्रह करने मे समर्थ होता है, किन्तु दूसरे का निग्रह करने मे समर्थ नही होता, (२) कोई दूसरे का निग्रह करने मे समर्थ होता है, अपना निग्रह करने में नही, (३) कोई अपना निग्रह करने मे समर्थ भी होता है और पर का निग्रह करने में भी, और (४) कोई न अपना निग्रह करने मे समर्थ होता है और न पर का निग्रह करने मे।

**265.** (1) Some man is able to restrain (*nigraha*) himself but not others. (2) Some man is able to restrain others but not himself (3) Some man is able to restrain himself as well as others (4) Some man is able to neither restrain himself nor others

*ऋजु-वक्र-मार्ग-पद* **RIJU-VAKRA-MARG-PAD (SEGMENT OF STRAIGHT AND OBLIQUE PATH)**

**२६६. चत्तारि मग्गा पण्णत्ता, तं जहा-उज्जू णाममेगे उज्जू, उज्जू णाममेगे वंके, वंके णाममेगे उज्जू, वंके णाममेगे वंके। एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा-उज्जू णाममेगे उज्जू, उज्जू णाममेगे वंके, वंके णाममेगे उज्जू, वंके णाममेगे वंके।**

२६६. मार्ग चार प्रकार के होते है-(१) ऋजु और ऋजु-कोई मार्ग ऋजु (सरल) दिखता है और सरल ही होता है, (२) ऋजु और वक्र-कोई मार्ग ऋजु दिखता है, किन्तु वक्र होता है, (३) वक्र और ऋजु-कोई मार्ग वक्र दिखता है, किन्तु ऋजु होता है, और (४) वक्र और वक्र-कोई मार्ग वक्र दिखता है और वक्र ही होता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते है-(१) कोई पुरुष सरल दिखता है और सरल ही होता है, (२) कोई सरल दिखता है, किन्तु कुटिल होता है, (३) कोई कुटिल दिखता है, किन्तु सरल होता है, और (४) कोई कुटिल दिखता है और कुटिल ही होता है।

**266.** *Marg* (path) are of four kinds—(1) *Riju* and *riju*—some *path* is *riju* (straight or simple) in appearance and *riju* (simple) actually as well.

(2) *Riju* (simple) and *vakra* (crooked)—some path is straight in appearance but *vakra* (crooked) actually. (3) *Vakra* and *riju*—some path is crooked in appearance but straight actually. (4) *Vakra* and *vakra*—some path is crooked in appearance and crooked actually as well.

In the same way men are of four kinds—(1) Some man is *riju* (straight or simple) in appearance and *riju* (straight forward) actually. (2) Some man is straight in appearance but *vakra* (crooked) actually (3) Some man is crooked in appearance but straight forward actually. (4) Some man is crooked in appearance and crooked actually as well

**क्षेम-अक्षेम-पद KSHEM-AKSHEM-PAD (SEGMENT OF PLACID AND DISTURBED)**

**२६७. चत्तारि मग्गा पण्णत्ता, तं जहा—खेमे णाममेगे खेमे, खेमे णाममेगे अखेमे। अखेमे णाममेगे खेमे, अखेमे णाममेगे अखेमे। एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—खेमे णाममेगे खेमे, खेमे णाममेगे अखेमे, अखेमे णाममेगे खेमे, अखेमे णाममेगे अखेमे।**

२६७. मार्ग चार प्रकार के होते हैं-(१) **क्षेम और क्षेम**—कोई मार्ग आदि मे क्षेम (निरुपद्रव) होता है और अन्त मे भी क्षेम होता है, (२) **क्षेम और अक्षेम**—कोई मार्ग आदि में क्षेम, किन्तु अन्त में अक्षेम (उपद्रव वाला) होता है, (३) **अक्षेम और क्षेम**—कोई मार्ग आदि मे अक्षेम, किन्तु अन्त में क्षेम होता है, तथा (४) **अक्षेम और अक्षेम**—कोई मार्ग आदि मे भी अक्षेम और अन्त मे भी अक्षेम होता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते है-(१) कोई पुरुष आदि मे क्षेम, क्रोधादि उपद्रव से रहित होता है और अन्त मे भी क्षेम (क्षमाशील) होता है; (२) कोई आदि में क्षेम होता है, किन्तु अन्त मे अक्षेम, (३) कोई आदि मे अक्षेम, किन्तु अन्त मे क्षेम, और (४) कोई आदि मे भी अक्षेम और अन्त में भी अक्षेम होता है।

**267.** *Margs* (paths) are of four kinds—*Kshem* and *kshem*—(1) some *marg* is *kshem* (placid) originally and *kshem* later as well (2) *Kshem* and *akshem*—some *marg* is placid originally but *akshem* (disturbed) later (3) *Akshem* and *kshem*—some *marg* is disturbed originally but placid later. (4) *Akshem* and *akshem*—some *marg* is disturbed originally and later as well

In the same way men are of four kinds—(1) Some man is *kshem* (placid; free of disturbances like anger) originally and *kshem* (forgiving) later. (2) Some man is placid originally but *akshem* (disturbed) later. (3) Some man is disturbed originally but placid later. (4) Some man is disturbed originally and later as well.

**२६८. चत्तारि मग्गा पण्णत्ता, तं जहा—खेमे णाममेगे खेमरूवे, खेमे णाममेगे अखेमरूवे, अखेमे णाममेगे खेमरूवे, अखेमे णाममेगे अखेमरूवे। एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—खेमे णाममेगे खेमरूवे, खेमे णाममेगे अखेमरूवे, अखेमे णाममेगे खेमरूवे, अखेमे णाममेगे अखेमरूवे।**

२६८. मार्ग चार प्रकार के होते है-(१) कोई मार्ग क्षेम दिखता है और क्षेमरूप होता है; (२) कोई मार्ग क्षेम दिखता है, किन्तु अक्षेमरूप वाला होता है; (३) कोई मार्ग अक्षेम दिखता है, किन्तु क्षेमरूप वाला होता है, और (४) कोई मार्ग अक्षेम दिखता है और अक्षेमरूप वाला ही होता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते है-(१) कोई पुरुष क्षेम और क्षेमरूप वाला होता है; (२) कोई क्षेम, किन्तु अक्षेमरूप वाला, (३) कोई अक्षेम, किन्तु क्षेमरूप वाला, और (४) कोई अक्षेम और अक्षेमरूप वाला होता है।

**268.** *Margs* (paths) are of four kinds—(1) Some *marg* is *kshem* (placid) and *kshem rupa* (placid in appearance) as well (2) Some *marg* is placid but *akshem rupa* (difficult in appearance) (3) Some *marg* is difficult but placid in appearance (4) Some *marg* is actually difficult and disturbed in appearance as well

In the same way men are of four kinds—(1) Some man is *kshem* (placid) and *kshem rupa* (placid in appearance) as well (2) Some man is placid but *akshem rupa* (disturbed in appearance) (3) Some man is disturbed but placid in appearance. (4) Some man is disturbed and disturbed in appearance as well.

**विवेचन**-टीकाकार ने बताया है-मार्ग के पक्ष मे क्षेम का अर्थ है-डाकू व हिंसक पशुओ के भय से मुक्त, क्षेमरूप का अर्थ है-वृक्षो, जलाशयो आदि से युक्त। कोई मार्ग चोर आदि से रहित तो है, परन्तु पर्वतो व काँटो आदि के कारण विषम-अक्षेमरूप है। कोई मार्ग चोर आदि के भय से रहित तो नहीं है, परन्तु सम है। कोई मार्ग भययुक्त भी है और विषम भी है।

पुरुष के भाव पक्ष की दृष्टि से कोई पुरुष सद्गुणी है और साधु वेष वाला है। कोई सद्गुणी है, परन्तु साधु वेष नही है। कोई गुणहीन है, परन्तु वेष से साधु है और कोई गुणहीन भी है तथा वेशहीन भी है। *(हिन्दी टीका, पृ ८९१)*

**Elaboration**—The commentator (*Tika*) explains—In context of *marg* or path *kshem* means free of the fear of bandits and fierce beasts. *Kshem rupa* means having trees and ponds. Some path is free of bandits but still difficult in appearance (*akshem rupa*) because of hills and thorns etc Some path is not free of bandits but is straight. Some path is fearful as well as crooked.

In context of man *kshem* means placid or virtuous and *kshem rupa* means pious in appearance or in the garb of an ascetic. Someone is virtuous but not in the ascetic garb Someone is not virtuous but is in ascetic garb and someone is neither virtuous nor in the ascetic garb.

**२६९. चत्तारि संबुक्का पण्णत्ता, तं जहा—वामे णाममेगे वामावत्ते, वामे णाममेगे दाहिणावत्ते, दाहिणे णाममेगे वामावत्ते, दाहिणे णाममेगे दाहिणावत्ते। एवामेव चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—वामे णाममेगे वामावत्ते, वामे णाममेगे दाहिणावत्ते, दाहिणे णाममेगे वामावत्ते, दाहिणे णाममेगे दाहिणावत्ते।**

२६९. शंख चार प्रकार के होते हैं-(१) **वाम और वामावर्त**—कोई शंख जाति से या गुण से वाम-(वाम पार्श्व में स्थित या प्रतिकूल गुण वाला) और वामावर्त (आकृति से बाईं ओर घुमाव वाला) होता है, (२) **वाम और दक्षिणावर्त**—कोई शंख वाम और दक्षिणावर्त (दाईं ओर घुमाव वाला) होता है, (३) **दक्षिण और वामावर्त**—कोई शंख दक्षिण (अनुकूल गुण वाला) और वामावर्त होता है, तथा (४) **दक्षिण और दक्षिणावर्त**—कोई शंख दक्षिण और दक्षिणावर्त होता है।

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं-(१) **वाम और वामावर्त**—कोई पुरुष वाम (स्वभाव से प्रतिकूल) और वामावर्त (प्रवृत्ति से) भी प्रतिकूल होता है। (शंख की तरह चार भग जानने चाहिए)

**269.** *Shankhs* (conch-shells) are of four kinds—(1) ***Vama* and *vamavart***—some *shankh* (conch-shell) is *vama* (left or bad) in terms of class and quality and *vamavart* (with a left turn in shape) (2) ***Vama* and *dakshinavart***—some *shankh* is bad in quality but *dakshinavart* (with a right turn in shape). (3) ***Dakshin* and *vamavart***—some *shankh* is good in quality but *vamavart* (with a left turn in shape). (4) ***Dakshin* and *dakshinavart***—some *shankh* is good in quality and *dakshinavart* (with a right turn in shape).

In the same way *purush* (man) are of four kinds—(1) ***Vama* and *vamavart***—some *purush* is *vama* (bad) by nature and *vamavart* (bad in action). Remaining alternatives should be read as in case of conch-shell.

**विवेचन**—शंख के मुख्य दो प्रकार हैं—वाम और दक्षिण। दक्षिण शंख—मगल कार्यों मे शुभ व अनुकूल प्रभाव वाला माना जाता है। वाम शंख—अमंगलिक व प्रतिकूल प्रभाव वाला होता है। वाम शख दो प्रकार के होते हैं—वामावर्त और दक्षिणावर्त। दक्षिण शंख भी दो प्रकार के होते हैं—दक्षिणावर्त और वामावर्त। जो आवर्त बाईं ओर घूमा हुआ है अथवा बाईं ओर से आरम्भ होता है, वह वामावर्त, इसके विपरीत दक्षिणावर्त। वाम और वामावर्त शंख अशुभ व निकृष्ट होता है, दक्षिण व दक्षिणावर्त शंख सर्वोत्तम माना जाता है।

पुरुष के पक्ष में वाम का अर्थ—मिथ्यादृष्टि तथा वामावर्त का अर्थ—आचार की दृष्टि से हीन। दक्षिण का अर्थ—सम्यग्दृष्टि तथा दक्षिणावर्त का अर्थ—धर्मशील सदाचारी समझना चाहिए। *(हिन्दी टीका, पृ ८११)*

**Elaboration**—Conch-shells are mainly of two kinds—*vama* or of bad quality and *dakshin* or of good quality. *Dakshin shankh*—is believed to be good and favourable for auspicious occasions. *Vama shankh* is believed to have inauspicious and unfavourable influence. *Vama shankh*

is of two kinds—*vamavart* and *dakshinavart*. *Dakshin shankh* is also of two kinds—*vamavart* and *dakshinavart*. The conch-shell with its spiral structure having left turn starting from the left side is *vamavart*. Opposite of this is *Dakshinavart* *Vama* and *vamavart* conch-shell is inauspicious and worthless *Dakshin* and *dakshinavart* conch-shell is supposed to be the best and auspicious

In context of man *vama* means unrighteous and *vamavart* means having bad conduct In the same way *dakshin* means righteous and *dakshinavart* means immaculate in religious conduct. *(Hindi Tika, p. 811)*

**२७०. चत्तारि धूमसिहाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—वामा णाममेगा वामावत्ता, वामा णाममेगा दाहिणावत्ता, दाहिणा णाममेगा वामावत्ता, दाहिणा णाममेगा दाहिणावत्ता। एवामेव चत्तारि इत्थीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—वामा णाममेगा वामावत्ता, वामा णाममेगा दाहिणावत्ता, दाहिणा णाममेगा वामावत्ता, दाहिणा णाममेगा दाहिणावत्ता।**

२७०. धूम-शिखाएँ चार प्रकार की होती है-(१) **वामा और वामावर्त्ता**—कोई धूम-शिखा वाम और वामावर्त होती है, (२) **वामा और दक्षिणावर्त्ता**—कोई धूम-शिखा वाम, किन्तु दक्षिणावर्त होती है; (३) **दक्षिणा और वामावर्त्ता**—कोई धूम-शिखा दक्षिण, किन्तु वामावर्त होती है; तथा (४) **दक्षिण और दक्षिणावर्त्ता**—कोई धूम-शिखा दक्षिण और दक्षिणावर्त होती है।

इसी प्रकार स्त्रियाँ चार प्रकार की होती है-(१) कोई स्त्री वाम और वामावर्त; (२) कोई वाम, किन्तु दक्षिणावर्त, (३) कोई दक्षिण, किन्तु वामावर्त, और (४) कोई दक्षिण और दक्षिणावर्त होती है।

**270.** *Dhoom-shikhas* (tongues of smoke) are of four kinds—**(1) *Vama* and *vamavart***—some *dhoom-shikha* is *vama* (left or bad) in terms of quality and *vamavart* (with a left turn) **(2) *Vama* and *dakshinavart***—some *dhoom-shikha* is bad in quality but *dakshinavart* (with a right turn). **(3) *Dakshin* and *vamavart***—some *dhoom-shikha* is good in quality but *vamavart* (with a left turn) **(4) *Dakshin* and *dakshinavart***—some *dhoom-shikha* is good in quality and *dakshinavart* (with a right turn)

In the same way *stree* (women) are of four kinds—(1) some *stree* (woman) is *vama* (unrighteous) and *vamavart* (of bad conduct), (2) some *stree* is *vama* and *dakshinavart* (good conduct), (3) some stree is *dakshin* (righteous) and *vamavart*, and (4) some *stree* is *dakshin* and *dakshinavart*

**२७१. चत्तारि अग्गिसिहाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—वामा णाममेगा वामावत्ता, वामा णाममेगा दाहिणावत्ता, दाहिणा णाममेगा वामावत्ता, दाहिणा णाममेगा दाहिणावत्ता। एवामेव चत्तारि इत्थीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—वामा णाममेगा वामावत्ता, वामा णाममेगा दाहिणावत्ता, दाहिणा णाममेगा वामावत्ता, दाहिणा णाममेगा दाहिणावत्ता।**

२७१. अग्नि-शिखाएँ चार प्रकार की होती हैं-(१) कोई अग्नि-शिखा वाम और वामावर्त होती है; (२) कोई अग्नि-शिखा वाम, किन्तु दक्षिणावर्त होती है; (३) कोई अग्नि-शिखा दक्षिण, किन्तु वामावर्त होती है; और (४) कोई अग्नि-शिखा दक्षिण और दक्षिणावर्त होती है।

इसी प्रकार स्त्रियाँ भी चार प्रकार की होती हैं-(१) कोई स्त्री वाम और वामावर्ता होती है; (२) कोई स्त्री वाम, किन्तु दक्षिणावर्त; (३) कोई स्त्री दक्षिण, किन्तु वामावर्त, और (४) कोई स्त्री दक्षिण और दक्षिणावर्त होती है।

**271.** *Agnishikhas* (tongues of fire) are of four kinds—(1) some *agnishikha* (tongue of fire) is *vama* and *vamavart*, (2) some *agnishikha* is *vama* and *dakshinavart*, (3) some *agnishikha* is *dakshin* and *vamavart*, and (4) some *agnishikha* is *dakshin* and *dakshinavart*.

In the same way *stree* (women) are of four kinds—(1) some *stree* (woman) is *vama* and *vamavart*, (2) some *stree* is *vama* and *dakshinavart*, (3) some *stree* is *dakshin* and *vamavart*, and (4) some *stree* is *dakshin* and *dakshinavart*.

**२७२. चत्तारि वायमंडलिया पण्णत्ता, तं जहा—वामा णाममेगा वामावत्ता, वामा णाममेगा दाहिणावत्ता, दाहिणा णाममेगा वामावत्ता, दाहिणा णाममेगा दाहिणावत्ता।**

**एवामेव चत्तारि इत्थीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—वामा णाममेगा वामावत्ता, वामा णाममेगा दाहिणावत्ता, दाहिणा णाममेगा वामावत्ता, दाहिणा णाममेगा दाहिणावत्ता।**

२७२. वात-मण्डलिकाएँ चार प्रकार की होती हैं-(१) कोई वात-मण्डलिका वाम और वामावर्त होती है; (२) कोई वाम, किन्तु दक्षिणावर्त; (३) कोई दक्षिण, किन्तु वामावर्त, और (४) कोई दक्षिण और दक्षिणावर्त होती है।

इसी प्रकार स्त्रियाँ भी चार प्रकार की होती है-(१) कोई स्त्री वाम और वामावर्त होती है, (२) कोई वाम, किन्तु दक्षिणावर्त; (३) कोई दक्षिण, किन्तु वामावर्त; और (४) कोई दक्षिण और दक्षिणावर्त होती है।

**272.** *Vaat-mandalikas* (whirlwinds) are of four kinds—(1) some *vaat-mandalika* (whirlwind) is *vama* and *vamavart*, (2) some *vaat-mandalika* is *vama* and *dakshinavart*, (3) some *vaat-mandalika* is *dakshin* and *vamavart*, and (4) some *vaat-mandalika* is *dakshin* and *dakshinavart*.

In the same way *stree* (women) are of four kinds—(1) some *stree* (woman) is *vama* and *vamavart*, (2) some *stree* is *vama* and *dakshinavart*, (3) some *stree* is *dakshin* and *vamavart*, and (4) some *stree* is *dakshin* and *dakshinavart*.

**३१५. जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे जहण्णपए चत्तारि अरहंता, चत्तारि चक्कवट्टी, चत्तारि बलदेवा चत्तारि वासुदेवा उप्पज्जिंसु वा उप्पज्जंति वा उप्पज्जिस्संति वा।**

३१५. जम्बूद्वीप द्वीप के महाविदेह क्षेत्र मे कम से कम चार अर्हन्त, चार चक्रवर्ती, चार बलदेव और चार वासुदेव उत्पन्न हुए थे, उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होगे।

**315.** In the Mahavideh area of Jambu Dveep at least four *Arhants*, four *Chakravartis*, four *Baladevas* and four *Vasudevas* were, are and will be born

**विवेचन**-इस सूत्र का अभिप्राय है-महाविदेह मे कम से कम चार अरिहंत, चार चक्रवर्ती, चार बलदेव-वासुदेव, दो पूर्व महाविदेह तथा दो पश्चिम महाविदेह मे हर समय रहते है। कभी इनका अभाव नहीं होता। जिस विजय में चक्रवर्ती होते है। उसमे बलदेव-वासुदेव नहीं होते। हाँ, जिस विजय में तीर्थंकर होते है। उसमें चक्रवर्ती भी हो सकते हैं और बलदेव-वासुदेव भी। *(हिन्दी टीका, पृष्ठ ८४५)*

**Elaboration**—This aphorism conveys that in Mahavideh at least four *Arhants*, four *Chakravartis*, four *Baladevas* and four *Vasudevas* always exist. They are never extinct. *Chakravarti* and *Baldeva-Vasudeva* do not coexist in any *Vijaya* (a sub-continent size area). However, with a *Tirthankar* either a *Chakravarti* or *Baldeva-Vasudeva* may coexist. *(Hindi Tika, p. 845)*

मन्दर-पर्वत-पद MANDAR-PARVAT-PAD (SEGMENT OF MANDAR MOUNTAIN)

**३१६. जंबुद्दीवे दीवे मंदरे पव्वते चत्तारि वणा पण्णत्ता, तं जहा—भद्दसालवणे, णंदणवणे, सोमणसवणे, पंडगवणे। ३१७. जंबुद्दीवे दीवे मंदरे पव्वते पंडगवणे चत्तारि अभिसेगसिलाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—पंडुकंबलसिला, अइपंडुकंबलसिला, रत्तकंबलसिला, अतिरत्तकंबलसिला।**

३१६. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत पर चार वन हैं-(१) भद्रशाल वन, (२) नन्दन वन, (३) सौमनस वन, (४) पण्डक वन। ३१७. जम्बूद्वीप द्वीप में मन्दर पर्वत पर पण्डक वन में चार अभिषेकशिलाएँ है-(१) पाण्डुकम्बल शिला (पूर्व), (२) अतिपाण्डुकम्बल शिला (दक्षिण), (३) रक्तकम्बल शिला (पश्चिम), (४) अतिरक्तकम्बल शिला (उत्तर)।

**316.** In Jambu Dveep there are four forests on Mandar mountain—(1) Bhadrashal *van* (forest), (2) Nandan *van*, (3) Saumanas *van*, and (4) Pandak *van*. **317.** In Jambu Dveep their are four *abhishek shilas* (anointment rocks) in Pandak *van*—(1) Pandukambal *shila* (east), (2) Atipandukambal *shila* (south), (3) Raktakambal *shila* (west), and (4) Atiraktakambal *shila* (north).

**विवेचन**—पण्डक वन चारो वनो मे सबसे ऊपर है। इसमे चार अभिषेक शिलाएँ हैं, उन पर तीर्थंकरों का जन्मोत्सव मनाया जाता है। पूर्व, पश्चिम मे शिलाओं पर दो-दो सिंहासन होते हैं तथा जिन पर महाविदेह क्षेत्र मे उत्पन्न तीर्थंकरो का तथा उत्तर-दक्षिण मे एक-एक शिला है, जिन पर ऐरवत तथा भरत क्षेत्र में जन्मे तीर्थंकरो का जन्मोत्सव मनाया जाता है। *(हिन्दी टीका, पृष्ठ ८४५)*

**Elaboration**—Pandak *van* is highest among the four forests It has four *abhishek shilas* (anointment rocks) on which birth ceremonies of *Tirthankars* are performed. There are two thrones each on the rocks in east and west directions On these rocks birth ceremonies of *Tirthankars* born in Mahavideh area are performed. On the rock in the north and south directions there is one throne each On these rocks birth ceremonies of *Tirthankars* born in Airavat and Bharat areas are performed. *(Hindi Tika, p 845)*

**३१८. मंदरचूलिया णं उवरिं चत्तारि जोयणाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।**

३१८. मन्दर पर्वत की चूलिका का ऊपरी विष्कम्भ (विस्तार) चार योजन है।

**318.** The *vishkambh* (spread or area) of the *chulika* (peak) of Mandar mountain is four *Yojans* (a unit of eight miles).

धातकीषण्ड-पुष्करवर-पद DHATKIKHAND-PUSHKARVAR-PAD (SEGMENT OF DHATKIKHAND-PUSHKARVAR)

**३१९. एवं धायइसंडदीवपुरत्थिमद्धेवि कालं आदिं करेत्ता जाव मंदरचूलियत्ति। एवं जाव पुक्खरवरदीवपच्चत्थिमद्धे जाव मंदरचूलियत्ति।**

जंबुद्दीवगआवस्सगं तु कालओ चूलिया जाव।
धायइसंडे पुक्खरवरे य पुव्वावरे पासे॥१॥–संग्रहणी गाथा

३१९. इसी प्रकार धातकीषण्ड द्वीप के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध मे भी काल–पद (सूत्र ३०४) से लेकर यावत् मन्दरचूलिका (सूत्र ३१८) तक का सर्व कथन जानना चाहिए। इसी प्रकार (अर्ध) पुष्करवर द्वीप के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध मे भी कालपद से लेकर यावत् मन्दरचूलिका तक का सर्व कथन जानना चाहिए।

(सग्रहणी गाथा)–कालपद से लेकर मन्दरचूलिका तक जम्बूद्वीप मे किया गया सभी वर्णन धातकीषण्डद्वीप के और अर्द्ध–पुष्करवरद्वीप के पूर्व–अपर पार्श्व भाग मे भी कहा गया है।

**319.** In the same way the description of the eastern and western halves of Dhatakikhand Dveep should be read as that mentioned in aphorisms 304 (segment of time) to 318 (Mandar *Chulika*) In the same way the description of the eastern and western halves of Ardhapushkaravar Dveep should also be read as that mentioned in said aphorisms 304

(Collative verse) All the description about Jambu Dveep mentioned from segment of time to Mandar *chulika* has also been repeated with regard to the eastern and western halves of Dhatakikhand Dveep and Ardhapushkaravar Dveep

### द्वार–पद DVAR-PAD (SEGMENT OF GATEWAY)

**३२०. जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स चत्तारि दारा पण्णत्ता, तं जहा–विजये, विजयंते, जयंते, अपराजिते। ते णं दारा चत्तारि जोयणाइं विक्खंभेणं, तावइयं चेव पवेसेणं पण्णत्ता।**

**तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्डिया जाव पलिओवमट्ठितीया परिवसंति, तं जहा–विजये, वेजयंते, जयंते, अपराजिते।**

३२०. जम्बूद्वीप द्वीप के चार द्वार है–(१) विजयद्वार, (२) वैजयन्तद्वार, (३) जयन्तद्वार, (४) अपराजितद्वार।

इन द्वारो की चौडाई चार योजन की और प्रवेश (मुख) भी चार योजन का है।

उन द्वारो पर पल्योपम की स्थिति वाले चार महर्धिक देव रहते है–(१) विजयदेव, (२) वैजयन्तदेव, (३) जयन्तदेव, (४) अपराजितदेव।

**320.** There are four *dvars* (gateways) of Jambu Dveep—(1) Vijaya *dvar*, (2) Vaijayant *dvar*, (3) Jayant *dvar*, and (4) Aparajit *dvar*. The width of these gateways is four *Yojans* (a unit of eight miles) and entrance (height) is also four *Yojans*

On these gateways reside four gods (*Mahardhik*) having great wealth, ...and so on up to.. life span of one *Palyopam* (a metaphoric unit of time)—(1) Vijaya *deva*, (2) Vaijayant *deva*, (3) Jayant *deva*, and (4) Aparajit *deva*.

### *अन्तर्द्वीप-पद (दक्षिणदिशावर्ती २८ द्वीप)* ANTAR-DVEEP-PAD (SEGMENT OF MIDDLE ISLANDS)

**३२१. (१) जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणे णं चुल्लहिमवंतस्स वासहरपव्वयस्स चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं तिण्णि-तिण्ण जोयणसयाइं ओगाहित्ता, एत्थ णं चत्तारि अंतरदीवा पण्णत्ता, तं जहा—एगूरुयदीवे, आभासियदीवे, वेसाणियदीवे, णंगोलियदीवे।**

**तेसु णं दीवेसु चउव्विहा मणुस्सा परिवसंति, तं जहा—एगूरुया, आभासिया, वेसाणिया, णंगोलिया।**

३२१. (१) जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के दक्षिण मे क्षुल्लक हिमवान् वर्षधर पर्वत की चारो विदिशाओं मे लवण-समुद्र के भीतर तीन-तीन सौ योजन जाने पर चार अन्तर्द्वीप है-(१) एकोरुक द्वीप, (२) आभाषिक द्वीप, (३) वैषाणिक द्वीप, (४) लागुलिक द्वीप। उन द्वीपो पर चार प्रकार के मनुष्य रहते हैं-(१) एकोरुक, (२) आभाषिक, (३) वैषाणिक, (४) लागुलिक।

**321.** (1) In Jambu Dveep to the south of Mandar mountain in all the four intermediate directions of Kshullak Himavan *Varshadhar* mountain there are four *antardveeps* (middle islands) three hundred *Yojans* (a unit of eight miles) from the shore in Lavan Samudra—(1) Ekoruk island, (2) Abhashik island, (3) Vaishanik island, and (4) Langulik island. On these *islands* live four kinds of human beings—(1) *Ekoruk*, (2) *Abhashik*, (3) *Vaishanik*, and (4) *Langulik*.

**३२२. (२) तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं चत्तारि-चत्तारि जोयणसयाइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं चत्तारि अंतरदीवा पण्णत्ता, तं जहा—हयकण्णदीवे, गयकण्णदीवे, गोकण्णदीवे, सक्कुलिकण्णदीवे। तेसु णं दीवेसु चउव्विहा मणुस्सा परिवसंति, तं जहा—हयकण्णा, गयकण्णा, गोकण्णा, सक्कुलिकण्णा।**

**३२३. (३) तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं पंच-पंच जोयणसयाइं ओगाहित्ता, एत्थ णं चत्तारि अन्तर दीवा पण्णत्ता, तं जहा—आयंसमुहदीवे, मेंढमुहदीवे, अओमुहदीवे, गोमुहदीवे। तेसु णं दीवेसु चउव्विहा मणुस्सा।**

३२२. (२) उन उपर्युक्त अन्तर्द्वीपो की चारो विदिशाओ से लवणसमुद्र के भीतर चार-चार सौ योजन जाने पर चार अन्तर्द्वीप हैं-(१) हयकर्ण द्वीप, (२) गजकर्ण द्वीप, (३) गोकर्ण द्वीप, (४) शष्कुलीकर्ण द्वीप।

उन अन्तर्द्वीपों पर चार प्रकार के मनुष्य रहते हैं-(१) हयकर्ण, (२) गजकर्ण, (३) गोकर्ण, (४) शष्कुलीकर्ण।

३२३. (३) उन अन्तर्द्वीपो की चारों विदिशाओ मे लवणसमुद्र के भीतर पाँच-पाँच सौ योजन जाने पर चार अन्तर्द्वीप है-(१) आदर्शमुख द्वीप, (२) मेषमुख द्वीप, (३) अयोमुख द्वीप, (४) गोमुख द्वीप।

उन द्वीपो पर चार प्रकार के मनुष्य रहते है। जैसे-(१) आदर्शमुख, (२) मेषमुख, (३) अयोमुख, (४) गोमुख।

**322.** (2) Four hundred *Yojans* (a unit of eight miles) ahead into the Lavan Samudra from the four aforesaid islands there are four *antardveeps* (middle islands) in four intermediate directions—(1) Hayakarn island, (2) Gajakarn island, (3) Gokarn island, and (4) Shashkulikarn island.

On these *islands* live four kinds of human beings—(1) *Hayakarn*, (2) *Gajakarn*, (3) *Gokarn*, and (4) *Shashkulikarn*.

**323.** (3) Five hundred *Yojans* (a unit of eight miles) ahead into the Lavan Samudra from the four aforesaid *islands* there are four *antardveeps* (middle islands) in four intermediate directions—(1) Adarshamukh island, (2) Meshamukh island, (3) Ayomukh island, and (4) Gomukh island

On these islands live four kinds of human beings—(1) *Adarshamukh*, (2) *Meshamukh*, (3) *Ayomukh*, and (4) *Gomukh*

**३२४. (४) तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं छ-छ जोयणसयाइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं चत्तारि अंतरदीवा पण्णत्ता, तं जहा-आसमुहदीवे, हत्थिमुहदीवे, सीहमुहदीवे, वग्घमुहदीवे। तेसु णं दीवेसु चउव्विहा मणुस्सा भाणियव्वा।**

**३२५. (५) तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं सत्त-सत्त जोयणसयाइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं चत्तारि अंतरदीवा पण्णत्ता, तं जहा-आसकण्णदीवे, हत्थिकण्णदीवे, अकण्णदीवे, कण्णपाउरदीवे। तेसु णं दीवेसु चउव्विहा मणुस्सा भाणियव्वा।**

३२४. (४) उन द्वीपो की चारो विदिशाओ मे लवणसमुद्र के भीतर छह-छह सौ योजन जाने पर चार अन्तर्द्वीप हैं-(१) अश्वमुख द्वीप, (२) हस्तिमुख द्वीप, (३) सिहमुख द्वीप, (४) व्याघ्रमुख द्वीप। उन द्वीपों पर चार प्रकार के मनुष्य रहते है-(१) अश्वमुख, (२) हस्तिमुख, (३) सिहमुख, (४) व्याघ्रमुख।

३२५. (५) उन द्वीपो की चारों विदिशाओं मे लवणसमुद्र के भीतर सात-सात सौ योजन जाने पर चार अन्तर्द्वीप हैं-(१) अश्वकर्ण द्वीप, (२) हस्तिकर्ण द्वीप, (३) अकर्ण द्वीप, (४) कर्णप्रावरण द्वीप। उन द्वीपो पर चार प्रकार के मनुष्य रहते है-(१) अश्वकर्ण, (२) हस्तिकर्ण, (३) अकर्ण, (४) कर्णप्रावरण।

**324.** (4) Six hundred *Yojans* (a unit of eight miles) ahead into the Lavan Samudra from the four aforesaid islands there are four *antardveeps* (middle *islands*) in four intermediate directions—(1) Ashvamukh island, (2) Hastimukh island, (3) Simhamukh island, and (4) Vyaghramukh island. On these islands live four kinds of human beings—(1) *Ashvamukh*, (2) *Hastimukh*, (3) *Simhamukh* and (4) *Vyaghramukh*.

**325.** (5) Seven hundred *Yojans* (a unit of eight miles) ahead into the Lavan Samudra from the four aforesaid islands there are four *antardveeps* (middle *islands*) in four intermediate directions—(1) Ashvakarn island, (2) Hastikarn island, (3) Akarn island and (4) Karnapravaran island On these islands live four kinds of human beings—(1) *Ashvakarn*, (2) *Hastikarn*, (3) *Akarn* and (4) *Karnapravaran*.

**३२६.** (६) तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं अट्ठ जोयणसयाइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं चत्तारि अंतरदीवा पण्णत्ता, तं जहा—उक्कामुहदीवे, मेहमुहदीवे, विज्जुमुहदीवे, विज्जुदन्तदीवे। तेसु णं दीवेसु चउव्विहा मणुस्सा भाणियव्वा।

**३२७.** (७) तेसि णं दीवाणं चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं णव-णव जोयणसयाइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं चत्तारि अंतरदीवा पण्णत्ता, तं जहा—घणदंतदीवे, लट्ठदंतदीवे, गूढदंतदीवे, सुद्धदंतदीवे।

तेसु णं दीवेसु चउव्विहा मणुस्सा परिवसंति, [ तं जहा—घणदंता, लट्ठदंता, गूढदंता, सुद्धदंता। ]

३२६. (६) उन द्वीपों की चारो विदिशाओ मे लवणसमुद्र के भीतर आठ-आठ सौ योजन जाने पर चार अन्तर्द्वीप है-(१) उल्कामुख द्वीप, (२) मेघमुख द्वीप, (३) विद्युन्मुख द्वीप, (४) विद्युद्दन्त द्वीप। उन द्वीपो पर चार प्रकार के मनुष्य रहते है-(१) उल्कामुख, (२) मेघमुख, (३) विद्युन्मुख, (४) विद्युद्दन्त।

३२७. (७) उन द्वीपो की चारो विदिशाओं मे लवणसमुद्र के भीतर नौ-नौ सौ योजन जाने पर चार अन्तर्द्वीप हैं-(१) घनदन्त द्वीप, (२) लष्टदन्त द्वीप, (३) गूढदन्त द्वीप, (४) शुद्धदन्त द्वीप। उन द्वीपो पर चार प्रकार के मनुष्य रहते हैं-(१) घनदन्त, (२) लष्टदन्त, (३) गूढदन्त, (४) शुद्धदन्त।

**326.** (6) Eight hundred *Yojans* ahead into the Lavan Samudra from the four aforesaid islands there are four *antardveeps* (middle islands) in four intermediate directions—(1) Ulkamukh island, (2) Meghamukh island, (3) Vidyunmukh island, and (4) Vidyuddant island. On these islands live four kinds of human beings—(1) *Ulkamukh*, (2) *Meghamukh*, (3) *Vidyunmukh*, and (4) *Vidyuddant*

**327.** (7) Nine hundred *Yojans* ahead into the Lavan Samudra from the four aforesaid islands there are four antardveeps (middle islands) in four

intermediate directions—(1) Ghanadant island, (2) Lashtadant island, (3) Goodhadant island, and (4) Shuddhadant island. On these islands live four kinds of human beings—(1) *Ghanadant*, (2) *Lashtadant*, (3) *Goodhadant*, and (4) *Shuddhadant*.

### *उत्तरदिशावर्ती २८ अन्तरद्वीप* NORTHERN 28 MIDDLE ISLANDS

**३२८. जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरे णं सिहरिस्स वासहरपव्वयस्स चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं तिण्णि-तिण्णि जोयणसयाइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं चत्तारि अन्तरदीवा पण्णत्ता, तं जहा- एगूरुयदीवे, सेसं तहेव णिरवसेसं भाणियव्वं जाव सुद्धदंता।**

३२८. जम्बूद्वीप द्वीप मे मन्दर पर्वत के उत्तर मे शिखरी वर्षधर पर्वत की चारो विदिशाओं मे लवणसमुद्र के भीतर तीन-तीन सौ योजन जाने पर चार अन्तर्द्वीप है। जैसे-(१) एकोरुक द्वीप, (२) आभाषिक द्वीप, (३) वैषाणिक द्वीप, (४) लागुलिक द्वीप।

इस प्रकार जैसे क्षुल्लक हिमवान् वर्षधर पर्वत की चारो विदिशाओ मे लवणसमुद्र के भीतर जितने अन्तर्द्वीप और जितने प्रकार के मनुष्य है वह सर्व वर्णन यहाँ पर भी शुद्धदन्त मनुष्य पर्यन्त मन्दर पर्वत के उत्तर मे जानना चाहिए।

**328.** In Jambu Dveep to the north of Mandar mountain in all the four intermediate directions of Shikhari *Varshadhar* mountain there are four *antardveeps* (middle islands) three hundred *Yojans* (a unit of eight miles) from the shore in Lavan Samudra—(1) Ekoruk island, (2) Abhashik island, (3) Vaishanik island, and (4) Langulik island

In the same way all the description about all middle islands and all kinds of human beings living there should be read to be the same as that mentioned about the middle islands in Lavan Samudra in the four intermediate directions of Kshullak Himavan *Varshadhar* mountain up to *Shuddhadant* human beings

**विवेचन**-उक्त आठ सूत्रो मे ५६ अन्तर्द्वीपो और वहाँ रहने वाले मनुष्यों के विषय में वर्णन है। ये द्वीप लवण समुद्र के भीतर दक्षिण-उत्तर चारो विदिशाओ मे हैं। २८ अन्तर्द्वीप दक्षिण मे तथा २८ उत्तर दिशा मे है। वहाँ के निवासी मनुष्य व तिर्यंच युगलिया होते है। वहाँ असि, मषि, कृषि का प्रयोग नहीं होने से उन्हें अकर्मभूमि कहते है। उनकी सब प्रकार की आवश्यकताएँ दस प्रकार के कल्पवृक्षों से पूर्ण होती है। एक दिन के अन्तर से उन्हे भूख लगती है। उनकी आयु पल्योपम के असंख्यातवें भाग की होती है। जब ७९ दिन की आयु शेष रहती है तब सन्तान का जोडा एक पुत्र व एक पुत्री पैदा होती है। ७९ दिन उनका पालन-पोषण करने के बाद व माता-पिता एक छीक व उबासी के साथ आयुष्य पूर्ण कर देवगति में जाते हैं। *(विस्तृत वर्णन जीवाभिगम, प्रतिपत्ति ३ देखे)* चित्र मे अन्तर्द्वीपो की स्थिति बताई गई है।

**Elaboration**—In the aforesaid eight aphorisms 56 middle islands and people living there have been described. These islands are in Lavan Samudra to the north and south in all the four intermediate directions. 28 middle islands are towards south and 28 are towards north The human beings and the animals living there are twins Due to the absence of sword, ink (material for writing) and cultivation these areas are called *akarma bhumi* (land of inactivity or enjoyment) All the needs of inhabitants there are fulfilled by ten kinds of *Kalpavrikshas* (wish fulfilling trees). They get hungry only after one day Their life span is an uncountable fraction of one *Palyopam* Seventy nine days before death they give birth to twins (a son and a daughter). After nursing them for seventy nine days they die with a sneeze and a yawn respective and reincarnate as divine beings. *(for more details refer to Jivabhigam, Pratipatti 3)*

**महापाताल कलश–पद MAHAPATAL KALASH-PAD (SEGMENT OF MAHAPATAL KALASH**

**३२९. जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स बाहिरिल्लाओ वेइयंताओ चउदिसिं लवणसमुद्दं पंचाणउइं जोयणसहस्साइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं महतिमहालया महालंजरसंठाणसंठिता चत्तारि महापायाला पण्णत्ता, तं जहा—वलयामुहे, केउए, जूवए, ईसरे।**

**तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्डिया जाव पलिओवमट्ठितीया परिवसंति, तं जहा—काले, महाकाले, वेलंबे, पभंजणे।**

३२९. जम्बूद्वीप द्वीप की बाहरी वेदिका के अन्तिम भाग से चारों दिशाओं में लवणसमुद्र के भीतर पंचानवै हजार योजन जाने पर चार महापाताल (कलश) अवस्थित हैं, जो बहुत विशाल एवं बड़े घड़े के समान आकार वाले हैं। उनके नाम इस प्रकार है-(१) वडवामुख (पूर्व में), (२) केतुक (दक्षिण में), (३) यूपक (पश्चिम में), (४) ईश्वर (उत्तर मे)।

उन पर पल्योपम की स्थिति वाले महर्धिक चार देव रहते है-(१) काल, (२) महाकाल, (३) वेलम्ब, (४) प्रभजन।

**329.** Ninety five thousand *Yojans* (a unit of eight miles) away from the edge of the outer *vedika* (plateau) of Jambu Dveep there are four *Mahapatal Kalash* in four directions in Lavan Samudra. These are gigantic and pitcher shaped There names are—(1) Vadavamukh (in the east), (2) Ketuk (in the south), (3) Yupak (in the west), and (4) Ishvar (in the north)

On these reside four gods (*Mahardhik*) having great wealth, ..and so on up to... life span of one *Palyopam* (a metaphoric unit of time)—(1) Kaal, (2) Mahakaal, (3) Velamb, and (4) Prabhanjan

### *आवास–पर्वत–पद* AVAS-PARVAT-PAD (SEGMENT OF ABODE MOUNTAINS)

**३३०. जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स बाहिरिल्लाओ वेइयंताओ चउद्दिसिं लवणसमुद्दं बायालीसं—बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं चउण्हं वेलंधरणागराईणं चत्तारि आवासपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—गोथूभे, उदओभासे, संखे, दगसीमे।**

**तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्डिया जाव पलिओवमट्ठितीया परिवसंति, तं जहा—गोथूभे, सिवए, संखे, मणोसिलए।**

३३०. जम्बूद्वीप द्वीप की बाहरी वेदिका के अन्तिम भाग से चारों दिशाओं मे लवणसमुद्र के भीतर बयालीस–बयालीस हजार योजन जाने पर वेलधर नागराजो के चार आवास–पर्वत हैं-(१) गोस्तूप, (२) उदावभास, (३) शंख, (४) दकसीम।

उनमे पल्योपम की स्थिति वाले यावत् महर्धिक चार देव रहते हैं-(१) गोस्तूप, (२) शिवक, (३) शक, (४) मन शिलाक।

**330.** Located forty two five thousand *Yojans* away from the edge of the outer *vedika* (plateau) of Jambu Dveep there are four *Avas-parvats* (abode mountains) of Velandhar *Naagrajas* in four directions

in Lavan Samudra—(1) Gostupa, (2) Udavabhas, (3) Shankh, and (4) Dakaseem.

On these reside four gods (*Mahardhik*) having great wealth, ...and so on up to . life span of one *Palyopam* (a metaphoric unit of time)—(1) Gostupa, (2) Shivak, (3) Shank, and (4) Manahshilak.

**३३१. जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स बाहिरिल्लाओ वेइयंताओ चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं बायालीसं-बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं चउण्हं अणुवेलंधरणागराईणं चत्तारि आवासपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—कक्कोडए, विज्जुप्पभे, केलासे, अरुणप्पभे।**

**तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्ढिया जाव पलिओवमट्ठितीया परिवसंति, जं जहा—कक्कोडए, कद्दमए, केलासे, अरुणप्पभे।**

३३१. जम्बूद्वीप द्वीप की बाहरी वेदिका के अन्तिम भाग से चारो विदिशाओं में लवणसमुद्र के भीतर बयालीस-बयालीस हजार योजन जाने पर अनुवेलन्धर नागराजों के चार आवास-पर्वत है-(१) कर्कोटक, (२) विद्युत्प्रभ, (३) कैलाश, (४) अरुणप्रभ।

उन पर पल्योपम की स्थिति वाले यावत् महर्धिक चार देव रहते है-(१) कर्कोटक, (२) कर्दमक, (३) कैलाश, (४) अरुणप्रभ।

**331.** Located forty two five thousand *Yojans* (a unit of eight miles) away from the edge of the outer *vedika* (plateau) of Jambu Dveep there are four *Avas-parvats* (abode mountains) of Anuvelandhar *Naagrajas* in four intermediate directions in Lavan Samudra—(1) Karkotak, (2) Vidyutprabh, (3) Kailash, and (4) Arunaprabh

On these reside four gods (*Mahardhik*) having great wealth, ...and so on up to... life span of one *Palyopam* (a metaphoric unit of time)—(1) Karkotak, (2) Kardamak, (3) Kailash, and (4) Arunaprabh

### ज्योतिष-पद JYOTISH-PAD (SEGMENT OF ASTROLOGY)

**३३२. लवणे णं समुद्दे चत्तारि चंदा पभासिंसु वा पभासंति वा पभासिस्संति वा। चत्तारि सूरिया तविंसु वा तवंति वा तविस्संति वा। चत्तारि कित्तियाओ जाव चत्तारि भरणीओ।**

**३३३. चत्तारि अग्गी जाव चत्तारि जमा। ३३४. चत्तारि अंगारा जाव चत्तारि भावकेऊ।**

३३२. लवणसमुद्र में चार चन्द्रमा प्रकाश करते थे, प्रकाश करते है और प्रकाश करते रहेंगे। चार सूर्य आताप करते थे, आताप करते हैं और आताप करते रहेंगे।

चार कृतिका यावत् चार भरणी तक के सभी नक्षत्रो के चन्द्र के साथ योग किया था, करते है और करते रहेंगे।

३३३. नक्षत्रों के अग्नि से लेकर यम तक चार-चार देव हैं। ३३४. चार अंगारक यावत् चार भावकेतु तक के सभी ग्रहो ने भ्रमण किया था, करते हैं और करते रहेगे।

**332.** In Lavan samudra four moons gave, give and will give light and four suns gave give and will give heat

(In Lavan Samudra) four *Krittika* (*Eta Tauri* or Pleiades), . and so on up to four *Bharani* (35 Arietis), all these constellations did, do and will associate with the moon

**333.** (In Lavan Samudra) there are four gods of each constellation—four Agni, .and so on up to .. four Yama **334.** (In Lavan Samudra) there are great planets (in sets of four) that did, do and will orbit around (each sun)—four *Angarak*, and so on up to . four *Bhavaketu*.

### द्वार-पद DVAR-PAD (SEGMENT OF GATEWAY)

**३३५. लवणस्स णं समुद्दस्स चत्तारि दारा पण्णत्ता, तं जहा-विजए, वेजयंते, जयंते, अपराजिते। ते णं दारा चत्तारि जोयणाइं विक्खंभेणं तावइयं चेव पवेसणं पण्णत्ता।**

**तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्ढिया जाव पलिओवमट्ठितीया परिवसंति, तं जहा-विजए, वेजयंते, जयंते, अपराजिए।**

३३५. लवणसमुद्र के चार द्वार है-(१) विजय, (२) वैजयन्त, (३) जयन्त, (४) अपराजित।

वे द्वार चार योजन चौडे और चार योजन प्रवेश (मुख) वाले हैं। उन पर पल्योपम की स्थिति वाले महर्धिक चार देव रहते है-(१) विजयदेव, (२) वैजयन्तदेव, (३) जयन्तदेव, (४) अपराजितदेव।

**335.** There are four *dvars* (gateways) of Lavan Samudra—(1) Vijaya *dvar*, (2) Vaijayant *dvar*, (3) Jayant *dvar*, and (4) Aparajit *dvar*.

The width of these gateways is four *Yojans* (a unit of eight miles) and entrance (height) is also four *Yojans* On these gateways reside four gods (*Mahardhik*) having great wealth, ...and so on up to... life span of one *Palyopam* (a metaphoric unit of time)—(1) Vijaya *deva*, (2) Vaijayant *deva*, (3) Jayant *deva*, and (4) Aparajit *deva*

### धातकीषण्ड-पुष्करवर-पद DHATKIKHAND-PUSHKARVAR-PAD (SEGMENT OF DHATKIKHAND-PUSHKARVAR)

**३३६. धयइसंडे णं दीवे चत्तारि जोयणसयसहस्साइं चक्कवालविक्खंभेणं पण्णत्ते।**

३३६. धातकीषण्ड द्वीप का चक्रवाल विष्कम्भ चौडाई की अपेक्षा चार लाख योजन विस्तृत है।

**336.** The *chakraval vishkambh* (area) of Dhatakikhand Dveep is four hundred thousand *Yojans*

३३७. जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स बहिया चत्तारि भरहाइं, चत्तारि एरवयाइं।

एवं जहा सद्दुद्देसए तहेव णिरवसेसं भाणियव्वं जाव चत्तारि मंदरा चत्तारि मंदरचूलियाओ।

३३७. जम्बूद्वीप द्वीप के बाहर (धातकीषण्ड और पुष्करवर द्वीप मे) चार भरत क्षेत्र, चार ऐरवत क्षेत्र हैं।

जैसे शब्दोद्देशक (दूसरे स्थान के तीसरे उद्देशक) में जो बतलाया गया है, वह सब पूर्ण रूप से यहाँ जान लेना चाहिए। वहाँ जो दो-दो की सख्या के बतलाये गये है, वे यहाँ चार-चार जानना चाहिए। धातकीषण्ड में दो मन्दर और दो मन्दरचूलिका तथा पुष्करवरद्वीप मे भी दो मन्दर और मन्दरचूलिका है।

**337.** Outside Jambu Dveep there are four Bharat areas and four Airavat areas (in Dhatakikhand and Pushkaravar Dveep).

All the details mentioned in *Shabdoddeshak* (third lesson of second *Sthaan*) should be read here. The numbers two mentioned there should be changed to four. In Dhatakikhand there are two Mandar and two Mandar *Chulika* and so are in Pushkaravar Dveep

### *नन्दीश्वर द्वीप-पद* NANDISHVAR DVEEP-PAD (SEGMENT OF NANDISHVAR DVEEP)

**३३८. णंदीसरवरस्स णं दीवस्स चक्कवाल-विक्खंभस्स बहुमज्झदेसभागे चउद्दिसिं चत्तारि अंजणगपव्वता पण्णत्ता, तं जहा-पुरत्थिमिल्ले अंजणगपव्वते, दाहिणिल्ले अंजणगपव्वते, पच्चत्थिमिल्ले अंजणगपव्वते, उत्तरिल्ले अंजणगपव्वते।**

**ते णं अंजणगपव्वता चउरासीतिं जोयणसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं, एगं जोयणसहस्सं उव्वेहेणं, मूले दसजोयणसहस्सं उव्वेहेणं, मूले दसजोयणसहस्साइं विक्खंभेणं, तदणंतरं च णं मायाए-मायाए परिहायमाणा-परिहारमाणा उवरिमेगं जोयणसहस्सं विक्खंभेणं पण्णत्ता मूले इक्कतीसं जोयणसहस्साइं छच्च तेवीसे जोयणसते परिक्खेवेणं, उवरिं तिण्णि-तिण्णि जोयणसहस्साइं एगं च बावट्ठं जोयणसतं परिक्खेवेणं। मूले विच्छिण्ण मज्झे संखित्ता उप्पिं तणुया गोपुच्छसंठाणसंठिता सव्वअंजणमाया अच्छा सण्हा घट्ठा मट्ठा णीरया णिम्मला णिप्पंका णिक्कंकड-च्छाया सप्पभा समिरीया सउज्जोय पासाईया दरिसणीया अभिरूवा पडिरूवा।**

३३८. नन्दीश्वरवर द्वीप के चक्रवाल-विष्कम्भ (मंडल) के ठीक बीचोबीच चारों दिशाओ मे चार अंजनपर्वत हैं। जैसे-(१) पूर्वी अंजनपर्वत, (२) दक्षिणी अंजनपर्वत, (३) पश्चिमी अंजनपर्वत, (४) उत्तरी अंजनपर्वत।

उनकी ऊँचाई चौरासी हजार योजन और भूमितल में गहराई एक योजन है। भूमि पर उनका विस्तार दस हजार योजन है। तदनन्तर थोडी-थोड़ी मात्रा से हीन होता हुआ ऊपरी भाग में एक हजार योजन विस्तार है।

मूल मे भूमि पर उन अंजनपर्वतो की परिधि इकतीस हजार छह सौ तेईस (३१,६२३) योजन और ऊपरी भाग मे तीन हजार एक सौ बासठ (३,१६२) योजन की है।

वे मूल मे विस्तीर्ण, मध्य मे सक्षिप्त और अन्त मे सबसे पतले हैं। गोपुच्छ के आकार वाले हैं। वे सभी ऊपर से नीचे तक अंजनरत्नमयी (कृष्ण वर्ण) है, स्फटिक के समान स्वच्छ और पारदर्शी, चिकने, चमकदार, शाण पर घिसे हुए से मृदुल, प्रमार्जनी से साफ किये सरीखे, रजरहित, निर्मल, बेदाग, निष्कण्टक, निरावरण छाया वाले, प्रभायुक्त अपनी किरणो से दूसरों को प्रकाशित करने वाले, मन को प्रसन्न करने वाले, दर्शनीय, कमनीय और अतीव रमणीय है।

**338.** In the exact center of *chakraval vishkambh* (circular area) of Nandishvaravar Dveep there are four Anjan mountains in four directions—(1) Eastern Anjan *Parvat*, (2) Southern Anjan *Parvat*, (3) Western Anjan *Parvat*, and (4) Northern Anjan *Parvat*.

Their height is eighty four thousand *Yojans* (a unit of eight miles) and depth from the ground level is one *Yojan*. Their expanse on the land is ten thousand *Yojans* With gradual reduction it becomes one thousand *Yojans* at the top

Their circumference at the base on ground level is thirty one thousand six hundred twenty three (31,623) *Yojans* (a unit of eight miles) and at the top it is three thousand one hundred sixty two (3,162) *Yojans*

They are large at the base, lesser at the middle and least at the top. They are of the shape of tail of a cow From top to bottom they are *anjanaratnamayi* (of the colour of a black gem), clear and transparent like rock crystal, smooth, shining, brilliant as if polished on a grinding wheel and rubbed with a soft cloth, dust-free, spotless, thorn-less (without any sharp outcrops), with a clean shadow, radiant, enlightening, delightful, attractive, enchanting and extremely pleasing in appearance.

**३३९.** तेसिं णं अंजणगपव्वयाणं उवरि बहुसमरमणिज्जा भूमिभागा पण्णत्ता। तेसिं णं बहुसमरमणिज्जाणं भूमिभागाणं बहुमज्झदेसभागे चत्तारि सिद्धायतणा पण्णत्ता। ते णं सिद्धायतणा एगं जोयणसयं आयामेणं, पण्णासं जोयणाइं विक्खंभेणं, बावत्तरि जोयणाइं उड्ढं उच्चत्तेणं।

तेसिं णं सिद्धायतणाणं चउदिसिं चत्तारि दारा पण्णत्ता, तं जहा—देवदारे, असुरदारे, णागदारे, सुवण्णदारे। तेसु णं दारेसु चउव्विहा देवा परिवसंति, तं जहा—देवा, असुरा, णागा, सुवण्णा।

तेसिं णं दाराणं पुरओ चत्तारि मुहमंडवा पण्णत्ता। तेसिं णं मुहमंडवाणं पुरओ चत्तारि पेच्छाघरमंडवा पण्णत्ता। तेसिं णं पेच्छाघरमंडवाणं बहुमज्झदेसभागे चत्तारि वइरामया अक्खाडगा पण्णत्ता। तेसिं णं वइरामयाणं अक्खाडगाणं बहुमज्झदेसभागे चत्तारि मणिपेढियातो पण्णत्ताओ। तासिं

**णं मणिपेढियाणं उवरि चत्तारि सीहासणा पण्णत्ता। तेसिं णं सीहासणाणं उवरि चत्तारि विजयदूसा पण्णत्ता। तेसिं णं विजयदूसगाणं बहुमज्झदेसभागे चत्तारि वइरामया अंकुसा पण्णत्ता। तेसिं णं वइरामएसु अंकुसेसु चत्तारि कुंभिका मुत्तादामा पण्णत्ता। ते णं कुंभिका मुत्तादामा पत्तेयं-पत्तेयं अण्णेहिं तदद्धउच्चत्तपमाणमित्तेहिं चउहिं अद्धकुंभिक्केहिं मुत्तादामेहिं सव्वतो समंता संपरिक्खित्ता।**

**तेसिं णं पेच्छाघरमंडवाणं पुरओ चत्तारि मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ। तासिं णं मणिपेढियाणं उवरि चत्तारि-चत्तारि चेइयथूभा पण्णत्ता। तेसिं णं चेइयथूभाणं पत्तेयं-पत्तेयं चउद्दिसिं चत्तारि मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ। तासिं णं मणिपेढियाणं उवरिं चत्तारि जिणपडिमाओ सव्वरयणामईओ संपलियंकणिसण्णाओ थूभाभिमुहाओ चिट्ठंति, तं जहा-रिसभा, वद्धमाणा, चंदाणणा, वारिसेणा। तेसिं णं चेइयथूभाणं पुरओ चत्तारि मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ। तासिं णं मणिपेढियाणं उवरि चत्तारि चेइयरुक्खा पण्णत्ता। तेसिं णं चेइयरुक्खाणं पुरओ चत्तारि मणिपेढियाओ पण्णत्ताओ। तासिं णं मणिपेढियाणं उवरि चत्तारि महिंदज्झया पण्णत्ता। तेसिं णं महिंदज्झयाणं पुरओ चत्तारि णंदाओ पुक्खरिणीओ पण्णत्ताओ। तासिं णं पुक्खरिणीणं पत्तेयं-पत्तेयं चउदिसिं चत्तारि वणसंडा पण्णत्ता, तं जहा-पुरत्थिमे णं, दाहिणे णं, पच्चत्थिमे णं, उत्तरे णं।**

**पुव्वे णं असोगवणं, दाहिणओ होइ सत्तवण्णवणं।**
**अवरे णं चंपगवणं, चूतवणं उत्तरे पासे॥१॥-संग्रहणी-गाथा**

३३९. उन अजन पर्वतो का ऊपर भूमिभाग अति समतल और रमणीय है।

उनके अत्यन्त समतल रमणीय भूमिभगो के ठीक बीचोबीच चार सिद्धायतन है। प्रत्येक सिद्धायतन की लम्बाई एक सौ योजन, चौडाई पचास योजन और ऊँचाई बहत्तर योजन की है।

उन सिद्धायतनों के चारों दिशाओ मे चार द्वार है। जैसे-(१) देवद्वार (पूर्व), (२) असुरद्वार (दक्षिण), (३) नागद्वार (पश्चिम), (४) सुपर्णद्वार (उत्तर)।

उन द्वारों पर चार देव रहते है-(१) देव, (२) असुर, (३) नाग, और (४) सुपर्ण।

प्रत्येक द्वार के समक्ष एक-एक मुख-मण्डप (प्रागण) है। उन मुख-मण्डपो के आगे चार प्रेक्षागृह-मण्डप (नाट्यशाला) है। उन प्रेक्षागृह मण्डपों के ठीक बीच मे चार वज्रमय अक्षवाटक (रगमच, सभागृह) हैं। उन वज्रमय अक्षवाटकों के मध्य मे चार मणिपीठिकाएँ (रत्नों से जडी चौकी) हैं। उन मणिपीठिकाओं के ऊपर चार सिंहासन है। उन सिंहासनों के ऊपर चार विजयदूष्य (चन्दोवा) तना हुआ है। उन विजयदूष्यों के मध्य भाग में चार वज्रमय अंकुश (अंकुश के आकार का स्तम्भ) है। उन वज्रमय अंकुशों के ऊपर चार कुम्भिक प्रमाण मुक्तामालाएँ लटकती हैं। उन कुम्भिक मुक्तामालाओ से प्रत्येक माला पर उनकी ऊँचाई से आधी ऊँचाई वाली चार अर्ध-कुम्भिक मुक्तामालाएँ सर्व ओर से लिपटी हुई हैं।

उन प्रेक्षागृह-मण्डपो के आगे चार मणिपीठिकाएँ है। उन मणिपीठिकाओं के ऊपर चार चैत्यस्तूप हैं। उन चैत्यस्तूपों में से प्रत्येक पर चारों दिशाओं मे चार-चार मणिपीठिकाएँ हैं। उन मणिपीठिकाओ

पर सर्वरत्नमय, पर्यङ्कासन जिन-प्रतिमाएँ अवस्थित है और उनका मुख स्तूप के सामने है। उनके नाम इस प्रकार हैं-(१) ऋषभा, (२) वर्धमाना, (३) चन्द्रानना, (४) वारिषेणा।

उन चैत्यस्तूपों के आगे चार मणिपीठिकाएँ है। उन मणिपीठिकाओ के ऊपर चार चैत्यवृक्ष है। उन चैत्यवृक्षो के आगे चार मणिपीठिकाएँ है। उन मणिपीठिकाओं के ऊपर चार महेन्द्रध्वज हैं। उन महेन्द्रध्वजो के आगे चार नन्दा पुष्करिणियाँ है। उन पुष्करिणियों में से प्रत्येक के आगे पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर-चारों दिशाओ में चार वनषण्ड है।

(१) पूर्व में अशोकवन, (२) दक्षिण मे सप्तवर्णवन, (३) पश्चिम मे चम्पकवन, और (४) उत्तर मे आम्रवन है।

**339.** The land at the top of these *Anjan* Mountains is level and attractive

Exactly in the middle of those perfectly level and attractive areas there are four *Siddhayatans* (temples of *Siddhas*). The length of each of these *Siddhayatans* is one hundred *Yojans*, width is fifty *Yojans* (a unit of eight miles) and height is seventy two *Yojans*

These *Siddhayatans* have four gates facing four directions—(1) *Devadvar* (east), (2) *Asur-dvar* (south), (3) *Naag-dvar* (west), and (4) *Suparnadvar* (north).

On these gates reside four gods—(1) *Deva*, (2) *Asur*, (3) *Naag*, and (4) *Suparna*.

In front of every gate there is a *mukha-mandapa* (frontal *mandapa* or entrance-porch) After these entrance porches there are four *prekshagriha-mandapa* (*natya-shala; ranga-mandapa*, a pillared hall open on all sides) Exactly in the middle of these halls are four diamond studded *akshavatak* (assembly halls) At the center of these assembly halls are four *manipeethika* (gem studded pedestal-base) On these pedestals are four thrones On these thrones hang four *vijayadushya* (canopy). At the center of these canopies are four diamond studded *ankush* (a goad shaped pillar). On these pillars are suspended four *kumbhik* (a measure of weight) pearl strings. Around each of these pearl strings and covering half the total length are entwined other pearl strings of half *kumbhik*.

After these *prekshagriha-mandaps* there are four gem studded pedestals. On these pedestals are four *chaitya stupa* (shrine). In each of these shrines there are four gem studded pedestals each in all four directions. On these pedestals are installed front facing *Jina*-images in

*paryankasan* (a *yogic* posture) made of gem stones. There names are (1) Rishabha, (2) Vardhamana, (3) Chandranan, and (4) Varishena.

After these shrines there are four gem studded pedestals. On these pedestals are four *chaitya vrikshas* (temple trees). After these trees are four gem studded pedestals. On these pedestals are four *Mahendra dhvaja* (flags). After the flags are four *nanda pushakarinis* (lakes with lotuses). After each of these lakes are four *van-khands* (forest strips) in all the four directions, namely east, south, west and north

(1) *Ashoka-van* in the east, (2) *Saptaparn-van* in the south, (3) *Champak-van* in the west, and (4) *Amra-van* in the north.

**विवेचन**—'मण' या क्विंटल की तरह प्राचीन काल मे कुंभक एक माप होता था। सस्कृत टीकाकार ने कुम्भ का प्रमाण इस प्रकार बताया है—चार प्रस्थ = एक आढक। ४ आढक = १ द्रोण। ६० आढक = एक जघन्य कुम्भ। ८० आढक = एक मध्यम कुम्भ। १०० आढक = लगभग क्विटल का एक उत्कृष्ट कुम्भ। इस प्राचीन माप के अनुसार ४० मण का एक जघन्य कुम्भ होता है। कुम्भ प्रमाण मोतियो से बनी माला को कुम्भिक मुक्तादाम कहा जाता है। अर्धकुम्भ का प्रमाण २० मण जानना चाहिए।

टीकाकार ने 'चैत्य' के दो अर्थ किये हैं—जो स्तूप चित्त को प्रसन्न करता है, वह चैत्य तथा जो स्तूप सिद्धायतन के समीप हो वह चैत्य स्तूप। *(हिन्दी टीका, पृष्ठ ८६२)*

**Elaboration**—Like maund and Quintal, *Kumbhak* is a measure of weight. According to the *Sanskrit* commentator the measure of *Kumbh* is—four *Prasth* = one *Adhak*, 4 *Adhak* = 1 *Dron*, 60 *Adhak* = 1 *Jaghanya Kumbh*, 80 *Adhak* = 1 *Madhyam Kumbh*, 100 *Adhak* = 1 *Utkrisht Kumbh*. Thus the ancient measure of *Kumbh* is equivalent to modern 40 Maunds. Bead strings made of pearls weighing one *Kumbh* is called *Kumbhak Muktidam* *Ardh Kumbh* is 20 Maunds

The commentator has given two meanings of *Chaitya*—(1) a delightful *stupa* (funerary monument or mound) is called *chaitya* (2) a stupa near a *Siddhayatan* (*Siddha* temple) is called *chaitya stupa*.

### *नन्दा पुष्करिणियाँ* NANDA PUSHKARINIS (DELIGHTFUL LAKES)

**३४०. तत्थ णं जे से पुरत्थिमिल्ले अंजणगपव्वते, तस्स णं चउद्दिसिं चत्तारि णंदाओ पुक्खरिणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—णंदुत्तरा, णंदा, आणंदा, णंदिवद्धणा। ताओ णं णंदाओ पुक्खरिणीओ एगं जोयणसयसहस्सं आयामेणं पण्णासं जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं, दसजोयणसताइं उव्वेहेणं।**

**तासिं णं पुक्खरिणीणं पत्तेयं—पत्तेयं चउद्दिसिं चत्तारि तिसोवाणपडिरूवगा पण्णत्ता।**

तेसिं णं तिसोवाणपडिरूवगाणं पुरतो चत्तारि तोरणा पण्णत्ता, तं जहा—पुरत्थिमे णं, दाहिणे णं, पच्चत्थिमे णं, उत्तरे णं। तासिं णं पुक्खरिणीणं पत्तेयं—पत्तेयं चउद्दिसिं चत्तारि वणसंडा पण्णत्ता, तं जहा—पुरतो, दाहिणे णं, पच्चत्थिमे णं उत्तरे णं।

पुव्वे णं असोगवणं, दाहिणओ होइ सत्तवण्णवणं।
अवरे णं चंपगवणं, चूयवणं उत्तरे पासे।।१।।—संग्रहणी—गाथा

तासिं णं पुक्खरिणीणं बहुमज्झदेसभागे चत्तारि दधिमुहगपव्वया पण्णत्ता, ते णं दधिमुहगपव्वया चउसट्ठिं जोयणसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं, एगं जोयणसहस्सं उव्वेहेणं, सव्वत्थ समा पल्लगसंठाणसंठिता, दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं, एक्कतीसं जोयणसहस्साइं छच्च तेवीसे जोयणसते परिक्खेवेणं, सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।

तेसिं णं दधिमुहगपव्वताणं उवरि बहुसमरमणिज्जा भूमिभागा पण्णत्ता, सेसं जहेव अंजणगपव्वताणं तहेव णिरवसेसं भाणियव्वं जाव चूतवणं उत्तरे पासे।

३४०. उन पूर्वोक्त चार अजन पर्वतो मे से जो पूर्व दिशा का अजन पर्वत है, उसकी चारो दिशाओ मे (१) नन्दोत्तरा, (२) नन्दा, (३) आनन्दा, (४) नन्दिवर्धना नाम की चार नन्दा (आनन्ददायिनी) पुष्करिणियाँ है। वे नन्दा पुष्करिणियाँ एक लाख योजन लम्बी, पचास हजार योजन चौडी और एक हजार योजन गहरी है।

उन नन्दा पुष्करिणियो मे से चारो दिशाओ मे तीन-तीन सोपान (तीन सीढ़ी) वाली चार सोपानपक्तियाँ है। उन त्रि-सोपान पक्तियो के आगे पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर मे चार तोरण है। उन नन्दा पुष्करिणियो मे से प्रत्येक के चारो दिशाओ मे चार वनषण्ड है।

(१) पूर्व में अशोकवन, (२) दक्षिण मे सप्तपर्णवन, (३) पश्चिम मे चम्पकवन, और (४) उत्तर मे आम्रवन।

उन पुष्करिणियों के बिल्कुल मध्य भाग मे चार दधिमुख पर्वत है। वे दधिमुख पर्वत ऊपर चौसठ हजार योजन ऊँचे और नीचे एक हजार योजन गहरे हैं। वे ऊपर, नीचे और मध्य मे सर्वत्र समान विस्तार वाले है। उनका आकार अन्न भरने के पल्यक (कोठी) के समान गोल है। वे दस हजार योजन लम्बे-चौडे है। उनकी परिधि इकतीस हजार छह सौ तेईस (३१,६२३) योजन है। वे सब रत्नमय यावत् रमणीय है।

उन दधिमुख पर्वतो के ऊपर अत्यन्त समतल, रमणीय भूमिभाग है। शेष वर्णन जैसे अंजन पर्वतो का है उसी प्रकार यावत् आम्रवन तक सम्पूर्ण रूप से जानना चाहिए।

**340.** In all the four directions of the *Anjan Parvat* located in the east among the aforesaid four *Anjan Parvats* there are four *nanda pushkarinis* (delightful lakes with lotuses)—(1) Nandottara, (2) Nanda, (3) Ananda, and (4) Nandivardhanaa. These delightful lakes are one

hundred thousand *Yojans* long, fifty thousand *Yojans* wide and one thousand *Yojans deep*.

In all the four directions of these lakes there are four rows of three tiered steps. After these steps there are four *torans* (ornamental entrances). In all the four directions of these lakes are four *van-khands* (forest strips).

(1) Ashoka-*van* in the east, (2) Saptaparn-*van* in the south, (3) Champak-*van* in the west, and (4) Amra-*van* in the north.

At the center of these lakes there are four *Dadhimukh parvats*. Their height is eighty four thousand *Yojans* and depth from the ground level is one *Yojan*. Their expanse is uniform at the bottom, middle and top. There shape is round (cylindrical) like silos. Their length and breadth is ten thousand *Yojans*. Their circumference is thirty one thousand six hundred twenty three (31,623) *Yojans*. They are gem studded ...and so on up to... and extremely pleasing.

At the top of these *Dadhimukh* mountains are attractive level grounds. Remaining description should be read as that of *Anjan Parvats* . .and so on up to... Amra-*van*.

**३४१. तत्थ णं जे से दाहिणिल्ले अंजणगपव्वते, तस्स णं चउदिसिं चत्तारि णंदाओ पुक्खरिणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—भद्दा, विसाला, कुमुदा, पोंडरीगिणी। ताओ णं णंदाओ पुक्खरिणीओ एगं जोयणसयसहस्सं, सेसं तं चेव जाव दधिमुहगपव्वता जाव वणसंडा।**

३४१. उन चार अंजन पर्वतों में जो दक्षिण दिशा वाला अंजन पर्वत है, उसकी चारों दिशाओं में (१) भद्रा, (२) विशाला, (३) कुमुदा, (४) पौंडरीकिणी नाम वाली चार नन्दा पुष्करिणियाँ हैं। वे नन्दा पुष्करिणियाँ एक लाख योजन लम्बी हैं। शेष सर्व वर्णन दधिमुख पर्वत और वनषण्ड तक पूर्व दिशा के समान जानना चाहिए।

**341.** In all the four directions of the Southern *Anjan Parvat* among the aforesaid four *Anjan Parvats* there are four *nanda pushkarinis* (delightful lakes with lotuses)—(1) Bhadraa, (2) Vishalaa, (3) Kumuda, and (4) Paundarikini. These delightful lakes are one hundred thousand *Yojans* (a unit of eight miles) long. Remaining description should be read as mentioned about the east up to *Dadhimukh Parvat* and *Nanda pushkarinis*.

**३४२. तत्थ णं जे से पच्चत्थिमिल्ले अंजणगपव्वते, तस्स णं चउद्दिसिं चत्तारि णंदाओ पुक्खरिणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—णंदिसेणा, अमोहा, गोथूभा, सुदंसणा। सेसं तं चेव, तहेव दधिमुहगपव्वता, तहेव सिद्धायतणा जाव वणसंडा।**

३४२. उन चार अंजन पर्वतों में जो पश्चिम दिशा वाला अंजन पर्वत है, उसकी चारों दिशाओं में (१) नन्दिषेणा, (२) अमोघा, (३) गोस्तूपा, (४) सुदर्शना ये चार नन्दा पुष्करिणियाँ हैं।

इनका विस्तार आदि शेष सर्व वर्णन पूर्व दिशा के समान है, उसी प्रकार दधिमुख पर्वत है और उसी प्रकार सिद्धायतन यावत् वनषण्ड का वर्णन जानना चाहिए।

**342.** In all the four directions of the Eastern *Anjan Parvat* among the aforesaid four *Anjan Parvats* there are four *Nanda pushkarinis* (delightful lakes with lotuses)—(1) Nandishenaa, (2) Amogha, (3) Gostupa, and (4) Sudarshana.

The expanse and other description should be read as mentioned about the east, including the same *Dadhimukh Parvat,* same *Siddhayatan* ...and so on up to... *van-khand.*

**३४३. तत्थ णं जे से उत्तरिल्ले अंजणगपव्वते, तस्स णं चउद्दिसिं चत्तारि णंदाओ पुक्खरिणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—विजया, वेजयंती, जयंती, अपराजिता। ताओ णं णंदाओ पुक्खरिणीओ एगं जोयणसयसहस्सं सेसं तं चेव पमाणं, तहेव दधिमुहगपव्वता, तहेव सिद्धाययणा जाव वणसंडा।**

३४३. उन चार अंजन पर्वतों मे जो उत्तर दिशा वाला अंजन पर्वत है, उसकी चारो दिशाओ मे (१) विजया, (२) वैजयन्ती, (३) जयन्ती, (४) अपराजिता ये चार नन्दा पुष्करिणियाँ है।

वे नन्दा पुष्करिणियाँ एक लाख योजन विस्तृत है, शेष सर्व वर्णन पूर्व के समान है। उसी प्रकार दधिमुख पर्वत है उसी प्रकार सिद्धायतन यावत् वनषण्ड जानना चाहिए।

**343.** In all the four directions of the Northern *Anjan Parvat* among the aforesaid four *Anjan Parvats* there are four *nanda pushkarinis* (delightful lakes with lotuses)—(1) Vijayaa, (2) Vaijayanti, (3) Jayanti, and (4) Aparajita.

The expanse and other description should be read as mentioned about the east, including the similar existence of *Dadhimukh Parvat, Siddhayatan* ...and so on up to. *van-khand.*

### रतिकर पर्वत—पद RATIKAR PARVAT-PAD (RATIKAR MOUNTAIN)

**३४४. णंदीसरवरस्स णं दीवस्स चक्कवाल—विक्खंभस्स बहुमज्झदेसभागे चउसु विदिसासु चत्तारि रतिकरगपव्वता पण्णत्ता, तं जहा—उत्तरपुरत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए, दाहिणपुरत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए, दाहिण—पच्चत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए, उत्तरपच्चत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वए। ते णं रतिकरगपव्वता दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, दस गाउयसताइं उव्वेहेणं, सव्वत्थ समा झल्लरिसंठाणसंठिता, दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं, एक्कतीसं जोयणसहस्साइं छच्च तेवीसे जोयणसते परिक्खेवेणं, सव्वरयणामया अच्छा जाव पडिरूवा।**

३४४. नन्दीश्वरवर द्वीप के चक्रवाल विष्कम्भ (वलयाकार विस्तार) के बिल्कुल मध्य भाग में चारों विदिशाओं में चार रतिकर पर्वत (रमणीय क्रीड़ास्थली) हैं—(१) उत्तर—पूर्व दिशा का रतिकर

पर्वत, (२) दक्षिण-पूर्व दिशा का रतिकर पर्वत, (३) दक्षिण-पश्चिम दिशा का रतिकर पर्वत, (४) उत्तर-पश्चिम दिशा का रतिकर पर्वत।

वे रतिकर पर्वत एक हजार योजन ऊँचे और एक हजार कोस गहरे हैं। ऊपर, मध्य और अधोभाग में सर्वत्र समान विस्तार वाले हैं। वे झालर के आकार से अवस्थित है, अर्थात् गोलाकार हैं। उनका विस्तार दस हजार योजन और परिधि इकतीस हजार छह सौ तेईस (३१,६२३) योजन है। वे सर्वरत्नमय, स्वच्छ यावत् रमणीय हैं।

**344.** In the middle of the *chakraval vishkambh* (circular area) of Nandishvar Dveep there are four *Ratikar parvats* (areas of entertainment akin to hill-station) in the four intermediate directions—(1) north-eastern *Ratikar Parvat*, (2) south-eastern *Ratikar Parvat*, (3) south-western *Ratikar Parvat*, and (4) north-western *Ratikar Parvat*.

The height of these *Ratikar Parvats* is one thousand *Yojans* (a unit of eight miles) and depth from the ground level is one thousand *Kos* (a unit of two miles). Their expanse is uniform at the bottom, middle and top. There shape is round (cylindrical) like *jhalar* (cymbals). Their length and breadth is ten thousand *Yojans*. Their circumference thirty one thousand six hundred twenty three (31,623) *Yojans*. They are gem studded ...and so on up to... and extremely pleasing

**३४५. तत्थ णं जे से उत्तरपुरत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वते, तस्स णं चउदिसिं ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो चउण्हमग्गमहिसीणं जंबुद्दीवपमाणाओ चत्तारि रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—णंदुत्तरा, णंदा, उत्तरकुरा, देवकुरा। कण्हाए, कण्हराईए, रामाए, रामरक्खियाए।**

३४५. उनमें जो उत्तर-पूर्व दिशा का रतिकर पर्वत है, उसकी चारो दिशाओं में देवराज ईशान देवेन्द्र की चार अग्रमहिषियो-(१) कृष्णा, (२) कृष्णराजिका, (३) रामा, (४) रामरक्षिता की जम्बूद्वीप प्रमाण वाली-एक लाख योजन विस्तृत चार राजधानियाँ हैं, उनके नाम हैं-(१) नन्दोत्तरा, (२) नन्दा, (३) उत्तरकुरा, (४) देवकुरा।

**345.** In all the four directions of the north-eastern *Ratikar Parvat* there are four capital cities of the four *Agramahishis* (chief queens) of king of gods Ishaan *Devendra*—(1) Krishnaa, (2) Krishnarajika, (3) Rama, and (4) Ramarakshita. These capital cities are of the size of Jambu Dveep (one hundred thousand *Yojans* in area) and their names are—(1) Nandottara, (2) Nanda, (3) Uttarakura, and (4) Devakura.

**३४६. तत्थ णं जे से दाहिणपुरत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वते, तस्स णं चउद्दिसिं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो चउण्हमग्गमहिसीणं जंबुद्दीवपमाणाओ चत्तारि रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—समणा, सोमणसा, अच्चिमाली, मणोरमा। पउमाए, सिवाए, सतीए, अंजूए।**

३४६. उनमें जो दक्षिण-पूर्व दिशा का रतिकर पर्वत है, उसकी चारों दिशाओं में देवराज शक्र देवेन्द्र की चार अग्रमहिषियों-(१) पद्मा, (२) शिव, (३) शची, और (४) अंजू की जम्बूद्वीप प्रमाण वाली चार राजधानियाँ है। उनके नाम है-(१) समना, (२) सौमनसा, (३) अर्चिमालिनी, (४) मनोरमा।

**346.** In all the four directions of the south-eastern *Ratikar Parvat* there are four capital cities of the four *Agramahishis* (chief queens) of king of gods Shakra *Devendra*—(1) Padmaa, (2) Shiva, (3) Shachi, and (4) Anju These capital cities are of the size of Jambu Dveep (one hundred thousand *Yojans* in area) and their names are—(1) Samanaa, (2) Saumanasa, (3) Archimalini, and (4) Manorama

**३४७. तत्थ णं जे से दाहिणपच्चत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वते, तस्स णं चउद्दिसिं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो चउण्हमग्गमहिसीणं जंबुद्दीवपमाणमेत्ताओ चत्तारि रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—भूता, भूतवडेंसा, गोथूभा, सुदंसणा। अमलाए, अच्छराए, णवमियाए, रोहिणीए।**

३४७. उन पर्वतो मे जो दक्षिण-पश्चिम दिशा का रतिकर पर्वत है, उसकी चारों दिशाओ में देवराज शक्र देवेन्द्र की चार अग्रमहिषियो-(१) अमला, (२) अप्सरा, (३) नवमिका, (४) रोहिणी की जम्बूद्वीप प्रमाण वाली चार राजधानियाँ है। उनके नाम है-(१) भूता, (२) भूतावतंसा, (३) गोस्तूपा, (४) सुदर्शना।

**347.** In all the four directions of the south-western *Ratikar Parvat* there are four capital cities of the four *Agramahishis* (chief queens) of king of gods Shakra *Devendra*—(1) Amalaa, (2) Apsara, (3) Navamika, and (4) Rohini. These capital cities are of the size of Jambu Dveep (one hundred thousand *Yojans* in area) and their names are—(1) Bhoota, (2) Bhootavatamsa, (3) Gostupa, and (4) Sudarshana

**३४८. तत्थ णं जे से उत्तरपच्चत्थिमिल्ले रतिकरगपव्वते, तस्स णं चउद्दिसिमीसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो चउण्हमग्गमहिसीणं जंबुद्दीवप्पमाणमेत्ताओ चत्तारि रायहाणीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—रयणा, रतणुच्चया, सव्वरतणा, रतणसंचया। वसूए, वसुगुत्ताए, वसुमित्ताए, वसुंधराए।**

३४८. जो उत्तर-पश्चिम दिशा का रतिकर पर्वत है, उसकी चारो दिशाओ मे देवराज ईशान देवेन्द्र की चार अग्रमहिषियों-(१) वसु, (२) वसुगुप्ता, (३) वसुमित्रा, (४) वसुन्धरा की जम्बूद्वीप प्रमाण वाली चार राजधानियाँ है। उनके नाम है-(१) रत्ना, (२) रत्नोच्चया, (३) सर्वरत्ना, (४) रत्नसचया।

**348.** In all the four directions of the north-western *Ratikar Parvat* there are four capital cities of the four *Agramahishis* (chief queens) of king of gods Ishaan *Devendra*—(1) Vasu, (2) Vasugupta, (3) Vasumitra, and (4) Vasundhara These capital cities are of the size of Jambu Dveep (one hundred thousand *Yojans* in area) and their names are—(1) Ratnaa, (2) Ratnochchaya, (3) Sarvaratnaa, and (4) Ratnasanchayaa.

**विवेचन**—सूत्र ३०९ से ३१९ तक में नंदीश्वर द्वीप का जो वर्णन किया है, उससे पता चलता है कि यह द्वीप वास्तव में कितना रमणीय और आनन्ददायक है। ढाई द्वीप के बाहर के सभी द्वीपों में नन्दीश्वर का अलग ही महत्त्व है। इस पर देव-देवियाँ चातुर्मासिक, सावत्सरिक तथा जिन जन्म कल्याणक आदि अवसरों पर अष्टान्हिक महोत्सव मनाते हैं। यह द्वीप देव रमणीय द्वीप है। इसका विस्तृत वर्णन जीवाभिगमसूत्र में देखना चाहिए।

**Elaboration**—The description of Nandishvar Dveep given in aphorisms 309-319 informs us how enchanting and delightful this continent is Nandishvar Dveep has its own importance among the continents outside *Adhai Dveep* Gods and goddesses perform *Ashtanhik Mahotsava* (a specific religious celebrations) here on various occasions like *chaturmasik* (four months of monsoon stay), *Samvatsarik* (annual) and auspicious days of birth of *Tirthankars*. This is a continent frequented by gods. For detailed description of this continent consult *Jivabhigam Sutra*

### *सत्य-पद* SATYA-PAD (SEGMENT OF TRUTH)

**३४९. चउव्विहे सच्चे पण्णत्ते, तं जहा—णामसच्चे, ठवणसच्चे, दव्वसच्चे, भावसच्चे।**

३४९. सत्य के चार प्रकार हैं—(१) **नामसत्य**—किसी व्यक्ति का 'सत्य' नाम रखना। (२) **स्थापनासत्य**—किसी वस्तु में 'सत्य' का आरोप करना। (३) **द्रव्यसत्य**—सत्य का ज्ञाता, किन्तु उपयोगशून्य पुरुष। (४) **भावसत्य**—सत्य का ज्ञाता और सत्यविषयक उपयोग से युक्त।

**349.** *Satya* (truth) is of four kinds—(1) *Naam satya* (*satya* as name)—a person who is named Satya (2) *Sthapana satya*—a thing in which *satya* (truth) is installed (3) *Dravya satya* (physical truth)—a person who knows truth but does not act accordingly (4) *Bhaava satya*—a person who knows truth and also acts accordingly.

### *आजीविक तप-पद* AJIVIK-TAP-PAD (SEGMENT OF PENANCE OF AJIVIKS)

**३५०. आजीवियाणं चउव्विहे तवे पण्णत्ते, तं जहा—उग्गतवे, घोरतवे, रसणिज्जूहणता, जिब्भिंदियपडिसंलीणता।**

३५०. आजीविको (गोशालक के शिष्यों) का तप चार प्रकार का है—(१) **उग्रतप**—षष्ठभक्त (उपवास) बेला, तेला आदि करना। (२) **घोरतप**—सूर्य-आतापनादि के साथ उपवासादि करना। (३) **रस-निर्यूहणतप**—घृत आदि रसों का परित्याग करना। (४) **जिह्वेन्द्रिय-प्रतिसंलीनता तप**—मनोज्ञ और अमनोज्ञ भक्त-पानादि में राग-द्वेषरहित होकर जिह्वेन्द्रिय को वश करना।

**विवेचन–उद्देशनाचार्य**–जो अध्ययन के विषय मे शिष्यो का मार्गदर्शन करते हैं तथा अंगसूत्रों के अध्ययन के योग्य बनाते है। **वाचनाचार्य**–शास्त्र की वाचना देने वाले। **धर्माचार्य**–धर्म का उपदेश या धर्म की दीक्षा देने वाले, साधु या गृहस्थ–धर्माचार्य कोई भी हो सकते है।

**Elaboration**—*Uddeshanacharya*—one who instructs and guides disciples to study *Anga Sutras* making them capable of studying the same. *Vachanacharya*—one who recites *Anga Sutras* and other scriptures to disciples. *Dharmacharya*—one who preaches religion or initiates one into a religious group An ascetic and a householder both can be *dharmacharya*.

**४२४. चत्तारि अंतेवासी पण्णत्ता, तं जहा—पव्वावणंतेवासी णाममेगे णो उवट्ठावणंतेवासी, उवट्ठावणंतेवासी णाममेगे णो पव्वावणंतेवासी, एगे पव्वावणंतेवासीवि उवट्ठावणंतेवासीवि, एगे णो पव्वावणंतेवासी णो उवट्ठावणंतेवासी—धम्मंतेवासी।**

४२४. अन्तेवासी (गुरु के समीप रहने वाले शिष्य) चार प्रकार के होते हैं-(१) कोई शिष्य प्रव्राजना अन्तेवासी होता है अर्थात् दीक्षा देने वाले आचार्य का दीक्षादान की दृष्टि से ही शिष्य होता है, किन्तु उपस्थापना की दृष्टि से अन्तेवासी नहीं होता, (२) कोई शिष्य उपस्थापना की अपेक्षा से अन्तेवासी होता है, किन्तु प्रव्राजना की अपेक्षा से अन्तेवासी नहीं होता; (३) कोई शिष्य प्रव्राजना-अन्तेवासी भी होता है और उपस्थापना-अन्तेवासी भी होता है (जिसने एक ही आचार्य से दीक्षा और उपस्थापना ग्रहण की हो); तथा (४) कोई शिष्य न प्रव्राजना की अपेक्षा अन्तेवासी होता है और न उपस्थापना की दृष्टि से ही अन्तेवासी होता है, किन्तु मात्र धर्मोपदेश की अपेक्षा धर्मान्तेवासी होता है।

**424.** *Antevasi* (a disciple who lives with his guru)—(1) some disciple is only with respect to *pravraajana* (initiation) and not with respect to *upasthapana* (formal acceptance of great vows), (2) some disciple is only with respect to *upasthapana* and not with respect to *pravraajana*, (3) some disciple is with respect to *pravraajana* and *upasthapana* both and (4) some disciple is neither with respect to *pravraajana* nor with respect to *upasthapana* but *dharmantevasi* (with respect to religious preaching)

**४२५. चत्तारि अंतेवासी पण्णत्ता, तं जहा—उद्देसणंतेवासी णाममेगे णो वायणंतेवासी, वायणंतेवासी णाममेगे णो उद्देसणंतेवासी, एगे उद्देसणंतेवासीवि वायणंतेवासीवि, एगे णो उद्देसणंतेवासी णो वायणंतेवासी—धम्मंतेवासी।**

४२५. (पुन ) अन्तेवासी चार प्रकार के होते हैं-(१) कोई उद्देशना की अपेक्षा से अन्तेवासी होता है, किन्तु वाचना की अपेक्षा से नहीं, (२) कोई वाचना की अपेक्षा से अन्तेवासी होता है, किन्तु उद्देशना की अपेक्षा से नही, (३) कोई उद्देशना की अपेक्षा से भी अन्तेवासी होता है और वाचना की अपेक्षा से भी, (४) कोई न उद्देशना की अपेक्षा से ही अन्तेवासी होता है और न वाचना की अपेक्षा से ही है, मात्र धर्म प्रतिबोध पाने की अपेक्षा से अन्तेवासी होता है।

**425.** *Antevasi* (a disciple who lives with his guru)—(1) someone is disciple only with respect to *uddeshana* (guidance) and not with respect to *vaachana* (recitation), (2) someone is disciple only with respect to *vaachana* and not with respect to *uddeshana*, (3) someone is disciple with respect to *uddeshana* and *vaachana* both, and (4) someone is disciple neither with respect to *uddeshana* nor with respect to *vaachana* but only a *dharmantevasi* (disciple with respect to religious preaching).

विवेचन—विशेष शब्दों के अर्थ—प्रव्राजनाचार्य—दीक्षा देने वाले गुरु। उपस्थापनाचार्य—महाव्रतों की आरोपणा कराने वाले। उद्देशनाचार्य—अंग आदि आगमों का अध्ययन करने में मार्गदर्शन करने वाले। वाचनाचार्य— शिष्यों को शास्त्र की वाचना देने वाले। धर्माचार्य—धर्म का बोध देने वाले।

प्रव्रजन अन्तेवासी—जिस गुरु ने शिष्य को दीक्षा दी है, वह शिष्य उनका प्रव्रजन अन्तेवासी माना जाता है। उपस्थापनान्तेवासी—जिनके पास छेदोपस्थानीयचारित्र रूप महाव्रतों की आरोपणा ली हो, वह उनका उपस्थापनान्तेवासी होता है। धर्मान्तेवासी—जिनके पास धर्म का बोध प्राप्त किया हो, वह उनका धर्मान्तेवासी कहा जाता है। उद्देशनान्तेवासी—जिनके पास शास्त्र अध्ययन के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया है, वह उनका उद्देशनान्तेवासी होता है। वाचनान्तेवासी—जिनके पास शास्त्र की वाचना ली हो, वह उनका वाचनान्तेवासी कहलाता है।

इस प्रकार गुरु के तीन रूप होते है—दीक्षा गुरु, विद्या गुरु और धर्म गुरु।

शिष्य के भी तीन रूप होते है—दीक्षा शिष्य, विद्या शिष्य तथा धर्म शिष्य।

**Elaboration—TECHNICAL TERMS**

**Pravraajanacharya**—the preceptor who initiates into the order. **Upasthapanacharya**—the preceptor who formally supervises accepting of great vows **Uddeshanacharya**—the preceptor who guides the study of *Angas* and other ***Agams***. **Vachanacharya**—the preceptor who recites the scriptures to disciples. **Dharmacharya**—the preceptor who preaches religion in general.

**Pravrajan antevasi**—for the preceptor who initiates someone into the order, this disciple is *Pravrajan antevasi* **Upasthapan antevasi**—for the preceptor who formally supervises someone's accepting of great vows, this disciple is *Upasthapana antevasi*. **Dharma antevasi**—for the preceptor who preaches religion to someone, this disciple is *Dharma antevasi*. **Uddeshana antevasi**—for the preceptor who guides someone in the study of *Angas* and other *Agams*, this disciple is *Uddeshan antevasi*. **Vaachana antevasi**—for the preceptor who recites the scriptures to someone, this disciple is *Vaachana antevasi*.

## महत्कर्म—अल्पकर्म—निर्ग्रन्थ—पद MAHATKARMA-ALPAKARMA-NIRGRANTH-PAD
## (SEGMENT OF ASCETICS WITH LONG AND SHORT DURATION OF KARMIC BONDAGE)

४२६. चत्तारि णिग्गंथा पण्णत्ता, तं जहा—

(१) राइणिए समणे णिग्गंथे महाकम्मे महाकिरिए अणायावी असमिते धम्मस्स अणाराहए भवति।

(२) राइणिए समणे णिग्गंथे अप्पकम्मे अप्पकिरिए आयावी समिए धम्मस्स आराहए भवति।

(३) ओमराइणिए समणे णिग्गंथे महाकम्मे महाकिरिए अणायावी असमिए धम्मस्स अणाराहए भवति।

(४) ओमराइणिए समणे णिग्गंथे अप्पकम्मे अप्पकिरिए आयावी समिए धम्मस्स आराहए भवति।

**महाकर्म—अल्पकर्म—निर्ग्रन्थी—पद MAHATKARMA-ALPAKARMA-NIRGRANTH-PAD (SEGMENT OF ASCETICS WITH LONG AND SHORT DURATION OF KARMAS)**

४२७. चत्तारि णिग्गंथीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—

(१) राइणिया समणी णिग्गंथी एवं चेव ४। [ महाकम्मा महाकिरिया अणायावी असमिता धम्मस्स अणाराधिया भवति ]।

(२) [ रातिणिया समणी णिग्गंथी अप्पकम्मा अप्पकिरिया आतावी समिता धम्मस्स आराहिया भवति ]।

(३) [ ओमरातिणिया समणी णिग्गंथी महाकम्मा महाकिरिया अणायावी असमिता धम्मस्स अणाराधिया भवति ]।

(४) [ ओमरातिणिया समणी णिग्गंथी अप्पकम्मा अप्पकिरिया आतावी समिता धम्मस्स आराहिया भवति ]।

४२६. निर्ग्रन्थ चार प्रकार के होते है—(१) कोई श्रमण निर्ग्रन्थ रात्निक (दीक्षापर्याय मे ज्येष्ठ) होकर भी महाकर्मा (दीर्घकाल तक भोगे जाने वाले कर्मों वाला), महाक्रिय (दीर्घकालीन कठोर क्रिया करने वाला), अनातापी (अतपस्वी) और असमित (समिति—रहित) होने के कारण धर्म का अनाराधक होता है।

(२) कोई रात्निक श्रमण निर्ग्रन्थ अल्पकर्मा, अल्पक्रिय (अल्पकालीनक्रिया वाला), आतापी (तपस्वी) और समित (समिति वाला) होने के कारण धर्म का आराधक होता है।

(३) कोई निर्ग्रन्थ श्रमण अवमरात्निक (अल्पकालीन दीक्षापर्याय वाला) होकर महाकर्मा, महाक्रिय, अनातापी और असमित होने के कारण धर्म का अनाराधक होता है।

(४) कोई अवमरात्निक श्रमण निर्ग्रन्थ अल्पकर्मा, अल्पक्रिय, आतापी और समित होने के कारण धर्म का आराधक होता है।

४२७. निर्ग्रन्थियाँ चार प्रकार की होती है, जैसे—सूत्र ४२६ में निर्ग्रन्थ के विषय में कहा है वैसे ही यहाँ निर्ग्रन्थ (साध्वी) का स्वरूप उसी प्रकार समझना चाहिए। निर्ग्रन्थ के स्थान पर निर्ग्रन्थी समझें। बाकी अर्थ सूत्र ४२६ के अनुसार है।

**426.** *Nirgranthas* (male ascetics) are of four kinds—(1) In spite of being a *ratnik* (senior in terms of period of initiation) some *Shraman Nirgranth* (Jain ascetic) is *dharma-anaradhak* (religious transgressor; one who does not properly follow the religious path) because of being *mahakarma* (having long lasting bondage of *karmas*), *mahakriya* (one who indulges in rigorous penance for a long period), *anataapi* (devoid of austerities) and *asamit* (devoid of *samitis* or self-regulation).

(2) Some *ratnik* (senior in terms of period of initiation) *Shraman Nirgranth* is *dharma-aradhak* (one who immaculately follows the religious path) because of being *alpakarma* (having short lived bondage of *karmas*), *alpakriya* (one who indulges in rigorous penance for a short period), *ataapi* (observer of austerities) and *samit* (observer of *samitis* or self-regulation).

(3) Some *avamaratnik* (with a short period of initiation) *Shraman Nirgranth* is *dharma-anaradhak* because of being *mahakarma*, *mahakriya*, *anataapi* and *asamit*.

(4) Some *avamaratnik Shraman Nirgranth* is *dharma-aradhak* because of being *alpakarma*, *alpakriya*, *ataapi* and *samit*

**427.** Nirgranthis are of four kinds—This relates to female ascetics. Substituting *nirgranthi* (female ascetic) for *nirgranth* (male ascetic), the text of aphorism 426 should be repeated verbatim.

**महाकर्म—अल्पकर्म—श्रमणोपासक—पद MAHATKARMA-ALPAKARMA-SHRAMANOPASAK-PAD (SEGMENT OF ASCETICS WITH LONG AND SHORT DURATION OF KARMAS)**

**४२८. चत्तारि समणोवासगा पण्णत्ता, तं जहा—**

**(१) राइणिए समणोवासए महाकम्मे तहेव ४। [ महाकिरिए अणायावी असमिते धम्मस्स अणराधए भवति ]।**

**(२) [ राइणिए समणोवासए अप्पकम्मे अप्पकिरिए आतावी समिए धम्मस्स आराहए भवति ]।**

**(३) [ ओमराइणिए समणोवासए महाकम्मे महाकिरिए अणातावी असमिते धम्मस्स अणाराहए भवति ]।**

(४) [ ओमराइणिए समणोवासए अप्पकम्मे अप्पकिरिए आतावी समिते धम्मस्स आराहए भवति ]।

## महाकर्म—अल्पकर्म—श्रमणोपासिका—पद MAHATKARMA-ALPAKARMA-SHRAMANOPASIKA-PAD (SEGMENT OF ASCETICS WITH LONG AND SHORT DURATION OF KARMAS)

**४२९. चत्तारि समणोवासियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–**

**(१) राइणिया समणोवासिता महाकम्मा तहेव चत्तारि गमा।**

४२८. श्रमणोपासक चार प्रकार के होते हैं–(१) कोई रात्निक श्रमणोपासक महाकर्मा (भारी कर्मों वाला), महाक्रिय, अनातापी और असमित होने के कारण अर्थात् श्रावक जीवन में आने वाले कष्टों को सहने में असमर्थ एवं श्रावकाचार के प्रति उदासीन रहकर स्वधर्म में निष्ठावान नहीं होता। अतः धर्म का अनाराधक होता है।

(२) कोई रात्निक श्रमणोपासक अल्पकर्मा, अल्पक्रिय, आतापी और समित होने के कारण धर्म का आराधक होता है।

(३) कोई अवमरात्निक (अल्पकालिक श्रावकपर्याय वाला) श्रमणोपासक महाकर्मा, महाक्रिय, अनातापी और असमित होने के कारण धर्म का अनाराधक होता है।

(४) कोई अवमरात्निक श्रमणोपासक अल्पकर्मा, अल्पक्रिय, आतापी और समित होने के कारण धर्म का आराधक होता है।

४२९. श्रमणोपासिकाएँ चार प्रकार की होती है–(१) कोई रात्निक श्रमणोपासिका, महाकर्मा, महाक्रिय, अनातापिनी और असमित होने के कारण धर्म की अनाराधिका होती है। (सूत्र ४२८ की तरह चार भग समझने चाहिए। श्रमणोपासक के स्थान पर श्रमणोपासिका कहे।)

**428.** *Shramanopasaks* (male devotees of ascetics) are of four kinds—(1) In spite of being a *ratnik* (senior in terms of period of initiation) some *Shramanopasak* is *dharma-anaradhak* (religious transgressor; one who does not properly follow the religious path) because of being *mahakarma* (having long lasting bondage of *karmas*), *mahakriya* (one who indulges in rigorous penance for a long period), *anataapi* (devoid of austerities) and *asamit* (devoid of *samitis* or self-regulation). In other words, failing to endure the rigours of religious life he becomes apathetic to the right conduct, loses faith in his religion and becomes a transgressor.

(2) Some *ratnik Shramanopasak* is *dharma-aradhak* (one who immaculately follows the religious path) because of being *alpakarma* (having short lived bondage of *karmas*), *alpakriya* (one who indulges in

rigorous penance for a short period), *ataapi* (observer of austerities) and *samit* (observer of *samitis* or self-regulation).

(3) Some *avamaratnik* (with a short period of initiation) *Shramanopasak* is *dharma-anaradhak* because of being *mahakarma*, *mahakriya*, anataapi and *asamit*

(4) Some *avamaratnik Shramanopasak* is *dharma-aradhak* because of being *alpakarma*, *alpakriya*, ataapi and samit

**429.** *Shramanopasikas* (female devotees of ascetics) are of four kinds—(1) This relates to female devotees. Substituting *shramanopasika* (female devotee) for *shramanopasak* (male devotee), the text of aphorism 428 should be repeated verbatim

**विवेचन**—इन चार सूत्रो मे श्रमण–श्रमणी तथा श्रावक–श्राविका के व्रताराधना की दृष्टि से चार भेद किये है।

**प्रथम भंग है रात्निक**—अर्थात् जिन्हे दीक्षा ग्रहण किये बहुत लम्बा समय हो गया है। अथवा जिन श्रमणोपासको को भी श्रावक व्रत धारण किये दीर्घकाल व्यतीत हो गया है। फिर भी वह जन्म-जन्मान्तरों में बाँधे हुए भारी पापकर्मों के कारण, अपनी व्रताराधना मे जागरूक नही होते, न ही तप की सम्यक् आराधना करते है, वे धर्म के आराधक नही होते।

**द्वितीय भंग है अवमरात्निक**—जिनको व्रत ग्रहण किये तो कम समय ही हुआ है, किन्तु कर्मों की अल्पता के कारण वे अपने व्रतो की, तप की सम्यक् प्रकार से आराधना करते हुए धर्म के आराधक होते है।

बाकी भग इनके ही विकल्प है।

**Elaboration**—These four aphorisms give four categories each of Jain ascetics and laity

The first category is *ratnik* or those who have been initiated long back. In case of lay devotees it means those who accepted the vows meant for laity long back In spite of that they are not sincere in observing either the vows or austerities due to a strong bondage of *karmas* acquired during past births. Thus they are not properly following the religious path.

The second category is *avamaratnik* or those who have been initiated recently. In spite of that they follow the religious path immaculately by

sincerely observing vows and austerities due to weak bondage of *karmas* acquired during past births. The other alternatives mentioned are variations of these two.

**श्रमणोपासक प्रकार–पद SHRAMANOPASAK PRAKAR-PAD**

**(SEGMENT OF TYPES OF SHRAMANOPASAKS)**

**४३०. चत्तारि समणोवासगा पण्णत्ता, तं जहा–अम्मापिइसमाणे, भाइसमाणे, मित्तसमाणे, सवत्तिसमाणे।**

४३०. श्रमणोपासक चार प्रकार के होते है–(१) माता-पिता के समान, (२) भाई के समान, (३) मित्र के समान, (४) सपत्नी (सौत) के समान।

**430.** *Shramanopasaks* are of four kinds—(1) like parents, (2) like a brother, (3) like a friend, and (4) like a co-wife

**विवेचन**–श्रमण-निर्ग्रन्थो की उपासना-आराधना करने वाले गृहस्थ श्रमणोपासक के गुण और प्रकृति के अनुसार चार भेद इस प्रकार होते है–जिन श्रमणोपासको में बिना किसी भेदभाव के, परमार्थ बुद्धि से श्रमणो के प्रति अत्यन्त स्नेह, वात्सल्य और श्रद्धा का भाव रहता है उनकी तुलना माता-पिता से की गई है। वे तात्त्विक-विचारणा मे और जीवन-निर्वाह मे, दोनो ही अवसरो पर प्रगाढ वात्सल्य और भक्तिभाव का परिचय देते है।

जिन श्रमणोपासको मे तत्त्व विचार के समय श्रमणो के प्रति वात्सल्य और प्रसग आने पर उग्रभाव दोनो ही समय आने पर होते है, उनकी तुलना भाई से की गई है।

जिन श्रमणोपासको मे श्रमणो के प्रति कारणवश प्रीति और कारण विशेष से अप्रीति दोनो पाई जाती है, उनकी तुलना मित्र से की गई है।

जो केवल नाम से श्रमणोपासक कहलाते है, किन्तु जिनमे श्रमणो के प्रति वात्सल्य या भक्तिभाव नहीं होता, प्रत्युत जो ईर्ष्या-द्वेषवश छिद्रान्वेषण ही करते रहते है, उनकी तुलना सपत्नी (सौत) से की गई है।

**Elaboration**—There are four qualitative categories of *shramanopasaks* or the householder devotees of *Shraman nirgranths* (Jain ascetics). The *shramanopasaks* having impartial and unselfish fondness, affection and respect for ascetics are compared with parents. They display deep fondness and devotion both in religious contemplation and worldly activities.

When in religious contemplation, some *shramanopasaks* have feelings of love for ascetics but during mundane activities they are bitter towards ascetics. The *shramanopasaks* having this kind of mixed feelings for ascetics have been compared with a brother.

The *shramanopasaks* having fondness for ascetics for some reason on some occasion and aversion for some reason on another occasion have been compared with a friend.

The *shramanopasaks* for namesake who have neither a liking nor devotion for ascetics and who indulge in fault-finding with jealousy and aversion have been compared with a co-wife.

**४३१. चत्तारि समणोवासगा पण्णत्ता, तं जहा—अद्दागसमाणे पडागसमाणे, खाणुसमाणे, खरकंटयसमाणे।**

४३१. श्रमणोपासक (अन्य प्रकार से) चार प्रकार के होते हैं–(१) आदर्श (दर्पण) समान, (२) पताका समान, (३) स्थाणु समान, (४) खरकण्टक समान।

**431.** Also, *shramanopasaks* are of four kinds—(1) like aadarsh (mirror), (2) like pataka (flag), (3) like sthanu (tree-stump), and (4) like khar-kantak (thorn).

विवेचन—इस सूत्र मे स्वभाव के आधार पर उपमा देकर श्रावको के चार भेद बताये हैं–

जो श्रमणोपासक आदर्श (दर्पण) के समान निर्मल चित्त होता है, वह साधु जनो के द्वारा प्रतिपादित शास्त्र ज्ञान को यथार्थ रूप मे ग्रहण करता है।

जो श्रमणोपासक पताका (ध्वजा) के समान अस्थिर चित्त व चंचल विचार वाला होता है, वह जैसी देशना या प्रवचन सुनता है, उसी से प्रेरित होकर उधर ही झुक जाता है। किसी एक निश्चित तत्त्व पर स्थिर नही रह पाता।

जो श्रमणोपासक स्थाणु (सूखे वृक्ष का ठूँठ अथवा खूँटा) के समान उद्दंड स्वभाव का होता है तथा जो समझाये जाने पर भी अपने कदाग्रह को नहीं छोडता है अथवा स्थाणु खूँटे के समान जो किसी एक पक्ष से बँधा रहता है।

जो श्रमणोपासक महाकदाग्रही होता है उसको समझाने के लिए यदि कोई सन्त पुरुष प्रयत्न करता है तो वह तीक्ष्ण दुर्वचन रूप कण्टकों से उसे भी बींध डालता है, ऐसे पुरुष को खरकण्टक–समान कहा जाता है।

इस प्रकार चित्त की निर्मलता, अस्थिरता, जडता और कलुषता की अपेक्षा से चार भेद होते हैं।

**Elaboration**—This aphorism gives four categories of *shravaks* (Jain laymen) based on their nature using suitable metaphors.

A *shramanopasak* having mirror-like clear mind understands and accepts the true meaning of the scriptural knowledge preached by ascetics.

A **shramanopasak** having unstable and wavering mind like a flag flows with varying views in discourses. He is incapable of being firm on a real fundamental

A *shramanopasak* who is arrogant and rigid like a dry stump of a tree never abandons his dogma in spite of all efforts of explaining him the truth. Like a peg he remains stuck to just one facet.

A *shramanopasak* who is extremely arrogant and dogmatic is like a sharp thorn If some saintly person tries to show him the right path he retaliates with thorn-like stinging words.

Thus there are four categories of *shramanopasak* based on purity, fickleness, rigidity and perversion of mind.

**४३२. समणस्स णं भगवओ महावीरस्स समणोवासगाणं सोधम्मे कप्पे अरुणाभे विमाणे चत्तारि पलिओवमाइं ठिती पण्णत्ता।**

४३२. सौधर्म कल्प मे अरुणाभ विमान मे उत्पन्न हुए श्रमण भगवान महावीर के श्रमणोपासकों की स्थिति चार पल्योपम की कही गई है।

**432.** The life span of the *shramanopasak* followers of Shraman Bhagavan Mahavir born in the *Arunabh vimaan* (celestial vehicle) in *Saudharma Kalp* is four *Palyopam*.

**देवागमन–बाधक–साधक कारण–पद DEVAGAMAN-BAADHAK-SAADHAK KARAN-PAD**

**(SEGMENT OF REASONS FOR COMING AND NOT COMING OF GODS)**

**४३३. चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु इच्छेज्ज माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए, णो चेव णं संचाएति हव्वमागच्छित्तए, तं जहा–**

**(१) अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु मुच्छिते गिद्धे गढिते अज्झोववण्णे, से णं माणुस्सए कामभोगे णो आढाइ, णो परियाणाति, णो अट्ठं बंधइ, णो णियाणं पगरेति, णो ठितीपगप्पं पगरेति।**

**(२) अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु मुच्छिते गिद्धे गढिते अज्झोववण्णे, तस्स णं माणुस्सए पेमे वोच्छिण्णे, दिव्वे संकंते भवति।**

**(३) अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु मुच्छिते गिद्धे गढिते अज्झोववण्णे, तस्स णं एवं भवति–इण्हिं गच्छं मुहुत्तेणं गच्छं, तेणं कालेणमप्पाउया मणुस्सा कालधम्मुणा संजुत्ता भवंति।**

**(४) अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु मुच्छिते गिद्धे गढिते अज्झोववण्णे, तस्स णं माणुस्सए गंधे पडिकूले पडिलोमे यावि भवति, उड्ढंपि य णं माणुस्सए गंधे जाव चत्तारि पंच जोयणसताइं हव्वमागच्छति।**

**इच्चेतेहिं चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु इच्छेज्ज माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए, णो चेव णं संचाएति हव्वमागच्छित्तए।**

४३३. देवलोक मे तत्काल उत्पन्न हुआ देव शीघ्र ही मनुष्यलोक मे आने की इच्छा करता है, किन्तु शीघ्र आने मे समर्थ नही होता। इसके चार कारण है–

(१) देवलोक में तत्काल उत्पन्न हुआ देव दिव्य काम–भोगों में मूर्च्छित (आकण्ठ डूबा हुआ), **गृद्ध** (भोग की आकाक्षा करने वाला), **ग्रथित** (विषयो मे आसक्त) हुआ और **अध्युपपन्न** (उनमे अत्यन्त अनुरक्त व्यामूढ) होकर मनुष्य सम्बन्धी काम–भोगो का आदर नहीं करता है, उन्हे अच्छा नही जानता है, उनसे लगाव तथा सम्बन्ध नही रखता है, उन्हें पाने का **निदान** (सकल्प) नही करता है और न **स्थितिप्रकल्प** (उनके बीच मे रहने की इच्छा) करता है।

(२) देवलोक मे तत्काल उत्पन्न हुए देव का मनुष्य–सम्बन्धी प्रेम सम्बन्ध टूट जाता है और उसके भीतर **दिव्य प्रेम**–देवलोक सम्बन्धी प्रेम सचारित हो जाता है।

(३) देवलोक मे तत्काल उत्पन्न हुआ देव ऐसा विचार करने लगता है–"अभी जाता हूँ, थोड़ी देर में जाता हूँ। मुहूर्त्त भर मे जाता हूँ।" किन्तु देवो का मुहूर्त्त भर भी इतना लम्बा होता है कि इतने काल में अल्प आयुष्य के धारक मनुष्य काल धर्म को प्राप्त हो जाते हैं।

(४) देवलोक में तत्काल उत्पन्न हुआ देव, यहाँ आना चाहता है, किन्तु उसे मनुष्यलोक की गन्ध **प्रतिकूल**–(दुर्गन्ध रूप) तथा **प्रतिलोम** (इन्द्रिय और मन को अप्रिय) लगने लगती है, क्योंकि मनुष्यलोक की दुर्गन्ध चार–पाँच सौ योजन ऊपर तक फैलती रहती है। वह उसे सहन नहीं कर पाता, अत. चाह कर भी नीचे नही आता।

इन चार कारणों से तत्काल उत्पन्न हुआ देव शीघ्र ही मनुष्यलोक मे आने की इच्छा करता हुआ भी आने में समर्थ नही होता।

**433.** A newly born god in the divine realm soon wants to come to the land of humans but he is not able to do that for four reasons—

(1) A newly born god in the divine realm gets fond of (*murchhit*), infatuated with (*griddha*), captivated by (*grathit*) and obsessed with (*adhyupapanna*) divine pleasures and does not have respect, liking, concern, and desire for human pleasures Neither does he have *sthiti-prakalp* or wish to live among them (humans)

(2) The love for humans of a newly born god shatters and he is infused with love for divine pleasures.

(3) A newly born god in the divine realm thinks—"I will just go. I will go soon. I will go in a moment." But the duration of this moment of gods is so long that during this period the short lived man (for whom he desired to visit) dies.

(4) A newly born god in the divine realm soon wants to come to the land of humans but the smell of the world of humans, which spreads four to five hundred *Yojans* above the land, is obnoxious (*pratikool*) and disgusting (*pratilom*) to him Although he wants to come down he cannot do so because he is unable to tolerate it

For these four reasons, a newly born god in the divine realm soon wants to come to the land of humans but he is unable to do so.

४३४. चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोएसु इच्छेज्ज माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए, संचाएति हव्वमागच्छित्तए, तं जहा—

(१) अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु दिव्वेसु कामभोगेसु अमुच्छिते जाव अणज्झोववण्णे, तस्स णं एवं भवति—अत्थि खलु मम माणुस्सए भवे आयरिएति वा उवज्झाएति वा पवत्तीति वा थेरेति वा गणीति वा गणधरेति वा गणावच्छेदेति वा, जेसिं पभावेणं मए इमा एतारूवा दिव्वा देविड्ढी दिव्वा देवजुत्ती [ दिव्वे देवाणुभावे ? ] लद्धा पत्ता अभिसमण्णागता तं गच्छामि णं ते भगवंते वंदामि जाव पज्जुवासामि।

(२) अहुणोववण्णे देवे देवलोएसु जाव [ दिव्वेसु कामभोगेसु अमुच्छिते अगिद्धे अगढिते ] अणज्झोववण्णे, तस्स णं एवं भवति—एस णं माणुस्सए भवे णाणीति वा तवस्सीति वा अइदुक्कर-दुक्करकारगे, तं गच्छामि णं ते भगवंते वंदामि जाव [ णमंसामि सक्कारेमि सम्माणेमि कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं ] पज्जुवासामि।

**(३) अहुणोववण्णे देवे देवलोएसु जाव [ दिव्वेसु कामभोगेसु अमुच्छिते अगिद्धे अगढिते ] अणज्झोववण्णे, तस्स णमेवं भवति—अत्थि णं मम माणुस्सए भवे माताति वा जाव [ पियाति वा भायाति वा भगिणीति वा भज्जाति वा पुत्ताति वा धूयाति वा ] सुण्हाति वा, तं गच्छामि णं तेसिमंतियं पाउब्भवामि, पासंतु ता मे इममेतारूवं दिव्वं देविड्ढिं दिव्वं देवजुतिं [ दिव्वं देवाणुभावं ? ] लद्धं पत्तं अभिसमण्णागतं।**

**(४) अहुणोववण्णे देवे देवलोगेसु जाव [ दिव्वेसु कामभोगेसु अमुच्छिते अगिद्धे अगढिते ] अणज्झोववण्णे, तस्स णमेवं भवति—अत्थि णं मम माणुस्सए भवे मित्तेति वा सहीति वा सुहीति वा सहाएति वा संगइएति वा, तेसिं च णं अम्हे अण्णमण्णस्स संगारे पडिसुते भवति—जो मे पुव्विं चयति से संबोहेतव्वे।**

**इच्चेतेहिं जाव [ चउहिं ठाणेहिं अहुणोववण्णे देवे देवलोएसु इच्छेज्ज माणुसं लोगं हव्वमागच्छित्तए ] संचाएति हव्वमागच्छित्तए।**

४३४. देवलोक में तत्काल उत्पन्न हुआ देव चार कारणो से शीघ्र मनुष्यलोक मे आने की इच्छा करता है और आ भी सकता है—

(१) देवलोक मे तत्काल उत्पन्न हुआ देव, जो देव सम्बन्धी दिव्य काम-भोगों मे मूर्च्छित, गृद्ध, ग्रथित और आसक्त नहीं होता, उसका ऐसा विचार होता है-मनुष्यलोक मे मेरे मनुष्यभव के उपकारी आचार्य हैं, उपाध्याय है या प्रवर्तक है या स्थविर है या गणी हैं या गणधर हैं या गणावच्छेदक हैं, जिनके प्रभाव से मुझे यहाँ यह इस प्रकार की दिव्य देवऋद्धि दिव्य देवद्युति और दिव्य देवानुभाव प्राप्त हुआ है और भोगने के योग्य स्थिति में पहुँचा हूँ। अत मै उन भगवन्तो की वन्दना करने, नमस्कार करने, उनका सत्कार करने, सन्मान करने और कल्याणरूप, मंगलमय देव चैत्यस्वरूप की पर्युपासना करने जाऊँ।

(२) देवलोक में तत्काल उत्पन्न हुआ देव, जो उन काम-भोगो में आसक्त नहीं होता, वह ऐसा विचार करता है-इस मनुष्यभव मे मुझ पर उपकार करने वाले ज्ञानी है, तपस्वी हैं, अतिदुष्कर घोर तपस्या करने वाले तपस्वी है, अतः मै जाऊँ-उन भगवन्तो की वन्दना करूँ, [नमस्कार करूँ, उनका सत्कार करूँ, सन्मान करूँ और कल्याणरूप, मंगलमय देव व चैत्यस्वरूप की] पर्युपासना करूँ।

(३) देवलोक मे तत्काल उत्पन्न हुआ देव दिव्य काम-भोगो मे मूर्च्छित नहीं होकर ऐसा विचार करता है-मेरे मनुष्य भव के माता हैं, पिता है या भाई है, बहिन हैं, स्त्री है, पुत्र हैं, पुत्र-वधू हैं, अतः मैं वहाँ जाऊँ, उनके सम्मुख प्रकट होकर मेरी इस प्रकार की दिव्य देवर्धि, दिव्य देवद्युति और दिव्य देव-प्रभाव को उन्हे बताऊँ।

(४) देवलोक में तत्काल उत्पन्न हुआ देव, उन देव सम्बन्धी भोगों से अलिप्त रहकर ऐसा विचार करता है—मनुष्यलोक में मेरे मनुष्य भव के मित्र हैं, सखा (बाल्यकाल के साथी) हैं, हितैषी हैं या सहायक हैं या परिचित हैं। उनका हमारे साथ परस्पर वायदा (वचनबद्धता) है कि जो पहले मरण प्राप्त होगा वह दूसरे को बोध देने आयेगा।

इन चार कारणों से देवलोक में तत्काल उत्पन्न हुआ देव शीघ्र मनुष्यलोक में आने की इच्छा करता है और शीघ्र आने के लिए समर्थ होता है।

**434.** A newly born god in the divine realm soon wants to come to the land of humans and he can, indeed, come for four reasons—

(1) A newly born god in the divine realm not fond of, infatuated with, captivated by and obsessed with divine pleasures thinks—In the land of humans live my *acharya*, *upadhyaya*, *pravartak*, *sthavir*, *gani*, *ganadhar* and *ganavachhedak* of past human birth under whose influence I attained, acquired, possessed (for enjoyment) such divine opulence, radiance and divine powers. Therefore I should go pay homage and obeisance to them, offer them honour and respect, and ensure their beatitude. Doing that I should worship the auspicious *Bhagavants* (*Tirthankars*) in the form of images and temples.

(2) A newly born god in the divine realm not obsessed with divine pleasures thinks—In the land of humans live many *jnanis* (sages), *tapasvis* (ascetics observing austerities) and those observing extremely rigorous austerities Therefore I should go pay homage and obeisance to them, ... and so on up to.. worship the auspicious *Bhagavants* (*Tirthankars*).

(3) A newly born god in the divine realm not obsessed with divine pleasures thinks—In the land of humans live my mother (father, brothers, sisters, wife, son, daughter) and daughter-in-law of my past human birth. Therefore I should go there and appear before them to enable them to see this divine opulence, radiance and divine power I have attained.

(4) A newly born god in the divine realm not obsessed with divine pleasures thinks—In the land of humans live my friends, childhood friends, well-wishers, associates and acquaintances. We did a mutual promise that whoever dies first will come back to enlighten the others.

For these four reasons, a newly born god in the divine realm soon wants to come to the land of humans and is, indeed, able to come.

**अन्धकार–उद्योतादि के चार कारण–पद ANDHAKAR-UDYOT AADI-PAD (SEGMENT OF DARKNESS, LIGHT ETC.).**

**४३५. चउहिं ठाणेहिं लोगंधगारे सिया, तं जहा–अरहंतेहिं वोच्छिज्जमाणेहिं, अरहंतपण्णत्ते धम्मे वोच्छिज्जमाणे, पुव्वगते वोच्छिज्जमाणे, जायतेजे वोच्छिज्जमाणे।**

४३५. चार कारणो से मनुष्यलोक मे अन्धकार होता है।

(१) अर्हन्तो –तीर्थंकरो के विच्छेद–शरीर छोडकर मोक्ष मे चले जाने पर, (२) तीर्थंकरों द्वारा प्ररूपित धर्म के विच्छेद–लोप या लोको मे धर्म के प्रति उदासीनता होने पर, (३) पूर्व (चौदह पूर्व शास्त्र) श्रुत के विच्छेद–उनका अध्ययन–अध्यापन बन्द होने अथवा पूर्वधरों का देवलोक होने पर, (४) जाततेजस् के विच्छेद–दुषम आरे के अन्तिम दिन भरत और ऐरवत क्षेत्र में बादर अग्नि का लोप हो जाने पर।

**435.** There are four reasons for spread of darkness in *manushyalok* (human realm or the land inhabited by humans)—(1) on *vichchhed* (extinction or *nirvana*) of *Arihants* (*Tirthankars*), (2) on *vichchhed* (extinction) of or apathy for the religion propagated by *Arhat*, (3) on *vichchhed* (extinction or termination of study and teaching) of *Purvagat Shrut* (the subtle canon) or death of scholars of these, and (4) on *vichchhed* (extinction or disappearance) of *jaat-tejas* (the gross fire that disappears from Bharat and Airavat areas on the last day of the *Dukham* epoch)

**४३६. चउहिं ठाणेहिं लोउज्जोते सिया, तं जहा–अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिनिव्वाणमहिमासु।**

४३६. चार कारणो से मनुष्यलोक मे उद्योत (प्रकाश) होता है–(१) अर्हन्तों–तीर्थंकरों के उत्पन्न होने पर, (२) अर्हन्तों के प्रव्रजित (दीक्षित) होने के अवसर पर, (३) अर्हन्तों को केवलज्ञान उत्पन्न होने की महिमा के अवसर पर, (४) अर्हन्तो के निर्वाण कल्याण (मोक्ष गमन) की महिमा के अवसर पर।

**436.** There are four reasons for spread of light in the land inhabited by humans—(1) at the time of birth of *Arihants*, (2) at the time of initiation of *Arihants*, (3) at the time of celebrating the attainment of *Keval jnana* (omniscience) by *Arihants*, and (4) at the time of celebration of the *Nirvana Kalyanak* (the auspicious occasion of *nirvana*) of *Arihants*

**४३७. एवं देवंधगारे, देवुज्जोते, देवसण्णिवाते, देवुक्कलियाए, देवकहकहए, [ चउहिं ठाणेहिं देवंधगारे सिया, तं जहा—अरहंतेहिं वोच्छिज्जमाणेहिं, अरहंतपण्णत्ते धम्मे वोच्छिज्जमाणे, पुव्वगते वोच्छिज्जमाणे, जायतेजे वोच्छिज्जमाणे ]।**

४३७. चार कारणों से देवलोक मे अन्धकार होता है–(सूत्र ४३५ के अनुसार) (१) अर्हन्तो के व्युच्छेद हो जाने पर, (२) अर्हत् प्ररूपित धर्म के व्युच्छेद हो जाने पर, (३) पूर्वगत श्रुत के व्युच्छेद हो जाने पर, (४) अग्नि के व्युच्छेद हो जाने पर।

**437.** There are four reasons for spread of darkness in *dev-lok* (divine realm or the heavens) (as mentioned in aphorism 435)—(1) on *nirvana* of *Arihants*, (2) on extinction of the religion propagated by *Arhat*, (3) on extinction of the subtle canon, and (4) on extinction of gross fire.

**४३८. चउहिं ठाणेहिं देवुज्जोते सिया, [ तं जहा—अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु। ]**

**४३९. चउहिं ठाणेहिं देवसण्णिवाते सिया, [ तं जहा—अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु। ]**

**४४०. चउहिं ठाणेहिं देवुक्कलिया सिया, [ तं जहा—अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु। ]**

**४४१. चउहिं ठाणेहिं देवकहकहए सिया, [ तं जहा—अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु। ]**

४३८. चार कारणो से देवलोक मे उद्योत (प्रकाश) होता है–(१) अर्हन्तो के उत्पन्न होने पर, (२) अर्हन्तो के प्रव्रजित होने पर, (३) अर्हन्तो के केवलज्ञान उत्पन्न होने की महिमा पर, (४) अर्हन्तो के परिनिर्वाण कल्याण की महिमा पर।

४३९. (उक्त) चार कारणो से देव–सन्निपात होता है।

४४०. उक्त चार कारणो से देवोत्कलिका होता है।

४४१. उक्त चार कारणों से देव–कहकहा होते है।

**438.** There are four reasons for spread of light in *dev-lok* (divine realm)—(1) at the time of birth of *Arihants*, (2) at the time of initiation of *Arihants*, (3) at the time of celebrating the attainment of omniscience by *Arihants*, and (4) at the time of celebration of the *Nirvana Kalyanak* of *Arihants*.

**439.** For the aforesaid four reasons there occurs *dev-sannipat* (descending of gods on the land of humans or earth).

**440.** For the aforesaid four reasons there occurs *devotkalika* (great congregation of *vimaan* dwelling gods).

**441.** For the aforesaid four reasons there occurs *dev-kahakaha* (divine laughter as expression of joy).

**विवेचन**—सूत्र ४३७ में 'देव अंधकार' का कथन है। सामान्य रूप में कहा जाता है कि देवलोक में कभी अंधकार नहीं होता। किन्तु निम्न चार कारण उपस्थित होने पर सम्पूर्ण लोक में क्षण भर के लिए अंधकार छा जाता है, ऐसा वृत्तिकार का मत है। सूत्र ४३८ से ४४२ तक देवोद्योत आदि चार शब्द आये हैं। इनका भावार्थ इस प्रकार है–

**देव-उद्योत**—(प्रकाश) दो प्रकार का होता है–द्रव्य-प्रकाश चन्द्र, सूर्य, दीपक आदि का तथा भाव-प्रकाश, ज्ञान का व सत्य धर्म का। यहाँ पर भाव-प्रकाश की दृष्टि से कथन है। **देव-सन्निपात**—देवों का सम्मिलित होकर मनुष्यलोक मे आगमन। **देवोत्कलिका**—देवों की लहरी या जमघट। जैसे एक के पीछे दूसरी तरग उठती है उसी प्रकार देवगण पंक्तिबद्ध होकर जब पृथ्वी पर आते हैं, उसे देवोत्कलिका कहा जाता है। **देव-कहकहा**—उक्त चारों अवसरो पर देवगण हर्ष व प्रमोद के कारण कल-कल हर्ष-ध्वनि करते है, उसे देव-कहकहा कहते है। (वृत्ति मुनि जम्बू विजय जी, भाग २, पृष्ठ ४१८)

**Elaboration**—There is a mention of darkness in the divine realm in aphorism 437. It is said that generally the divine realm never gets dark But according to the commentator (*Vritti*), on the four aforesaid occasions darkness envelopes the whole universe just for a moment. The four technical terms mentioned in aphorisms 438 to 442 are explained as follows—

**Dev-udyot (divine light)**—It is of two kinds—*dravya-prakash* (physical light) and *bhaava-prakash* (spiritual light) The light of the sun, the moon, lamp etc is physical light and the light of knowledge and true religion is spiritual light Here the statements refer to spiritual light *Dev-sannipat*—descending of gods in congregation on the land of humans. *Devotkalika*—waves of gods or a congregation of gods. When the gods come on the earth in files and columns like waves it is called *devotkalika*. *Dev-kahakaha*—on the said four occasions gods emit sounds of laughter to express their delight and joy. This is called *dev-kahakaha*. (*Vritti* by Muni Jambu Vijaya ji, part 2, p. 418).

**४४२. चउहिं ठाणेहिं देविंदा माणुसं लोगं हव्वमागच्छंति, एवं जहा तिठाणे जाव लोगंतिया देवा माणुस्सं लोगं हव्वमागच्छेज्जा। तं जहा–अरहंतेहि जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु।**

**४४३. एवं सामाणिया, तायत्तीसगा, लोगपाला देवा, अग्गमहिसीओ देवीओ, परिसोववण्णगा देवा, अणियाहिवई देवा, आरक्खा देवा माणुसं लोगं हव्वमागच्छति, तं जहा– अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहि पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु।**

**४४४. चउहिं ठाणेहिं देवा अब्भुट्ठिज्जा, तं जहा–अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु।**

**४४५. चउहिं ठाणेहिं देवाणं आसणाइं चलेज्जा, तं जहा–अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु।**

**४४६. चउहिं ठाणेहिं देवा सीहणायं करेज्जा, तं जहा–अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु।**

**४४७. चउहिं ठाणेहिं देवा चेलुक्खेवं करेज्जा, तं जहा–अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु।**

**४४८. चउहिं ठाणेहिं देवाणं चेइयरुक्खा चलेज्जा, तं जहा–अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु।**

**४४९. चउहिं ठाणेहिं लोगंतिया देवा माणुसं लोग हव्वमागच्छेज्जा, तं जहा–अरहंतेहिं जायमाणेहिं, अरहंतेहिं पव्वयमाणेहिं, अरहंताणं णाणुप्पायमहिमासु, अरहंताणं परिणिव्वाणमहिमासु।**

४४२. जिस प्रकार तीसरे स्थान पर देवेन्द्र (सौधर्मेन्द्र–शक्रेन्द्र) के मनुष्यलोक मे आने के तीन कारण कहे है, वैसे देवेन्द्रो के मनुष्यलोक में आने के यहाँ चार कारण इस प्रकार बताये है–(१) अर्हन्तो के उत्पन्न होने पर, (२) अर्हन्तों के प्रव्रजित होने पर, (३) अर्हन्तो के केवलज्ञान उत्पन्न होने की महिमा पर, (४) अर्हन्तों के परिनिर्वाणकल्याण की महिमा पर।

४४३. इसी प्रकार सामानिक, त्रायस्त्रिंशक, लोकपाल देव, उनकी अग्रमहिषियाँ, पारिषद्यदेव, अनीकाधिपति (सेनापति), देव और आत्मरक्षक देव, उक्त चार कारणो से तत्काल मनुष्यलोक मे आते हैं।

४४४. उक्त चार कारण उपस्थित होने पर देव अपने सिहासन से उठते है।

४४५. उक्त चार कारण उपस्थित होने पर देवों के आसन चलायमान (कम्पित) होते है।

४४६. उक्त चार कारणों से देव सिंहनाद (सिह गर्जना के तुल्य ध्वनि) करते हैं।

४४७. उक्त चार कारणों से देव चेलोत्क्षेप (दिव्य वस्त्रों की वृष्टि) करते हैं।

४४८. उक्त चार कारणों से देवों के चैत्यवृक्ष (देवताओ के पास का वृक्ष, जिस पर देवताओं का चिन्ह अंकित रहता है) चलायमान होते है।

४४९. उक्त चार कारणो से लोकान्तिक देव (लोक के अन्त में रहने वाले नव प्रकार के लोकान्तिक देव) मनुष्यलोक में शीघ्र आते हैं।

**442.** As three reasons have been mentioned in the Third Sthaan for *devendras* (overlords of gods) to rush to the land of humans, here four reasons have been mentioned as follows—(1) at the time of birth of *Arihants*, (2) at the time of initiation of *Arihants*, (3) at the time of celebrating the attainment of omniscience by *Arihants*, and (4) at the time of celebration of the *Nirvana Kalyanak* of *Arihants*.

**443.** In the same way for four aforesaid reasons various gods rush to earth These include—*samanik* gods, *tryastrinshik* gods and *lok-pal* gods, *agramahishi* goddesses, *parishadya* gods, *aneekadhipati* gods and *atmarakshak* gods

**444.** For the aforesaid four reasons gods at once getting up from their thrones.

**445** For the aforesaid four reasons the throne gods at once starts vibrating (*chalaayamaan*)

**446.** For the aforesaid four reasons gods at once start roaring like a lion (*simhanaad*)

**447.** For the aforesaid four reasons gods at once start tossing or showering dresses (*chelotkshep*)

**448.** For the aforesaid four reasons the divine *chaitya vrikshas* (trees located at the gates of *Sudharma sabha* or divine assembly) start swinging

**449.** For the aforesaid four reasons *Lokantik* gods (gods dwelling at the edge of the universe in the fifth dev-lok) at once come to the earth.

---

१ सूत्र ४४२ से ४४९ तक का पाठ आचार्य श्री आत्माराम जी म द्वारा सम्पादित प्रति तथा अभयदेव सूरि कृत टीका की मूल प्रति मे नही है। ब्यावर तथा लाडनूँ की प्रतियों में है। —सम्पादक

**Note :** The text of aphorisms 442-449 is available only in the Beawar and Ladnu editions and not in the original Abhayadev Suri Tika as well as the edition by Acharya Shri Atmamarm ji —**Editor**

## दुःखशय्या–पद DUHKHASHAYYA-PAD (SEGMENT OF BED OF MISERY)

४५०. चत्तारि दुहसेज्जाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

(१) तत्थ खलु इमा पढमा दुहसेज्जा–से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए णिग्गंथे पावयणे संकिते कंखिते बितिगिच्छते भेयसमावण्णे कलुससमावण्णे णिग्गंथं पावयणं णो सद्दहति णो पत्तियति णो रोएइ, णिग्गंथं पावयणं असद्दहमाणे अपत्तियमाणे अरोएमाणे मणं उच्चावयं णियच्छति, विणिघातमावज्जति–पढमा दुहसेज्जा।

(२) अहवा दोच्चा दुहसेज्जा–से णं मुंडे भवित्ता, अगाराओ जाव [ अणगारियं ] पव्वइए सएणं लाभेणं णो तुस्सति, परस्स लाभमासाएति पीहेति पत्थेति अभिलसति, परस्स लाभमासाएमाणे जाव [ पीहेमाणे पत्थेमाणे ] अभिलसमाणे मणं उच्चावयं णियच्छइ, विणिघातमावज्जति–दोच्चा दुहसेज्जा।

(३) अहावरा तच्चा दुहसेज्जा–से णं मुंडे भवित्ता जाव [ अगाराओ अणगारियं ] पव्वइए दिव्वे माणुस्सए कामभोगे आसाइए जाव [ पीहेति पत्थेति ] अभिलसति, दिव्वे माणुस्सए कामभोगे आसाएमाणे जाव [ पीहेमाणे पत्थेमाणे ] अभिलसमाणे मणं उच्चावयं णियच्छति, विणिघातमावज्जति–तच्चा दुहसेज्जा।

(४) अहावरा चउत्था दुहसेज्जा–से णं मुंडे जाव [ भवित्ता अगाराओ अणगारियं ] पव्वइए, तस्स णं एवं भवति–जया णं अहमगारवासमावसामि तदा णमहं संवाहण–परिमद्दण–गातब्भंग–गातुच्छोलणाइं लभामि, जप्पभिइं च णं अहं मुंडे जाव [ भवित्ता अगाराओ अणगारियं ] पव्वइए तप्पभिइं च णं अहं संवाहण जाव [ परिमद्दण–गातब्भंग ] गातुच्छोलणाइं णो लभामि। से णं संवाहण जाव [ परिमद्दण–गातब्भंग ] गातुच्छोलणाइं आसाएति जाव [ पीहेति पत्थेति ] अभिलसति, से णं संवाहण जाव [ परिमद्दण–गातब्भंग ] गातुच्छोलणाइं आसाएमाणे जाव [ पीहेमाणे पत्थेमाणे अभिलसमाणे ] मणं उच्चावयं णियच्छति, विणिघातमावज्जति–चउत्था दुहसेज्जा।

४५०. चार दुःखशय्याएँ इस प्रकार बताई हैं–

(१) **पहली दुःखशय्या**–कोई पुरुष मुण्डित (दीक्षित) होकर अगार (गृहस्थ अवस्था) से अनगारिता (साधु धर्म) में प्रव्रजित हो, निर्ग्रन्थ–प्रवचन मे १ शंकित, २. कांक्षित, ३ विचिकित्सित, ४. भेदसमापन्न, और ५ कलुषसमापन्न होकर निर्ग्रन्थ प्रवचन में श्रद्धा नहीं करता, प्रतीति (विश्वास) नहीं करता, रुचि (प्रेम–प्रीति) नहीं करता। वह निर्ग्रन्थ प्रवचन पर अश्रद्धा करता हुआ, अप्रतीति करता हुआ, अरुचि करता हुआ, मन को ऊँचा–नीचा करता है और विनिघात (धर्मभ्रष्टता) को प्राप्त होता है। यह उसकी पहली दुःखशय्या है।

(२) दूसरी दुःखशय्या—कोई पुरुष मुण्डित होकर अगार से अनगारिता मे प्रव्रजित हो, अपने प्राप्त लाभ से (भिक्षा में प्राप्त भक्त–पानादि से) सन्तुष्ट नहीं होता है, किन्तु दूसरे को प्राप्त हुए लाभ की आशा करता है, इच्छा करता है, प्रार्थना करता है और अभिलाषा (निरन्तर चाहना) करता है। वह दूसरे के लाभ की आशा करता हुआ, इच्छा करता हुआ, प्रार्थना करता हुआ और अभिलाषा करता हुआ मन को ऊँचा–नीचा करता है और विनिघात को प्राप्त होता है। यह उसकी दूसरी दुःखशय्या है।

(३) तीसरी दुःखशय्या—कोई पुरुष मुण्डित होकर अगार से अनगारिता मे प्रव्रजित हो देवो और मनुष्य सम्बन्धी काम–भोगों की आशा करता है, इच्छा करता है, प्रार्थना करता है, अभिलाषा करता है। वह देवों के और मनुष्यों के काम–भोगों की आशा करता हुआ, इच्छा करता हुआ, प्रार्थना करता हुआ अभिलाषा करता हुआ मन को ऊँचा–नीचा करता है और विनिघात को प्राप्त होता है। यह उसकी तीसरी दुःखशय्या है।

(४) चौथी दुःखशय्या—कोई पुरुष मुण्डित होकर अगार से अनगारिता मे प्रव्रजित हुआ। उसको ऐसा विचार होता है—जब मै गृहवास में रहता था, तब मै सम्बाधन (मालिश), परिमर्दन (दबाना), गात्राभ्यंग (तेल आदि चुपडना) और गात्रोत्क्षालन (स्नान) करता था। परन्तु जब से मुण्डित होकर अगार से अनगार बना हूँ, तब से मै सम्बाधन, परिमर्दन, गात्राभ्यग और गात्रप्रक्षालन नही कर पा रहा हूँ। ऐसा विचार कर वह सम्बाधन, परिमर्दन, गात्राभ्यग और गात्रप्रक्षालन की आशा करता है, इच्छा कारता है, प्रार्थना करता है और अभिलाषा करता है। सम्बाधन, परिमर्दन, गात्राभ्यग और गात्रप्रक्षालन की इच्छा करता हुआ, प्रार्थना करता हुआ और अभिलाषा करता हुआ वह अपने मन को ऊँचा–नीचा करता है और विनिघात को प्राप्त होता है। यह उस मुनि की चौथी दु खशय्या है।

**450.** *Duhkhashayya* (bed of misery) is of four kinds—

**(1) First bed of misery**—On getting tonsured and getting initiated as a homeless ascetic after renouncing his household, some person does not have belief, awareness and interest in the ascetic-sermon out of—1 suspicion, 2. misgiving, 3 doubt, 4. distrust, and 5. perversion. Continued disbelief, unawareness and disinterest in the ascetic-sermon lead to a wavering mind and, in turn, his fall from grace (*vinighat*). This is his first bed of misery

**(2) Second bed of misery**—On getting tonsured and getting initiated as a homeless ascetic after renouncing his household, some person is not contented with his gains (collected alms) and hopes, desires, prays and craves for gains by others. Such continued hope, desire, prayer and craving lead to a wavering mind and, in turn, his fall from grace (*vinighat*). This is his second bed of misery.

(3) **Third bed of misery**—On getting tonsured and getting initiated as a homeless ascetic after renouncing his household, some person hopes, desires, prays and craves for divine and human carnal pleasures. Such continued hope, desire, prayer and craving lead to a wavering mind and, in turn, his fall from grace (*vinighat*). This is his third bed of misery.

(4) **Fourth bed of misery**—On getting tonsured and getting initiated as a homeless ascetic after renouncing his household, some person thinks—'When I was a householder I used to enjoy *sambadhan* (massage), *parimardan* (massage with creams and pastes), *gatrabhyang* (oil massage) and *gatrokshalan* (bath) but since I have become ascetic I am unable to do all that.' With this idea he hopes, desires, prays and craves for massages (as aforesaid) and bath. Such continued hope, desire, prayer and craving lead to a wavering mind and, in turn, his fall from grace (*vinighat*). This is his fourth bed of misery

**सुखशय्या–पद SUKHASHAYYA-PAD (SEGMENT OF BED OF HAPPINESS)**

४५१. चत्तारि सुहसेज्जाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

(१) तत्थ खलु इमा पढमा सुहसेज्जा–से णं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए णिग्गंथे पावयणे णिस्संकिते णिक्कंखिते णिव्वितिगिच्छए णो भेदसमावण्णे णो कलुससमावण्णे णिग्गंथं पावयणं सद्दहइ पत्तियइ रोएइ, णिग्गंथं पावयणं सद्दहमाणे पत्तियमाणे रोएमाणे णो मणं उच्चावयं णियच्छति, णो विणिघातमावज्जति–पढमा सुहसेज्जा।

(२) अहावरा दोच्चा सुहसेज्जा–से णं मुंडे जाव (भवित्ता, अगाराओ अणगारियं ] पव्वइए सएणं लाभेणं तुस्सति, परस्स लाभं णो आसाएति णो पीहेति णो पत्थेति णो अभिलसति, परस्स लाभमणासएमाणे जाव [ अपीहेमाणे अपत्थेमाणे ] अणभिलसमाणे णो मणं उच्चावयं णियच्छति, णो विणिघातमावज्जति दोच्चा सुहसेज्जा।

(३) अहावरा तच्चा सुहसेज्जा–से णं मुंडे जाव [ भवित्ता अगाराओ अणगारियं ] पव्वइए दिव्व–माणुस्सए कामभोगे णो आसाएति जाव [ णो पीहेति णो पत्थेति ] णो अभिलसति, दिव्वमाणुस्सए कामभोगे अणासाएमाणे जाव [ अपीहेमाणे अपत्थेमाणे ] अणभिलसमाणे णो मणं उच्चावयं णियच्छति, णो विणिघातमावज्जति–तच्चा सुहसेज्जा।

(४) अहावरा चउत्था सुहसेज्जा–से णं मुंडे जाव [ भवित्ता अगाराओ अणगारियं ] पव्वइए, तस्स णं एवं भवति–जइ ताव अरहंता भगवंतो हट्ठा अरोगा बलिया कल्लसरीरा अण्णयराइं ओरालाइं कल्लाणाइं विउलाइं पयताइं पग्गहिताइं महाणुभागाइं कम्मक्खयकारणाइं तवोकम्माइं पडिवज्जंति, किमंग पुण अहं अब्भोवगमिओवक्कमियं वेयणं णो सम्मं सहामि खमामि तितिक्खेमि अहियासेमि ?

**ममं च णं अब्भोवगमिओवक्कमियं [ वेयणं ? ] सम्ममसहमाणस्स अक्खममाणस्स अतितिक्खेमाणस्स अणहियासेमाणस्स किं मण्णे कज्जति ?**

**एगंतसो मे पावे किम्मे कज्जति।**

**ममं च णं अब्भोवगमिओवक्कमियं [ वेयणं ? ] सम्मं सहमाणस्स जाव [ खममाणस्स तितिक्खेमाणस्स ] अहियासेमाणस्स किं मण्णे कज्जति ?**

**एगंतसो मे णिज्जरा कज्जति—चउत्था सुहसेज्जा।**

४५१. चार सुखशय्याएँ इस प्रकार है–

(१) **पहली सुखशय्या**–कोई पुरुष मुण्डित होकर अगार त्यागकर अनगारता में प्रव्रजित हो, निर्ग्रन्थ प्रवचन में शंका–कांक्षा–विचिकित्सा से मुक्त रहकर, भेद और कालुष्य भाव से दूर रहकर, निर्ग्रन्थ प्रवचन में श्रद्धा करता है, प्रतीति करता है और रुचि करता है। वह निर्ग्रन्थ प्रवचन मे श्रद्धा करता हुआ, प्रतीति करता हुआ, रुचि करता हुआ, मन को ऊँचा–नीचा नहीं करता है (किन्तु समता को धारण करता है), वह धर्म के विनिघात–(विनाश) को नहीं प्राप्त होता है (किन्तु धर्म मे स्थिर रहता है)। यह उसकी पहली सुखशय्या है।

(२) **दूसरी सुखशय्या**–कोई पुरुष मुण्डित होकर अगार त्यागकर अनगारिता मे प्रव्रजित हो, अपने प्राप्त (भिक्षा) लाभ से सन्तुष्ट रहता है, दूसरे के लाभ की आशा, प्रार्थना और अभिलाषा नही करता है। वह दूसरे के लाभ की आशा, इच्छा, प्रार्थना और अभिलाषा नही करता हुआ मन को ऊँचा–नीचा नही होने देता है। वह धर्म के विनिघात को नही प्राप्त होता है। यह उसकी दूसरी सुखशय्या है।

(३) **तीसरी सुखशय्या**–कोई पुरुष मुण्डित होकर अगार त्यागकर अनगारिता में प्रव्रजित होकर देवो के और मनुष्यो के काम–भोगो की आशा नही करता, इच्छा नही करता, प्रार्थना नहीं करता और अभिलाषा नही करता है। वह उनकी आशा, इच्छा, प्रार्थना और अभिलाषा नही करता हुआ मन को ऊँचा–नीचा नही करता है। वह धर्म के विनिघात को नही प्राप्त होता है। यह उसकी तीसरी सुखशय्या है।

(४) **चौथी सुखशय्या**–कोई पुरुष मुण्डित होकर अगार त्यागकर अनगारिता मे प्रव्रजित हुआ। तब उसको ऐसा विचार होता है–जब यदि अर्हन्त भगवन्त हृष्ट–पुष्ट, नीरोग, बलशाली और स्वस्थ शरीर वाले होकर भी कर्मों का क्षय करने के लिए उदार, कल्याण, विपुल, प्रयत, प्रगृहीत, महानुभाग, कर्म–क्षय करने वाले अनेक प्रकार के तप कर्मों मे से भी अन्यतर (विशिष्ट) तपो को स्वीकार करते हैं, तब मैं आभ्युपगमिकी और औपक्रमिकी वेदना को क्यो न सम्यक् प्रकार से सहूँ? क्यो न क्षमा धारण करूँ? और क्यों न धीरतापूर्वक वेदना मे स्थिर रहूँ?

यदि मै आभ्युपगमिकी और औपक्रमिकी वेदना को सम्यक् प्रकार से सहन नही करूँगा, क्षमा धारण नहीं करूँगा और धीरतापूर्वक वेदना मे स्थिर नहीं रहूँगा, तो मुझे क्या होगा? मुझे एकान्त रूप से पाप कर्म होगा?

यदि मैं आभ्युपगमिकी और औपक्रमिकी वेदना को सम्यक् प्रकार से सहन करूँगा, क्षमा धारण करूँगा और धीरतापूर्वक वेदना में स्थिर रहूँगा तो मुझे क्या होगा ? एकान्त रूप से मेरे कर्मों की निर्जरा होगी। यह उसकी चौथी सुखशय्या है।

**451.** *Sukhashayya* (bed of happiness) is of four kinds—

इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के होते हैं-(१) कोई पुरुष रूपसम्पन्न होता है, किन्तु जयसम्पन्न नहीं। (२) कोई जयसम्पन्न तो होता है, किन्तु रूपसम्पन्न नही। (३) कोई रूपसम्पन्न भी और जयसम्पन्न भी होता है। (४) कोई न रूपसम्पन्न और न जयसम्पन्न ही होता है।

**479.** ***Prakanthak*** **(horse) are of four kinds—(1) Some horse is *rupa sampanna* (beautiful) and not *jaya sampanna* (instrumental in victory). (2) Some horse is *jaya sampanna* and not *rupa sampanna*. (3) Some horse is both *rupa sampanna* and *jaya sampanna*. (4) Some horse is neither *rupa sampanna* nor *jaya sampanna*.**

***Purush*** **(men) are also of four kinds—(1) Some man is *rupa sampanna* (beautiful) and not *jaya sampanna* (victorious). (2) Some man is *jaya sampanna* and not *rupa sampanna*. (3) Some man is both *rupa sampanna* and jaya sampanna (4) Some man is neither *rupa sampanna* nor *jaya sampanna***

**विवेचन**—संस्कृत भाषा में घोड़ो के लिए दो शब्द आते हैं—**कन्थक**—सामान्य जाति के घोडे, **प्रकन्थक**—विशेष जाति के घोडे। इसी प्रकार घोडो की चित्राली, अरबी, उराली, सिंधी आदि अनेक जातियाँ (नस्लें) होती हैं। जाति के कारण घोड़ो के गुण भी भिन्न-भिन्न होते हैं। जैसे—अरबी घोड़ा भागने में तेज नहीं होता, किन्तु निर्भीक होता है। उराली घोडा भागने में जितना तेज होता है, उतना निर्भीक नहीं होता। (हिन्दी टीका, पृष्ठ ९७७ से ९८०)

**Elaboration**—In Sanskrit language there are two terms for horses—*kanthak* or horses of ordinary breed and *prakanthak* or horses of special breed. There are numerous such special breeds, namely Chitrali, Arabian, Urali, Sindhi etc Based on breed, horses have different qualities. For example an Arabian horse is not fast but fearless. Urali horse is fast but not so fearless.

In these aphorisms various facets of human character, behaviour and nature have been explained using horse as a metaphor. (*Hindi Tika*, pp. 977-980)

## सिंह-शृगाल-पद SIMHA-SHRIGAAL-PAD (SEGMENT OF LION AND JACKAL)

**४८०. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा—सीहत्ताए णाममेगे णिक्खंते सीहत्ताए विहरइ, सीहत्ताए णाममेगे णिक्खंते सीयालत्ताए विहरइ, सीयालत्ताए णाममेगे णिक्खंते सीहत्ताए विहरइ, सीयालत्ताए णाममेगे णिक्खंते सीयालत्ताए विहरइ।**

४८०. [प्रव्रज्या ग्रहण कर उनका पालन करने वाले] पुरुष चार प्रकार के होते हैं—(१) कोई पुरुष सिंहवृत्ति (वीरता) से निष्क्रांत-प्रव्रजित होता है और सिंहवृत्ति से ही विचरता है। (२) कोई सिंहवृत्ति से प्रव्रजित होता है, किन्तु शृगालवृत्ति (दीनता) से विचरता है। (३) कोई शृगालवृत्ति से निष्क्रान्त होता है, किन्तु सिंहवृत्ति से विचरता है। (४) कोई शृगालवृत्ति से निष्क्रान्त होता है और शृगालवृत्ति से ही विचरता है।

**480.** ***Purush*** **(men) are also of four kinds (those who get initiated and follow the ascetic way)—(1) Some man gets initiated (*nishkrant*) with *simha-vritti* (lion-like attitude; fearless) and moves about with lion-like attitude. (2) Some man gets initiated with lion-like attitude but moves about with *shrigaal-vritti* (jackal-like attitude; cowardly). (3) Some man gets initiated with jackal-like attitude but moves about with lion-like attitude. (4) Some man gets initiated with jackal-like attitude but moves about also with jackal-like attitude.**

**विवेचन**—सिंहवृत्ति का अभिप्राय है—सिंह के समान निर्भीकता, साहसिकता तथा संशयमुक्त होकर किसी सहायता की अपेक्षा किये बिना चलना। शृगालवृत्ति का अभिप्राय है—कठिनाइयों से डर जाना, दूसरों की सहायता या आश्रय की अपेक्षा रखना तथा घबराकर बीच में ही अधीर हो जाना।

**Elaboration**—*Simha-vritti* means to move about fearlessly, courageously and free of hesitation without any expectation of assistance from any direction. *Shrigaal-vritti* means to be afraid in face of difficulties, to expect help from or refuge with others and to lose poise and patience.

**सम–पद SAM-PAD (SEGMENT OF SIMILARITY)**

**४८१. चत्तारि लोगे समा पण्णत्ता, तं जहा—अपइट्ठाणे णरए, जंबुद्दीवे दीवे, पालए जाणविमाणे, सव्वट्ठसिद्धे महाविमाणे।**

४८१. लोक मे चार स्थान समान हैं। ये चारों ही एक लाख योजन विस्तार वाले हैं)। जैसे—(१) अप्रतिष्ठान नरक—अधोलोक मे सातवें नरक के पाँच नारकावासों में से मध्यवर्ती एक नारकावास। (२) मध्यलोक का जम्बूद्वीप नामक द्वीप। (३) पालकयान—विमान—ऊर्ध्वलोक में सौधर्मेन्द्र का यात्रा-विमान। (४) सर्वार्थसिद्ध महाविमान—पाँच अनुत्तर विमानों में मध्यवर्ती विमान।

**481.** In *Lok* (universe) four places are *sam* (similar or equal)—(1) *Apratishthan narak*—the middle infernal abode among the five abodes of the seventh hell in the lower world, (2) Jambu continent in the middle world, (3) *Paalakayan vimaan*—the commuting celestial vehicle of Saudharmendra in the upper world, and (4) *Sarvarthasiddha mahavimaan*—the middle *vimaan* among the five *Anuttar vimaans*. (all these have an area of one hundred thousand *Yojans*)

**४८२. चत्तारि लोगे समा सपक्खिं सपडिदिसिं पण्णत्ता, तं जहा—सीमंतए णरए, समयक्खेत्ते, उडुविमाणे, इसीपब्भारा पुढवी।**

४८२. लोक में चार सम—(पैंतालीस लाख योजन के समान विस्तार वाले), सपक्ष—(समान पार्श्व वाले) और सप्रतिदिश—(समान दिशा और विदिशा वाले) हैं)। जैसे—(१) सीमन्तक नरक—पहले नरक

का मध्यवर्ती प्रथम नारकावास। (२) समयक्षेत्र–मनुष्य क्षेत्र–अढाई द्वीप। (३) उडुविमान–सौधर्म कल्प के प्रथम प्रस्तर का मध्यवर्ती उडु नामक विमान। (४) ईषत्प्राग्भारा–पृथ्वी–लोक के अग्र भाग पर अवस्थित भूमि (सिद्धालय)।

**482.** In *Lok* (universe) four places are *sam* (equal having an area of four million five hundred thousand *Yojans*), *sapaksh* (similar in flanks) and *sapratidish* (similar in directions and intermediate directions)—(1) *Simantak narak*—the middle infernal abode of the first hell, (2) *Samaya kshetra*—the land of humans or the Adhai Dveep, (3) *Udduvimaan*—the middle *vimaan* of the first level of *Saudharma Kalp* and (4) *Ishatpragbhara prithvi*—the area located at the edge of universe or the abode of *Siddhas*.

### द्विशरीर–पद DVISHARIRA-PAD (SEGMENT OF TWO BODIES)

**४८३. उड्ढलोगे णं चत्तारि बिसरीरा पण्णत्ता, तं जहा–पुढविकाइया, आउकाइया, वणस्सकाइया, उराला तसा पाणा। ४८४. अहोलोगे णं चत्तारि बिसरीरा पण्णत्ता, तं जहा–एवं चेव, (पुढविकाइया, आउकाइया, वणस्सकाइया, उराला तसा पाणा। ४८५. एवं तिरियलोगे वि (णं चत्तारि बिसरीरा पण्णत्ता, तं जहा–एवं चेव, (पुढविकाइया, आउकाइया, वणस्सकाइया, उराला तसा पाणा।**

४८३. ऊर्ध्वलोक मे चार द्विशरीरी (दूसरे जन्म मे शरीर धारण कर सिद्धगति प्राप्त कर सकते हैं)–(१) पृथ्वीकायिक, (२) अप्कायिक, (३) वनस्पतिकायिक, (४) उदार (संज्ञी पचेन्द्रिय) त्रस प्राणी। ४८४. अधोलोक मे चार द्विशरीरी है–(१) पृथ्वीकायिक, (२) अप्कायिक, (३) वनस्पतिकायिक, (४) उदार त्रस प्राणी। ४८५. तिर्यक्लोक मे चार द्विशरीरी है–(१) पृथ्वीकायिक, (२) अप्कायिक, (३) वनस्पतिकायिक, (४) उदार त्रस प्राणी।

**483.** There are four *dvisharirıs* (those who may get liberated during the next incarnation) in *urdhvalok* (upper world)—(1) *prithvikayik* (earth-bodied beings), (2) *apkayik* (water-bodied beings), (3) *vanaspatikayik* (plant-bodied beings) and (4) *udaar tras prani* (sentient five sensed beings). **484.** There are four *dvishariris* (those who may get liberated during the next incarnation) in *adholok* (lower world)—(1) *prithvikayik* (earth-bodied beings), (2) *apkayik* (water-bodied beings), (3) *vanaspatikayik* (plant-bodied beings), and (4) *udaar tras prani* (sentient five sensed beings). **485.** There are four *dvishariris* (those who may get liberated during the next incarnation) in the *tiryaklok* (transverse world)—(1) *prithvikayik* (earth-bodied beings), (2) *apkayik* (water-bodied beings), (3) *vanaspatikayik* (plant-bodied beings), and (4) *udaar tras prani* (sentient five sensed beings).

विवेचन–उक्त तीनों सूत्रों में छह कायिक जीवो में से अग्निकायिक और वायुकायिक जीवों को छोड़ दिया गया है, इसका कारण है, वे मरकर मनुष्यों में उत्पन्न नहीं होते और इसीलिए वे दूसरे भव में सिद्ध नहीं हो सकते। छहों कायों में जो सूक्ष्म जीव हैं, वे भी मरकर अगले भव मे मनुष्य न हो सकने के कारण मुक्त नहीं हो सकते। त्रस के साथ 'उदार' विशेषण से यह सूचित किया गया है कि विकलेन्द्रिय त्रस प्राणी भी अगले भव में सिद्ध नहीं हो सकते। अतः संज्ञी पंचेन्द्रिय त्रस जीवो को 'उदार त्रस प्राणी' पद से ग्रहण करना चाहिए। द्विशरीरी का अर्थ है–एक वर्तमान भव का शरीर तथा एक अगले भव का मनुष्य शरीर जिससे मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है।

**Elaboration**—In the three aforesaid aphorisms fire-bodied and air-bodied beings have been excluded. The reason is that they do not reincarnate as human beings and therefore they cannot attain liberation during next birth. The minute (*sukshma*) beings in all the six life forms also do not reincarnate as humans and so they too-cannot get liberated. The adjective *udaar* with *tras* indicates that *vikalendriya* (one to four sensed) beings also cannot get liberated during the next birth. Thus the phrase '*udaar tras prani*' should be interpreted as sentient mobile beings. *Dvisharin* means having two bodies or the present body and the human body during the next birth when liberation may be attained

### सत्त्व–पद SATTVA-PAD (SEGMENT OF COURAGE)

४८६. चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–हिरिसत्ते, हिरिमणसत्ते, चलसत्ते, थिरसत्ते।

४८६. पुरुष चार प्रकार के होते हैं। जैसे–(१) ह्रीसत्त्व–विषम परिस्थिति मे भी लज्जावश कायर न होने वाला। (२) ह्रीमनःसत्त्व–भयवश शरीर मे रोमाच, कम्पनादि होने पर भी मन मे दृढता रखने वाला। (३) चलसत्त्व–परीषहादि आने पर विचलित होने वाला। (४) स्थिरसत्त्व–उग्र से उग्र परीषह और उपसर्ग आने पर भी स्थिर रहने वाला।

**486.** *Purush* (men) are of four kinds—(1) *Hri-sattva*—who, in adverse conditions, does not show cowardice for face-saving. (2) *Hrimanah-sattva*—who remains mentally strong even when his body trembles with fear. (3) *Chal-sattva*—who gets disturbed in face of afflictions. (4) *Sthir-sattva*—who is unmoved even by gravest afflictions

### प्रतिमा–पद PRATIMA-PAD (SEGMENT OF SPECIAL CODES AND RESOLUTIONS)

४८७. चत्तारि सेज्जपडिमाओ पण्णत्ताओ। ४८८. चत्तारि वत्थपडिमाओ पण्णत्ताओ। ४८९. चत्तारि पायपडिमाओ पण्णत्ताओ। ४९०. चत्तारि ठाणपडिमाओ पण्णत्ताओ।

४८७. चार शय्या-प्रतिमाएँ (शय्या सम्बन्धी अभिग्रह या प्रतिज्ञाएँ) कही गई हैं। ४८८. चार वस्त्र-प्रतिमाएँ (वस्त्र सम्बन्धी प्रतिज्ञाएँ) कही गई हैं। ४८९. चार पात्र सम्बन्धी प्रतिमाएँ (पात्र-प्रतिज्ञाएँ) कही गई हैं। ४९०. चार स्थान-प्रतिमाएँ (स्थान सम्बन्धी प्रतिज्ञाएँ) कही गई हैं।

**487.** There are four *shayya-pratimas* (special codes and resolutions related to bed). **488.** There are four *vastra-pratimas* (special codes and resolutions related to dress). **489.** There are four *paatra-pratimas* (special codes and resolutions related to begging-bowls). **490.** There are four *sthaan-pratimas* (special codes and resolutions related to place of stay).

**विवेचन**-साधु अपनी आवश्यकता के अनुसार शय्या, वस्त्र, पात्र और स्थान की याचना करता है परन्तु उसमें भी विभिन्न प्रकार के अभिग्रह धारण कर मर्यादा करता है। यहाँ पर केवल उनका नामोल्लेख है। आयारचूला के आधार पर टीकाकार ने चारों प्रतिमाओं का स्वरूप इस प्रकार बताया है-

**१. शय्या-प्रतिमा के चार प्रकार-**

(१) (श्रमण प्रतिज्ञा/अभिग्रह धारण करता है) मेरे नाम से उद्दिष्ट-घोषित या संकल्पित शय्या मिलेगी तो ग्रहण करूँगा, अनुद्दिष्ट अन्य शय्या को नहीं ग्रहण करूँगा। (२) मेरे लिए उद्दिष्ट शय्या को यदि मैं देखूँगा तो उसे ग्रहण करूँगा, अनुद्दिष्ट और अदृष्ट शय्या को नहीं ग्रहण करूँगा। (३) मेरे लिए उद्दिष्ट शय्या यदि शय्यातर के घर में होगी तो उसे ग्रहण करूँगा, अन्यथा नहीं। (४) मेरे लिए उद्दिष्ट शय्या यदि सहज बिछी हुई मिलेगी तो उसे ग्रहण करूँगा, अन्यथा नहीं।

**२. वस्त्र-प्रतिमा के चार प्रकार-**

(१) मेरे लिए उद्दिष्ट वस्त्र की ही याचना करूँगा, अन्य की नही। (२) मेरे लिए उद्दिष्ट वस्त्र को यदि देखूँगा तो उसकी ही याचना करूँगा, अन्य की नहीं। (३) मेरे लिए उद्दिष्ट और घोषित वस्त्र यदि शय्यातर के द्वारा उपयोग मे लाया हुआ हो तो उसकी याचना करूँगा, अन्य की नहीं। (४) मेरे लिए उद्दिष्ट और घोषित वस्त्र यदि शय्यातर के द्वारा फैंक देने योग्य हो तो उसकी याचना करूँगा, अन्य की नहीं।

**३. पात्र-प्रतिमा के चार प्रकार-**

(१) मेरे लिए उद्दिष्ट काष्ठ-पात्र आदि की मैं याचना करूँगा, अन्य की नहीं। (२) मेरे लिए उद्दिष्ट पात्र को यदि मैं देखूँगा तो उसकी याचना करूँगा, अन्य की नहीं। (३) मेरे लिए उद्दिष्ट पात्र यदि दाता

का निजी है और उसके द्वारा उपयोग में लिया हुआ है तो मैं याचना करूँगा, अन्यथा नहीं। (४) मेरे लिए उद्दिष्ट पात्र यदि दाता का निजी है, उपभुक्त है और उसके द्वारा छोड़ने–त्याग देने के योग्य है तो मैं याचना करूँगा, अन्य नहीं।

**४. स्थान–प्रतिमा के चार प्रकार–**

(१) कायोत्सर्ग, ध्यान और स्वाध्याय के लिए मैं जिस उपाश्रय में ठहरा हूँ, उस स्थान का आश्रय लूँगा, वहाँ पर ही मैं हाथ–पैर पसारूँगा, वहीं पर सीमित–विचरण करूँगा और भींत आदि का सहारा लूँगा, अन्यथा नहीं। (२) स्वीकृत स्थान में ठहरूँगा, किन्तु इधर–उधर नहीं घूमूँगा। (३) स्वीकृत स्थान में भी भींत आदि का सहारा नहीं लूँगा। (४) स्वीकृत स्थान में भी मैं न हाथ–पैर पसारूँगा, न भित्ति आदि का सहारा लूँगा, न पाद–विचरण करूँगा। किन्तु जैसा कायोत्सर्ग, पद्मासन या अन्य आसन से स्थिर होऊँगा, नियत काल तक तथैव स्थिर रहूँगा।

**Elaboration**—An ascetic seeks bed, dress, begging-bowl and place of stay according to his needs However, he further limits these by taking various special resolves Only their name have been mentioned here. On the basis of *Ayar-chula* the commentator (*Tika*) has described them as follows—

(a) *Shayya-pratimas* (special codes and resolutions related to bed)—

An ascetic resolves that—(1) I will accept only a bed that is specifically meant for me, not otherwise (2) I will accept only a bed which I see and which is specifically meant for me, not otherwise. (3) I will accept only a bed that is specifically meant for me and is lying in the house of a *shayyatar* (person who provides facilities for staying overnight), not otherwise. (4) I will accept only a bed that is specifically meant for me and is ready for use in ordinary course, not otherwise

(b) *Vastra-pratimas* (special codes and resolutions related to dress)—

An ascetic resolves that—(1) I will seek only a dress that is specifically meant for me, not any other (2) I will seek only a dress which I see and which is specifically meant for me, not any other. (3) I will seek only a dress that is specifically meant for me and has already been used by the *shayyatar*, not any other (4) I will seek only a dress that is specifically meant for me and is worth discarding by the *shayyatar*, not any other.

(c) ***Paatra-pratimas*** **(special codes and resolutions related to begging-bowls)—**

An ascetic resolves that—(1) I will seek only a begging-bowl (wooden etc.) that is specifically meant for me, not any other. (2) I will seek only a begging-bowl which I see and which is specifically meant for me, not any other. (3) I will seek only a begging-bowl that is specifically meant for me, belongs to the donor and has been used by him, not any other. (4) I will seek only a begging-bowl that is specifically meant for me, belongs to the donor, has been used by him and is worth discarding, not any other.

(d) *Sthaan-pratimas* (special codes and resolutions related to place of stay)—

An ascetic resolves that—(1) I will rest, spread my limbs, limit my movement and lean on the walls (etc.) only within the *upashraya* (place of stay for ascetics) where I stay for *kayotsarg* (a meditational practice of dissociating oneself from his body), meditation and studies, not otherwise (2) I will stay only in the accepted area and not move around. (3) Even in the accepted area of stay I will not lean on the walls (etc ) (4) Even in the accepted area I will neither spread my limbs, nor lean on the walls (etc.) or move on feet Instead, for a specified period I will remain unmoving in *kayotsarg*, lotus or other yogic posture accepted by me.

### शरीर–पद SHARIRA-PAD (SEGMENT OF BODY)

**४९१. चत्तारि सरीरगा जीवफुडा पण्णत्ता, तं जहा—वेउव्विए, आहारए, तेयए, कम्मए।**

४९१. चार शरीर जीव–स्पृष्ट कहे गये हैं, जैसे–(१) वैक्रियशरीर, (२) आहारकशरीर, (३) तैजसशरीर, (४) कार्मणशरीर।

**491.** Four *sharira* (bodies) are said to be *jiva-sprisht* (soul-linked)—(1) *vaikriya sharira* (transmutable body), (2) *aharak sharira* (telemigratory body), (3) *taijas sharira* (fiery body), and (4) *karman sharira* (*karmic* body).

**४९२. चत्तारि सरीरगा कम्मुमीसगा पण्णत्ता, तं जहा—ओरालिए, वेउव्विए, आहारए, तेयए।**

४९२. चार शरीर कार्मणशरीर से संयुक्त कहे गये हैं–(१) औदारिकशरीर, (२) वैक्रियशरीर, (३) आहारकशरीर, (४) तैजसशरीर।

**492.** Four *sharira* (bodies) are said to be united with ***karman sharira*** (*karmic* body)—(1) *audarik sharira* (gross physical body), (2) *vaikriya*

*sharira* (transmutable body), (3) *aharak sharira* (telemigratory body), and (4) *taijas sharira* (fiery body).

**विवेचन**—शरीर पाँच प्रकार के बताये हैं—औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस और कार्मण। इनमें औदारिक शरीर को छोड़कर शेष चार शरीर को 'जीव-स्पृष्ट' कहा है। वैक्रिय आदि चार शरीरों को जीव-स्पृष्ट कहने का अभिप्राय यह है कि ये चारों शरीर सदा जीव से व्याप्त ही मिलेंगे। जीव से रहित वैक्रिय आदि शरीरों की सत्ता कभी सम्भव नहीं है अर्थात् जीव द्वारा त्यक्त वैक्रिय आदि शरीर पृथक् रूप से कभी नहीं मिलेंगे। जीव के बहिर्गमन करते ही वैक्रिय आदि शरीरों के पुद्गल-परमाणु तत्काल बिखर जाते हैं, उनका कोई चिन्ह शेष नहीं रहता। किन्तु औदारिकशरीर की स्थिति उक्त चारो शरीरो से भिन्न है। औदारिकशरीर जीव के त्याग देने पर भी हाड़-माँस बचा रहता है।

चार शरीरों को कार्मणशरीर से संयुक्त कहने का अर्थ यह है कि अकेला कार्मणशरीर कभी नहीं पाया जाता है। जब भी और जिस किसी भी गति में वह मिलेगा, तब वह औदारिक आदि चार शरीरों में से किसी एक, दो या तीन के साथ सम्मिश्र या संयुक्त ही मिलेगा।

**Elaboration**—There are five bodies—*audarik sharira* (gross physical body), *vaikriya sharira* (transmutable body), *aharak sharira* (telemigratory body), *taijas sharira* (fiery body) and *karman sharira* (*karmic* body). Out of these, except gross physical body, the remaining four are said to be *jiva-sprisht* (soul-linked). This is because all these four bodies are always found linked with soul. Existence of these four bodies including *vaikriya* independent of soul is never possible. In other words any of these four bodies left by soul have no existence. With the exit of soul the subtle constituent particles at once disintegrate leaving no sign. *Audarik sharira* is different than these because even when the soul abandons, it remains in the form of flesh and bones.

The statement that *karman sharira* is united with four bodies conveys that it has no independent existence. Whenever and wherever it is found it is always found united with one, two or three of the other four kinds of bodies.

### स्पृष्ट-पद SPRISHT-PAD (SEGMENT OF PERVASION)

**४९३. चउहिं अत्थिकाएहिं लोगे फुडे पण्णत्ते, तं जहा—धम्मत्थिकाएणं, अधम्मत्थिकाएणं, जीवत्थिकाएणं, पुग्गलत्थिकाएणं।**

४९३. यह समूचा लोक चार अस्तिकायों से स्पृष्ट (व्याप्त) है-(१) धर्मास्तिकाय से, (२) अधर्मास्तिकाय से, (३) जीवास्तिकाय से, और (४) पुद्गलास्तिकाय से।

**493.** This whole *Lok* (universe) is *sprisht* (pervaded) by four *astikayas* (eternal agglomerative entities)—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), (2) *Adharmastikaya* (inertia entity), (3) *Akashastikaya* (space entity), and (4) *Pudgalastikaya* (matter entity)

**४९४. चउहिं बादरकाएहिं उववज्जमाणेहिं लोगे फुडे पण्णत्ते, तं जहा–पुढविकाइएहिं, आउकाइएहिं, वाउकाइएहिं, वणस्सइकाइएहिं।**

४९४. निरन्तर उत्पन्न होने वाले चार अपर्याप्तक बादरकायिक जीवों के द्वारा यह सर्वलोक स्पृष्ट–परिव्याप्त है–(१) बादर पृथ्वीकायिक जीवो से, (२) बादर अप्कायिक जीवों से, (३) बादर वायुकायिक जीवो से, (४) बादर वनस्पतिकायिक जीवों से।

**494.** This whole *Lok* (universe) is *sprisht* (pervaded) by four continuously producing *aparyaptak badar-kayik jivas* (inchoate gross-bodied beings)—(1) *badar prithvi-kayik jivas* (gross earth-bodied beings), (2) *badar ap-kayik jivas* (gross water-bodied beings), (3) *badar vayu-kayik jivas* (gross air-bodied beings), and (4) *badar vanaspati-kayik jivas* (gross plant-bodied beings).

**विवेचन**–इस सूत्र में बादर तेजस्कायिक जीवो का नामोल्लेख नही करने का कारण यह है कि वे सर्व लोक मे नही पाये जाते हैं, यद्यपि सूक्ष्म तेजस्कायिक जीव सर्व लोक में व्याप्त है, किन्तु 'बादरकाय' का सद्भाव केवल मनुष्य क्षेत्र में ही पाया जाता है। बादर पृथ्वीकायिकादि चारों काया के जीव निरन्तर मरते रहते है और उत्पन्न होते रहते है।

**Elaboration**—The reason for excluding *tejas-kayik jivas* (fire-bodied beings) from this list is that they do not exist everywhere in the universe. Although minute fire-bodied beings pervade the whole universe, the gross fire-bodied beings exist only in the land of humans The four gross bodied beings including earth-bodied ones continuously die and get reborn.

**तुल्य–प्रदेश–पद TULYA-PRADESH-PAD (SEGMENT OF EQUAL SPACE-POINTS)**

**४९५. चउहिं पएसग्गेणं तुल्ला पण्णत्ता, तं जहा–धम्मत्थिकाए, अधम्मत्थिकाए, लोगागासे, एगजीवे।**

४९५. प्रदेशाग्र–प्रदेशों के परिमाण की अपेक्षा से चार अस्तिकाय द्रव्य समान हैं–(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) लोकाकाश, (४) एक जीव।

**495.** In terms of *pradeshagra* (number of space-points) four *astikaya dravya* (agglomerative entities) are equal—(1) *Dharmastikaya*, (2) *Adharmastikaya*, (3) *Lokakash*, and (4) single soul.

विवेचन—इन चारों के असंख्यात प्रदेश होते हैं और ये बराबर-बराबर हैं।

**Elaboration**—All these four entities have innumerable space-points and their number is equal.

## नो सुपश्य-पद NO SUPASHYA-PAD (SEGMENT OF NOT ORDINARILY VISIBLE)

४९६. चउण्हमेगं सरीरं णो सुपस्सं भवइ, तं जहा—पुढविकाइयाणं, आउकाइयाणं, तेउकाइयाणं, वणस्सइकाइयाणं।

४९६. इन चार काय के जीवों का एक शरीर सुपश्य (सहज दृश्य) नहीं होता है-(१) पृथ्वीकायिक जीवों का, (२) अप्कायिक जीवों का, (३) तैजसकायिक जीवों का, (४) साधारण वनस्पतिकायिक जीवों का।

**496.** A single body of these four beings is not *supashya* (ordinarily visible)—(1) *prithvi-kayik jivas* (earth-bodied beings), (2) *ap-kayik jivas* (water-bodied beings), (3) *taijas-kayik jivas* (fire-bodied beings), and (4) *sadharan vanaspati-kayik jivas* (clustered plant-bodied beings).

विवेचन-'सुपश्य नहीं' का अर्थ आँखों से दिखाई नहीं देता, यह समझना चाहिए। इन चारों ही कायों के जीवों में एक-एक जीव के शरीर की अवगाहना अगुल के असंख्यातवें भाग बताई गई है। इतने छोटे शरीर का दिखना नेत्रों-से सम्भव नहीं है। हाँ, अनुमानादि प्रमाणों से उनका जानना सम्भव है या फिर केवली भगवान उनको देखते हैं।

**Elaboration**—*Nosupashya* means not visible with naked eye. A single being of any of the aforesaid four classes of beings occupies innumerable fraction of an *Angul* (width of a finger). It is not possible to see such minute body with naked eye. They are either known hypothetically or are visible to an omniscient.

## इन्द्रियार्थ-पद INDRIYARTH-PAD (SEGMENT OF FUNCTION OF SENSE ORGANS)

४९७. चत्तारि इंदियत्था पुट्ठा वेदेंति, तं जहा—सोइंदियत्थे, घाणिंदियत्थे, जिब्भिंदियत्थे, फासिंदियत्थे।

४९७. चार इन्द्रियों के विषय स्पर्श होने पर ही अर्थात् ग्राहक इन्द्रिय के साथ उनका संयोग होने पर ही ज्ञान होता है, जैसे-(१) श्रोत्रेन्द्रिय का विषय-शब्द, (२) घ्राणेन्द्रिय का विषय-गन्ध,

(३) रसनेन्द्रिय का विषय-रस, और (४) स्पर्शनेन्द्रिय का विषय-स्पर्श। (चक्षु-इन्द्रिय रूप के साथ संयोग हुए बिना ही अपने विषय-रूप को देखती है।)

**497.** The subjects of four sense organs are known by the receptor organ through touch only—(1) the subject of *shrotrendriya* (ear)—sound, (2) the subject of *ghranendriya* (nose)—smell, (3) the subject of *rasanendriya* (taste-buds)—taste, and (4) the subject of *sparshanendriya* (touch)—touch. (*Chakshu-indriya* knows its subject without coming in contact with it.)

**अलोक-अगमन-पद ALOK-AGAMAN-PAD**

**(SEGMENT OF ABSENCE OF MOVEMENT IN UNOCCUPIED SPACE)**

**४९८. चउहिं ठाणेहिं जीवा य पोग्गला य णो संचाएंति बहिया लोगंता गमणयाए, तं जहा— गतिअभावेणं, णिरुवग्गहयाए, लुक्खताए, लोगाणुभावेणं।**

४९८. इन चार कारणो से जीव और पुद्गल लोकान्त से बाहर (अलोक मे) गमन नही कर सकते-(१) **गति के अभाव से**-जैसे दीपशिखा का स्वभाव नीचे जाने का नहीं है, वैसे लोकान्त से आगे इनका गति करने का स्वभाव नही होने से। (२) **निरुपग्रहता से**-जैसे पंगु पुरुष गाड़ी आदि साधन के अभाव मे गति नही कर सकता, वैसे धर्मास्तिकाय रूप उपग्रह अर्थात् निमित्त कारण का अभाव होने से। (३) **रूक्ष होने से**-लोकान्त मे स्निग्ध पुद्गल भी रूक्ष रूप से परिणत हो जाते है, जिस कारण उनका आगे गमन सम्भव नही तथा कर्म-पुद्गलो के भी रूक्ष रूप से परिणत हो जाने के कारण ससारी जीवो का भी लोक के बाहर गमन सम्भव नही रहता। (४) **लोकानुभाव से**-जैसे सूर्य, चन्द्र आदि सौर मण्डल अपने मार्ग मे दूसरी ओर नही जाते, वैसे ही लोक की स्वाभाविक मर्यादा से बँधे होने से जीव और पुद्गल लोकान्त से आगे नही जा सकते।

**498.** For four reasons soul and matter cannot move beyond *Lokant* (edge of occupied space)—**(1) Absence of natural movement (*gati*)**—*the natural movement of a flame is upwards and not downwards*, in the same way the natural movement of soul and matter is confined to *Lok* and not beyond **(2) Absence of means (*nirupagrahata*)**—a disabled person cannot move in absence of a vehicle or other such means, in the same way in the absence of *Dharmastikaya* (motion entity), the cause of motion, in *Alok* (unoccupied space) matter and soul cannot move beyond *Lokant*. **(3) Roughness (*rukshata*)**—at the edge of *Lok* smooth particles, including the *karma*-particles, turn rough making it impossible

for matter and living beings (*jiva*) to move beyond that point. (4) *Natural limit*—The sun, the moon and other heavenly bodies move within the limits of their natural orbits, in the same way soul and matter are governed by the natural limits of their movement within the *Lok* and are unable to move beyond *Lokant*.

**ज्ञात–पद JNATA-PAD (SEGMENT OF EXAMPLE)**

**४९९. चउव्विहे णाए पण्णत्ते, तं जहा–आहरणे, आहरणतद्देसे, आहरणतद्दोसे, उवण्णासोवणए।**

४९९. ज्ञात (दृष्टान्त) चार प्रकार के होते है–(१) आहरण–सामान्य दृष्टान्त। जिस दृष्टान्त में वक्ता का भाव पूर्ण रूप में घटित होता हो। (२) आहरणतद्देश–एकदेशीय दृष्टान्त। जिस दृष्टान्त मे भाव एक अश मे घटित होता हो। (३) आहरणतद्दोष–दोषयुक्त दृष्टान्त। (४) उपन्यासोपनय–वादी के द्वारा किये गये वाद के खण्डन के लिए प्रतिवादी के द्वारा दिया गया विरुद्धार्थक उपनय।

**499.** *Jnata* (examples) are of four kinds—(1) *acharan*—simple example in which the idea of the speaker is completely reflected. (2) *Aharanataddesh*—partial example in which only a portion of the idea is reflected (3) *Aharanataddosh*—faulty example (4) *Upanyasopanaya*—contradictory example given by the opponent to counter the argument of the speaker

**५००. आहरणे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–अवाए, उवाए, ठवणाकम्मे, पडुप्पण्णविणासी।**

५००. आहरण दृष्टान्त चार प्रकार का होता है–(१) अपाय–दृष्टान्त–हेयधर्म का ज्ञापक दृष्टान्त। (२) उपाय–दृष्टान्त–इच्छित वस्तु की प्राप्ति का उपाय बताने वाला दृष्टान्त। (३) स्थापनाकर्म–दृष्टान्त–स्वमत की स्थापना के लिए प्रयुक्त दृष्टान्त। (४) प्रत्युत्पन्नविनाशी–दृष्टान्त–तत्काल उत्पन्न दोष का निवारण करने के लिए दिया जाने वाला दृष्टान्त।

**500.** *Aaharan jnata* (simple example) is of four kinds—(1) *Apaya drishtant*—an example conveying ignoble (2) *Upaaya drishtant*—an example showing way of acquiring a desired thing. (3) *Sthaapanakarma drishtant*—an example used for establishing one's own doctrine (4) *Pratyutpanna vinashi drishtant*—an example given for correcting an instantaneous fault.

**५०१. आहरणतद्देसे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–अणुसिट्ठी, उवालंभे, पुच्छा, णिस्सावयणे।**

५०१. आहरण–तद्देश ज्ञात (दृष्टान्त) चार प्रकार का होता है–(१) अनुशिष्टि–आहारणतद्देश–सद्गुणों की प्रशंसा कर स्वमत को पुष्ट करना। (२) उपालम्भ–आहरण–तद्देश–अपराध करने वाले

शिष्यों को उपालंभ द्वारा शिक्षित करना। (३) पृच्छा-आहरण-तद्देश-प्रश्नों-प्रतिप्रश्नों के द्वारा निर्णय करना। (४) निःश्रावचन-आहरण-तद्देश-एक के माध्यम से दूसरे को शिक्षा या प्रबोध देना।

**501.** *Aharanataddesh jnata* is of four kinds—(1) *Anushisht aharanataddesh*—to establish own doctrine by praising virtues. (2) *Upalambh aharanataddesh*—to edify disciples, who have committed mistake, through reproach (3) *Prichchha aharanataddesh*—to arrive at a conclusion through questions and counter questions. (4) *Nihshravachan aharanataddesh*—to edify or enlighten someone through a third person

**५०२. आहरणतद्दोसे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—अधम्मजुत्ते, पडिलोमे, अत्तोवणीते, दुरुवणीते।**

५०२. आहरण-तद्दोष ज्ञात (दृष्टान्त) चार प्रकार का है। (१) अधर्मयुक्त-आहरण-तद्दोष-अधर्म बुद्धि को उत्पन्न करने वाला दृष्टान्त। (२) प्रतिलोम-आहरण-तद्दोष-अपसिद्धान्त की प्रतिपादक अथवा प्रतिकूल आचरण की शिक्षा देने वाला दृष्टान्त। (३) आत्मोपनीत-आहरण-तद्दोष-पर-मत मे दोष दिखाने के लिए प्रयुक्त किया गया किन्तु स्वमत को दूषित करने वाला दृष्टान्त। (४) दुरुपनीत-आहरण-तद्दोष-जिस दृष्टान्त का उपसंहार दोषयुक्त हो।

**502.** *Aharanataddosh jnata* is of four kinds—(1) *Adharma yukta aharanataddosh*—an example giving rise to evil thoughts (2) *Pratilom aharanataddosh*—an example teaching wrong doctrine or bad conduct. (3) *Atmopaneet aharanataddosh*—an example used for showing faults of other doctrine but tarnishing own doctrine. (4) *Durupaneet aharanataddosh*—an example with a faulty conclusion.

**५०३. उवण्णासोवणए चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—तव्वत्थुते, तदण्णवत्थुते, पडिणिभे, हेतू।**

५०३. उपन्यासोपनय-ज्ञात (दृष्टान्त) चार प्रकार का होता है-(१) तद्-वस्तुक उपन्यासोपनय-वादी के द्वारा किये गये हेतु से उसका ही निराकरण करना। (२) तदन्यवस्तुक-उपन्यासोपनय-प्रस्तुत की गई वस्तु से भिन्न वस्तु में भी प्रतिवादी की बात को पकड़कर उसे हराना। (३) प्रतिनिभ-उपन्यासोपनय-वादी द्वारा प्रयुक्त हेतु के समान दूसरा हेतु प्रयोग करके उसके हेतु को असिद्ध करना। (४) हेतु-उपन्यासोपनय-हेतु बताकर अन्य के प्रश्न का समाधान कर देना।

**503.** *Upanyasopanaya jnata* is of four kinds—(1) *Tad-vastuk upanyasopanaya*—to counter a speaker by using his own argument. (2) *Tadanya-vastuk upanyasopanaya*—to counter a speaker by shifting

from the argument used by him. (3) *Pratinibh upanyasopanaya*—to counter a speaker by using another similar argument as given by him. (4) *Hetu upanyasopanaya*—answering a question by presenting the cause.

### हेतु–पद HETU-PAD (SEGMENT OF CAUSE)

**५०४. हेऊ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—जावए, थावए, वंसए, लूसए।**

**अहवा—हेऊ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—पच्चक्खे, अणुमाणे, ओवम्मे, आगमे।**

**अहवा—हेऊ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—अत्थित्तं अत्थि सो हेऊ, अत्थित्तं णत्थि सो हेऊ, णत्थित्तं अत्थि सो हेऊ, णत्थित्तं णत्थि सो हेऊ।**

५०४. हेतु (साध्य की सिद्धि करने वाला वचन) चार प्रकार का होता है–(१) **यापक हेतु**–जिसे प्रतिवादी शीघ्र न समझ सके ऐसा समय बिताने वाला उलझाने वाला हेतु। (२) **स्थापक हेतु**–साध्य को शीघ्र स्थापित (सिद्ध) करने वाला हेतु। (३) **व्यंसक हेतु**–प्रतिवादी को छल या भुलावे में डालने वाला हेतु। (४) **लूषक हेतु**–व्यंसक हेतु के द्वारा प्राप्त आपत्ति को दूर करने वाला हेतु।

अथवा–हेतु चार प्रकार का होता है–(१) प्रत्यक्ष, (२) अनुमान, (३) औपम्य (उपमान), (४) आगम। (इनका वर्णन अनुयोगद्वारसूत्र, भाग–२, पृष्ठ २७५ पर किया गया है।)

अथवा–हेतु चार प्रकार का होता है–(१) 'अस्तित्व है' इस प्रकार से विधि–साधक विधि हेतु। (२) 'अस्तित्व नही है' इस प्रकार से विधि–साधक–निषेध हेतु। (३) 'नास्तित्व है' इस प्रकार से निषेध–साधक विधि हेतु। (४) 'नास्तित्व नही है' इस प्रकार से निषेध–साधक निषेध–हेतु।

**504.** *Hetu* (causative phrase or statement that proves a point) is of four kinds—(1) *Yapak hetu*—a confusing and time consuming *hetu* that is hard to comprehend by an opponent. (2) *Sthapak hetu*—a *hetu* that quickly proves a point. (3) *Vyansak hetu*—a deceptive *hetu* that beguiles an opponent. (4) *Looshak hetu*—a *hetu* that helps recover from the beguiled state caused by a vyansak hetu.

Also *Hetu* (causative phrase or statement that proves a point) is of four kinds—(1) *Pratyaksh* (direct experience or perceptual cognition), (2) *Aupamya* (*Anumaan* or inferential knowledge), (3) *Upamaan* (analogical knowledge), and (4) *Agam* (scriptural knowledge). (for details refer to *Illustrated Anuyog-dvar Sutra*, Part 2, p. 275)

Also *Hetu* (causative phrase or statement that proves a point) is of four kinds—(1) A positive statement proving a point, such as—'There is existence'. (2) A negative statement proving a point, such as—'There is

no existence'. (3) A positive statement disproving a point, such as—'There is non-existence'. (4) A negative statement disproving a point, such as—'There is no non-existence'.

**विवेचन**—सूत्र ४९९ से ५०४ तक सूत्रों में न्यायशास्त्र में आये दृष्टान्त तथा हेतु आदि का वर्णन है। इस विषय को बिना व्याख्या एव उदाहरण के समझना कठिन है। टीकाकार ने अनेक उदाहरण व दृष्टान्त देकर विस्तारपूर्वक समझाया है। उसके सारांश रूप में यहाँ कुछ विवेचन प्रस्तुत हैं–

'ज्ञात' शब्द का अर्थ दृष्टान्त, आख्यानक अथवा कथानक भी होता है। उसके मुख्यतया दो भेद हैं–चरित और कल्पित। 'ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की तरह निदान दुःख के लिए ही होता है', यह चरित-दृष्टान्त है। प्रमादी जीवो को यौवन आदि की अनित्यता दिखाने के लिए 'किसलय' और 'जीर्णपत्र' का संवाद कल्पित दृष्टान्त है।

जैसे कि टूटकर गिरते हुए जीर्णपत्र का परिहास करती हुई कोंपले बोलीं–"देखा, हम आए और तुम चले", इस व्यग्य का उत्तर देता हुआ पत्ता बोला–"जैसे तुम हो, कभी हम भी ऐसे ही थे, जैसे हम हैं वैसे कभी तुम भी हो जाओगे।" इस प्रकार गिरते हुए जीर्णपत्र ने किसलयो को शिक्षा दी, अतः यौवन आदि पर कभी भी अहभाव नही करना चाहिए। इस प्रकार के दृष्टान्त कल्पित कहलाते है।

'ज्ञात' के मूल भेद चार है–जैसे कि आहरण, आहरणतद्देश, आहरणतद्दोष और उपन्यासोपनय। इनमे से प्रत्येक के चार-चार भेद होते है। इस प्रकार 'ज्ञात' के कुल सोलह भेद होते है। सर्वप्रथम आहरण और उसके चार उपभेदो का विवेचन किया जाता है–

१. **आहरण**—अप्रसिद्ध अर्थ को प्रसिद्धि मे लाने या अप्रतीत अर्थ की प्रतीति करवाने को 'आहरण' (दृष्टान्त) कहा जाता है। जैसे–पाप दुःख का कारण होता है, जैसे–महाराज ब्रह्मदत्त। आहरण के मूल भेद चार है–

(क) **अपाय**—अपाय का अर्थ है–अनर्थ या दुःख। इस ससार के सभी पदार्थ प्रायः अनर्थों के कारण हैं, इस विषय का विवेचन द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा से किया जाता है। द्रव्य से अनर्थ होता है या द्रव्य के लिए अनर्थ होता है। इसी के कारण ही प्रिय सम्बन्धियों का नाश हो जाता है। जैसे–कूणिक और चेटक राजा का घोर संग्राम सिंचानक हाथी और हार के लिए ही हुआ था। सभी प्रकार के दुर्व्यसनो का आरम्भ द्रव्य से ही होता है, अतः आसक्तिपूर्वक द्रव्य स्वयं अपाय-दुःख एवं अनर्थ का मूल कारण है। यह द्रव्यापाय कहलाता है।

जो क्षेत्र भय का कारण है, जिस क्षेत्र में शत्रु, जल, अग्नि, चोर, रोग, युद्ध, अराजकता और अप्रतिष्ठा इत्यादि का भय है उसका परित्याग कर देना चाहिए। जैसे–प्रतिवासुदेव जरासंध के भय से यादवो ने मथुरा नगरी का परित्याग कर द्वारिका नगरी का निर्माण किया। अथवा जिस स्थान या घर में सर्प एवं व्यंतर आदि देवों का भय हो। यह **क्षेत्रापाय** कहलाता है।

जो काल सब ओर से भयानक दीखता हो, भले ही वह अल्पकाल के लिए हो या बहुकाल के लिए, वह कालापाय कहलाता है। उसे धर्मपूर्वक व्यतीत करना चाहिए, क्योंकि जीवन को पवित्र एवं धर्ममय बनाना ही कालापाय को दूर करने का साधन है।

क्रोध आदि कषाय जो आत्मा के सद्गुणों का नाश करने वाले हैं, उन्हीं से भावों में मालिन्य आता है, अतः उन्हें भावापाय कहा जाता है। जैसे–चण्डकौशिक पूर्वभव के तीव्र कषायों के कारण ही सर्प बना और फिर भगवान के द्वारा प्रतिबोध प्राप्त कर कषायों को अनर्थ का मूल कारण जान लेने पर क्षमा का आश्रय लेकर समाधिपूर्वक जीवन–यापन करके आठवें देवलोक का उच्च देव बना।

(ख) उपाय–इष्ट पदार्थ की प्राप्ति के लिए जो व्यापारादि रूप साधन–सामग्री होती है, उसे उपाय कहते हैं। इसके भी द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से चार भेद होते हैं।

(ग) स्थापना–कर्म–जिस दृष्टान्त के द्वारा परमत का निराकरण हो और स्वमत की पुष्टि या स्थापना हो, उसे स्थापना–कर्म कहते हैं। जैसे कि सूत्रकृतांग नामक सूत्र के दूसरे श्रुतस्कन्ध के पहले अध्ययन में पुण्डरीक का रूपक दिया गया है। भ्रान्ति आदि का निराकरण करके उन्हें सत्यमार्ग पर स्थापित करना भी स्थापना–कर्म है।

(घ) प्रत्युत्पन्न विनाशी–यदि किसी अच्छे गुण के विनाश होने की सम्भावना हो, तो तत्काल ही उसे विनाश से बचाने का प्रयत्न करना चाहिए। जैसे–शील रक्षा के लिए कन्या आदि को कामोत्तेजक नृत्यशाला आदि मे जाने से रोकने का प्रयत्न करना। इसी प्रकार यदि शिष्यों के कुमार्गगामी होने की सम्भावना हो तो उनको कुमार्ग से हटाकर सन्मार्ग में लाने का प्रयत्न करना।

२. आहरणतद्देश–जिसमें दृष्टान्त अर्थात् उपमेय के एक ही भाग से उपमान की समानता प्रदर्शित की जाए, उसे आहरणतद्देश कहा जाता है। जैसे कि "इसका मुख चन्द्र के समान सौम्य है।" यहाँ उपमान रूप चन्द्र की केवल सौम्य आकृति ही ग्रहण की गई है। यद्यपि चन्द्र मे अन्य अनेक विशेषताएँ हैं तो भी उनमें से एक सौम्य धर्म का ही मुख में आरोप किया गया है, अतः यह दृष्टान्त आहरणतद्देश ज्ञात है। इसके भी चार भेद होते हैं–

(क) अनुशिष्टि–गुणवान् व्यक्ति के गुणों की प्रशंसा करना, जनता मे उसके अनुकरण की प्रवृत्ति को जागृत करने का प्रयत्न करना, जिस चरित या दृष्टान्त से जन–मन को अनुशासन मे रहने की शिक्षा मिले, उस दृष्टान्त का वर्णन करना अनुशिष्टि ज्ञात कहलाता है। जैसे कि सुभद्रा सती ने अपने शील का महत्त्व दिखलाया, देवों ने उसकी प्रशंसा की, औरों को उसके समान सदाचार पालन करने की प्रेरणा दी।

(ख) उपालंभ–किसी अपराध के होने पर अपराधी को शान्तिपूर्वक और मधुर वचनों से उपालंभ देना, जिससे वह कुमार्ग से हटकर सन्मार्ग पर आ जाए, ऐसा उपालंभ आत्मशुद्धि का एक उत्तम मार्ग

है। जैसे–चन्दनबाला ने मृगावती साध्वी को उपालंभ देकर उसका कल्याण किया तथा राजीमती साध्वी ने विचलित–मन रथनेमि को उपालंभ देकर संयममार्ग में स्थिर किया। इस प्रकार के चरित व दृष्टान्तों को उपालंभ कहा जाता है। उपालभ द्वेष–बुद्धि से नहीं, हित–बुद्धि से दिया जाता है।

(ग) **पृच्छा**–किसी अज्ञात विषय को समझने के लिए, अपनी शंकाओं को दूर करने के लिए या जनता को समझाने के लिए अपने विषय में या दूसरों के विषय में किसी अतिशय–ज्ञानसंपन्न मुनिवर से प्रश्न पूछना पृच्छा। जैसे कि कूणिक राजा ने एक बार भगवान महावीर से पूछा–"भगवन् ! ऐसा चक्रवर्ती जिसने काम–भोगो का परित्याग नहीं किया, वह मरकर कहाँ उत्पन्न होता है?" तब भगवान ने उत्तर दिया–"काम–भोगो मे आसक्त होने से वह उत्कृष्ट सातवें नरक में उत्पन्न हो सकता है।" तब कूणिक ने पूछा–"भगवन् ! मै मरकर कहाँ उत्पन्न होऊँगा?" भगवान ने कहा–"छट्ठी नरक में।" कूणिक ने पूछा–"क्या मै चक्रवर्ती नही हूँ?" भगवान मे कहा–"नही ! क्योंकि तेरे पास चौदह रत्ननिधि नही है।" तब कूणिक ने कृत्रिम रत्न तैयार करवा के चक्रवर्ती बनने का भरसक प्रयत्न किया, भरतक्षेत्र जीतने चला और वैताढ्य पर्वत के गुफा द्वार पर कृतमाल यक्ष द्वारा मारे जाने पर वह छट्ठी नरक मे गया। यह पृच्छा 'ज्ञात' का उदाहरण है।

(घ) **निश्रावचन**–किसी एक सुयोग्य व्यक्ति का आलंबन लेकर अन्य व्यक्तियो को सुशिक्षित करना निश्रावचन कहलाता है। जैसे–भगवान ने द्रुमपत्र नामक उत्तराध्ययन के दसवे अध्ययन में गौतम को सम्बोधित कर अन्य शिष्यो को अप्रमत्त रहने का उपदेश दिया कि "**समयं गोयम ! मा पमायए।**" इस प्रकार से दी जाने वाली शिक्षा को निश्रावचन कहते है।

३. **आहरणतद्दोष**–जो चरित दृष्टान्त या युक्ति सदोष हो, जिससे साध्य खंडित होता हो, जैसे–"शब्द नित्य है, अमूर्त्त होने से, घट के समान" इस वाक्य मे शब्द पक्ष है, नित्यत्व साध्य है, अमूर्त्त होना यह हेतु है, घट के समान यह दृष्टान्त है। 'घट के समान' दृष्टान्त मे नित्यत्व का साध्य होना और अमूर्त्तत्व का साधन होना, ये दोनो ही नही पाये जाते, क्योंकि घट मानव कृत होने से अनित्य है तथा पौद्गलिक होने से मूर्त्त है। इस प्रकार यह दृष्टान्त साध्य और साधन दोनो की दृष्टि से विकल है। आहरणतद्दोष के निम्न चार भेद है–

(क) **अधर्मयुक्त**–जिस चरित या दृष्टान्त के सुनने से श्रोताओं में अधर्म–बुद्धि उत्पन्न हो, जिसके सुनने से अधर्म कार्यों मे प्रवृत्ति हो। इस प्रकार की कथा–कहानियों का समावेश अधर्मयुक्त आहरणतद्दोष मे होता है। जैसे किसी के पुत्र को चेटों ने काट खाया। उसके पिता ने चेटों के बिल में गर्म जल डलवाकर सब चेटो का विनाश कर डाला। चाणक्य ने यह दृष्टान्त सुनकर अपने शत्रुओं को विष देकर मरवा डाला।

(ख) प्रतिलोम—जिसके सुनने से प्रतिकूलता का भाव जगे, जैसे—शठं प्रति शाठ्यं कुर्यात्—धूर्त के प्रति धूर्तता का व्यवहार करना यह भावना जागृत हो, उसे प्रतिलोम आहरणतद्दोष कहा जाता है।

(ग) आत्मोपनीत—जहाँ परमत को दूषित करने के लिए दिए गये दृष्टान्त से अपना ही पक्ष दूषित हो जाये, वह आत्मोपनीत कहलाता है। जैसे—किसी सभा में किसी सदस्य ने कहा—"यहाँ सभी मूर्ख हैं।" 'सभी' कहने पर वक्ता स्वयं भी मूर्ख सिद्ध हो जाता है।

अथवा किसी राजा ने किसी पिंगल नामक नैमित्तिक से पूछा कि "अमुक तालाब यत्न करने पर भी ठीक नहीं होता, क्या उपाय किया जाए?" तब नैमित्तिक ने कहा—"राजन् ! यह तालाब एक अच्छे पुरुष की बलि चाहता है, जहाँ तालाब टूटा है वहाँ अमुक गुण व लक्षण वाले पुरुष को जीवित गाड़ा जाये तभी यह सभी प्रकार से ठीक हो सकेगा।" राजा ने मंत्री से ऐसा पुरुष ढूँढ़ने को कहा। मंत्री ने कहा—"महाराज ! इस नैमित्तिक से बैठकर सुयोग्य गुण सम्पन्न पुरुष और कौन मिलेगा।" तब राजा ने अपने भृत्यों के द्वारा उस नैमित्तिक की बलि तालाब के निमित्त दे दी। इस तरह अपने ही विवेकहीन वचनों से नैमित्तिक को मरना पड़ा। इस प्रकार के सभी दृष्टान्त आहरणतद्दोष के अन्तर्गत आत्मोपनीत हैं।

(घ) दुरुपनीत—जिसके बोलने से अपनी ही नीचता सिद्ध हो, उसे दुरुपनीत ज्ञात कहते है। जिस प्रकार किसी ने एक भिखारी से पूछा—"हे भिक्षुक ! तेरी कथा मे ये जगह-जगह छेद क्यो हो रहे है?" उसने उत्तर दिया—"यह कंथा नही, यह तो मछलियाँ पकडने का जाल है।" "तो क्या तुम मछली भी खाते हो?" "हाँ, वह बिना मद्य के अच्छी नहीं लगतीं।" "तो क्या तुम मद्य भी पीते हो?" "हाँ, उसे वेश्या के साथ पीता हूँ, अकेला नहीं।" "तो क्या वेश्या के यहाँ भी जाते हो?" "हाँ, शत्रुओ के गले पर पैर रखकर जाता हूँ।" "क्या तुम्हारे शत्रु भी हैं?" "हाँ, जिनके घर मे सेध लगाता हूँ, वे मेरे शत्रु बन जाते है।" "तो क्या तुम चोरी भी करते हो?" "हाँ, जुए के लिए सब कुछ करना ही पडता है।" "तुम ऐसा क्यों करते हो?" "क्योंकि मैं दासी का पुत्र हूँ।" प्रश्नकर्त्ता ने तो सामान्य बात पूछी, किन्तु भिखारी ने इतना असंगत उत्तर दिया कि वह स्वयं ही नीच सिद्ध हो गया।

४. उपन्यासोपनय—वादी द्वारा अपने मत की पुष्टि के लिए जो कुछ कहा जाता है, उसका निराकरण करके पक्ष रूप में जो स्वमत स्थापित किया जाता है, उसे उपन्यासोपनय कहते है। इसके चार भेद है—

(क) तद्वस्तुक—जिसमें पर के द्वारा दिया गया उत्तर ही उत्तर रूप हो, वह तद्वस्तुक कहलाता है। जैसे—किसी ने कहा—"मेरे गाँव में एक बहुत बडा तालाब है, उसके तट पर एक बहुत बडा वृक्ष है, उसके पत्ते जितने जल में गिरते हैं वे सब जलचर जीवों के रूप में परिणत हो जाते है और जो पत्ते स्थल पर गिरते हैं वे सब स्थलचर जीवों के रूप में परिणत हो जाते है।" तब किसी अन्य व्यक्ति ने पूछा—"जो पत्ते दोनों के मध्य में गिरते हैं उनकी क्या दशा होती है?" तुम्हारे कथन मे तो वे मध्य मे गिरे पत्ते मिश्रित रूप होने चाहिए; किन्तु ऐसा नहीं होता दीखता है, इसलिए यह बात मिथ्या है।

(ख) तदन्यवस्तुक—इसका अभिप्राय है–वादी का पक्ष खण्डित करने के लिए युक्ति रखना। जैसे कि वादी ने कहा जो पत्र जल में गिरते हैं वे जलचर जीव बन जाते है और जो स्थल पर गिरते हैं वे स्थलचर जीव बनते हैं। इस पक्ष का खण्डन करने के लिए युक्ति दी गई कि "जो पत्र गिराकर खाये जाते हैं या कहीं ले जाये जाते हैं, उनका क्या होता होगा?" कारण कार्य मे यथोचित सम्बन्ध न होने से यह कथन युक्तियुक्त नहीं है। इस प्रकार के तर्क तदन्यवस्तुक कहलाते हैं।

(ग) प्रतिनिभ—"जैसे को तैसा" उत्तर देकर वादी को निरुत्तर कर देना। जैसे किसी ने कहा–"जो मुझे नई बात सुनाएगा, उसे मै एक लाख रुपये मूल्य का कटोरा दूँगा।" इस घोषणा को सुनकर अनेक विद्वानों ने अपूर्व–अपूर्व श्लोको की रचना करके नई–नई बातें सुनाईं, परन्तु सबकी बातें सुनकर वह कह देता–"यह बात या यह पद्य मेरा सुना हुआ है।" तब एक सिद्ध–पुत्र ने कहा–

*"तुज्झ पिया मज्झ पिउणो, धारेइ अणूणयं सयसहस्सं।*
*जइ सुयपुव्वं दिज्जउ, अह न सुयं खोरयं देहि॥"*

"तुम्हारे पिताजी पर मेरे पिताजी का एक लाख रुपया देना था, यदि यह बात तुमने पहले से ही सुन रखी है तो मेरे पिताजी का एक लाख रुपया चुका दो, अगर तुमने यह बात पहले नही सुन रखी है और इसे नई बात समझते हो, तो मुझे कटोरा दे दो।" इस प्रकार की उत्तर–विधि का नाम प्रतिनिभ है। यह प्रतिछलात्मक आहरण है।

(घ) हेतु—उपन्यासोपनय हेतु उसे कहते हैं, जहाँ प्रश्न का हेतु ही उत्तर रूप में कहा जाये। किसी ने किसी साधु से कहा–"हे साधो ! तुम ब्रह्मचर्य आदि कष्ट क्यो सहते हो?" तब साधु ने उत्तर दिया–"जो तपस्या आदि शुभ क्रियाएँ नही करते, उन्हें नरक आदि के दुःख सहने पड़ते हैं।" जैसे किसी ने पूछा–"साधो ! तुम दीक्षित क्यो हुए हो?" तब उसने उत्तर दिया–"बिना दीक्षा ग्रहण किए प्राय. कर्म क्षय नही हो सकते।" इन प्रश्नो मे जो प्रश्न रूप में कहा गया है, वही उत्तर रूप मे यहाँ प्रकट किया गया है।

इस प्रकार ज्ञात के मूल भेद चार है और उत्तर भेद सोलह हैं। पहला ज्ञात समग्रसाधर्म्यरूप है, दूसरा देशसाधर्म्य है, तीसरा ज्ञात सदोष है और चौथा ज्ञात प्रतिवादी का उत्तररूप विषय है।

**Elaboration**—Aforesaid aphorisms 499 to 504 cover some topics from *Nyaya shastra* (Logics) like *drishtant* and *hetu*. This subject is difficult to understand without elaboration and examples. The commentator (*Tika*) has explained all these in great detail giving elaborate explanations and numerous examples. We give a brief gist of that here—

The word *jnata* means example and story. There are two main categories of *jnata—charit* (biographical stories) and *kalpit* (imaginary stories or fiction). 'Solution is meant only for sorrow just as in case of Brahmadatt Chakravarti.' This is an example of *charit drishtant* (biographical example). The example of *kisalaya* (sprouts) and *jirnapatra* (falling leaves) given to explain the ephemeral nature of youth to deluded or ignorant people is a *kalpit drishtant* (imaginary example). The example goes like this—

A sprout sarcastically said to a falling leave—"See ! We arrive and you leave." Replying to the pun, the falling leaf said—"Once I was as you are now and soon you will become as we are now." This is how falling leaves enlightened sprouts. Therefore one should never by proud of youth and other such ephemeral things. Such examples are called imaginary examples.

There are four main categories of *jnata—aaharan jnata, aharanataddesh*, *aharanataddosh* and *upanyasopanaya*. Each one of these has four sub-categories Thus there are sixteen kinds of *jnata* We first explain *Aharan jnata* and its four sub-categories—

**1. Aharan**—To popularize the less known or to reveal the unknown is called *aharan* (*drishtant* or example). For example—Sin is the source of misery, as in case of king Brahmadatt. There are four categories of *Aharan*—

**(a) Apaaya**—*apaaya* means misery or sorrow All things in this world often cause misery This subject is explained in terms of matter, space, time and state. Matter (material things including wealth and territory) causes misery or misery is inflicted for matter, even loved ones are killed for this. For example—the terrible battle between kings Kunik and Chetak was fought for Sechanak elephant and a necklace. All bad habits are acquired for matter therefore infatuation with matter is the root cause of misery and sorrow. This is called *dravyapaya* (matter related misery).

The area that gives rise to terror, the area that has sources of fear, like enemy, water, fire, thieves, epidemic, war, anarchy and loss of prestige, should be abandoned. For example due to oppression of Prativasudev Jarasandh, Yadavas abandoned Mathura and founded the

